दोहा

विरूपाक्ष इह बात सुन, बोल्यौ वचन विचार।
कहाँ तै आई कौन है, निडर अकेली नार ॥३५६
हठ साहँस त्रीय-जात मँह, जोवन मद बरजोर।
कोमल मुख तातै कहै, क्रुद्धत वचन कठोर ॥३५७
पर कछु नाँहिन सोच पुन, सुर जीते संग्राम।
उनकी माया सावरी, करहैं कैसे काँम ॥३५८
तीन लोक जीते तुमहिं, जाहि दिखावत जोर।
जो तीय तै डर जाहुगे, ह्वै है हास वहोर ॥३५९
हमहूँ कौ दीजै हुकँम, जहाँ नार तहाँ जाँहि।
सगर कर याही समय, मारहुँगौ छिन माँहि ॥३६०
अथवाँ सैन दीजीयै, जाँनन तिय भय जास।
आनहु राज हजूर पँह, पकर कँठ गुन पास ॥३६१
दुरधर दनु उत्तर दीयौ, विरूपाक्ष सुन वैन।
काँमातुर वँह काँमनी, समुझ करत है सैन ॥३६२
तिछ्छन बाँन कटाक्ष तीय, रत मडहिगी रार।
प्राँन हरन वीरज प्रमुख, बोलत विवध बिचार ॥३६३
काँम-शास्त्रवित दूत कोउ, लावै ताहि लुभाय।
करै नही रस भग कहु, स्याँम दाँम समुझाय ॥३६४
ताम्र करी अरजी तबहि, मम सुनीयै महाराज।
भुज अष्टादस भाँमनी, करहै कोऊक अकाज ॥३६५
जाँनहु ताहि न काँमजुत, नही प्रीतजुत नार।
बिग बचन कहत न बनै, नृप समझहु निरधार ॥३६६
कोमल अग कठोर कर, आयुध लीयै अभग।
जाँनत नहिं दनुजात कौ, जाच रही त्रीय जग ॥३६७

कहीयै गत कछु कालक्रन, उलट भई किधुं ओर।
दई करहै सोइ देख है, जिहतं बनत न जोर ॥३६८

मैं देखो निस अजर मंह, सुपन विचारहु सोय।
क्रस्न वसन इक कांमनी, रहि प्रलाप कर रोय ॥३६९

काक गिद्ध शृगाल केउ, रोवत देखे रात।
समाँधाँन करीयै समुझ, परन जाँन उतपात ॥३७०

नरी किन्नरी वँह नही, नही आसुरी-नार।
देवन की माया दुसह, चितवहु नेक विचार ॥३७१

नहि ताकों भय उचत नृप, होनहार सोई होय।
कठन काल गत करम की, किह विध मेटै कोय ॥३७२

छंद मोनीदाम

सुनी नृप मत्रिन की कथ सार, विचछ्छन वायक ताम्र विचार।
कीयौ तिह सामन यौं महिपेस, धरै कछु मोह धरै कछु ध्वेस ॥३७३
सबै विध चातुर तूं समुझाय, बुलायकै लावहु ताहि बुझाय।
चहै वँह वैर किधौ वँह सूत, किधौं वँह देवन की करतूत ॥३७४
सबै विध बुद्ध विसारद सूर, कीये केऊ कारज सोम करूर।
नमै वँह नीक तौ नीक निहार, सबै समुझावहु सार-असार ॥३७५
इतै पर नाँहि चितै मम ओर, जुरै जुध ताहि गहौ वरजोर।
वढ्यौ मग ताम्र सलाह विचार, लीयै बहु है दल पै दल लार ॥३७६
भ्रमी पुहमी भये धुंवर भाँन, इतै फिर गाज उठ्यौ असमाँन।
सुने वहु स्वाँनन स्यारन सद्द, विचारीय साकुन नाँहि विहद्द ॥३७७
गयौ तहाँ दाँनव माँन-गहीर, विसारद बुद्ध महाँ वरवीर।
विलोकीय जाय अनोखीय वाँम, दिपै दस-आठ भुजा गुन दाँम ॥३७८
चढी सिंघ पीठ, वढो जुध चाह, अदेवहु तांम्र दसा अवगाह।
कही रस रीत की वात सकाज, लीयै अत चातुरता तज लाज ॥३७९
वनी जुग जोर उंहा रन वक, धरचौ किह कारन हाथ धनंक।
कटाक्ष के वाँनन नैन कुरग, सँभारहु नार चलौ मम सग ॥३८०
कहाँ कर कज हुतै कमनीय, रचौ सुख सेजहु के रमनीय।
तजौ कर सस्त्र कठोर त्रोयाह, वरौ महिपासुर आसुर व्याह ॥३८१

विलोकत भूप रह्यो तुहि बाट, अहो निस दाहत अग उचाट।
सबै सुख भोग हु सेज सँवार, करी कर जोर घरी कर तार ॥३८२
पती महिसेस पराक्रम पुंज, रची तुव रूप प्रभा मन रज।
अबै तज तर्क वितर्क उदत, करो असुदे हु को निज कथ ॥३८३
भलै ममुभाय कहूँ कहा भेव, डरे डर ताहि फिरे वन देव।
कपा कर छातीय सौं भरकठ, गहो सुख सेज के बाघहु गठ ॥३८४
सुनी यहँ देवीय बान सकोय, जहाँ फिर बोलीय ताम्र सौं जोय।
रच्यौ दनु उत्तर यों सुरराय, सुनो तुम ताम्र कहो समुझाय ॥३८५
बनें महिपा महिषी मिल व्याह, अरे दनु दुष्ट होयें अवगाह।
कहै मम व्याह न सत्वर कॉम, वहै पमजात अहैं अभिरॉम ॥३८६
नही हम देवन की कहूँनार, ब्रहमा रुद्र हु आद विचार।
पती मम ब्रह्म सनातन प्रीत, महाँ सुखदायक है जग मीत ॥३८७
नही जिह रग न रूप न रेख, अनत अगाध अखड अलेख।
अहूँ जग साखीय की अरधग, सदाँ सुख रूप रहूँ तिह सग ॥३८८
महाँ पत त्याग बरूँ महिषेस, इहै अभिलाप तजौ अवसेस।
चले तुम जाहु पतान चछोह, महाँ मति मद तजे किन मोह ॥३८९
परें जन दीपक होय पतग, सबै दनु छार करूँ इक सग।
सुनी तुम देवन की सुरराय, इहै सुन भीर[1] पहूँचीय आय ॥३९०
कीयौं कहि सद्द महा कर कोप, लता मरजाद समदर लोप।
डिगे गिर कूट सुखाय दरार, सबै वहरे हुय जात सुरार ॥३९१
गिरे तीय दाँनव के केऊ गर्भ, सुखी सुन श्रौंन भये सुर सर्ब।
कीयौ तब सिघहु नाद करूर, गये मिट आस उमग गरूर ॥३९२
भज्यौ लख ताम्र महाँ भयभीत, बनी महिपेस सुनी विपरीत।
तजी उर व्याह की चाह तुरत, उठी उर सोक की ज्वाल अनत ॥३९३
दीयौ दनु सासन यौं दरमाय, अमात्त[2] हु नीत विचारहु आय।
कह्यौ नृप सासन को सुन कॉन, विचारन लग्गीय नीत विधाँन ॥३९४
हकीकत पूछत तांम्र कृहत, सबै मिल सोचत कथ्थ करत।
मिले सब दाँनव मंडीय मत, उपाव की दाव विचारहु अत ॥३९५

---

१ सेना का समूह। २ मत्री।

दोहा

विडालाक्ष बोल्यौ वचन, मम सुनीये महाराज।
सरजन तेज तैं सुदरी, बन आई रच व्याज ॥३९६
करी अग्र इह काँमनी, मिलकै देव समाँन।
सुर आसुर सगर समय, होय जीत किधु हाँन ॥३९७
भजवे तैं मरवौ भलौ, रन जुरहै कर रोख।
जीत भयैं मिल है बिजय, मुयें मिलहिगी मोख ॥३९८
दुरमुख तव बोल्यौ दनुज, बिडालाक्ष सुन वात।
कही नीत इह उचतक्रत, तजहु सोक भय तात ॥३९९
बास्कल कीनी बीनती, जास दनुज कर जोर।
करत बात डरपोकनी, मति मैं आवत मोर ॥४००
वरुन इद्र सिव विस्नु कौ, जुद्ध कीये जय जाहि।
कोपवती इक काँमनी, तुमहिं कहा भय ताहि ॥४०१
पुन रन कार मैं पकरहूँ, बीरारस कहि वाँन।
निसचय समुजहु येह नृप, है शृंगार रस हाँन ॥४०२
दुरधर दनु बोल्यौ दुसह, वास्कल कही बिचार।
सुर डरपावत है असुर, साँग सुधार सुधार ॥४०३
अष्टादस हु उखारहूँ, भुजा जुद्ध कर भीत।
नहिं काजै कछु सोच नृप, निमत यहै नय नीत ॥४०४

छंद मोतीदाँम

वढे मिल वास्कल दुरमुख वीर, धिखे उर क्रोध महा रन धीर।
सवै विध वुद्ध विसारद सोय, हते जुग दीप पतग ही होय ॥४०५
गरज्जीय देवीय देव गहीर, वदे कटु वाक्य दहू मिल बीर।
जये जिह देवन कौं वरजोर, महाँवल राजन कौ सिरमौर ॥४०६
धरैं तन मानुध भूषन धार, निसा तोहि सेज रमा वहि नार।
अहो पिक वैनीय नैनीय येन[1], सनौ हम वात करौं सख सैन ॥४०७

---

१ मृग।

वरौ महिषासुर कौ रच व्याह, अभिष्ट हु सिद्ध करौ अवगाह।
कही जगदंव जवै कर कोप, रही हम येक इही पन रोप ॥४०८
सुखी करहूँ सव देवन साथ, हनू महिपासुर कौ निज हाथ।
करें अथवाक पताल कौ कूँच, पलोटकै श्रृग समेट कै पूंछ ॥४०६
जवै वचहै जीय दाँनव जात, नतौ दनुं वस ही होय निपात।
कही इह देवीय की सुन काँन, विहूँ कर क्रोध लीये धनु वाँन ॥४१०
गरज्जीय दाँनव सद्द गहीर, तहाँ झरवूठीय तिछ्छन तीर।
पलट्टीय नाँहिन चंडीय पाव, दीये सर दाँनव कै रच दाव ॥४११
सवै सुर कारज माँनीय सिद्ध, बढ्यौ दनु देवीय जाँन विरुद्ध।
गरज्जत दाँनव देवीय गल्ल, उठे मनु सागर सात उझल्ल ॥४१२
अरयौ रन वास्कल समुह आय, कीयै चख लाल मनो अतकाय।
जम्यौ जहाँ दाँनव देवीय जग, उभै दिस मारत घाव अभग ॥४१३
मँडे तहाँ वाँन वरछ्छीय मार, क्रपालका दड तथा करवाल।
कीयौ तहाँ देवीय क्रोध करूर, प्रतचन ताँनकै काँन प्रपूर ॥४१४
प्रहारीय दाँनव कै सर पाँच, खरौ तहाँ दाँनव हू धनु खाँच।
सभौ लख देवीय कै सर-सात, विडारोय दाँनव वोर विख्यात ॥४१५
लीये सव वाँनन वाँनन झेल, खरयौ रस वीर वन्यौ जहाँ खेल।
दीये दस ताक जहाँ जगदव, कीयै कर क्रोध सु सार कलव ॥४१६
हन्यौ अर्धचद सु वाँन हकार, प्रतचा धन्व परी कट पार।
गदा कर लीनीय सड गरूर, महाँबल दैत उपाध कौ मूर ॥४१७
चल्यौ रन देवीय तै कर चाव, अगजित माहिष कौ उमराव।
मँभारीय हाथ गदा सुरराय, वँही लग बीर परयौ अरराय ॥४१८
अचेतन होय महूरथ येक, भिरयौ फिर जुद्ध भयाँनक भेख।
गदा दीय देवीय कै फिर गात, मुरी नही घाव लगै तिल-मात[1] ॥४१६
वलाय कौ पूत कै ज्वालव धूल, तकी दनु देवीय लै तिरसूल।
प्रहारीय छत्तीस वीच प्रचार, परयौ धर सीस भयौ भव पार ॥४२०
भजे सव पूरब-देव सभीत, भये तव देव सुखी तज भीत।
सवै जयकारक बोलत सद्द, बढ्यौ उर आनन्द आय बिहद्द ॥४२१

---

१ तिल मात्र, किंचित मात्र।

परचौ लख वास्कल कौ गत प्रॉंन, वढ्यौ दुरमुख लीयँ धनुवाँन ।
कसै तन ककट वाहुल क्रूर, निरख्खीय वीर वरम्खत नूर ॥४२२
चढचौ रथ आय भिरचौ कर चाह, अडवर वज्जीय जुद्ध उछाह ।
सभी ध्वनि सख जहाँ सुरराय, टँकारीय चाप प्रतच्च चढाय ॥४२३
भयौ तहाँ सद्द महाँ भयकार, मँडी तहाँ तिछ्छन वाँनन मार ।
किते सर सौ सर देवीय काट, दीये सर दाँनव कै तन दाट ॥४२४
दहूँ दिस मारत ताकत दाव, चलै खग मूसल तोमर चाव ।
प्रहारत सक्त गदा परचड, करै सर मार धरै कऊदड ॥४२५
कीयौ सुरसाय तहाँ अत क्रोध, जुरे तहाँ दाँनव समुह जोध ।
कटै भट अग हटै नहि कोय, रटै मुख मार दटै केऊ रोय ॥४२६
पलट्टत नाहिन आहव पाय, उलट्टत लोटत धाय अघाय ।
अहूटत जूटत हैं भट आँन, परै तन तूटत छूटत प्राँन ॥४२७
कीयौ तहाँ दाँनव जग कराल, खलक्कत नीर ज्यूँही रत खाल ।
करै तहाँ कातर क्रदत कूक, अदोलत दाँनव घोस उलूक ॥४२८
परे केऊ पिजर ह्वै गति प्राँन, मृघादन कोक भखै मुरदाँन ।
रतदुक[1] जवुक लेत अहार, करै मिल सद्द महाँ भयकार ॥४२९
गहक्कत गिद्धन के गन गैन, चहक्कत चिल्ल लहै भख चैन ।
वभक्कत घाव कटे भट भीर, वकै रव मार महाँ वरवीर ॥४३०
झुकै केऊ आय परै रन भूँम, भिरै केऊ आय परै कट भूँम ।
भख्यौ दुरमुख मरोरत भौंह, वक्यौ रन वीच उठाय कै वाँह ॥४३१
अहो चल चडीय जाहु अविष्ट[2], न तौ तुँहि मार करूँ तन नष्ट ।
वचै महिषासुर सौ कर व्याह, सही अब और न येक सलाह ॥४३२
सुनी कथ आसुर की सुरराय, परयौ मृतु आनन दुष्ट पलाय ।
खरौ रहि मारहुँगी रन खेत, सबै दनुजादिक भीर सहेत ॥४३३
सुनी दुरमुख्ख जबै इह श्रोन, विडारन लागीय[3] वाँन विधाँन ।
सवै सर काट तहाँ सुरराय, हने दनु वाँनन धाय अघाय ॥४३४
वढै तहाँ सूरन कै मुख वाँन, परै जहाँ कातर देख पलाँन ।
महाँ सुरराय तहाँ रन मड, कथ्थौ दुरमुख्ख भुजा कऊदड ॥४३५

---

१ कुत्ता । २ दूर । ३ मू० प्र० लगीय ।

तहा सर तत्व दीये रथ तोर, जुरयौ रन पै दल ह्वै वरजोर।
प्रहारीय सिंघ गदा सिर पेख, धिख्यौ तहाँ चडीय कै हीय धेख ॥४३६

तहाँ कढ खग्ग प्रहारीय तथ्य, महाँ खल काटलीयौ तहाँ मथ्थ।
कटै तन तूट परयौ जव कध, इला दुरमुख्ख महा मद अध ॥४३७

वरख्खत पुस्प करै जय वाँन, अभै सुख देव दुखी असुरॉन।
जहाँ भइ चडीय की रन जीत, भये दनुजात महा भयभीत ॥४३८

सवै रिख किन्नर चारन सिद्ध, वितालहु गन्नव आद प्रवुद्ध।
भई तहाँ अवर मैं सुर भीर, गनै गुन डारत पुस्प गहीर ॥४३९

दोहा

वास्कल नँही कीनी विजय, दुरमुख की गति देख।
परयौ तहाँ दुख कूप मैं, मुर्छत ह्वै महिसेख ॥४४०
उभय वीर साहँस अतुल, सुरजेता सग्राम।
सो मारे इक सुंदरी, वीर महाँ बिसराँम ॥४४१
काल करम जात न कही, जाँनी निसचय जोय।
पुन्न पाप निरवल प्रवल, होनी होय सु होय ॥४४२
कही कहा करतव्य है, सव मिल करहु सलाह।
कारज करन विचार कै, किह् विध कीजै काह् ॥४४३
सेनापति महिसेस सो, चिक्षुराक्ष कहि चाह।
दलवल लै जावहु दुसह, तिय गहि लावहु ताहि ॥४४४

छंद मोतीदाँम

उमगीय दाँनव रथ्थ अरोह, कीयै सग ताम्र तहाँ धिक कोह।
लीयै केऊ सग वरुथनी लार, चहूक्कृत सग चले पलचार ॥४४५

चढी रज डम्मर अवर छाय, अडवर वाजत है अकुलाय।
सभी ध्वन सख तवै सुरराय, चडीय चाप प्रतच चढाय ॥४४५

मिले कहि चडीय सौ मुहमेज, सुनौ तीय खेल करौ सुख सेज।
खरौ रन वीरन कौ इह खेल, मिलै हमरौ तुमरौ कहाँ मेल ॥४४७

कहाँ तन तोहि, महाँ सुकमार, सहै किम आयुध तिछ्छन मार।
ञीया तन कोमल ज्यो मखतूल, फवै नही मालती मारत फूल ॥४४८

वनी तीय रूप रच्यौ तन व्याज, लहै हम हाथ उठावत लाज।
जहाँ को तहाँ ई चली तुम जाह, न तौ महिषासुर मानहु नाह ॥४४९

सोई सब देवन कौं नट-साल, मिलौ तिह, डार गरै वरमाल।
कह्यौ तव देवीय दानव क्रूर, सँभार कै वोलहु राख सहूर ॥४५०

महाखल चिक्षुर तू मतिमद, सुझावहु जायकै धीर-सकध।
वकारकै आवहिगौ रन बीच, करूँ तिह मारकै स्रोनत कीच ॥४५१

लहै भग जाय रहै अधलोक, वचै कुल दाँनव होय विसोक।
महाँ मतिमद जो चाहत मीच, विचारकै होहु खरौ रन बीच ॥४५२

सुनी दनु कथ्य कही सुरराय, करी झर वाँनन की वलकाय।
उलटीय मेघ मनौं मँडराय, सँभार कै चाप तहाँ सुरराय ॥४५३

विडारीय वद्धर ज्यों चल वाय, पराक्रम दाँनव मथीय पाय।
गदा गहि दाँनव कै दीय गात, परचौ रथ तूट भयौ धर पात ॥४५४

भई गत चक्षुर की इह भाय, इही लख ताम्र उठ्यौ अकुलाय।
चल्यौ कर चाप लीयैं रन चाह, इहै कहि देवीय हू अवगाह ॥४५५

मरौ तुम नाहक क्यौ मति मद, सझै रन लावहु धीर-सकध।
अजो वँह चाहत जीवन आस, तकैं सिर मीच गरज्जीय तास ॥४५६

मरावत दीनन कौ वँह मेल, कहौ मम आय करै रन केल।
वुरी लग दाँनव कौं सुन वात, हरक्कत ताम्र लीयौ धनु हाथ ॥४५७

तजे सर देवीय पै गुन ताँन, अनेकन छाँन लयौ असमान।
जहाँ सुरराय अरी कर जुद्ध, कीयै चख आरुन दारुन क्रुद्ध ॥४५८

छयौ नभ तिछ्छन वाँन चलाय, उमडीय मेघ घटा जनु आय।
इतै मुरछागत चिक्षुर ऊठ, प्रचारकै ताम्र सँभारीय पूठ ॥४५९

भिरे रन देवीय सौं दहुँ भट्ट, चलावत वाँनन चाप चउट्ठ।
रँगी रत-देह मनौ तमरास, मनौं त्रयपत्र रजै मधुमास ॥४६०

उभै भट मडीय जुद्ध उछाह, वढै रस वीर करै हथवाह।
भये सर देख अचभत भाव, पलट्टत दाँनव नाहिन पाव ॥४६१

तक्यौ लिय ताँम्रहु मूसल हथ्थ, मृघाधिप जाय प्रहरोय मथ्थ।
गरज्जीय दाँनव हू भर गल्ल, इहाँ सुन चडीय क्रोध उभल्ल ॥४६२
प्रहारीय खग्ग सु तिछ् छन पान, परचौ सिर टूट भयौ गत प्राँन।
परचौ लख ताम्र वली परचड, वढ्यौ रन चिक्षुर त्यो बलवड ॥४६३
लीयें खग आय भिरचौ चख-लाल, बन्यौ रन देवीय सौ बिकराल।
जुरी कर चाप लीयें जगतब, कितेकन आसुर मार कलब ॥४६४
दीयौ सर येक परचौ खग दूर, कस्यौ सर दूसर पाँन करूर।
दीये मुर बाँन तिही धनु दाट, कीयौ सिर दूर कलेवर काट ॥४६५
परे धर वीर उभै गत प्राँन, गहकीय गध्रव किन्नर गान।
उमग रिखी-गन सिद्ध अनग, वरख्खीय फूल जहाँ सुर वृद ॥४६६
जिताहव चडीय कौं कर जोर, सबै मिल देव करचौ जय सोर।
परे खल चिक्षुर ताम्र प्रचड, महा भट देवीय सौ रन मड ॥४६७

दोहा

सेनापत चिक्षुर सहित, ताम्र कीयौ तन त्याग।
रभ पूत बिसमत रह्यौ, इह धौं कवन अभाग ॥४६८
महिष ईस क्रुद्धत महा, विडालाक्ष कहि वात।
असलोमा लै जाहु अब, प्रमदा करहु निपात ॥४६९

छद उघोर

वढ वीर धीर विडाल, असलोम बोल उताल।
लीय और दाँनव लार, सभ्भ सेन सस्त्र सँभार ॥४७०
तन कसीय ककट टोप, अत वोर रस तन ओप।
उठ चले विव मद अध, किल मृत्यु वैठी कध ॥४७१
तहाँ जाय देखी ताँम, भुज अष्ट-दस की भाम।
कीय विवध भूगन काय, सव सस्त्र करन सुभाय ॥४७२
असलोम वढ गये अग्ग, तिह विना कीनी तग्ग।
कहि सत्य देवी काँहि, दनु वस देत है दाह ॥४७३
मन रत्न आद मिलाय, जो चहै सो लेजाय।
नव कोमलाँगी नार, सव सजै तन स्रंगार ॥४७४

सुठ कहत हूँ समुझाय, तज देहु सखन ताहि।
रचीयँ न फूलन रार, कर कज तै सुकमार ॥४७५
वर सेवीयँ सुख वाँम, कहा तोहि रन तै कॉम।
विनवौ सुधर्म विचार, रमनीय तजीयँ रार ॥४७६
क्यू करत दनुज अकाज, इह कहहु मोकँहि आज।
सुन कही यो सुरराय, मोहि भक्त जाँनहु माय ॥४७७
रच रहत हूँ रमतीत, नय अनय देखत नीत।
मम लखहु वेद अजाद, अनुरूप माया आद ॥४७८
अवतार मोहि अनत, जुग जुगन लौ परजत।
सुर स्वर्ग लीय महिपेस, मख लहत भाग हमेस ॥४७६
तिह मारहूँ कर त्रास, वढ इही वयर विलास।
वँह दुष्ट पठवत और, ठिक रहत वैठी ठौर ॥४८०
इह मरत वँह अपराध, वल मोहि दोख न वाध।
सव कहहु मिल समुझाय, जुरकै पताल ही जाय ॥४८१
लीय सुरन तै चित लाय, तिह वस्त सोपहुँ ताहि।
प्रहलाद है जिस पास, बस जाहु जहाँ कर वास ॥४८२
असलोम पूछीय येम, तहाँ कही देवी तेम।
वरवीर येह विडाल, हम सुने जैसे हाल ॥४८१
तुम हूँ सुने स्रुत तात, वढ कही देवी वात।
कहौ कौन है करतव्य, सोइ काज कीजै सभ्य ॥४८४
असलोम की सुन येम, तिह दीयौ उत्तर तेम।
इह कही जाय न आज, मतिमद है महाराज ॥४८५
सिर मृत्यु गरजी सोय, करीयै विलव न कोय।
अव छोर कै तन आस, हठ लरहु जुद्ध हुलास ॥४८६
कीय धनुप लै टकार, हरवल्ल बीर हकार।
वढ विडालाक्ष विरुद्ध, असलोम रहि अविरुद्ध ॥४८७
तिह वाँन रिख दीय तिष्ट, वर वीर धीर वलिष्ट।
सर सो कटे सर सात, पुन कीये देवी पात ॥४८८
सर दीये मुर सुरराय, मृतु भयौ दनु मुरझाय।
वस काल देख बिड़ाल, असलोम आय उताल ॥४८६

नय बुद्ध जाँनत नाँहि, किह जाय कहीयै काँहि।
महिपेस मूढ अमाँन, लहि विसद कीजै लाँन ॥४९०
इह वीर ध्रम अवदात, पर जुद्ध होय निपात।
कर लीयौ दनु कोदंड, मद-अंध तहाँ रन-मंड ॥४९१
वहु दीये सर वरसाय, जगतव कट्टीय जाय।
मँहमाय दीय सर मर्म, वपु भेद दारत वर्म ॥४९२
जुत रक्त दीसत जेम, त्रयपत्र फुल्लत तेम।
गरु गदा सार गढत, तहाँ लई हाथ तुरत ॥४९३
रद पीस हिय कर रीस, सो दीय अधाधिप सीस।
करकै अवाधिप क्रुद्ध, जुर परचौ नख रद जुद्ध ॥४९४
कीय हृदय दारत कूर, वपु कर्ज तर्ज विलूर।
पर दनुज सीघ्र पलाय, सिर सिंघ चढ सरसाय ॥४९५
रन गदा हन सुरराय, घट करचौ दाँनव घाय।
सुरराय ताम्र सँभार, सिर दनुज कट्टीय सार ॥४९६
महि गिरचौ दनु रन माहि, लीय जीत देवी लाह।
सुर जयत वोलत सद्द, नभ करत दुंदभ नद्द ॥४९७
कर पुस्प-वृष्टि करत, उर मोद लहत अनत।
जगतव की लख जीत, उर भये देव अभीत ॥४९८

दोहा

वची सैन कछु दाँनवी, मिली जाय महिषेस।
दई वधाई दहुँन की, विव रन मरन विसेस ॥४९९
विडालाक्ष जूझ्यौ विवध, जीत सक्यौ नहिं जुद्ध।
सँमर सँघारचौ सुदरी, कहा कहँ कर क्रुद्ध ॥५००
असलोमा साहस अतुल, खग्ग प्रहारचौ खेत।
भयौ भक्ष पलभक्ष कौ, सव ही अग सहेत ॥५०१
महिप विचारत मनहि मन, सुन दनुजन की सोय।
उर व्याकुल रोवत उठत, होनी होय सु होय ॥५०२
समय वनै जैसौ समुझ, करीयै तैसौ काँम।
मरहूँ अथवा मारहूँ, वरहूँ ताही वाँम ॥५०३

समुझ इहै कहि सूत सौं, तुम करहू रथ त्यार।
भुज अष्टादस भाँमनी, पेखहु ताहि प्रचार ॥५०४

छंद मौंतीदाम

सज्यौ रथ सासन लै नृप सूत, हुई सिर सोभ पताकन हूँत।
भरे बहु अस्त्रन-सस्त्रन भार, सबै रन साझ सुँभार-सुँभार ॥५०५
विछोनाय आसन राचत वेस, अरोहत होवहु श्री असुरेस।
सुनी दनुविद्र कही सोइ सूत, करी तव येक नई करतूत ॥५०६
रिझै लख नार मनोहर रूप, भयौ नर सुंदरहू तन भूप।
अलक्रत आयुध सझ ता[1] अग, अनूपम दूसर जॉन अनग ॥५०७
अनोअन रग पटबर आँन, बनी सिर झीनीय पाग बिधाँन।
तिही रथ आय चढ्यौ हुय त्यार, चले चिरमेहीय[2] जूप हजार ॥५०८
जुरो चिब सेत पताकन जूट, किधौ हिमवॉन कढ्यौ बलकूट।
लीयै चतुरगीय फौजन लूँम, घटा वन जॉन रही नभ घूँम ॥५०९
बढी रज डम्मर जाँन विताँन, भयौ तम सूझत नाँहिन भाँन।
पहूँचीय देवीय कै नृप पास, लीयै कर चाप कलब हुलास ॥५१०
बहू भट ककट धारीय बक, धरै अरी जुद्ध प्रहारन धख।
रही कछु बीच जितै सुरराय, करी धुन सख तहाँ अकुलाय ॥५११
कही दनु जाय इहै चित कॉम, हीयै नेर-नार सबै सुख हॉम।
यथा कुल चातुरता वय येक, सुभाव तथा गुन सील विसेख ॥५१२
इते सम होय जबै रस येक, बनै सुख-सपत जान विवेक।
अहू वर बीर जथा वर बाँम, करौ मम देवीय पूरन काँम ॥५१३
चहै सोई रूप करूँ चित चौज, मिलै सुख साझहु रग मनोज।
लीये मन भूपन देवन लूट, वहै तुम धारहु नार अनूठ ॥५१४
वनौ पट रानीय भोग बिलास, रमावहु सेझ सदा सुखरास।
कहै हम सोय करौ तुम काज, ततौ सुर-वैर करौ सब त्याज ॥५१५
भयौ सरनागत तेरौई भाम, कीयौ मोहि पीड़त बानन काँम।
पराक्रम जानत मोर प्रभाव, डरै सुर येक न पुज्जत डाव[3] ॥५१६

---

१ मू प्र त'। २ गधा। ३ दाव।

ब्रह्मा आद जये हर विस्नु, जये जम श्रीद परजन जिस्नु।
अहो नवअगीय कोमल नार, अभै वर देहु कटाक्ष निहार ।।५१७
सुनी दनु कथ्थ कही सुरराय, नही तुम नीत पिछाँनत न्याय।
नही तुम मोर पिछाँनत नाह, रचै सोइ स्रष्ट चलावत राह ।।५१८
वंही पुरसोतम ऊत्तँम अग, सदाँ सुख पाय रहूँ तिह सग।
भजूँ नही औरक हूँ भरतार, निरजन सग रहूँ निरधार ।।५१९
अचेतन रूप सदा मुहि अग, सचेतन होय अहूँ तिह सग।
सदाँ मुहि देव करै नित सेव, भली विध जानत पूजन भेव ।।५२०
रमाँ मोहि नाँम तथा सुरराय, सदाँ सुर आस्रव-ताहि मिहाय।
दीयौ दुख देवन कौ कर द्रोह, अबै तुहि कारन सिध अरोह ।।५२१
वनी मम आगम की इह वात, हनूँ दनु सगर मैं निभ हाथ।
हीयै तुम जीवन की कछु हाँम, वसौ अधलोक ही लै विसराँम ।।५२२
वदै किह कारन निष्ठुर वाद, परी तोहि ऊपर आय प्रमाद।
सुने पर देवन मैं वच आँन, अवै नही येक उपावहु आँन ।।५२३
कहा समुझावत मो कहि कथ्थ, सबै विध देव सहाय समथ्थ।
अरूपा जाँन अजन्मा ऊह, वनूँ कोइ कारन कायक व्यूँह ।।५२४
कही तोहि आगम की हम कथ्थ, गहौ सोइ नीक पिछाँनहु गथ्थ[1]।
सुनी नृप देवीय की इह स्रॉन, वढ्यौ रन काज लीयै धनु-बाँन ।।५२५
चले तहाँ येखन[2] वाँन चछोह, करी भर जोर हीयै धिख कोह।
सवै विच कट्टीय वानन सार, वढी रन देवीय क्रुद्ध विथार ।।५२६
दुरतर मारत राचत दाव, भयौ जव दारुन जुद्ध प्रभाव।
लखे महिषासुर आसुर लार, वढे सुर देवीय प्रष्ठ विचार ।।५२७
सवै सुर-आसुर येक समाँन, भयौ रन चत्वर रूप भयान।
तहा दनु दुर्धरहू धनु तिष्ठ, करी सर मार सुवाच कलिष्ठ ।।५२८
जगी धिक चडीय कै उर ज्वाल, लखी तिह ओर कीयै चख-चाल।
प्रहारीय तिछ्छन वाँन प्रचड, वकारकै मार लयौ वरवड ।।५२९
अधोगत दुर्धर की अवरेख, त्रनेत्रहु आय जुट्यौ कर तेख।
दीये रिख[3] वान सु देवीय दछ्छ, प्रहारीय देवीय गारध पछ्छ ।।५३०

---

१ गाथा, कथन। २ लोह के। ३ सात।

कटे मर सौ सर ह्वै प्रनकूल, तहा तन दानव मार अनूल।
महाँबल होय त्रनेताय मीच, विहव्वल होय परयौ रन बीच ॥५३१
तहा रन तक्कीय अधक तिष्ट, गदा कर लिन्नीय सार गरिष्ट।
पचानन सीस दई गहि पान, अगजित अधक बाहु अजान ॥५३२
पचानन क्रुद्ध भयौ गहि पिंड, पुनर्भव[1] दारत कीन प्रचड।
गहै तन ताहि करयौ पल[2] ग्राम, इहै लख भूप तजी जय-आस ॥५३३
जुरयौ नृप देवीय सौ जहाँ जग, उभै सर मारत चाप अभग।
विहू सर काटत है अधवीच, करै वढ देवीय दानव कीच ॥५३४
तहाँ असुरेस तक्यौ जगतव, पसारीय नैनन आग प्रलब।
भ्रमाय गदा कर सौ कर भीर, हनी तहाँ देवीय ह्वै हमगीर ॥५३५
लगी तन-चोट परयौ अकुलाय, मुरच्छ्छत माहि ह्वै धर माहि।
मिटी तन-पीर छुट्यौ जव मोह, उठ्यौ फिर किंचत पाय उपोह[3] ॥५३६
गदा कर लिन्नीय मड गरूर, प्रहारीय सिंघ सिखा वलपूर।
भई भुज कटक केहर भेट, चटापट मारीय चड चपेट ॥५३७
तज्यौ नर-रूप भज्यौ तन त्रास, होये फिर बाढीय जुद्ध हुलास।
महाँ छलि मायक त्यो महिपेस, भयौ फिर सिंघ भयानक भेस ॥५३८
भिरयौ पलभच्छ्छ हु तै पलभच्छ्छ, तकी तहाँ देवीय दै सर निच्छ्छ।
तज्यौ निह रूव तहाँ तनकाल, करी फिर मायक जाल कराल ॥५३९
महाँ गिर दिघ्घ जिही मदमस्त, हुयौ महिपासुर दारुन हस्त।
भयकर अजन[4] पव्वय भाँत, डरावन दीसत दीरघ दाँत ॥५४०
भ्रमावत सुड लहै गिर-भार, प्रहारत देवीय सीस प्रचार।
सँभारकै चाप तहाँ सुरराय, चलावत वाँन लयौ नभ छाय ॥५४१
प्रहारत खग्ग जिते वलपूर, चलावत वाँन करै चकचूर।
वढै दनु रोष करै हथ-वाह, अनदन देवीय जुद्ध उछाह ॥५४२
तहाँ फिर सिंघ हकारीय तथ्य, मलप्पत जाय चढ्यौ गज-मथ्थ।
अपूरब दाव वन्यौ तहाँ आय, उतै दनु हस्त इतै वनराय ॥५४३
मँडी तहाँ जभक मल्लक[5] मार, चपेटन फेट दई पलचार।
घने भुज-कटक[6] हू कर घाय, इहाँ दनुविंद्र उठ्यौ अकुलाय ॥५४४

१ नख। २ मास। ३ स्थिरता। ४ काला। ५ दांत। ६ नख।

तज्यौ गज दाँनव रूप तुरंत, भयौ तहाँ सभ्भ अनूपम भंत।
मृघाधिप मार दई रन मंड, पराक्रम मायक काय प्रचंड ।।५४५
सँभारीय खग्ग तही सुरराय, घने तन मारीय तिछ्छन धाय।
रच्यौ तहाँ दारुन जंग दुरूह, जुटे केऊ आँन तहाँ भट-जूह ।।५४६
लख्यौ फिर दारुन रूप लुलाय, डरावत स्रंगन पूँछ डुलाय।
घुमावत पव्वय स्त्रिंगन धल्ल, उडाउत दारुन क्रोध उभल्ल[1] ।।५४७
वक्यौ तव देवीय सौं दुरवाद, पहूँचीय दीरघ नींद प्रमाद।
अहो मदमत्तीय जोवन अंग, भजै जन जाहु करूँ मद भंग ।।५४८
कहा मोहि जाँनत नाँहिन क्रूर, गहै चिव रूप गुमान गरूर।
खरी रहि मारहुँगौ रन-खेत, सँभारकै आयुध होहु सचेत ।।५४९
अहो वलवंतीय देखहूँ आज, सँघारहुँ देवन फेर समाँज।
करी तोहि अग्र वढावन कोह, मतौ कर मारन चाहत मोह ।।५५०
कही तव देवीय क्यौं अकुलाय, अरे मतिमंद कहा भय आहि।
दीये दुख देवन कौ कर द्रोह, महाँमुनिराज कीये भय मोह ।।५५१
करूँ मधुपाँन इंही मम काज, सवै दुख मेटहुँ देव समाज।
अवै कछु स्वाँस रहे अवसेस, खरौ रहि संगर मैं महिषेस ।।५५२
इती कहि कंचनपात्र अनूप, सँवारीय आकृत दिव्य स्वरूप।
कीयौ मधुपाँन जितै तिह काल, गरज्जीय दुष्ट वजावत गाल ।।५५३
करयौ मधुपाँन उठी वलकाय, वभक्कीय माँनहु आग वलाय।
सँभारत राँन उठ्यौ तव सिंघ, किधौं चटका लख भृंग कुलंग[2] ।।५५४
गहै पल चाह गहक्कीय ग्रिद्ध, सवै जय वोलत चारन सिद्ध।
वृंदारक फूल वरख्खत वृंद्र, महाँ मुद माँनीय देव मुनिंद्र ।।५५५
गुनै नभ किन्नर गध्रव गाँन, समौ लख सिंधव राग सुजाँन।
भिस्यौ रन चंडीय सौं दनुभूप, रचावत केक भयंकर रूप ।।५५६
करी वहु ताडत चंडीय काय, वढ्यौ असुराध-पती वलकाय।
कीयौ तव दारुन चंडीय क्रुद्ध, जुरी तहाँ रूप अनुपम जुद्ध ।।५५७
तहाँ लीय चंडीय हाथ त्रसूल, कीयौ दनु ताडत ह्वै प्रतिकूल।
लगी होय चोट परयौ अकुलाय, महाँवल माहिषहू धर माँहि ।।५५८

---

१ मू० प्र० उफ्फल्ल। २ वाज।

जगी मुरछा घटिका जुग जात, लगावत चंडीय के तन-लात।
घनाघन जेम महारव घोर, करै छल-छिद्रन दाव करोर ॥५५६
डरे जहाँ देवन के गन देख, तहाँ उर देवीय कै वढ तेख।
लीयौ कर चक्र कही ललकार, हनूं तोहि आहव बीच हकार ॥५६०
अरे मतिमद खरौ रहि आज, करूँ सिव देवन के सब काज।
सँभारीय मार नुदर्सन सून, बघ्यौ रन आसुरहू सिर धून ॥५६१
तहाँ दनुविंद्र परयौ सिर तूट, किधौ गिर अजन तै कट-कूट।
फिरै रन चत्वर मैं चहुँफेर, घुमैं घट दाँनव घूमर घेर ॥५६२
उडै रत चिंच उतंग उझेल, मनौं नल गैरक जीवन मेल।
भजे अन दाँनव ह्वै भयभीत, पंचानन-पीठ लग्यौ भख प्रीत ॥५६३
खुधातुर आतुर आमख खाय, घने घट दाँनव घाय अघाय।
मुरे दनु नाँहि लहै डर मीच, बसे केऊ जाय पताल के बीच ॥५६४
सबै मनुजाद सुखी भये सत, उजागर माहिप कौं लख अंत।
जुहारीय देव तहाँ करजोर, ठये मन मोद भये इक ठौर ॥५६५

दोहा

कर सतोत्र लागे कहन, इंद्र आद सुर और।
सरराया करकै समर, मेट्यौ सकट मोर ॥५६६

छंद भुजंगी प्रयात

मती सुमृती कीरती जोग माया, उमा पुष्टी रभा सुतुष्टा अजाया।
जया विजया तूँ दया-रूप जोती, अहो मात स्वधा घृती तू उद्योती ॥५६७
प्रमेष्टी रमानाथ त्यौंही कपाली, ऋजै पालना सघरै तेजसाली।
तहाँ त्रैगुनी सक्ति अबा तिहारी, मदाँ येक तू कारना सृष्टि सारी ॥५६८
छिमा काली मेधाविनाँ-मात चडी, इही सक्त कौं कोन राचै अखंडी।
जिते कूर्म बाराह लौं सेष जामैं, धरै धारना सक्ति तूही धरामैं ॥५६९
दीयैं विप्र आहूत जो भुज-दाहा, समर्पै सबै देव कौं रूप स्वाहा।
तुही तोखनी पोखनी सक्त त्राता, महमाय आदेस्वरी आद-माता ॥५७०
तूँ ही जोगनी भोग-दाता तुलज्या, लखै सुद्ध बुद्धि तूँ ही रूप लज्या।
धरा स्वर्ग पाताल कौं वास धारै, सुरी-आसुरी सृष्टि तूँही सँवारै ॥५७१

करै आतताई कहुँ कर्म कैसौ, तुहो मारकै वास दै स्वर्ग तैसौ।
जितै सक्ति तेरी नही भक्ति जोरै, दीयौ[1] हस्त लै मूढ जो कूँप दौरै ॥५७२
सुकर्ती जिते जीव साधै सुविद्या, अकर्ती हीयै होय राचै अविद्या।
उभै रूप तेरे अहो मात अंबा, तुंही सक्त है भक्त की काँमतवा[2] ॥५७३
त्रहू ताप कौं मेटकै जीव तारै, अजा नित्य तू वेद-वाँनो उचारै।
नियता समाधी तुही जोग निंद्रा, महमाय ही[3] ध्याँन ध्यावै मुनिंद्रा ॥५७४
द्रवै वाक वानी सवै वोध-दैनी, नमस्ते रमा मुक्तिहू की निसैनी।
ओउकार मैं अर्धमात्रा अनूपा, 'र' रकार बाँनी तुंही सिद्ध रूपा ॥५७५
महाँ वंध-मुद्रा महा वेध-माता, स्रुती कीरती सुमृती को मुग्याता।
रचै पिंड ब्रहमंड कौं येक राया, करै आक्रती भिन-भिनात काया ॥५७६
वनावै सदा रूप नाना विधान, पराभूत पचातमा पंच-प्राँन।
तुंही धुम्र[4] आकार ह्वै जोत-धारी, कला चचला तिष्ठ द्रष्टात-कारी ॥५७७
भजै भोग मैं जोग की रीत भासै, परं धाँम उद्धर्स आभा प्रकासै।
निराकार आकार सस्थाँन-निष्टा, दमूँ देव इद्री तुँही तत्व-द्रष्टा ॥५७८
करामात-निर्वान तै जुग्म कोटी, सही पाप औ पुन्यहू की सचोटी।
जनै पक्ष ह्वै लक्ष चौरासी जोनी, अछेहा अतीता अगँम अजोनी ॥५७९
रची च्यार खाँनी तै ही राजराँनी, विचारी उचारी करी च्यार बाँनी।
तुही दंत[5] अद्वैत–रूपा त्रवैनी, इला[6] पिंगला सुखमना मध्य ऐनी ॥५८०
लखै रूप तेरी सवै ही लखावै, दीयै जुक्त सौं मुक्ति ससिद्ध दावै।
दीयै अष्टसिद्धी नवैनिद्ध-दाता, विरूपाक्ष श्रीवछ्छ ध्यावै विधाता ॥५८१
धरै तोय-कातार[7] ध्वाँतारि[8] ध्याँन, परा पुर्स तूँ ही प्रकर्ती प्रधाँन।
नमै वाहुदतेय[9] पौलस्त नित्य, भजै दक्ष नासापती लौं प्रभर्त ॥५८२
परा भक्ति तेरी अहो सक्ति पावै, लहै मुक्ति सा जोत ना देर लावै।
परमातमा ब्रह्म-सत्ता पसारी, तहाँ चेतना-सक्ति अवा तिहारी ॥५८३
अरिष्ट मिस्यौ मात तोकौं अराधी, उखारी त्रहूँ–ताप ही की उपाधी।
करी जुद्ध-क्रीडा दयौ मोद कैसौ, जपै जीह तै नाँहि वाख्याँन जैसौ ॥५८४
महाँक्रुद्ध ह्वै दाँनवी फौज मारी, बली महिष की आयु तै ही विडारी।
सुराँराय साँची करी वृद साँनी, नमस्ते नमस्ते नमस्ते भवाँनी ॥५८५

---

१ दीपक। २ कामधेनु। ३ हृदय। ४ धुम्रां। ५ द्वैत। ६ इडा। ७ वरुण। ८ सूर्य। ९ इंद्र।

दोहा

करी प्रससा जोर कर, सब देवन इक सग।
वर दीनौ प्रफुलत वदन, अभय उछाह उमग ॥५८६
विपत परै कहुँ जोग-वस, याद करहु हम आय।
प्रगट पिछाँनहु मोर-पन, सकट करहु सहाय ॥५८७

छद मोतीदाँम

सुखी भये देव सुन्यौ वर स्राँन, अरज्जीय फेर करी कछु आँन।
कीयौ परपच जितौ जग केर, अहो-निस मात ही राखत येर ॥५८८
इहै जग-मात ही कौ उपकार, वढै सब मात ही तैं विसतार।
सहस्रन औगुन ही कर सून[1], दया तऊ मात विचारत दून ॥५८९
इहै भ्रम पुत्र ही कौ अविदात, महाव्रत तीरथ जाँनत मात।
सदाँ इक मात करै नित सेव, भजै इक मातहि कौं निभ भेव ॥५९०
गहै नहि भाव हीयैं गति गूढ, महाँ अघ गाँमीय ते मति मूढ।
सुनी इह देव कही सोइ स्राँन, धरी उर सो भई अंतरध्याँन ॥५९१
सुधा-दध-वीच जहाँ सुख-सार, अखी मनी-दीप सगात आगार।
वसी जहाँ देवीयहू निभ वास, हीयैं वढ देवन केर हुलास ॥५९२
अजुध्या भूप सत्रुघ्न उदार, विभाकर-वसीय नीत विचार।
धरचौ सिर छत्र थप्यौ निज धाँम, मनोरथ पुज्जीय राज मुकाँम ॥५९३
गये सब देव तँही निज गेह, निरतर राज-प्रजा वढ नेह।
वढ्यौ क्रीय-विक्रीय कौ विवहार[2], वढ्यौ नय वृद्धीय नीत विचार ॥५९४
वरख्खत काल ही मैं घन वार, कुटवीय खेत वढावत क्यार।
विधोविध लोरत लावत क्रीह, दुखी जन नाँहि सुखी निस-दीह ॥५९५
गऊ वढ गोमीय[3] सत गवाल, लहै पय खीरज होत निहाल।
नदी सर पूरन सोहत नीर, भरे फुल फूलन मैं तरु भीर ॥५९६
सुनावत चातक कोकल सोर, महाँ मुद नाचत है वन मोर।
ध्रती मति-माँन[4] तहे द्वज-धर्म, करै जिग होम तथा जप-कर्म ॥५९७

---

१ सुवन, पुत्र। २ व्यवहार। ३ गौ का मालिक, गोस्वामी। ४ बुद्धिमान।

भजै नहि छत्रीय भीरुक भाव, सबै भट चारु उदार सुभाव।
सुसीलाय नार पतीव्रत सेव, भजै पति जेम त्रीया निज भेव ॥५९८
करै पितु मात ही की सुत काँन, बढै सुख सपत रीत विधाँन।
नही दुरभिक्ष न ईतीय दु ख, सबै विध सज्जनता जन सु ख ॥५९९
छली चुगली नँही लपट चोर, जहाँ नँही नास्तक दभहु जोर।
करै मख सात्वक रीत करम, प्रहारत प्राँनन जीव परम ॥६००
महीपत माहिप कौ रन मार, सुखी जगतब करी दिस च्यार।
सुनै इह देवीय केर चरित्त, विलावत दारद वाढत वित्त ॥६०१
लीयै फल च्यारहु कौ फिर लम्भ, सदाँ जगतब कौ पूजहु सम्भ।
रची महिषासुर देवीय रार, वखाँनीय बुद्ध कवी सुविचार ॥६०२

दोहा

कथा सुँभ निसुँभ की, वरनत फेर विसेस।
सोनकाद सौं सूत जू, यह दीनौ उपदेस ॥६०३

छंद पद्धरी

पुस्करह धाँम तीरथ पवित्र, तिह महिमा परगट जत्र तत्र।
कर चित्त वीच अभिलाष काँम, निज भ्रात सुंभ निसुभ नाँम ॥६०४
पातालहु तै विद्या प्रनीत, पावन थल देख्यौ अत पुनीत।
धर जोग ध्याँन वैठे सधीर, विध हेत करत तप उग्र वीर ॥६०५
अनसन व्रत साध्यौ तज अहार, धर आसन वैठे निराधार।
इक अयुत अव्द बीतत अखड, पिंजरा रह्यौ अवसेस पिंड ॥६०६
अवतस देव वाचा उदार, चढ हस आय कहि समाचार।
किह हेत करत तुम तप करूर, परसन[1] भये हम प्रेम पूर ॥६०७
वर चाहत जो कछु उभय वीर, परगट सोइ करहू हृदय पीर।
वर कृपा जुक्त देखे विचार, विध वदन कीने वार वार ॥६०८
कर जोर प्रदक्षन उभय कीन, दनु करी अरज कहि वचन दीन।
देवाधदेव दीनन-दयाल, वछ्छल सरनागत वृंद विसाल ॥६०९

---

१ प्रसन्न।

चतुरानन हमरे हृदय चाह, पावन प्रभु सुनीयै पाहि पाहि।
तासत है प्रानी मात्र त्रास, दीरघ निद्रा[1] नही वधै तास ॥६१०
पर्म मम देहु अमरत्व पाय, सकट मैं करीयैं प्रभु सिहाय।
विध कह्यौ तवै साँचौ वृतत, उतपत तन ताकौ नास अंत ॥६११
करतार नियम निरवॉन कीन, नहिं होय विपर्जय विध नवीन।
या महि कछु अतर राख और, वर लेहु सुखद वाचा वहोर ॥६१२
कर जोर अरज तव दनुज कीन, दीजै वर मोकँह जाँन दीन।
सुर असुर मनुज पसु पछ्छु सोय, कर सकै घात नँही पुरख कोय ॥६१३
नारी भय हमरे ह्रुदय नाँहि, अवला जिह जाँनत नाम आहि।
कहि तथा-अस्तु विध गमन कीन, प्रोहित भृगु पूजे पाय पीन ॥६१४
सुभ देख महूरथ भृगु सुहास, हाटक सिघासन जुत हुलास।
अभिसेख कीयौ नृप ता उमग, सव लीयै दनुज समुदाय सग ॥६१५
दस दिसन वढीय तिह राज दौर, छित-पाल सुंभ सिर ढुहत चौर।
भये सुँभ तवै राज्याभिसेस, दनुजाद हरख लहि देस देस ॥६१६
सुन चड-मुड जुग भ्रात सूर, हय गय दल आये मिल हजूर।
द्वै अक्षोहन दल लीयै दूठ[2], इहाँ रक्तवीज आयौ अनूठ ॥६१७
जुध जीत सकै नही, सत्रू जाहि, तातै सु माँनव लहत त्राहि।
छित परै रक्त कन जिते छूट, इतने दनु जागत भिरत ऊठ ॥६१८
वढ चले किते विस्राँम वीर, भइ समिल जहाँ अनगनत भीर।
चतुरगी सेना जुद्ध चाह, रच सीमा सागर रुच राह ॥६१९
नि सक लीयै सेना निसुँभ, जीतन कौ चाल्यौ सत्रु जंभ।
भिर परयौ स्वर्ग सगर भयाँन, सुर असुर वयर वाढ्यौ सुजाँन ॥६२०
पुरहून वज्र कीनौ प्रहार, नि,सुँभ करयौ मुर्छत निहार।
दाँनवी सैन भज चली देख, वीनती करी सुंभहि विसेख ॥६२१
चढ चल्यौ सेन आतुर चलाय, विकराल रूप दारुन वलाय।
सर वृष्ट करी जहाँ सुरन-सीस, अकुलाय भज्यौ गिर्वान ईस[3] ॥६२२
पद इद्र लह्यौ भुज वल प्रचार, विचरत वन नदन हित विहार।
करि[4] काँमधेन कलवृछ्छ कोस, खल जग्य भाग लीने सु खोस ॥६२३

---

१ मृत्यु। २ दुष्ट। ३ इंद्र। ४ ऐरावत, हाथी।

कर इँमृत पान आनद-कार, उर मोद बढत नित-नित अपार।
जम वरुन लये पोलस्त जीत, दावानल द्वजपत जुत अदीत ॥६२४
सुर काज करत आसुर समाज, धर छत्र सुंभ राजाविराज।
सुरदिसापाल आदक सभीत, रत विपत देव भये रक रीत ॥६२५
परवत बन गहवर गुफा पाय, जुग-जुग समाँन निस-दिवस जाय।
अस्थिर निवास नही रहत आँहि, निस रहत तहाँ दिन रहत नाहि ॥६२६
डर धरत न कपत प्रभा ध्वस, सविषाद रहे वछ्छर सहस।
सुर आचारज[1] विनये सखेद, वर विद्या जाँनत मत्र वेद ॥६२७
जप जग्य विचारहु कष्ट जाय, अब कीजै गरू जो कछु उपाय।
वाचस्पति बोले जुत विचार, सब लह्यौ वेद को तत्व सार ॥६२८
वेद के मंत्र हू कौ विधाँन, सव देवन आस्रत सुनहु आँन।
सोइ देव फिरत तुम विपत सग, अब कौन उपासै मत्र अग ॥६२९
पर कीजै उद्दम समय पाय, पुरसारथ तजीयै नहि उपाय।
हथ उद्दम वैठे कहा होय, कीजै उपाय नय-नीत कोय ॥६३०
करता जब ह्वै है साँनुकूल, मेटन दुख उद्दम गनहु मूल।
मेधावी सब ही सुर महान, उद्दम समान नही मत्र आन ॥६३१
तातै इह सुनीयै उचत तात, महिषासुर मार्यौ जुक्त मात।
तुम करी प्रससा वहुर ताहि, जहा दीयौ अभय वरदान जाहि ॥६३२
सुर सकट मैं करहूँ सिहाय, आसुर कौं दैहूँ दड आय।
तातै फिर सुमरन करहु तात, महमाय अजोनी चड-मात ॥६३३
महमाया माया-वीज-मत्र, तहा साधन लगे मूल तत्र।
हिम गिर उतग सिर सथिर[2] होय, सिध वीज-मत्र-जप जपत सोय ॥६३४
पूजन अराधन विव पुनीत, रच ध्यान ग्यान पूर्बानुरीत।
वदन अराधन वार-वार, विध-जुक्त महा-साधन विचार ॥६३५
नित करत वीनती जपत नाम, कीजै अभिप्ट जगतव काम।
है प्रान-स्वामनी भक्त हेत, सानद रूपनी तूं सचेत ॥६३६
तोहि नाम रूप नँहि लहत तत्व, मेधावी ऐसो को महत्व।
जो भक्ति जोग कोऊ करै जीव, सो जाँनै गति तेरी सदीव ॥६३७

---

१ आचार्य, वृहस्पति। २ स्थिर।

पिड कौं रचत तूं पुष्टि रूप, सुमृती[1] धृती तुष्टी तूं स्वरूप।
काती तूं साती क्रीत काय, माया तूं दाया महमाय ॥६३८
सुर-काज करत जोइ नाम सिद्ध, पावन जस तेरौ जग प्रसिद्ध।
सहनता वाक बांनी सुभाव, पावत बल-बुद्धी तुहि पसाव ॥६३९
जग जननि जोग निद्रा सुजांन, पावन प्रवाह प्रकृति प्रधान।
पुत्र कौं मात जो करत पोख, इह तौ परपाटी नित अदोख ॥६४०
जानत हम इतनी रीत जोन, कारन बिन कारज रचत कोन।
सत राजस तामस गुन संवार, विध विन्नु सृष्ट राचै विचार ॥६४१
सघार कपाली करत सोय, कर सकै न तो-बिन काज कोय।
तै रीझ सक्तियां दई तेम, निरवाह करत सोइ सहम नेम ॥६४२
अघ-पूर आतताई अखड, खल माहिप कीनौ खड-खड।
जब दयौ हमहि वरदान जांन, सब सत्य करहु मात आन ॥६४३

दोहा

सब देवन आरत समुझ, निझ वर पालन नेम।
कर करुना देर न करी, प्रगट भई जुत प्रेम ॥६४४

छंद त्रोटक

सुभ लछ्छत[2] लछ्छन[3] की समुदा, परपूरन-रूप महाँ-प्रमुदा।
दुति जोवन की तन मैं दरसै, वर बैनन नैन सुधा वरसै ॥६४५
कर कोमल कजहु तैं कहीयैं, लखीयैं पग की चिव त्यों लहीयैं।
वर पोन-पयोधर खीन-कटी, प्रभुता तन धार मनौं प्रगटी ॥६४६
सुच अवर भीन सु धारन सौ, भरपूर अलकृत भारन सौं।
सिध रूप सिरोमन सील सती, प्रगटी गिर किंदर पारवती ॥६४७
लख ताहि सबै सुर पाय लगे, जीय जांन परी अन भाग जगे।
लख पूरन प्रेम हीयैं लहिकै, गहरै स्वर बोल कृपा गहिकै ॥६४८
किह कारन देव दुखी कहीयै, लख कै मन वचत सो लहीयै।
सब देव करी बिनती सुनकै, गथ गूढ़-विचार हीयैं गुनकै ॥६४९

---

[1] स्मृति। [2] मू० प्र० लछ्छत। [3] मू० प्र० लछ्छन।

हनके महिपेस विपत्त हनी, वरदाँन दीयौ सोई वात वनी।
जुग भ्रात है सुंभ-निसुंभ जिसे, तिह देवन कौं वहु रीत ग्रसे ॥६५०
ग्ररु चंड रू मुंड जुरे ग्रधमा, मिल रक्तहु-बीज महाँ मघमा।
जिह देवन लोक लयौ जननी, हनहू तिह दाँनव की हननी ॥६५१
सुन देवीय देवन की सवही, जीय ग्रास्रव सत्य धरयौ जवही।
कीय देवीय दूसर ग्राप कला, चिव कौसकी दीसत ज्यौं चंपला ॥६५२
सरसात तिही रंग स्याँम संरचौ, धुर ताहीतैं कालका नाँम धरचौ।
सोइ देव-समाज सहायक सी, दनु वंसिन कौं भयदायक सी ॥६५३
द्रढ देवन कौं विसवास दीयौ, करहूँ तव कारज नेम कीयौ।
चढ सिंघ चली इक रंग छटा, घट कालका सोहत स्याँम घटा ॥६५४
भजमाँन[1] विचारत दर्प भरी. पहुँची जुग रूपाय सुंभपुरी।
गहरैं स्वर गावत राग- गरैं, वर वाटका पुस्प जहाँ विहरैं ॥६५५
लखि चंड रू मुंड दहूँ ललना, कहि सुंभहि जाय परो कलना।
सुर-नार लखी नर की समुदा, पहिचाँनत किन्नर की प्रमुदा ॥६५६
सव नैंन लखी केऊ स्रोन सुनी, तनकी दुति ग्रद्भुत या तरुनीं।
सुर-संपति खोस लई सवही, मन भूषन वाहन ग्रादं मही ॥६५७
चिव की ढिग नार जो हाथ चढै, वहु ग्रगन की सहु सोह वढै।
कर चिंतत चंड रू मुंड कही, सव सुंभ विचार कै वात सही ॥६५८
चित चातुर दूत सुग्रीव चह्यौ, लख कै ग्रत ग्रातुर वोल लह्यौ।
समुझाय उदंत कही सवहू, वँह जायकै वेग मिलौ ग्रवहू ॥६५६
समुझाय कै लावहु सुंदर कौं मम सोह चढावहु मंदर कौं।
तव दूत चल्यौ सुख पाय तहाँ, जगतवहि देखीय जाय जहाँ ॥६६०
मुख जाय लख्यौ जग-मोहन कौं, ग्रसवारीय सिंघ-ग्ररोहन कौं।
कर जोर कही ग्रभिमंत्रन कौं, तिह जाय तहाँ निभ्र तंत्रन कौ ॥६६१
जग जेता है भूप सुनौ जिनकी, मृघनैंनीय वात कही मनकी।
सुर थाँनक खोस लये सवही, मन हाटक वाग निकेत मही ॥६६२
हमकौं वरकैं तुमही विहारौ, पट भूषन लै तन मैं पहरौ।
पग-दास करौ ग्रहु-लोक-पती, वर सुंदर भूप करी विनती ॥६६३

---

[1] समर्थ

वरदाँन दियौ हमकौं विधहू, सव तेरे ही काज भये सिधहू ।
डर मृत्तु कौ मोहि न अग दहै, ललना अमरत्व सुहाग लहै ॥६६४
सभकै मन ग्त्त सिंगार सहो, रति गेलन मैं अनुरक्त रहो ।
इतनी नृप सुभ करी अरजी, मम सत्य कही लखकै मुरजी ॥६६५
कमलाक्ष कहौ सोइ जाय कहै, रच होय तौ राज हजूर रहै ।
सव भेद कहाय संदेसन मैं, नृप आयकै रावरे पाय नमैं ॥६६६
सुन दूत की वात इहै सवही, ततकाल जवाव दयौ तवही ।
मुसकाय कह्यौ सुरराय मुखा, सव जाँनत हूँ मति की समुखा ॥६६७
वरदायक सुभ-निसुभ वली, थित खोस करी जिह देव-थली ।
सुभ लछ्छन की गुन रास सही, जग जाँनत सूर उदार जँही ॥६६८
सुभ लछ्छन षोडस दून सभै, रन मैं नर जात अवध्य[1] रजै ।
सुर किन्नर मानव देख सवै, फिर गध्रव राखस आद फवै ॥६६९
हहरै सव ही निस-द्योस हीयै, लख सुभ-निसुंभ कौ नाँम लीयै ।
गुरू कर्म विसारद सूर गुनी, सुभ दक्ष कुलीन सुक्रति सुनी ॥६७०
सुर जीत लये भिर संगर मैं, झपकै पल ना गिर झगर मैं ।
अपनै वल उन्नत जाँन अहौ, करकै वर तो कंह जाय कहौ ॥६७१
अपनी प्रभुता सु वढावन कौं, मनी चाहत हेम मढावन कौं ।
सुनीयै स्रुत दूत उदत सुहो, कर मंत्र इकंत मै जाय कहो ॥६७२
लरकाइ के कौतुक है लखीयाँ, सन्न खेल रही हमहू सखीयाँ ।
तव पैज करी हम सत्य तहाँ, क्रत कारन सो समुझाय कहाँ ॥६७३
जुध देख वलावल जोर जुई, सुख पाय करू भरतार सही ।
हीय हेर इहै मम दर्प हरौ, कर मगल फेर विवाह करौ ॥६७४
इतनी तुम जाय कहौ अवही, समुझाय कही हम तौ सवही ।
सब रीत तूं चातुर दूत सदा, व्रहकै जव जावहु होय विदा ॥६७५

दोहा

सुन देवी की बात सब, दूत कही इह देख ।
कोमल-अगी काँमनी, वातैं करत विसेख ॥६७६

---

१ जिसे मारा न जा सके ।

जो जेता जग जांनीयें, इंद्र आद सुर और।
केसें लरहै भांमिनी, मन में आवत मोर ॥६७७
इंद्र आद सुर औरहू, जम कँह कीने जेर।
समता सुंभ-निसुंभ सौं, करे न वरुन कुवेर ॥६७८
वन-वन डोलत विपत-वस, विवुध जिते वलवांन।
जांनहु और न जगत मैं, सुंभ-निसुंभ समांन ॥६७९
सिवताकी[1] वातें समुझ, रीझहिगौ दनुराव।
तजीयें हठ साहँस त्रीया, समझहु जात सुभाव ॥६८०
दांनविंद्र दारुन दुसह, जांनत हौं वल जास।
करकें सासन क्रुद्ध कर, पकर वुलावहि पास ॥६८१

छंद उघोर

तीय मृदुल कंज तुसार, दनुविंद्र क्रुद्ध दुसार।
कर धरत जव कोडंड, अभिलाख जुद्ध उदंड ॥६८२
विष झार वरखत वांन, जिह भिरत कोनहिं जांन।
तूं जुद्ध जाचत ताहि, अवला कहाँ वल आहि ॥६८३
रन-रोख करहै रार, नही देख सकहै नार।
दोऊ भ्रात तारुन[2] दक्ष, पत येक वरहु सपक्ष ॥६८४
कहै त्रीया वचन कठोर, वँह समय जांनहु और।
स्रंगार-रस सरसाय, सो कहहु प्रथम सुभाय ॥६८५
देवी कह्यौ सुन दूत, कर प्रथम रन करतूत।
जो जीत है वरजोर, वर लेहु ताहि वहोर ॥६८६
पन करयो सिसुता पाय, तजहूँ न कवहूँ ताहि।
दहुँ भ्रात कौं कहि देहु, लर जीत कै वर लेहु ॥६८७
मम सूल को भय मांन, कहु जुद्ध करहै कांन।
तज देहु स्वर्ग तुरत, पाताल जावहु पंथ ॥६८८
इह दूत भ्रम अवदात, वरनें जथारथ वात।
मो सत्य वाचा मांन, नृप जाय कहहु निदांन ॥६८९

---

१ कल्याण करने वाली २ तरुण

सब सोच सार असार, वाचाल दूत विचार।
नृप-पास जाय निरास, इह करी पुन अरदास ॥६६०
कहीयै न नृप सौं कूर, हम उचत नाँहि हजूर।
विनऊं तथा जुत व्याज, अत होय राज-अकाज ॥६६१
दीय हुकम जब नृप दूत, विनती करी लख व्यूँत।
नृप विगत सुनीयै नार, नही निबल बल निरधार ॥६६२
इह कहाँ की उतपत्त, सोइ नाँहि समुझी सत्त।
वर वीर-रस जुत बाँम, है जुद्ध की हीय हाँम ॥६६३
भाख्यौ यथा चटु भाय, सृंगार-रस समुझाय।
द्रिढ रौद्र उत्तर देत, उर-जाँन परत अहेत ॥६६४
वच कहत व्याज विधाँन, सोइ सुनहु नृपत सुजाँन।
विच कही सखीयन वात, वलवंत वीर विख्यात ॥६६५
जिह संग करहूं जुद्ध, अवलोक पौरुख उद्ध।
पस्वात करकै प्यार, भजहू सोई भरतार ॥६६६
सुर-मनुज देखे सर्व, गन किन्नरा गंधर्व।
भय ग्रस्त सुंभ-निसुंभ, खल खेल मैं जय-खंभ ॥६६७
जब इहाँ पहुची जाँन, छिव लखहुँ सो वलवाँन।
मिथ्या न आस्रव मोर, कर लेहु जतन करोर ॥६६८
कीय एम नार कहाव, प्रभू आप परसे पाव।
रस भंग नँहि कीय राज, मम अरज इह महाराज ॥६६९
धर करग आयुध धीठ, पल-भक्ष बैठी पीठ।
द्रग ज्वलत ज्यो दुति दीप, सब लखहु जाय समीप ॥७००
सुन दूत अरजी सुंभ, सविखाद पूछ निसुंभ।
कहि भ्रात कैसौ काँम, वतीयाँ कही सुन वाँम ॥७०१
मन ऊचत आवत मोर, जिह जीतहूं वरजोर।
जुध करहुंगौ मैं जाय, सो जतन करहु सुभाय ॥७०२
निष्ठुर अकेली नार, इह करत मम अपकार।
नही सदन होत निदाँन, अपकार कौ भय आँन ॥७०३
लही क्लीवता पद लाज, सब सुनहै सूर-समाज।
कहि उचित कीजै कौंन, तुम जाय देखहु तौंन ॥७०४

सुन कही जो नृप सुभ, निभ भ्रात जाहि निसुभ।
अरजी करी तिह येम, नही अपुन जावन नेन ॥७०५
धुम्राक्ष भेजहु धीठ, गहि लेय ताहि गरीठ।
विध-जुक्त लगन विचार, निज व्याहू करहू नार ॥७०६
लघु भ्रात कहि चित लाय, लीय धुम्रनयन वुलाय।
सज हुकम तुरत सुनाय, उर अनख नृप अकुलाय ॥७०७
तुम करहु सेन तयार, निग्रहन[1] करहू नार।
सुर-असुर मनुज सहाय, इक नार काली आय ॥७०८
जिह सहित मारहु जोर, इह हुकम है मम और।
रच रहै जो कछु रार, कर कमल तै सुकमार ॥७०९
तुम कौं कहा भय ताहिं, वँह करै आयुध वाह।
तऊ जीयत पकरहु ताँन[2], इह सिद्ध है अवसाँन ॥७१०
सुन धुम्रलोचन सूर, निज वदन वरखत नूर।
वल काय वीर विचार, हलकार सठहजार ॥७११
सज दनुज सेना सथ्थ, तहाँ जाय पहुँचोय तथ्थ।
अभिलाख जुद्ध अराँम, विच जाय देखी वाँम ॥७१२
कीय नमस्कृत तिह काल, रच मधुर वचन रसाल।
त्रहुलोक जेता तूझ, उर रह्यौ विरह अरूझ ॥७१३
दिल चाहि भेज्यौ दूत, समझ्यौ न सूत-कसूत।
हय कीयौ मोद हुलास, इह काज भूप उदास॥ १४
श्रीय गिग[3] वचन सपक्ष, दरसाव जाँनत दक्ष।
जुध दुविध जाँनत जाँन, इक रतज[4] लखीयत आँन ॥७१५
अरि-भाव दूसर येह, ऊछाह जनत अछेह।
प्रीय रतज समर प्रवीन, रति रचत सो रमनीन ॥७१६
कहा वयर भावज काँम, स्त्रीय-जात तै सग्राँम।
नही दूत समझ्यौ नेक, विश्र-जुक्त वात विवेक ॥७१७
हम करत अरजी हार, रति-पतहु कीजै रार।
रच सयन राचहु रंग, जहाँ जीतहूँ तीय जग ॥७१८

---

१ पकड़लो। २ मू प्र. ताँन। ३ व्यंग। ४ कामजन्य।

सोइ कालका वर माख, उर करहु इह अभिलाख।
पति करहु पीड़न पाँन, अत उग्र इह अवसाँन ॥७१९
इम होय हैं दस ईस, वर बात बिसवा बीस।
जब नार जेता जाँन, पति वारहै नित प्राँन ॥७२०
सुन कालका मुसकाय, तहाँ दीयौ उत्तर ताहि।
वहि लख्यौ आवत वीर, सज अस्त्र-सस्त्र सरीर ॥७२१
वाचाल सुन कै बात, अब लखी मति अवदात।
पर पीठमर्द[1] प्रसस, अथवा भ्रूकुसक[2]-अंस ॥७२२
कामार्त सिवनी कोय, गोमायु[3] रति किम गोय।
गो गवय होय न गाँन, ज्यू वसा[4] गर्दभ जाँन ॥७२३
क्यौं बकत बात अलीक, सुन लई तेरी सीख।
मति-मद दीसत मोहि, अब करत काँय उपोह ॥७२४
समझाय सुंभ-निसुंभ, दनुविंद्र छाँडहु दंभ।
जग-मोहनी जीय जाँन, पती आय पीड़न-प्रान[5] ॥७२५
तोहि गात करहै तड, महामाय संगर मंड।
सकुटव कर संघार, प्रतना समेत प्रहार ॥७२६
पथ लेहु तुरत पताल, जब छूटहै जम-जाल।
पर जरीय हिय रिस पाग, दनु कालखंज दवाग ॥७२७
द्रग कढ्यौ क्रस्ना देख, तन वढ्यौ ता छिन तेख।
हन तोहि प्रथम हकार, पलभक्ष बाँन प्रहार ॥७२८
वल गर्वता गहि बाँह, नृप करूँ हाजर नाँहि।
रस भज कौ मुहि रज, कुमलाय लोचन-कज ॥७२९
क्रस्नाँ सुनी धुन काँन, पर जरीय पावक पाँन।
मैं सुनी तुहि मति मंद, छुटकाय कै छल-छंद ॥७३०
सब भाँत वाचा सूर, धिक तोहि पौरख धूर।
निष्ठुर निलाज नटेर, कहा कहत इह कुलटेर ॥७३१
डह[6] पूर गहि कोडंड, छत नहिन तौ दै छंड।
सुन धुम्रलोचन सूर, कर क्रोध ऊठ्यौ क्रूर ॥७३२

१ नाट। २ नट। ३ स्यार। ४ हथिनी। ५ नष्ट करने के लिये। ६ क्रोध।

सर तजे क्रस्ना सीस, रच दाव कर-कर रीस।
इद्रादि देखत उद्ध, जहाँ भयौ सम-सम जुद्ध ॥७३३
क़ोऊ करत घाव कुठार, मिल देत मूसल-मार।
छल करत सक्ति चलाय, गरू गदा खङ्ग गहाय ॥७३४
निह सत दुंदभ नद्द, वढ धाव दाव विहद्द।
पर उठत दनुज प्रपात, घट करत क्रस्ना घात ॥७३५
इत लरत क्रस्ना येक, उत भिरत दनुज अनेक।
जहाँ करत काली जुद्ध, धनु-वाँन ताँनत ऊद्ध ॥७३६
सर दीये तिछ्छन सार, सव भाँत स्रष्ट सँवार।
वालेय[1]-अग विडार, महमाय तव सर मार ॥७३७
चट कीयौ सिंदन[2] चूर, सभ्र और रथ चढ सूर।
भिर परचौ जुद्ध भयाँन, विकराल वरखत वाँन ॥७३८
तहाँ कालका रन तिष्ट, काटे सु वाँन कलिष्ट।
वहु दीये सर वरसाय, घट दनुज सगर घाय ॥७३९
सव लखत देव समर्द, महिमाय कीय अवमर्द।
जहाँ कटे दाँनव-जूह, कल करत हारव कूह ॥७४०
क्रतहस्त काली क्रुद्ध, जिह कीयौ दारुन जुद्ध।
वालेय सर वरसाय, गत प्राँन धरन गिराय ॥७४१
तिह धनुष कट्टीय तथ्थ, रन तोर स्वारथि रथ्थ।
जुध जीत सख वजाय, सुर मोद दीय सरसाय ॥७४२
धर धुम्रलोचन धीर, वढ विरथ आयौ वीर।
कहि कटुक वचन करूर, सभ्र परघ आयुध सूर ॥७४३
क्रस्ना कुरूपा काय, प्राघात मड्डु पाय।
चल वेग परघ चलाय, विकराल आग वलाय ॥७४४
कीय क्रुद्ध रव हुंकार, फनि सहँस जनु फुंकार।
इम जरचौ आसुर-अंग, पर दीप जेम पतग ॥७४५
ध्रुव नाँम लोचन ध्रुम्र, धर ध्रम्र मैं मिल ध्रुंम्र।
द्रग लखत पूरव-देव, भय भीत लहत न भेव ॥७४६

---

१ गधा। २ घोड़ा।

विस्मय विचारत वीर, धर सके नाँहिन धीर।
भज चली प्रतना भूर, सविषाद कातर सूर ॥७४७
जहाँ अवका भई जीत, रन-खेत इह विध रीत।
धुनि सब को धुकार, सुन भये देव सुखार ॥७४८
भयकार लखीयत भूँम, घट रहे घायल घूँम।
बहु परे कालज बुक्क, फिफरह लेत फरक्क ॥७४९
कट परे बुध्यन कीन, छिक आयु धन तन छीन।
वालेय हय गय वीर, सब कटे रवन[1] सरीर ॥७५०
बभकत घाव बिसाल, खलकंत जहाँ रत खाल।
गोमायु पलचर गिद्ध, सीचाँन काक समृद्ध ॥७५१
झुक रहे चिल्लन-झुंड, पल भखत दनुजन पिंड।
बहु नचत भूत-बिताल, तहाँ हसत दै-दै ताल ॥७५२
भज चले दनु इह भाय, वद्दर लगै जिम वाय।
घट भये पूरत घाव, सरसात लोहू स्राव ॥७५३
कहु कटे नासा काँन, अधफटे कऊ अधुराँन।
द्रग फुटे भृगुट-दरार, परकोष्टका[2] पर पार ॥७५४
कऊ कटे प्रष्ठ करक, अकुलात दारत अक।
कट पचसाखा केक, कर-साख-हीन कितेक ॥७५५
सब करत हारव सोर, आये सबै नृप-ओर।
अकुलाय पूछ उदत, भय ग्रसत क्यौं इह भत ॥७५६
रच धुम्रलोचन रार, नहीं पकर लायौ नार।
कहा भयौ कैसौ काँम, तुम कहहु बात तमाँम ॥७५७
बोले सु घायल वीर, सब पीर-युक्त सरीर।
सुन लेहु नृपत सुजाँन, बिहुँ भ्रात तुम बलवाँन ॥७५८
सोइ दिव्य-नारी संग, जुर कालका कीय जग।
छित धुम्रलोचन छार, ह्वै परचौ बस हुंकार ॥७५९
प्रतना प्रहारे प्राँन, बरसायकैं कर बाँन।
हम बचे रन तैं हाय, घट स्रमत ह्वै घन-घाय ॥७६०

१ ऊँट। २ कुहनी।

वँह रही संख वजाय, मद गर्वता मँहमाय।
सुर करत जय-जय सद्द, निहसत दुदभ नद्द ।।७६१
रन लख्यौ जैसौ रूप, भाख्यौ सु तैसौ भूप।
कर मत्र कीजे काज, मन रुचै सोइ महाराज ।।७६२
सुन घायलन सौं सुंभ, निभ भ्रात जाँन निसुभ।
कर वैठ मत्र डकत, अवसांन जाँनहु अत ।।७६३
इह सिघ की असवार, निरदई कैसी नार।
सज कालका कौं सग, जिह कर्यौ ऐसौ जग ।।७६४
सव चमूं दनुज सँघार, मिल धुम्रलोचन मार।
विकराल सख वजाय, सुर मुदत करत सुभाय ।।७६५
विध रुद्र आदक विस्न, जम वाय पावक जिस्नु।
सव करहिं ताहि सिहाय, निरधार जाँनहु न्याय ।।७६६
लरी यैक सैना लार, सभी यैक दुर्ग सँवार।
त्रन वज्र के सम तूल, पुन होत दिन प्रतिकूल ।।७६७
इह जान कछु उतपात, विध-जुक्त कीजै वात।
जो नीक तौ भज जाय, अव कहहु कौन उपाय ।।७६८
सव कही वाचा सुभ, निभ भ्रात जाँन निसुभ।
नृप सुनहु वाँनी नीत, भय पाय होय अभीत ।।७६९
नय वीरता तिह नाम, करीयै न कातर-काँम।
मम सीस है धर मथ्थ, कहीयै न ऐसी कथ्थ ।।७७०
भट भेजीयै जुग भ्रात, वर चड-मुड विख्यात।
जिह काम करहै जग, अत दाव घाव अभग ।।७७१
निज जाहि अवला नाँम, करहै कहा रन काँम।
तिह पकर लावहै तात, नत करहै जुद्ध निपात ।।७७२
हम मुऐ पाछैं हार, नय-नीत करहु निहार।
निसुभ की सुन नीत, भये सुभ भूप अभीत ।।७७३

दोहा

समुझ सोच ताही समय, सासन किय नृप सुभ।
चड-मुड जुग भ्रात चढ, क्षिप्र जाहु जय खभ ।।७७४

काली कौ करहू कदन, पकरहु अथवा पास।
तुम वाकौं लावहु तुरत, रूप रग द्रुति रास ॥७७५
येते पै आवै न वंह, जोर करे कहु जुद्ध।
वाँनन तै प्राँनन विगत, वाकौं भेजहु ऊद्ध ॥७७६

छंद मौतीदाँम

महाँभट दारुन चड रु मुड, कसे कृतहस्त धरे कोडंड।
लयौ नृप सासन पायन लग्ग, उदायुध सूर वढे दहु अग्ग ॥७७७
सजै वहु बीर वरूथनि सग, जिते लघुहस्त विसारद जग।
पहूँचीय देवीय कै तहाँ पास, हीयै अभिमत्रन जुद्ध हुलास ॥७७८
न जाँनत सुभ-निसुभहि नार, रही पग रोप जुहारत रार।
जिताहव देव लये सव जीत, भ्रमे सोइ काँनन ह्वै भयभीत ॥७७९
करी तोहि कारन अग्र कलेस, इहै सब देवन कौ उपदेस।
भरी हम चाहत नाँहिन मित्त, सबै समुझाये कहू सोइ सत्य ॥७८०
भुजा नव दूनन राख भरोस, जथा पलभक्ष तथा उर-जोस।
निराकुस भूपत सुभ-निसुभ, दुरतर तोहि निवारहि दभ ॥७८१
कहै हम सोय करौ तुम काज, वृथा छल-छद न राचहु व्याज।
वृथा इह दर्प सबै विध वाम, वृथा तुम लावहु चित्त-विराँम ॥७८२
अराधन साधहु ईस उदच, प्रभुप्पन भुग्गहु राज-प्रपच।
नही इह निचते[१] काज निसिद्ध, सबै मन बचत कारन सिद्ध ॥७८३
जिते जग माँझ चराचर जीव, द्वधा थिर जगम राच दईव।
कीयौ तन मानव श्री करतार, विसेसन बुद्धि विवेक विचार ॥७८४
जुहारत देवन माँनव-जात, जई असुराधिप देव-जमात।
वुलावत तोहि विचार विवाह, नही कोई दूसर या सम नाह ॥७८५
वरौ तुम जाय करौ मत वेर, फुरै अवसाँन न या विध फेर।
परेखहु दक्ष प्रतक्ष प्रमाँन, असार न चित्त धरौ अनुमान ॥७८६
पराभव देवन कौं परचड, दइ तन विद्र जई रन दंड।
मिले तुहि जीतन चाहत मूढ, ग्रस्यौ चित अतर कारज गूढ ॥७८७

---

१ नीच।

भलीनस निर्जर स्वारथ मीत, प्रधॉन न जाँनहु प्रीत-प्रतीत ।
धुरधर नित्त विसारद धर्म, कहै हम सोय करौ तुम कर्म ।।७८८
हीयै धर विस्तर दाँनव हल्ल, गरज्जीय मेघ ज्यूँही भर गल्ल ।
कही हमकौ सिखवै कहा कथ्थ, सदा हम देव सिहाय समथ्थ ।।७८९
महॉग्रघ-गामीय ते मतिमद, विड्ारीय केतक दाँनव-वृ द ।
हरी हर देव भई कहा हाँन, करै पति ग्रासुर कौ तज कॉन ।।७९०
ग्रहू जग-स्वाँमनि विस्व ग्रधार, नया नय देख रही निरधार ।
करे तुम देवन कौ बहु कष्ट, गहौ नय नीत न पाप गरिष्ट ।।७९१
वनै कुल ग्रासुर नाँहि वचाव, ग्रवै कर देखहु कोट उपाव ।
सँभारहु ग्रायुध कौ इक साथ, इही ध्रम वीरन कौ ग्रवदात ।।७९२
सुने इह देवीय के वच स्रो`न, प्रहारन लागीय[1] बाँनन प्रो`न ।
हरव्वल वीर दये हलकार, कसीसत चाप करै किलकार ।।७९३
इहै लख चडीय क्रोध ऊझल्ल गरज्जीय सिंघ तहाँ भर गल्ल ।
सँभारीय सुख तहाँ सुरराय, करी धुन जुद्ध जुरी ग्रकुलाय ।।७९४
भये भृगु-सि ख तहाँ भयभोन[2], सुनै सुख दाँनीय देवन स्रोन ।
परी तहाँ ग्रस्त्रन-सस्त्र प्रहार, क्रपालका पट्टस क त कुठार ।।७९५
चट्टकत[3] बीर प्रतचन चाप, खट्टकत खग्ग निकारत खाप[4] ।
भयौ रन कातर कौ भयकार, उमडीय बाँनन मेघ ग्रसार ।।७९६
ग्ररे दहु चडीय चड ग्रभग, रचै तहाँ जग ग्रनूँपम रग ।
घले हथ वाह न चूकत घाव, दहै तन दाँनव ज्यूँ वन-दाव ।।७९७
मिले ग्रसुरायन मडल मेल, ग्रगजत बाँनन पान उझेल ।
रही रुप देवीय दारुन-रूँप, उडावत बाँनन-बॉन ग्रनूप ।।७९८
छयौ घन ग्रबर भाँन छिपाय, उडै सलभा किघु ग्रवर ग्राय ।
रचै जहाँ चड भयाँनक रार, हरोलन मु ड दये हलकार ।।७९९
करी बिहु बॉनन-वृष्ट करूर, गहै रस वीर निक्रष्ट गरूर ।
वढी उर देवीय क्रोध वलाय, भयौ मुख-क्रस्त भयाँनक भाय ।।८००
दिपै चख लालीय वीच दहून, प्रभा लख लाजत केल प्रसून ।
भृगुटीय चढ्ढ भयाँनक म्यूह, जुतै भृमरावल घुमर ज्यूँह ।।८०१

---

१ मू प्र लगीय । २ भयभीत । ३ मू प्र. चटकत । ४ म्यान ।

भई तमरास जहाँ थित भाल, कढ़ी निज कालीय रूप कराल।
सुवासन साटीय[१] चर्म सु सिंघ, जिही विध कंचुकि ढाकन जंघ ॥८०२
फव गज-चर्म सु कर्पट फेर, धरै रुंड-माल क्रकाटक[२] घेर।
प्रकासत वापीय सुस्क पिचंड, दिपै गज-गुंड ज्यूँही भुगदंड ॥८०३
लहालह जीह डुलावत लोल, वदै अटहास भयंकर वोल।
खतगहु आयुध हाथ खटंग, प्रहारन दानव अंग प्रनंग ॥८०४
लगी सोई दानव के दल लार, अमेठत हाथ न लेत अहार।
मलै मुख सिंधुर ज्यो हरमथ[३], दबावत जंभ चबावत दंत ॥८०५
क्रमेलक[४] रासभ जांन मकुष्ट[५] गहे हय रास वलाट[६] गरिष्ट।
कलामक[७] जेम भृगू-सिख काय, खिलै रन रास मिलै सोई खाय ॥८०६
इहै गत कालीय की अवरेख, भगै दनु-जूह भयंकर भेख।
महाँभट आसुर चंड रु मुंड, विचारीय मंत्र दुहूँ वलवंड ॥८०७
वचै प्रतना नहि येकहु वीर, भिरे रच मंडल ह्वै भटभीर।
मतौ कर येक जुटे महँमाय, चलावत बाँन लोयौ नभ छाह ॥८०८
खुधा कछु मेट उठी खल खाय, सँभारीय चाप तहाँ सुरराय।
कटे सर तिछ्छन मार कलंव, तहाँ रन-रुठ रही जगतंव ॥८०९
न पुज्जत दाँनव जुद्ध निदाँन, प्रहारीय चक्र तहाँ गहि पाँन।
गरज्जीय दाँनव सद्द गहीर, तकी तहाँ देवीय लै धनु-तीर ॥८१०
ततछिन चक्र कीयौ सत टूक, महा क्रतहस्त प्रक्ष्वेडन मूक।
लखी तहाँ चंडीय चंडहु लच्छ, तहाँ दनु ताक दये सर तिच्छ ॥८११
परचौ मुरछा गहि वीर प्रचंड, महाँभट आय जुटचौ तहाँ मुंड।
वरक्खत चंडीय पै सर-वृष्ट, विसारद जुद्ध विरुद्ध वलष्ट ॥८१२
सिलाका सार लई सुरराय, विडारीय बाँनन ताहि वलाय।
इखू अर्धचंद्र अकार उभल्ल, घने सल दाँनव के तन घल्ल ॥८१३
मुरछ्छत होय परचौ धर मुंड, भिले तहाँ क्रंदत आसुर-झुंड।
परे दहुँ भ्रात जहाँ रन पेख, अनंदत देवन मोद अमेख ॥८१४
इतै फिर चंड उठचौ अकुलाय, गदा कर लिन्नीय गाढ गहाय।
प्रहारीय चंडीय दछ्छन पाँन, वचाय तँही रच बीर बिधाँन ॥८१५

१ साड़ी। २ गरदन। ३ चना। ४ ऊँट। ५ मच्छर। ६ मूँग। ७ चांवल।

गह्यौ तिह चडीय मेट गरूर, जहाँ विच बाँनन पास जहूर।
लखी गत चड भयौ बल-लीन, अटचौ विच पासीय होय अधीन ॥८१६
जगी मुरछागत चड जरूर, सगत्तीय हथ्थ सँभारीय सूर।
चल्यौ तहा कालीय तै रन चाह, बनी नँही येक तँहि हथ वाह ॥८१७
भई गत सोय जहाँ लघु भ्रात, वँधे विहुँ पासीय वीर विख्यात।
कीयौ अदभूत इहै रन काँम, हीयै दनु नाँहि रही फिर हाँम ॥८१८
गहे विच पास दिखावत गात, दहूँ मृदुलोमक[1] जेम दिखात।
कही तहाँ देवीय तै इह कथ्थ, सवै विध कालीय जुद्ध समस्थ ॥८१९
उचारत वाँनीय व्रूँह अमेठ, भली रन जग्य लहौ इह भेट।
कहीं तव देवीय यों मुसकाय, न छडहु कालीय देत अन्याय ॥८२०
कढी महाँकालीय उद्ध क्रपाँन, प्रहारीय कठ भये गति प्राँन।
कटे सिर दोउन के कर क्रोध्र, पीयौ रत कालीय पाय प्रमोद ॥८२१
दीयौ तव सासन देवीय देख, सवै सुर-काज करौ सोई सेख।
महाँभट मारीय चड रु मुंड, प्रहारीय दाँनव सेन प्रचड ॥८२२
मिटचौ दुख देवन कौं सुख मान, वरख्खत पुस्प कहै जय वाँन।
इहै क्रत कालीय कौ अत उद्ध, जयौ जीह रीत कह्यौ सोइ जुद्ध ॥८२३

दोहा

मारचौ चंड रु मुड कौ, सज काली सग्राँम।
जग मैं पुज्जत जाहि कौ, निज चामुंडा नाँम ॥८२४

छद पद्धरी

खल कटे चड अरू मुड खेत, सव भजे असुर वाहन समेत।
पहुचे सु क्षिप्र नृप सुभ पास, उद्राव[2] भीरु जय छोड आस ॥८२५
कट गये देख कहु नाक-काँन, पग कटे कहु क-कहु कटे पाँन।
रत स्रवत घायल लाल रग, प्रतहोरी जीवन ज्याँ पतग ॥८२६
वेदना जुद्ध क्रंदत विसेस, निस्वाँस डार गत अभिनिवेस।
विस्तार कहन लागे वृतत, देवी इक क्रस्ना दावदत ॥८२७

---

१ खरगोश। २ पलायन कर गये।

मिघुर हय सादी जुत समेट, चिरमेही मरुप्रिय गहि चपेट।
भख लये स्वारथो रथी भूर, काली सुकर्म कीनों करूर ॥८२८
वीरासन देखी जुद्ध वीच, कीने सव आसुर मार कीच।
कट कुंजर पिंजर हय करार, वालेय क्रमेलक तन विडार ॥८२९
वहि चली रक्त-धारा विलंद, नहीं वार-पार दीसत नरिंद।
करकर अनु सरकर गोद कीन, जवाल दिखावत तट जमीन ॥८३०
सिंदन जहाँ तैरत इम सुहात, डिंडीर मनहु वुद वुद दिखात।
सिर तुटे अलावू[1]-फल समाँन, वहि रहे अंत ततू विधाँन ॥८३१
कट कालखंज फिफ्फर कहूँक, जिम कच्छ सनायू विध जलूक[2]।
प्रति-जंघा[3] जंघा कट पलाय, लघु दिघ्घ मीन जामहिं लखाय ॥८३२
तर रहे नयन तहाँ जलज तेम, जहाँ गिद्ध वलाका[4] हंस जेम।
कातर भयदायक नदी-कूल, हम भाग चले भय दिसा हूल ॥८३३
मम सुनहु अरज इह महाँराज, कुल दाँनव को ह्वै है अकाज।
कालका-नार दीसत कुढंग, जिह जीत सकै येको न जंग ॥८३४
वल स्याँम[5] उपाय वचाय वंस, परचावहु काली कौ प्रसंस।
देवी तैं जाचहु अभय-दान, पुन रहे सेख जिह वचै प्रांन ॥८३५
सुन अरज पलायन की सधीर, वढ क्रोध सुंभ वोल्यौ सुवीर।
मिल चले भाग डर देख मीच, नन करहु भगोरे वात नीच ॥८३६
हारकै त्रीया आगे हड्डूड, मुख जाय दिखावै कहाँ मूड।
ध्रुव रहिहै जातैं वीर-धर्म, करहैं हम सोई उद्ध कर्म ॥८३७
जय होय पराजय काल जोग, समृथ कौं नाँहिन हरक सोग।
नृप सुंभ दीयौ आतुर निदेस, वुलवाय रक्तवीजहिं विसेस ॥८३८
त्रीय पकर जाय लावहु तुरंत, वँह पौरुख जाँनहुँ आद-अंत।
द्रग देखहु जैसौ करहु दाव, भाव-जुत होय अथवा अभाव ॥८३९
अरजी लख मुरजी करी येह, समुझहु जन भूपत उर सँदेह।
करहूँ मन वंचत तोर काज, मम पौरुख देखहु महाँराज ॥८४०
सज हयदल पयदल सुभट संग, रथ चढ्यौ जाय रस वीर रंग।
वढ चली खेह डम्मर विताँन, भुय अंवर लों सूझै न भाँन ॥८४१

---

१ तूँबा। २ जोंक। ३ पिंडली। ४ वगुला। ५ स्वामी।

आडवर वाजन की अवाज, गरजै जिम सवर मेहु गाज ।
वाहनी रही कछु दूर वाट, ठाढी गिर अवा लख्यौ ठाट ।।८४२
कीय तहाँ सख-वाँनी करूर, प्रतिधुनि तहाँ वाढी दिसन पूर ।
वढ प्रवर अग्ग पूछी सुवात, देवी कहा हमकौ भय दिखात ।।८४३
नहि फटत भुजातर सख-नाद, विसराय देहु दनु वयर-वाद ।
निकृष्ट धुंम्रलोचन नहीज, वरवीर पिछांनहु रक्तवीज ।।८४४
डरपोक न देखे समरदीन, पर काँम परहि मम भुजा पीन ।
नही काँम-सास्त्र तूं पढी नार, समुझत कछु नाँहिन रस सृगार ।।८४५
पारावत पखी लखहु प्यार, नित रहै सग नर और नार ।
पति करहु सुभ त्रीय न्याय पेख, रुद्र विध विस्नु परिआय रेख ।।८४६
देखहु सग नारी त्रहू-देव, भल समुझहु नारी पुरख भेव ।
उत्तर सुन देवी दीयौ येम, निज हृदै बीच सोइ अभयनेम ।।८४७
पन कीनौ सिसुतापन प्रभाव, कर दयौ दूत सग हो कहाव ।
जीतै समर्द सोइ वली जाँन, पुन करहू तातै ग्रहन पाँन ।।८४८
भय आवत तो कँहि जुद्ध भाय, पाताल दनुज जावहु पलाय ।
है हीय मै जो कछु जुद्ध-हाँम, कीजिये वीर अवदात काँम ।।८४९
इह सुनतं आग पर जरेउ अग, अतसय अमर्ष वाढचौ उमग ।
कर लस्तक मुष्टी गहि करार, टकार धनुप भय जुद्ध त्यार ।।८५०
तद्दल क्षुरप्र चल दिग्ध-तीर, भई अतरीक्ष जहाँ इवक भीर ।
देवी सिर छाया सर दिखात, आषाढ मनहु व्रखन अघात ।।८५१
सवहिन, सर छडे येक सग, भयकार भीम मानहु भुजग ।
कोडड अवका ताँन काँन, वाँनन तै काटे असुर वाँन ।।८५२
तन दीये प्रवर तहाँ ताक-ताक, कीय रक्तवीज मुर्छत कजाक ।
मुरछागत देख्यौ जुद्ध माहि, तिह सैनक बोलत त्राहि-त्राहि ।।८५३
क्रदत अवाज सुन सुभ काँन, है रक्तवीज कछु जुद्ध-हाँन ।
दल जाहु वीर काँवाज दूठ, रन राचहु चडी रही रूठ ।।८५४
पाछैन न धरहू नैक पाव, देखहु समर्द ज्यू रचहु दाव ।
विच आये मडल समर वीर, सव अस्त्र-सस्त्र धारक सधीर ।।८५५
घटा-रव देवी करीय घोर, विकराल सख-धुन किय वहोर ।
टकार चाप भइ जद्ध त्यार, दस-दिसन खाय पव्वय दरार ।।८५६

विसतारो काली मुख विसाल, करकस रद जभा जुत कराल ।
पलभक्ष रह्यौ आँनन पसार, अरि भक्षन कौं अतक अगार ॥८५७
कल-कल रव पहुँच्यौ असुर काँन, सज भयौ जुद्ध ह्वै सावधान ।
मुरछागत जाग्यौ टरी मीच, वढ रक्तवीज रन भूँम वीच ॥८५८
देवी सौ ताकत घाव-दाँव, पैं ऋस्ना हटत न येक पाव ।
जहा असुर कदवक रहे जूट, चडी धनु सायक रहे छूट ॥८५९
विध आद सक्तीया कर विचार, पर कर जुत वीसासन पधार ।
मुखच्यार सुखद वाहन मराल, मव हृदय सोह रुद्राक्ष-माल ॥८६०
कर सूत्र कमडल सुभग-काय, सो ब्रह्मानी कहीयत सुभाय ।
वैस्नवी गरुड-वाहन वरिष्ठ, तन स्याम गदाधर चक्र तिष्ठ ॥८६१
भुजच्यार सख अरू पद्म भाय, सिर पीतांवर ओढै सुभाय ।
सकरी तीन लोचन सुसोह, अतसय असर्प सडहि अरोह ॥८६२
सुर सीर्षक आयुध कर मभार, अहि ककन राजत कर अवार ।
भासत प्रदीप्त अधचद्र भाल, मुख स्वेत वरनं गल रु ड-माल ॥८६३
इद्रानी आई गज-अरोह, कर वज्र धरे उर अधिक कोह ।
बहुरत्न अलकृत तन विसाल, अदभूत रूप आई उताल ॥८६४
कात्यायनि वाहन नीलकठ, उरजस्व इधक उर समर अट ।
कर आयुध सक्ती अत करूर, गति चपल विपुल पौरुप गरूर ॥८६५
वाराही वाहन महिष वीर, दाढे कराल जिह रद कुदीर ।
सब भात नारसिंघी समथ्थ, है अधिक अस्त्र जिह करज हथ्थ ॥८६६
जमराज सक्ति जाजुल्य जुद्ध, अत विकट लीयै कर-दड उद्ध ।
कीनै असवारी धीरकध, सुर-सकट मेटन के समध ॥८६७
कऊवेरी उतकट जुद्ध केर, वारुनी पधारी तिही वेर ।
सज अस्त्र-सस्त्र सग लीयै सैन, दनुजात पराभव समर दैन ॥८६८
उर देवी लख वाढ्यौ उछाह, दनुजात विलोकैं जरत दाह ।
सुर-वृ द लखत आनद संग, उर-विजय-आस वाढी उमग ॥८६९
हर आये सुर-कल्याँन हेत, खित जहाँ चडका वीर खेत ।
वीनती करी इह तिही वेर, देवी अब किह विध करत देर ॥८७०
कीजीयै सिद्ध अब अमर काज, सब खेत प्रहारहु दनु-समाज ।
नि सु भ-सु भ कीजै निपात, सुर नर मुनि निरभय करहु साथ ॥८७१

जिग जोग विप्र-क्रम[1] होम जाप, थिर करहु बेद-मुरजाद[2] थाप।
क्रसि-कर्म प्रजा वाँनज्य-कार[3], चर-अचर सुखी ह्वै वरन च्यार ।।८७२
सिव-वचन सुने देवी सुआँन, भइ रौद्ररूप दरसत भयाँन।
प्रतछाया निकसी अत प्रचड, चडाक कलेवर तें जु चड ।।८७३
सत सिवा जेम सोइ करत सद्द, विकराल रूप बाँनी विहद्द।
प्रतिछाया देवी कह्यौ पेख, विधजुक्त नीत बाँनी बिसेख ।।८७४
करहू सिव मेरौ दूतकर्म, मद नृप कहहु समुझाय मर्म।
इद्रासन पावहि देव ईस, धरीयै न धख उर दनुज धीस ।।८७५
सुर लहै भाग मख काज सिद्ध, सब दिसापाल पावै समृद्ध।
जो चाहत दाँनव कुसल जाँन, पाताल मग्ग कीजै प्रयाँन ।।८७६
समुजै न वसीठी न्याय-सध, मारहु काँमातुर नृप मदध।
हम चहत न्याव इह कहत हेत, खावैंहि स्रगाली कीन खेत ।।८७७
नि.सुभ-सुभ जुग भ्रात नाँम, हीय बीच वैहै कछु जुद्ध हाँम।
आयुध गहि सनमुख क्यौं न आय, प्रहरन प्रचार मडै जु पाय ।।८७८
इह सुनी नीत चडी उदत, कहि जाय सवै तहाँ उमा-कत।
हम त्रपुर नास कीनौ हकार, सो भये दूत तेरै सुधार ।।८७९
तज देहु स्वर्ग आसुर तुरत, पाताल सुधारहु नीक पथ।
मारहि न त चडी जुद्ध माहि, कुल भखहि गृद्ध स्रगाल काय ।।८८०
निश्चय इह देवी लह्यौ नेम, आयकै कही हम सुनी येम।
कहि आये सकर इहै कथ्य, समुझाय न्याय-रीतहु समथ्थ ।।८८१
प्रतिछाया देवी नाँम पाय, सिवदूती सोई कहीयत सुभाय।
सिव-वाँनी जाँनी दनुज सुभ, द्रढ आस्रव कीनौं छाय दभ ।।८८२
देवीतें तजहूँ हि द्वेख, रन रचहु वीर परीआय रेख।
सब अस्त्र-सस्त्र धारै सधीर, वीरासन आयौ महाँवीर ।।८८३
कोदड प्रतचा ताँन काँन, वरखा तहाँ कीनी असह[4] बाँन।
कालका गदा लै खग्ग कूंत, अत अप्रल जुद्ध कीनौ अभूत ।।८८४
दानव-कुल खडत समर दाय, खल मिलै जाहि लै पकर खाय।
रन-चतुर ब्रहमाँनी रिसाय, अजुलक कमडल जल उडाय ।।८८५

---

१. ब्राह्मण-कर्म। २ वेद-मर्यादा। ३ व्यापार-कार्य। ४ असंख्य, असह्य।

ग्राहत दनु प्रांनन तज गडूख, मारत जक्ष जिम मूक-मूक।
तहाँ मिवा खरग धारै त्रसूल, भुक रही समर लै सक्ति भूल ॥८८६
उरजस्व मड संडहि अरोह, कर रही जुद्ध उर अधिक कोह।
वैस्नवी रही दाँनव विडार, पर देत गदा चक्री प्रहार ॥८८७
धकपख[1] करत जहाँ जुद्ध घाव, दाँनव कौं मारन समर दाव।
इद्रानी ऐराप(व)त अरोह, दारुन रन दाँनव रचत द्रोह ॥८८८
गहि सुड दत मारत गजिंद्र, दल वज्र प्रहारत दानविंद्र।
वाराही थुथनी जिह विसाल, कर रही जुद्ध दुर्धर कराल ॥८८९
ह्वै जहाँ नारसिंही हरोल, विकराल-रूप तहाँ सद्द बोल।
भुज-कटक सजुग करत भेट, चत्वर रन मारत दनु चपेट ॥८९०
हुकत सिवदूती अट्टहास, गहि चडी दाँनव करत ग्रास।
मँहमाय कँवारी चढ मयूर, कोदंड बाँन छडहि करूर ॥८९१
वारुनि सक्त पौरुख वियार, दारुन रिपु मारत पास डार।
समुदाय सक्ति सगर समथ्थ, कर क्रोध उचारत वीर कथ्य ॥८९२
देवी वहु मारे पूर्व-देव, भाखै को सख्या जाम भेव।
भागी वहु सेना दनुज भीर, पग मडे नाँहिन सही पीर ॥८९३
कहि कातर बाँनी करत कूक, आसुर भये वासुर[2] ज्यों उलूक।
सुन कातर-बाँनी जहाँ सोर, वढ रक्तबीज वाचा वहोर ॥८९४
वर आयुध धारै कवच व्यूड, ह्वै रथारूढ आयौ हडूड।
वरदाँनी-बाँनी कहि विसास, परठये दनुज सव आस-पास ॥८९५
छित परै रक्त जहाँ बूँद छूट, रन रक्तबीज सोई भिरै ऊठ।
सकर वरदायक महासूर, कर कोह जद्ध मडहि करूर ॥८९६
कालका चडका हयन काज, सो आयौ भट लीनै समाज।
वैस्नवी हकारचो जुद्ध वेर, गहि गदा मग्ग रोक्यौ सुघेर ॥८९७
कीय चक्र-मार तहाँ अत करूर, प्रहरन तन लागे घाव पूर।
रत स्रवत जहाँ वहु लाल रग, सज गेरक धारा सलल स्र ग ॥८९८
जहाँ रक्त-बूँद धर परत जाय, सोइ रक्तबीज ऊठत सुभाय।
भिर जुद्ध करत सोई भयाँन, सव रूप रग येकहि समाँन ॥८९९

१ गरुड़। २ दिन।

सब रक्तबीज-मय भई सृष्ट, दीसत बीरासन येक द्रष्ट।
इद्रांनी पँहुची जुद्ध आय, पव मार दई जहाँ मड पाय ॥६००
दारुन ब्रह्मांनी ब्रह्म दड, खल मारत हाँकीय खड-खड।
सकरी तेज ताडत अमूल, हथ कीयौ जाहि तन घाव हूल ॥६०१
कीय क्रोध नारसिंघी करूर, वपु तर्ज कर्ज[1] डारयौ बिलूर।
वाराही जभा रद विडार, सक्ती कऊमारी दिय सँभार ॥६०२
झुक रही सक्तीयाँ झुड झूंम, भयकार इधक रन लखत भूंम।
येक तै रक्तबीज ही अनेक, कर रहे जुद्ध दारुन क्रितेक ॥६०३
सर-वृष्ट करत वद्दर-समाँन, इक रूप भयौ वर आसमाँन।
द्रग जिते रक्तबीज ही दिखात, सब लरत सक्तीयाँ तिनँहि साथ ॥६०४
घट ताही मिल-मिल करत धाय, सरसावत दाँनव त्यूं सिवाय।
जहाँ रक्तबीज लख इधक जग, सविषाद देव विस्मयत सग ॥६०५
मडल रच देवी करत मार, ह्वै रक्तबीज ऊठत हजार।
कालका चडका छिव करूर, है और सक्तीयाँ तऊ हजूर ॥६०६
निक्रष्ट कवै इह होय नास, जय होय पराजय किधौ जास।
सुर चितातुर देखे सकोय, सबही गत देवी लखी सोय ॥६०७
अंबका कही क्रस्ना उचार, विस्तार करहु आनन विचार।
अवकास वीच मुख देहु येम, जिह वीच समावै दनुज जेम ॥६०८
घालहि हम ताकौ अग धाय, सोई रुधर पाँन करहू सुभाय।
कीय काली अबा कह्यौ काज, सब आनन दनु लीनौ समाज ॥६०९
तहाँ सस्त्र-अस्त्र मारे तमाम, काली कौ अद्भुत देख काँम।
वैराट-रूप धारयौ विचार, आँनन विसाल अतक अगार ॥६१०
विसतार करयौ इह विध विसेस, सब लये वीच नही रहे सेस।
आकर्ष स्वास सत्ता उपाय, आँनन विच दाँनव गये आय ॥६११
सक्तीगन लागी समर सग, अत घाव दाव मारत उमग।
आग्नेय परत मुख बीच आय, चडी सोई लीलत इधक चाहि ॥६१२
तब घटयौ पराक्रम दनुज तेम, जब बढी सक्तीयाँ प्रलय जेम।
मूसल कुठार सर लगी मार, सब आसुर कौ कीनौ सँघार ॥६१३

---

१ नख।

वढ करयौ जुद्ध आसुर विसेस, पुज्यौ न दाव आये न पेस।
वाढे सोई क्रत मर रक्तवीज, चंडका भक्ष तै गये छीज ॥६१४
लेलये किते पलभक्ष लील, चोंचन तै लोचत स्वेत चील।
वालेय रवन हय गय विहड, भर फरत गिद्धनी भखत झुंड ॥६१५
घट कटे जूट भट समर घाय, खेंचत विडाल फेरंड खाय।
आतुर केऊ कातर भाज आय, पिंजल[1] विहस्त नृप लगे पाय ॥६१६
अकुलाय समर भाखी उदत, आखन तै देखी आद-अंत।
मारकै रक्तवीज ही मदंध, केऊ दानव के कीय छेद कंध ॥६१७
अवका सग सक्ती अनेक, येकतै पराक्रम इधक येक।
इक प्रथम सिंघ आई अरोह, दाँनव-कुल कीनों असह द्रोह ॥६१८
हन वीर धुम्रलोचन हकार, छित चंड-मुंड की परी छार।
जव रक्तवीज तै भयौ जंग, सुर मिली सक्तीयाँ आय संग ॥६१९
कोऊ हंस चढी कोऊ धीरकंध, चढ गरुड़ दनुजकहि चिंध-चिंध।
आई[2] कोऊक केकी अरोह, सड पै चढी कोऊ मड छोह ॥६२०
गह पूर पीठ वैठी गजिंद्र, देखी हंम सुनीयें दानविंद्र।
नर प्रष्ठ चढी कोऊ लखी नार, प्रेत की प्रष्ठ कोऊ वल प्रचार ॥६२१
छह आनन-आनन कोऊक च्यार, नव दून भुजा नीकै निहार।
कोऊ च्यार भुजा सक्ती करूर, कोऊ अष्ट नयन द्वादस करूर ॥६२२
कोऊ तीन नयन भृगुटी कराल, मदमत्त गरै जिह रुंडमाल।
कर-दंड कमंडल लीयें केक, कर-गदा पद्म आयुध कितेक ॥६२३
कर कस-त्रसूल कर वज्र कीन, पासी कर आयुव सक्ति पीन।
कोऊ जभा आयुव रद कुदार, कंटक-भुज आयुध अंत करार ॥६२४
जग वीच देवता जिती जात, देवीयाँ तिती सगर दिखात।
तामै इक काली दनु अंतत, वाकै न पराक्रम आद-अंत ॥६२५
रन देख्यौ तैसौ कह्यौ रूप, भावै सोई कीजै काज भूप।
कालका देवीयाँ भरी क्रुद्ध, असुरन तै पौरुख लख्यौ उद्ध ॥६२६

दोहा

रक्तवीज माया रचत, सव ही भखे समेट।
काली दनु कीने कवल, पचे सकल विच पेट ॥६२७

---

१ व्याकुल। २ मू प्र. आई सो।

गह्यौ मोद उर देवगन, निहसत दुदभ नद्द।
जय जय बोलत जाहि जस, वरखत सुमन विहद्द ।।६२८
उर व्याकुल फरकत अधर, दाबत फिर-फिर दत।
सुभ नृपत वातै सुनी, चकत होय मन-चिंत ।।६२९
बोल्यौ नृपत विचारकै, जाँनत है मम जीय।
सुर-जेता सग्राम कौ, ताहि वकारत तीय ।।६३०
चड-मुड हन चर्चकी[1], घुम्र-नयन कर ध्वस।
रक्तबीज पीनौं रुधर, प्रहरन भार प्रसस ।।६३१
सवकौ वैर बिसारकै, प्रहरन दैहू प्रष्ट।
सूरबीर सुनहैं समुझ, कहहैं मोर अपक्रष्ट ।।६३२
करी सुरन तै अपक्रीया, जाँनी सकल जिहाँन।
नारी तै रन मे नमूं, होय सकल जस हॉन ।।६३३
सन्निधाँन जाचत समर, ह्वै प्रतिलोम हकार।
काली कौ करहूँ कदन, न्याव इही निरधार ।।६३४
जाँनहु मत-अस मत जनँम, सूर पुरस कुल सोय।
करहूँ नही कातर-करम, होनी होय सु होय ।।६३५
कहि निसुंभ येतौ कहा, सोच करहु नृप सुभ।
गोरगन अस्नगना, दुहुँन उतारहुँ दभ ।।६३६
जुद्ध करन कौं उद्धजन, सैन करहु मम सथ्थ।
तो हित लावहु दिव्य तीय, हन काली कौ हथ्थ ।।६३७

छंन्द त्रोटक

द्रिढ भूप कनिष्ट निदेस दयौ, लग पाँयन सीस चढाय लयौ।
कर वाहुल ककट टोप कसै, तुदत्राँन सँवारीय सार असै ।।६३८
छर[2] खग्ग गही परवार[3] चढी, मय कचन रत्न अमोल मढी।
वड खेटक खग्ग सु पीठ वनी, सोई कचन फूलन सोह सनी ।।६३९
कटि केहर वन्ध कलाप करचौ, भल तिछ्छन वाँनन भार भरचौ।
अग दछ्छन त्यो जमदाढ अरी, जगमग्ग दुपख्ख जराव जरी ।।६४०

---

१ चडी। २ तलवार की मूठ। ३ म्यान।

असु पुत्रीय फेर कटीर अटो, घन जास अमोल लुहार घटी ।
धर धख सरासन कध धरचौ, कल काज निमु भ प्रयान करचौ ।।६४१
मदमत्त चले गज जुथ्थ महा, गिर से उपवाभ्भय[1] सनाभय गहा ।
भरना जल ज्यो तलडाँन भरै, केऊ सु ड उतड वमु थ करै ।।६४२
गुड[2] सभ्भत व्याल कराल गनौं, मजवूत दिये जमदूत मनौं ।
वपु मेचक उज्जल दत वढै, अगवाँन घटा वक जाँन उडै ।।६४३
छव वर्तक[3] की वगरी चमकै, दुति दाँमनि ज्यो प्रतभा दमकै ।
भद के नद ज्यो गल गल्ल भरै, सोई सैन ऊवीत सुमग्ग सरै ।।६४४
खननाहट अदुक[4] पै खनकै, भननाहट भौर ज्युही भनकै ।
दरसै गह नैनन दोलन मैं, कर नागज[5] रग कपोलन मैं ।।६४५
केऊ ईखायदंत परीनन के, जुत रंग-वरंगहु जीतनके ।
केऊ मत्कुन खूनीय त्यो करके, ध्रुव जास उतग वडे घरके ।।६४६
वयपोत[6] किते गति तेज वहै, वयवस्क[7] किते रन मग्ग वहै ।
वयकल्ल[8] किते दल अग्र वढै, चिव हुस्तप देत कलाप चढै ।।६४७
परछाँहि निचूलन छूट पटा, घनकारीय साँमन जाँन घटा ।
रव घट बजे घरीयारन ज्यौं भर प्रष्ट हवहृन भारन सौ ।।६४८
करतै तरु तोर तमग्ग कढै, वपु येक तै येक प्रभिन्न वढै ।
वढ बाज पवीनत[9] पख्खरीया, जर तारीय जीन सजे करीया ।।६४९
मुख जत्रन सार सुधार मुखा, रसमी असवार विचार रुखा ।
धनु कधर जाँन विवाँन धरा, सभराँन ऊडाँनन ऊँच सिरा ।।६५०
रव-वसीय साद्रस प्रोथ रजे, लख काँनन केत की फाँक लजे ।
चल-धावन चचल चातुर यौं, पलटै पग आतुर पातुर ज्यौ ।।६५१
धर पाँव उलट्ट पलट्ट धरै, कुलटा जनु नैन कटाछ्छ करै ।
उभकै पग गात समेत उडै, चकरी जल मीनक ऊद्ध चढै ।।६५२
तडता गत ज्यो तिरछे तरकै, फिर फाल लँगूलन ज्यो फरकै ।
वहु कर्कर पिंगल वर्न वने, घट रग खुँगाह उराह घने ।।६५३

---

१ राजा की सवारी योग्य। २ हाथी की भूल (पाखर)। ३ पीतल। ४ साँकल। ५ सिंदूर। ६ दस वर्ष की आयु के। ७ बीस वर्ष की आयु के। ८ तीस वर्ष की आयु के (वयकल्प)। ९ जीन सभे।

कपला केऊ नीलक रग कढे, चिव देत कुलाह सवार चढे ।
वरुथाँन रुहालक मग्ग वहै, गनि चचल पाटल रंग गहै ॥६५४
केऊ रंग कीयाह सुरुहक के, तन सोन हलाहल रगत के ।
हय राजत केतक रग हरी, सभ सेन तुरगी पथ सरी ॥६५५
धुर धोरत्त चाल सुन्यार धरै, सिखी कक करोडक वभ्र सरै ।
गत केक वलोठ[1] तुरग गहै, वढ धाराय प्लूत अनूठ वहै ॥६५६
अत वेग उतेजत चाल उडै, वर वाज ऊतेरत चाल वढै ।
हय धाराय पच प्रकार हके, तेऊ वाढीय चडीय जुद्ध तके ॥६५७
मयमत्त क्रमेलक भुड मिलै, गत चचल गाजत नद्द गलै ।
भर पिंड प्रचड प्रासाद भती, जट धारीय जगल केर जती ॥६५८
जुग आसन प्रष्ट पवीन जमै, कस अग दुतगन मग्ग क्रमै ।
श्रुथनी लघु स्रौनिन थाटक के, कुलनासन दिघ्घ क्रकाटक[2] के ॥६५९
वपु मिस्रत रग मजीठ वने, घट मेचक रजन रग घने ।
उड़ चालत राँनक माँन अटा, धर गध्रव दीसत जेम घटा ॥६६०
जुवराज[3] के सैनक सग जुरे, भल दीसत लोचन खून भरे ।
केऊ विस्वर चक्रीय सग क्रमे, जिह लायक पीठ सवार जमे ॥६६१
भट ककट-व्यूढ उछाह भरै, जघ-त्राँन तथा सिरत्राँन जरै ।
भुज-त्राँन सुवार नागोद भिरै, केऊ जालका सज्जत अग करै ॥६६२
फरसा-धर प्रासक वीर फवै, सभ साक्तक यष्टक धीर सवै ।
कर खग्ग लीयै कोऊ अग्र क्रमै, जमदाढ क्रपालका स्रौनि जमै ॥६६३
सिल मूसल सूल लीयै सवला, परचड पराक्रम के प्रवला ।
धनु धारीय प्रोथ कटीर धरै, सर येखन लिप्त प्रदीप्त सरै ॥६६४
कृतहस्त विसारद जुद्ध-कला, पच आसन डाव रचै प्रवला ।
पग वाँम तैं दछ्छन अग्र परै, धर द्वैकर अतर वक्र धरै ॥६६५
आलीढ लखौ इह आसन कौ, अरी साभन जुद्ध अभ्यासन कौ ।
इक हाथ के अतर पाँव अरै, सोई राख वराबर जुद्ध सरै ॥६६६
वयसाख सु आसन येह वदै, सोइ वीर विसारद वुद्धि सधै ।
पग दछ्छन तैं जुग हस्त परै, धर वाँम जु पाँव सुवार धरै ॥६६७

१ भुकते मुख से । २ ऊँट । ३ निसुभ ।

इह प्रत्यय लीढ सु आसन यों, इह भेद लहै गरु आगम यों।
समपाद सु आसन येह सुनौ, द्रढ राख बराबर पाव दुनों ॥६६८
पग आड रू दीढ सँवार पहै, कवी मंडल आसन येह कहै।
भल आसन पच प्रकार भजे, सब रीत सरागन की समुझे ॥६६६
कृतहस्त विहगम वेव करैं, धर धीरज मस्तक हस्त वरैं।
गहि वाँन कवाँनन प्रान गही, रन थाँन गयाँनन जाँन रई ॥६७०
वपु पौरुष येक तें येक वढै, मदमत्त महा रस वीर मढै।
वज आनक भेर भयाँनक त्यों, वर वीर वढै मुख वाँनक त्यों ॥६७१
चल प्यादीय फौज चँदोलन मैं, हय-मादीय फौज हरोलन मैं।
रथ वीच दिये जुवराज हु कौं, सज आयुव जुद्ध समाजहु कौ ॥६७२
वढ डम्मर खेह विताँन वन्यौ, सम अवर-मवर मेव सन्यौ।
मग चालत रथ्थ धुजा मुरकी, फिर लोचन वाँम भुजा फुरकी ॥६७३
सुर देखत वद्दर ओट समा, अह काल छई जनु रात अमा।
कर चाप निसुभ टँकार करैं, भग आवत मग्ग उछाह भरै ॥६७४
कहिकै हँस देवीय कालीय कौं, सज सैन लखौ वल सालीय कौं।
सजकै तन मूरख साँगन कीं, मिलकै मृतु आवत माँगन कौं ॥६७५
इह आस की फाँस के वीच अरै, कर चाप लीयैं सर-मार करै।
हन वाँनन कौ अवही करहूँ, करकै जुध देव सुखी करहूँ ॥६७६
कर चाप लीयौ इतनी कहिकै, गुन मस्तक वाँन दये गहिकै।
सिघराँन सँवारन गौन सरची, प्रतना दनु पै धुरराय परची ॥६७७
जल सागर मानहु सैन जमी, कहुँ जोग प्रभजन पोत क्रमी।
घन दाँनव दीसत जेम घटा, चिव देवीय राजत रूप छटा ॥६७८
भर ताल ज्युही रन ताल भरै, करटी[1] मनु वीच विहार करै।
थल आसुर दीसत चक्र घिरै, पर जीवन जाँन बघूल परै ॥६७६
भिर जभक मल्लक सिंघ भखै, तिम देवीय गाहत खग्ग तकै।
केऊ वाँनन मार निपात करै, पर जुथ्थन लुथ्थ पै लुथ्थ परै ॥६८०
कीय सैनक त्रासत जुद्ध-कला, झमकै रन देवीय आग-झला।
भट दाँनव जुद्ध उछाह भिरै, ज्वल दीप पतग ही जेम जरै ॥६८१

---

१ हाथी।

धर धीरज के थिर पाँव धरैं, जिम साखीय व्र द दवाग जरैं।
ललना तहाँ आय निसुभ लखी, रचना अदभूत विचार रुखी ॥६८२
चख हल्लक दीठ लखै तिरछी, वढ दाँनव घाव बहै वरछी।
रसवीर वीभछ्छ भयाँन रटी, व्रती राचत ताडव आर-भटी ॥६८३
पुन रीझकै दाँनव प्राँनन कौ, वरसाय लहै धनु वाँनन कौ।
जीय आस तजी रू निसुभ जुरचौ, धनु ताँन प्रतचन वाँन धरचौ ॥६८४
जगतव कही मुसकाय जहाँ, करकै द्रढ आस्त्रव सत्य कहाँ।
अधलोक प्रयाँन करौ अवही, सवही परवार समेत सही ॥६८५
ऊर्धलोक की आस जो होय अखी, मडहु रन आसुरराय मुखी।
दोऊ रीत अभै-पद देवन कौ, भल चित्त सुनौं मम भेवन कौ ॥६८६
जुवराज उदत सुनी जहँवाँ[1], तमक्यौ तन द्वेष जरचौ तहँवाँ[2]।
गम पायकै खेटक खग्ग गही, जगतव खरी चढ स्रिंघ जँही ॥६८७
दहु के सिर ऊपर दाव दयौ, लख अवका घाव वचाय लयौ।
वढ घाव अपूरब दाँव वन्यौ, हट देवीय ताहि कुठार हन्यौ ॥६८८
लग कधर तौऊ न नैंक लटचौ, जीय आस तजी फिर जुद्ध जुट्यौ।
कर देवीय घटाय नाद करचौ, भयदायक दाँनव स्रौन खरचौ ॥६८९
सुरराय करचौ तहाँ पाँन सुरा, अवमर्द विडारन कौ असुरा।
उर भेपन देव अदेवन सौं, भय जुद्ध तहाँ वहु भेवन सौं ॥६९०
सव झुंड की झु ड उठी सगती, मिल दाँनव मार करै मुगती।
कोऊ दड प्रहार अदेवन कौ, दीय मोद सवै विध देवन कौ ॥६९१
तहाँ वैस्नवी चक्र लीयैं तमकी, चपला जनु स्याँम घटा चमकी।
कहु सक्तीय वज्र प्रहार करै, पव वासव पव्वय जाँन परै ॥६९२
त्रपुरा-रिपु चोट त्रसूल तकै, दल दाँनव आग झला दहकै।
कऊमारीय सक्ति-प्रहार करैं, भुजकट नृसघीय जुद्ध भिरै ॥६९३
जुर सगर सत्ति परजन की भट दाँनव के घट भजन की।
जहाँ रोख वराहीय जुद्ध जुरी, अत जभक मारत सैंन अरी ॥६९४
अकुलाय अदेवन सझ्झ अनी, वढ देवीय ता सम रार वनी।
चल वाँनक-वाँनन भाँन छयौ, वरछाँन क्रपाँनन घाव वह्यौ ॥६९५

---

१ मू. प्र जहांवां। २ मू. प्र. तहांवां।

दहुँ ओर तें हूलन सूल दुरैं, कहुँ चक्रन-चक्रन रार करैं।
स्त्रवला स्त्रवला प्रवला सभ्कैं, उठ आग झला विजुला अजकें ॥९९६
केऊ अस्त्रन-सस्त्रन रार करैं, भल जोगन रक्तन पत्र भरैं।
तन त्राँन तथा सिर त्राँन तुटैं, फरसाँन भुजातर सार फटैं ॥९९७
कोऊ घाव रचैं करवालन सौं, भचकैं केऊ व्यालन-भालन सौं।
भट दाँनव पिंड प्रचंड भिरैं, जहाँ देवीय झुंडन-झुंड जुरैं ॥९९८
तन तंड वयंडन सुंड तुटैं, अरि खंडत मुंडहु रुंड उठैं।
घन जाँन उमंड-घुमंड घुरैं, कल दंड तहाँ रव चंड करैं ॥९९९
भट जूह प्रचारत मूह भिरैं केऊ कातर आरत कूह करैं।
बलसालीय कालीय कोह बढ्यौ, मिल ज्वालीय मालीय रूप मढ्यौ ॥१०००
जहाँ जुद्ध उतालीय चालीय ज्यो, घट देत क्रपालीय घालीय त्यौं।
भुज-दंड विसालीय फौज भखैं, रन तालीय पालीय नाँहि रुकैं ॥१००१
वरसालीय रैंन अमा विहरैं, क्रम ऊद्ध करालीय जुद्ध करैं।
पटकैं कहु सिंधुर सिंधुर पैं, झटकैं रथ त्यो रथ पैं झरपैं ॥१००२
गटकैं केऊ दाँनव मेल गरैं, सटकैं केऊ कातर पथ सरैं।
हटकैं केऊ समुँह वीर हलैं, मटकैं केऊ देह न खेह मिलैं ॥१००३
रटकैं केऊ जुथ्थन-जुथ्थ रुलैं, दटकैं भट दारुन हौंस डुलैं।
ठटकैं गहि आयुध अग्ग ठिलैं, नटकैं जिम नाँचत अंगनि लैं ॥१००४
अटकैं केऊ सम्मुह आवत्त मैं, वटकैं केऊ वैर वढावन मैं।
चटकैं सोई आय गहै चुगटी, भटकैं चख आग चढी भृगुटी ॥१००५
खटकैं खग खप्पर वाढ खिरैं, लटकैं सिर कंधर हूँत लुरैं।
कटकैं कहु कालज की किरकैं, फटकैं कहु फिप्फर हू फरकैं ॥१००६
जमदाढ हु खंजर वाढ जुरैं, केउ कुंजर पिंजर पार करैं।
झरपैं केऊ वाज झपेटन तैं, फिर ताहि प्रहारत फेटन तैं ॥१००७
रथ स्वारथ दारत वाज रथी, मिल घाँन मथाँनन फौज मथी।
भभकैं रव स्रौनत त्यो वभरैं, झरना गिर गैरक जाँन झरैं ॥१००८
कहुँ जोगन झुंडन-झुंड क्रमैं, रच डाकन साकन रास रमैं।
तहाँ भूत वितालन तालन लैं, मुंडसाली जहाँ रुंडमालन लैं ॥१००९
किख कोक मृघादन सद्द करैं, फिर बोलत लोल फिरंड फिरैं।
पल भार लीयैं गल पंखनीयाँ, सरसात चुरैलन सखनीयाँ ॥१०१०

पल ग्रास करै कोऊ स्रोन पीयै, हरकै-करखै वहु मोद हीयै ।
धर पुरव देवन छाय धरा, कट खाल कंकाल कपाल किरा ॥१०११
रन भूंम भयंकर रूप रचो, मिल आसुर कीन रू गौद मची ।
घट घायल दाँनव घूंमत है, झुक केक कवंधहु झूमत है ॥१०१२
कल कालीय फौज नियात करी, पर लोथन ऊपर लोथ परी ।
वल देख घटचौ दनुराव वढचौ, कर अंतक रूप कराल कढचौ ॥१०१३
थित सग्र ऊतंग सु अंग थटै, पच दून हजार भुजा प्रगटै ।
वर आयुध तिछ्छन धारन कै, कर कोह वढचौ रन कारन कै ॥१०१४
अत सद्द भयंकर त्यो उचरचौ, भर पौरुख छायकै आय भिरचौ ।
वर सस्त्रन-अस्त्रन रार वढी, चहुँ ओर वरा चकडोल चढी ॥१०१५
डगमग्गीय अद्रज कूट डुलै, झगमग्ग प्रलै जनु आग झलै ।
मंड देव विवाँन छये मिलकै, घट दाँनव घाव घने घलकै ॥१०१६
कर वाँनन जंग विहाल करचौ, मदमत्त तऊ नहिं जुद्ध मुरचौ ।
अत तिछ्छन सार वहै अनीयै, गिरकौ त्रन मारत ज्यो गनीयै ॥१०१७
वढ आयुध वज्र समाँन वहै, अंग लागत फूल समाँन वँहै ।
वरखा मिल वाँनन की वरसै, सिर पव्वय वूंद ज्युँही सरसै ॥१०१८
गहरै स्वर मेघ ज्युँही गरजै, वपु दाव प्रहारनतै वरजै ।
रचना रन राचत नाँहि रुकचौ, झट देवीय समुह आय झुकचौ ॥१०१९
तहाँ खग्ग मृगाधिप सीस तकी, सोई अवका चोट वचाय सकी ।
कर अवका खग्ग प्रहार करचौ, पर खग्गन-खग्ग सु पार परचौ ॥१०२०
गहि दाँनव गाढ त्रसूल गह्यौ, द्रग देखत ताहि गिराय दयौ ।
लग आग हीयै फिर साँग लई, द्रढ काटकै ताहि गिराय दई ॥१०२१
कल दाँनव वज्र प्रहार करचौ, हटकै रन देवीय ताहि हरचौ ।
सवही भुज आयुध दुष्ट सझचौ, गहराय तहाँ भर सद्द गज्यौ ॥१०२२
अकुलाय कै देवीय जुद्ध अरी, प्रलयाँनल आग मनौ पसरी ।
भुजदंड प्रहारत रोस भरी, झुक अस्त्रन-सस्त्रन मंड झरी ॥१०२३
कर दाँनव दारत जुद्ध क्रमै, रच आर भटी वृति रास रमै ।
कर आसुर काट विहाल कीयौ, लख आँनन व्यूढ पसार लीयौ ॥१०२४
चित चंचल देवीय ओर चल्यौ, द्रढ मंडकै व्रह्मीय दंड दल्यौ ।
तहाँ वैस्नवी चक्र प्रहारत ही, द्रुत दाँनव कै वपु मार दई ॥१०२५

त्रपुरा तहाँ सूलन हूल तकी, जिह लागत दाँनव बुद्धि जकी ।
कर सक्रीय वज्र प्रहार कीयौ, हहराय निसुभ प्रकप हीयौ ॥१०२६
द्रज जभ वराहीय मार दई, भुजकठ नृसिघीय भेद भई ।
दीय मार क्रततीय दडन कौ, खल चड महाँवल खडन कौ ॥१०२७
कऊमारीय सक्त प्रहार करी, ऊतपाटत भौ तहाँ दर्प अरी ।
तहाँ वारुजी और जुरी त्रसरी, कर आयुध लै वहु मार करी ॥१०२८
कीय भार सकत्तीय[1] चद्रकला, झुक वायवी सगर आग झला ।
कढ कालका खग्ग प्रहार कीयौ, हट जुद्धइ भार विदार हीयौ ॥१०२९
सिवदूतीय स्रौंन पीयौ सवही, तन ता निरजीव भयौ तवही ।
भख भैरवी जोगन भोग भयौ, लख डकनी-सखनी खाय लयौ ॥१०३०
लहि सक्तिन मोद गुडेर लये, भल देख अनदत देव भये ।
वरसावत फूल विमाँनन सौं, गहरै स्वर गध्रव गाँवन सौ ॥१०३१
सव देवीय देव रिझाय सही, कर जोर नमे वहु क्रीत कही ।
जगतव चरित्र पवित्र जथा, कवी 'वुद्ध' कही इह जुद्ध-कथा ॥१०३२

दोहा

जूझ्यौ समर निसुभ जहाँ, सैन घटी वहु सूर ।
आये के कातर असुर, हरक नृपत हजूर ॥१०३३
सुभ नृपत पूछी समुझ, वल निसुभ की वात ।
कैसे तज आये कलह, भीरुक तज मम भ्रात ॥१०३४
करी अरज तिन जोर कर, भीरुक पिंजुल भेस ।
कीने व्याकुल चर्चकी, करकै कठन कलेस ॥१०३५
भिर सगर जुत चारु भट, भ्राता राज भुआल ।
सूते दीरघनीद सव, वीरासनहि विचाल ॥१०३६
सुदर रूप स्रगार सझ, भूषन आयुध भार ।
जुद्ध जीत ठाढी जहाँ, सव दाँनव सघार ॥१०३७
जय-जय वोलत देव-जस, देव सवै सुख देत ।
दाँनव-कुल दुख दायनी, कालरात्र तम केत ॥१०३८
नारी इह प्राक्रत नही, ऊतंम सक्त अनूप ।
करत जुद्ध अत क्रूद्ध कर, रचत विवध विध रूप ॥१०३९

[1] मू प्र. सकतीय ।

सुर जीते सग्रांम सभ, दनुज मनुज सह देस।
गनहु विपर्जय काल गत, निसचै इही नरेस ॥१०४०
अवला वस वरती अनिस, सो भई वज्र समॉन।
गूढ इहै कछु काल गत, समुझहु भूप सयाँन ॥१०४१
करन त्रान नभ केनका, सयन रेनका सार।
दीरघनीद निसु भ-दल, पौढे पाव पसार ॥१०४२

कवत (कवित्त)

सत्रू ह्वै अजेय तातै मेल करै संधि गुन,
सत्रू कौ उजारै देस विग्रह मुजाँनीयै।
सत्रू सिर जानौं सोई य न गुन तीजौ जाँन,
आनौ फिर चौथौ गुन आसन बखांनीयै।
दोय सत्रू होय तहाँ येक वोल वध द्विधा,
इहै गुन पचम है नीकै अनुमॉनीयै।
देख कै प्रवल सत्रु औरही कौ आस्रय लै,
आस्रय है खष्टम गुन इहै उर आँनीयै ॥१०४३

दोहा

दुरग कोस बल पूर द्रढ, सो प्रभुत्व इह सक्त।
उर उछाह जुत जीत अरि, इह उछाह विध-युक्त ॥१०४४
सक्त मत्र है तीसरी, जाँनहु नृपत सुजाँन।
लखहु नाम तै लछ्छना[1], इहै सक्त अनुमाँन ॥१०४५
सवल होय तौ स्यॉंम कर, लोभ दाँम ललचाय।
भेद दड जाँनहु भलै, ये गरू च्यार उपाय ॥१०४६
वेस पलट माया विवध, तजै उपेक्षा ताय।
इद्रजाल जप होम अरु, इह त्रय क्षुद्र उपाय ॥१०४७
जाँनहु खट-गुन नीत जुत, तीन सक्त लहि तत।
च्यार उपाय विचार चित, महपत आप महत ॥१०४८

---

१ मू. प्र लछना = लक्षरण।

कवत (कवित्त)

मृघीया त्यो अक्ष खेल लपट त्रोयान सग,
मादक को सेवन कठोर वॉनी कहीयै।
कृपन परायौ धन खोसवे की चाह चित्त,
इहै अर्थ दूसन है खष्टमहु जहियै।
अल्पत कसीर[1] तापै दीरघ हो दड देत,
पारुख कहत तातै नीत रीत गहीयें।
सप्तक विसन इहै अरथ विरोधी जाँन,
राजन समर्थ को निवर्त सदा रहीय ॥१०४६

दोहा

वात कही इह मत्र विव, सवहि रीत समुभाय।
कीजे भूप उपाय कछु, नीत प्रीत जुत न्याय ॥१०५०
काल भयौ अनुकूल जव, जीते देवन जग।
सो विलोम ह्वै सघरत, पेखहु काल प्रसग ॥१०५१
कोट दुरग सज कीजीयै, अथवा तजीयें ऐंन।
कीजे रक्षा देह की, नय उपाय लख नैन ॥१०५२
अवसर्पन[2] की सुन अरज, नरपत दर्प निधाँन।
वोल्यौ विवध विचार-जुत, सव विध न्याय सुजाँन ॥१०५३
सत तेता[3] द्वापुर समय, जानहु कलजुग जोय।
च्यार जुगन की चौकडी, लखै सयानें लोय ॥१०५४
अन्द तिताली लाख अरु, वीस सहस्र विसेस।
जुग च्यारही की जाँनीयै, संख्या इह क्रम सेस ॥१०५५
चिर इकहतर चौकडी, मिलै सक्र फिर मीच।
इंद्र चतुर-दस आव्रटै, ब्राँह्म दिवस इक वीच ॥१०५६
तिन दिवसन गन तीन सै, सख्या साठ सिवाय।
व्रह्मा के दिन को वरख, सवहि कहत समुभाय ॥१०५७

---

१ कसूर। २ समाचार देने वाले। ३ त्रेता।

तिह संख्या तै वरख सत, जीवत ब्रह्मा जाँन।
ब्रह्मा तै दुगने वरख, विस्नू आयु वखाँन ॥१०५८
विस्नू तै दुगने वरख, सकर अवध समस्त।
उतपत ताकौ अत है, गनहु नास भय-ग्रस्त ॥१०५९
अवर धर पावक पवन, ग्रह नछत्र नभ गौंन।
सव कँह वरतत येक सम, कहौ मृत्यु-भय कौन ॥१०६०
धुम्रनयन कौ ध्वसकर, चडमुड हन चड।
रक्तबीज पीनौ रुधर, मिल काली रन मड ॥१०६१
नास्यौ खेत निसुभ कौं, मम भ्राता कुल-मौर।
विसरूँ ऐसे वैर कौ, वँह कातर कोई और ॥१०६२
जै है धन, तन जायगौ, रहै न आसुर राज।
जस तौंहू नहि जायगौ, आखर इही इलाज ॥१०६३

छंद मोती दाँम

इती कहि भूप उठ्यौ अकुलाय, वढ्यौ उर दारुन क्रोध बलाय।
मरोरत मुछ्छ तज्यौ तन-मोह, चबावत दतन ओठ चछोह ॥१०६४
भृगूटीय दिठ्ठ भयाँनक भेस, मनौं प्रलयानल रूप महेस।
प्रचारीय सासन वोल प्रधाँन, धरौ उर काज सवै रजधाँन ॥१०६५
सजौ भट चारु सु अँग सनाह, उदायुध जुद्ध विचार उछाह।
सवै भट सासन सीस चढाय, सभी तव दाँनेव की समुदाय ॥१०६६
समै लख भूप करी वगसीस, विधोविध अस्त्रन-सस्त्र वरीस।
दीये वहु जाचक विप्रन दाँन, वदै वृद मागध सूत विधाँन ॥१०६७
रचे तन अवर कुकम रग, अनूपम मौल[1] बन्यौं ऊतमग।
वँधे विहु बाँहन मैं भुजवध, छई चिव मोतीय मालच छंद ॥१०६८
गही कर वाँम सु चर्म संग्राह, चक्यौ रस वीर करै रन चाह।
तहाँ कर दछ्छन लै तरवार, सुझे तन आयुध केक सँभार ॥१०६९
जुहारकै वृद्ध तहाँ वरजोर, चढ्यौ रथ भूप ढुरावत चौर।
जहाँ चिरमेहीय चचल जोत, कसे वसु[2]-साझ भई कलधौत ॥१०७०

---

१ मुकुट। २ चांदी।

भयाँनक ऑनक वज्जीय भेर घुमडीय सिंधव राग घनेर ।
सभ्भै बहु जूथ बरूथनि संग, अटै असमाँन भुजा ऊतमंग ॥१०७१
दरारन दारत स्रंग डुलाय, प्रलै जल आसुर फौज पुलाय ।
नफीवन हाक वढी जुध नीम, मवै धर चाक चढी दध सीम ॥१०७२
तरक्कत चालत संग तुरंग, द्रवै खुरतालन ज्वालन द्रग ।
चढी रज अंबर भाँन छिपाय, दसू दिस अंधर धुंध दिखाय ॥१०७३
उडै गज केतन भुंड उचूल, भुलै पट रल्लक[1] रोहित भूल ।
किते भट कंकट व्युढ करूर, सभ्भै तन जाल निचोलक सूर ॥१०७४
सभ्भे केऊ सारमई सिर स्रौंन, तहाँ केऊ वीर सभ्भे भुज-त्रौंन ।
किते कर सज्जत कूँत कुठार, धरै अस केतक तिछ्छन धार ॥१०७५
गदा गहि तोमर मंड गरूर, कपालका सक्त त्रसीरख क्रूर ।
कसै कट केतक वाँन कलाप, छकै रन रास लीयें कर चाप ॥१०७६
दुरंतर लच्छ्छत तीरमदाज, अटै मुरवी विसफार अवाज ।
अडंवर वाजत जुद्ध ऊछाह, रुके धर अंबर पव्वय राह ॥१०७७
ललक्कृत सैन वढी रिस लाग, उठै जिम दाह-निकेतन[2] आग ।
प्रहारन चंडीय जुद्ध प्रसंग, सवै पुर रूठ चल्यौ नृप संग ॥१०७८
प्रकंपत दिग्गज सुंभ प्रयाँन, निसारन तुट्टत नीर निवाँन ।
भरक्कृत सेस फनालीय भार, धरक्कृत धूजत पव्वय-धार ॥१०७९
करक्कृत कछ्छप पीठु किराह, बरक्कृत दारत दाढ[3] वराह ।
मनौ जल सागर छोड़ मृजाद, वढ्यौ दल आसुर लाग विषाद ॥१०८०
जहाँ ललकार करै मुख जोध, संघारहिं देवीय कौं रन सोध ।
चलै केऊ चत्वर जुद्ध चपेट, उखारहिं नाहर मुछ्छ्छ अमेट ॥१०८१
कहै इक कालीय के गृह केस, प्रहारहिं कंधर पुज्जहि पेस ।
कहै इक देवन कौ कर दाँव, प्रहारहिं संगर मडहि पाँव ॥१०८२
कहै इक ब्रह्मीय दंड कराल, वकारहिं ताकँह जुद्ध विचाल ।
कहै इक वैस्नवी कौ कर क्रोध, विडारहिं ताकहिं लेय विरोध ॥१०८३
कहै इक है त्रपुरा जुत क्रुद्ध, जँही हम जायँ जुहार है जुद्ध ।
कहै इक सक्तीय वज्र कठोर, जुहारहिं जुद्ध तिही वरजोर ॥१०८४

---

१ घनातआदि । २ धुआ । ३ मू प्र॰ दढ ।

कहै इक दूठ क्रततीय केर, बकारहिं जुद्ध बने जिह बेर।
कहै इक जुद्ध वराहीय क्रूर, प्रचारहै ताहीय कौ वलपूर ॥१०८५
कहै भुजकंट नृसिंघीय कट्ट, बिडारहिं ताकँह बैर विकट्ट।
प्रभजनी वारुनी, श्रीदनी पिंड, खडाननि[1] मार करै तन खंड ॥१०८६
कहै रवि[2] दीसत छिद्र कितेक, विसारद बुद्ध विचार विवेक।
पताकन तूटत है विन पॉन, अवद्दर गाजत है असमाँन ॥१०८७
असाकुन धूमर सजुत आग, निहारेऊ, वृछतुछा फिर नाग।
मिले ऊनमत्त दुखी गुड-मेल, तथा ऊपला विटहू तिल-तेल ॥१०८८
कटे फिर बल्कल ईधन कीच, मिले अय स्रंखल दायक मीच।
मिले फिर तक्र तहाँ तुस माख[3], रजू फिर ओखधहू सिल राख ॥१०८९
निरख्खीय खडत भाजन लाँन, प्रकपन सम्मुह वेग प्रयाँन।
अमगल काठ कपास जू आय, वरख्खीय मेघ जहाँ जुत वाय ॥१०९०
छुटे कच वदन हीन चिनार, निभा[4] मिल गैरक वस्त्रन नार।
पलक्रीय[5] गर्भवती चख पेख, रुदतीय पुस्पवती अवरेख ॥१०९१
खुध्यातुर खट्टन हू खलवाट, निपुसक दतुर के अवनाट।
मिले नर सोग उद्योगीय मग्ग, अपाटव[6] व्याकुल आवत अग्ग ॥१०९२
जटाधर मुडत जोगीय जोय, विना द्वज चर्चक भाल विगोय।
चढे खर विस्वर माहिक चाल, विलेपन अवर क्रस्न विहाल ॥१०९३
सुने स्रुत धीरठ च्यार सवद्द, कुरकर जुद्ध लख्यौ अत क्रुद्ध।
कुलाहल अग्र भयौ फिर कीर, भई द्रग गोचर सारका भीर ॥१०९४
लखी फिर वाँम जु वोलत लाट, कपिंजल दछन बोल कुघाट।
दिवाधक दछन हूकन देत, कपोतहु दछन वोल कुहेत ॥१०९५
करापका वोलीय वाँम किराहि, चहूँदिस पिंगलका चहचाय।
मिली कढ वाँम दिसा मृघमाल, कढे मृदु-लोमक अग्र कुचाल ॥१०९६
कढे फिर वाँम जु गडवी कोक, सवै भयदायक मृत्यु ससोक।
फिरै वखदसक लोल फिरड, झपेटत ग्रीवन चिल्लन झुंड ॥१०९७
विचारत आपुम मैं बतरात, कहै कोऊ घात किधौं कुसलात।
धरै ऊर धेख करै दल धूम, भयंकर जाय लखी रनभूम ॥१०९८

---

१ स्वामी कार्तिक की शक्ति (कौमारी देवी)। २ रवि = सूर्य। ३ उर्द। ४ आभा-रहित। ५ धवल केश वाली। ६ रोगी।

कटे गज जुथ्थन-जुथ्थ कितेक, क्रमेलक झुड परे कट केक।
तुरगम जग परे केऊ तूट, जहाँ खर विस्वर हूरन जूट ॥१०९९
कटे किंह अग्रज भ्रात कनिष्ट, कटे पित पित्रव घोर कलिप्ट।
परे मुरदा-दल पाँनन पाँत, ऊडे गहि गिधंन चिल्लन आँत ॥११००
खसोटत कोक मृगादन खाल, सरीरन ऐंचत स्वाँन स्रगाल।
वभक्कत स्रोनन खालं विख्यात, वहै जल नाल ज्युँही वरसात ॥११०१
कटे भट भूपत देख कुटव, जुहारेऊ क्रोध धिखै जगतंव।
दिपै तन रोहित जीन दकूल, मनौ जग जीवन की दुति मूल ॥११०२
उभै पग कोमल कज अनूप, रजै पदपल्लव पत्त्र रूप।
सुसोभत त्यो पदमूल सु रग, रचै मनु ऊपर जावक रग ॥११०३
वजै कल नूपर भीन अवाज, मँजीरक काँम प्रवेसन माझ।
अनूपम पिडका भ्राजत आप, किधूँ मधुदीप कलव कलाप ॥११०४
महा रमनीय रजै उरूमड, सुसोभत बालक व्याल सुसुंड।
सुसोभत केहर ज्यो कटसध, वनै चलनी फिर उच्चय-वंध ॥११०५
प्रभा गृह राजत दिव्य पिचड, मँडी तिह ऊपर नाभीय मड।
प्रभा जिह काँम सरोवर पेख, रजै तिह ऊद्ध रुमावल रेख ॥११०६
वनी चिव किंकनी ओप विसाल, मनौ गृह काँम के वदन-माल।
पयोधर सोभत हैं जुग पीन, निरतर कचन कुभ नवीन ॥११०७
वनी तिह ऊपर कचुक वेस, मनौ पटके नका सीस-महेस।
दियै भुज ओपम चपक डार, अलक्रत, अगद रूप अगार ॥११०८
वने कर-ककनहू व्रत[१] वेख, प्रकासत पुज प्रभा परवेख।
लसै अगुली यकहूँ अगुलीय, निरस्तुल कचन के कमनीय ॥११०९
मिले वृख अकुस हू अत मजु, प्रकासत हीर-कनी दुति पुजु।
रजै चिव कठ ज्युँही त्रय रेख, अलक्रत मोतीय-माल असेख ॥१११०
विराजत सुन्दर क्रत विसाल, मिली उर जाँन नछत्रन-माल।
मिली तिह ऊपर चिवुक मजु, कली मनु पकज की दुति कूजु ॥११११
वन्यौ तिल ऊरध स्याँम विकास, अस्यौ जनु भौंर सुगध की आस।
लसै रद-वस्त्र[२] अनूपम लाल, प्रभा लख लाजत रग प्रवाल ॥१११२

---

१ गोलाकार २ ओठ।

दिपै रत पत महाँ सुख दैन, मनौ गज मोतिन के छद मैन।
सुसोभत नासका कीर समाँन, अलंक्रत वेसर सज्जत आँन[1] ॥१११३
अनुपम अवक भा अरविंद, छले जग जीव विलोकन छद।
वुहारन ओप वनी चिव वक, धरचौ मधुमारथि जाँन धनक ॥१११४
विराजत सुदर भाल विसाल, लसै तिह ऊपर विंदीय लाल।
वदै निह ओपम वुद्ध विचार, उग्यो अधचद मनौं ध्रुव आर[2] ॥१११५
कपोलन ओपम और कहै न, मनौ दहुँ सद्रस दर्पन मैंन।
छई चिव काँनन कुडल छाँह, मनौ जुग नक्र फिरै जल माँहि ॥१११६
छुटी अलकावल आँनन चद, मनौं दुति भेटत है ग्रह मद[3]।
वरांगहू पाटीय स्यामल वार, किधो मध अवर मग्ग कुमार ॥१११७
फवै सिर गुफत सुदर फूल, झुके मनु आय नछत्रन झूल।
वनी चिव वैनीय गुफत वार, किधौ तरु चदन नाग कुमार ॥१११८
दिपै स्वर कोकिल[4] ज्यो मुख दैन, वदै फिर चातक अमृत वैन।
अनूपम सिजतहू ध्वन और, भनकत सीस सुगवीय भौंर ॥१११९
अनूपम अवर पाट उदोत, जगी जर-तार किनारीय जोत।
निरजनी अजन राजत नैन, अनूपम वदन की चिव ऐंन ॥११२०
अपूरव मूरत रूप अपार, किसोरीय वेस महाँ सुकमार।
ऊदायुध राजत सिंघ अरोह, छयौ उर ऊद्ध पराक्रम छोह ॥११२१
करालीय कालीय द्रष्ट करूर, हरावल सगर सग हजूर।
व्रह्मीय हस चढी वल वृद्ध, पराक्रम वैस्नवी सक्त प्रसिद्ध ॥११२२
त्रलोचनी मोचनी दुष्टन तथ्य, सक्र दनी वज्र लीयै कर सथ्थ।
क्रततनी दड धरै कर क्रुद्ध, कुवेरीय धारन दारुन क्रुद्ध ॥११२३
परजनी गंजनी दाँनव पिंड, पराक्रम वायवी वेग प्रचड।
कुमारीय-सक्ति लियै कर कोह, भ्रुगुटीय दिठ्ठ भयाँनक भौंह ॥११२४
वराहीय ऊद्ध पराक्रम वाँन, नृसिंघीय दारुन क्रुद्ध निधाँन।
धरै सव अस्त्रन-सस्त्रन धेख, विधोविध वाहन आद विसेख ॥११२५
लीयै अप-अप्पन प्रकंत लार, अनी सज सगर ह्वै हुसयार।
ठयौ सव ठौरन ठौरन ठाट, घुमडत देवीय जुथ्थ अघाट ॥११२६

---

१ मुख। २ मगल। ३ शनि। ४ मू प्र कोकल।

विराजत अवका झुंड विचाल, मनो विधु बीच नछत्रन-माल।
सवै स्वर पुज्जत सुद्ध स्वरूप, अलक्कत फूल चढाय अनूप ॥११२७
सवै सुभ लच्छन रास सरीर, भरी सब देवीय की सग भीर।
निरखीय भूप जहाँ नियराय, कही कछु देवीय सों मुसकाय ॥११२८
दिपै सुभ लच्छन स्वच्छ दिखात, विलच्छ छन[1] काम करै कहा बात।
मरालन चालत जे गत मद, मयूर की चालत चाल अमद ॥११२९
सवै तन दीसत की सुकमार, बनी द्रढ सब सु कोन विचार।
सुसोभत धीरज सग सुभाय, अधीरज जुद्र रही अकुलाय ॥११३०
सदा रस सोभत अग सिंगार, रचै रस वीर सदा विच रार।
अनूपम भूखन है अनुराग, विडारत दाँनव होय विराग ॥११३१
हितू रस हास ज्युंही रत हाव, भरी रस रौद्र हीयै किह भाव।
नचै त्रीय कँसकी वृत्त सुनाच, रही मोड आर भटी वृत राच ॥११३२
परी कछु मोकँह तोहि पिछाँन, अनारत भासत भाव अजाँन।
वुहारन आविध चाप वनाय, सधे सर नैनन कों सरसाय ॥११३३
कटाक्षहु मारकै लच्छ कलव, लगावत पौरुख नार प्रलव।
सुगधत तेल-फुलेल सँनाह, त्रीया-गन मभ्भ्य करै तन ताह ॥११३४
मनोरथ रथ्थ करै जग मोह, करै किह कारन धारन कोह।
अपा तज जुद्ध जुरै उमगात, गहै सर चाप उघारत गात ॥११३५
सिखावत जो कछु कालीय सीख, निहारहु ताहि को आक्रत नीक।
सुने फिर चडीय स्रोन सबद्द, सिवा सत जेम करै सोई सद्द ॥११३६
कला तज काँमि करै रन-केल, मिलै फल सग तजै सोई मेल।
उदायुध बैठीय सिंघ अरोह, डरावत जीवन कौं कर द्रोह ॥११३७
कीयौ प्रन जुद्ध अकेलीय काय, सभी सग देवीय क्यौ समुदाय।
उजागर आस्रव तोर अलीक, निहारीय द्रष्ट सवै विध नीक ॥११३८
कीयौ वहु दाँनव वस अकाज, अवै कर जुद्ध स्वयवर आज।
लीयै सब देवीय देवन लार, निहारहु तोहि पराक्रम नार ॥११३९
भुजा मम राखत नैक भरोस, जुहारत जुद्ध धरै उर-जोस।
कही सब दाँनव की सुन कथ्थ, तवै दीय देवीय उत्तर तथ्थ ॥११४०

---

1 मू प्र विलछन।

दिखावत तो होय कौ इक द्वैत, उपासत देव स्वरूप अद्वैत।
भलै स्वर आसुर मैं इह भेद, निहारहु भाव हीयै निरबेद ॥११४१
दहूँ नित आसुर कौ इह दोस, भजै स्वर मोकँह येक भरोस।
लखो सब सक्त भई मम लीन, परेखहु दाँनव राय प्रवीन ॥११४२
कही जगतंब इहै जब कथ्थ, सकत्तीय लीन भई इक सथ्थ।
सनातन रूप रह्यौ सोई सेस, अचभत देख भयौ असुरेस ॥११४३
कही तब देवीयहू फिर कथ्थ, सँपेखहु कारन आद समथ्थ।
मुनीस्वर जोगीय जाँनत मोहि, सुविद्या रूप उपासत सोहि ॥११४४
लखै जग मोमहि मैं जग लीन, महाँ जल सागर ज्यो मन मीन।
निकारत तत सु ऊरननाभ[1], समेटत ताकहँ फेर सताब ॥११४५
परेखहु या विध मोरें प्रपच, रचूँ जग भेद न जामहि रच।
दिवाकर और प्रभा नही दोय, तिही बिघ जाँनत रगहु तोय ॥११४६
अनेकन रूप प्रकासत येक, अहूँ कहुँ धारत रूप अनेक।
कही दनुविंद्र तबै कर कोह, धरै उर-धीरज पै कछु द्रोह ॥११४७
चलाचल पावन तोहि चरत्र, प्रकासत मायक रूप पवित्र।
लखी तोहि रूपवती निज नैन, सभै भट-चार सँघारीय सैन ॥११४८
महाभट चड रु मुड कौ मार, हन्यौ रन धुमर-नैन हकार।
बली फिर रक्तहुबीज कौं घात, भुजा मम फेर हन्यौ निज भ्रात ॥११४९
भई कछु गर्ववती इह भाय, निकारहुँ बैर निहारकै न्याय।
मिटाय कै तौकहँ दर्प महाँन, प्रचारहुँ धारहुँ पीडनपान[2] ॥११५०
दविश्टहु रूप कै तोहीय दभ, सबै विध लायक जाँनहु सुभ।
धरघो तव यो कहि हाथ धनक, प्रहारीय दाँनव गारधपख ॥११५१
मिले दनु मडीय बाँनन मार, उमडीय माँनहु मेघ असार।
जुरी सर रूप अनूपम जग, भ्रमै नभ माँनहु भीम भुजग ॥११५२
मची करवालन भालन-मार, क्रपालका पट्टस दड कुठार।
तहाँ चल अस्त्रन-सस्त्रन तीर, भई सिर देवीय ऊपर भीर ॥११५३
अनी सभ दाँनव सगर आय, उदायुध जुद्ध जुरे अकुलाय।
घने मिल देवीय मारत घाव, धरै सब देख अकेलीय धाव ॥११५४

१-मकड़ी। २ विवाह।

अचभत देख भये सुर आद, वढ्यौ उर अतर घोर विपाद।
हहा रव वोलत डोलत हीय, जहाँ अकुलावत त्रासत जीय ॥११५५
तहाँ लख देवनकौ जुत त्रास, हीयैं कर देवीय जुद्ध हुलास।
सरासन हाथ गह्यौ सर सध, महाँ रिपु दाँनव ताक मदध ॥११५६
प्रहारन लाग महा सर-पुज, भयकर दाँनव के घट भज।
वढी इम देवीय की हथवाह, दहै जिम पौंन लगै त्रन दाह ॥११५७
छयौ उर क्रोध भृगूटीय चढ्ढ, वकारत मारत दाँनव वढ्ढ।
भलपन डाव मृगाधिप मुड, भपेटत वाज मनौं खग-भुंड ॥११५८
रिसानीय उग्र भवाँनीय रार, परी दल दाँनव सीस प्रहार।
मची तहाँ सगर वाँनन मार, परै जिम पव्वय वज्र प्रहार ॥११५९
उमडत दाँनव ज्यूँ घन आय, विखेरत वद्दर ज्यो चल वाय।
जुरै दनु आयकै देवीय जग, परै जिम दीपक आय पतग ॥११६०
जहाँ अदभूत भवाँनीय जग, रचै रसवीर लीयैं ऊच रग।
वृह्मा आद सवै सुर व्रद, असीसत देवीय छाय अनद ॥२१६१
चपेटन मारत सिघ चछोह, दहै खल फेटन तै रच द्रोह।
जुरै भृगुसिख रचै सर जाल, वढै जिम देवीय क्रुद्ध विसाल ॥११६२
मनौ निध-जीवन कौ तज मोह, करीरज[1] पीवनकौ कर कोह।
रिसाँनीय येम भवाँनीय रार, सघारत दाँनव कौं गह सार ॥११६३
उड़ै रथ वाँगन तै कढ अत, तरासत तूल ज्यूँही चढ तत।
परै गज जुथ्थन-जुथ्थ पलाय, नदी जल वाढ करारन न्याय ॥११६४
इतै रन राच भवाँनीय येक, उतै खल जूटत आय अनेक।
उदै गिर सूरज होत उदोत, ज्यूँही गत होत नछत्रन जोत ॥११६५
विलावत दाँनव त्यूँ कर वाद, अखडत देवीय रूप अनाद।
कही तिह मार सकै भट कोय, सवै जग कारन जाँनहु सोय ॥११६६
रची जिन दैतन देवीय रार, परयौ दल है दल पैदल पार।
धिक्यौ असुरेसहु के उर वेख, पराक्रम देवीय भेव परेख ॥११६७
हल्यौ चिरमेहीय चचल हाक, कला जुध कौसल सिभ कजाक।
कहे केऊ वायक फेर करूर, सवै विध लायक सगर सूर ॥११६८

[1] अगस्त्य ऋषि।

वजावत नाँहि विपचीय वाद, निनादत सख भयकर नाद।
अनूपम नारीय कोमल अंग, भ्रमै मम बुद्ध करूँ कहा भग ॥११६९
विचारकै टारत हूँ रथ वाँम, कहूँ सोई और करौ इह काँम।
जुरी चहै मोसन जुद्ध जरूर, कुरूपनी होहु सुभाव करूर ॥११७०
वनावहु मथर दत-नवास, ज्युँही नत दतन-पतन जास।
वनावहु नैनन रूप विलाव, प्रभागत भगुर हू जुग पाव ॥११७१
वनास्रय[1] अगहु रग वहोर, सिवा जिम आँनन वानीय सोर।
खरी जव होवहिगी रन खाँत, मिलै मम हाथन सौ तुहि माँत ॥११७२
सवै कर पकज तै सुकमार, न चाहत काटन कौ हम नार।
सुनी इह दाँनव की कथ स्रौन, करी जगतव सु आहव कौन ॥११७३
कही तव चडीय कालीय काज, सघारहु दाँनव जात समाज।
इहै इक काँमीय है अवसेस, उभै मिल खेत हनौ असुरेस।'११७४
कह्यौ सुन-देवीय कौ कर क्रुद्ध, जुरी दनुविद्र गदा गहि जुद्ध।
भई इत कालीय रूप भयाँन, उतै दनुविद्रहु वाहु अजाँन ॥११७५
रची दहूँ ओर वरावर रार, परी खल ऊपर सस्त्र-प्रहार।
जहाँ मिल देखत देवहु जुद्ध, महाँ मुनीदेव भये मन मुद्ध ॥११७६
गदा गहि सुँभ चल्यौ मगरूर, सँभारकै कालीय कै दीय सूर।
गदा दीय कालीयहू कर गाँन, पराक्रम छाय उठायकै पाँन[2] ॥११७७
तुट्यौ रथ कचन मच सहेत, खुटे चिरमेहीय स्वारथि खेत।
हल्यौ दनुविद्र हु पैदल होय, सँभारकै उच्च गदा कर सोय ॥११७८
इही तिह कालीयकै हीय दौर, जमायकै पाँन भ्रमायकै जोर।
वचायकै कालीय चोट वकार, तहाँ कर तिछ्छन लै तरवार ॥११७९
दई कर वाँम परचौ कट दूर, भुजगँम लोट लगावत भूर।
कटी इक वाँह तऊ कर क्रुद्ध, जुरचौ फिर कालीय सौं दनु जुद्ध ॥११८०
स्रवै रत कधर चिछ्छन छूट, वही गिर किदर वीर वहूट।
उठायकै दछ्छन पाँन अवीह, स आयुध रूठ चल्यौ जिम सीह ॥११८१
घने घट कालीय कै कीय घाव, दुरतर, दाँनवहू रच दाव।
करचौ तव कालीय क्रुद्ध कराल, लयै करवाल कीयै चख लाल ॥११८२

१ काग, कौआ। २ हथ।

पट्टकीय दाँनव पै वल पूर, कट्टकीय माँनहु वीज करूर।
परचौ कट दच्छ्छन पाँन प्रलव, वढ्यौ दनुविंद्र न कीन विलंव ॥११८३
चढ्यौ खल छत्तीय पै रन चाहि, वढी उर कालीय रीस वलाय।
करचौ करवार कौ वार प्रकोप, तुटचो सिर कुंडल सजुत टोप ॥११८४
रुप्यौ रन खेत विना सिर रुड, खिलायकै ख्याल करचौ मत खड।
परचौ पुहमीन भयौ गत प्राँन, मरौ नृप निंभ वली अप्रमाँन ॥११८५
इन्द्रादिक देव वृंदारक और, वजायेऊ दुंदुभी वाज वहोर।
मुनिव्रन विप्रनहूँ तज मोह, सनातन धर्म प्रचारीय सोह ॥११८६
हुतासन पूजनहू जिग होम, भई नव रिद्धीय-रिद्धीय भोम।
नदी नर स्वच्छ निवाँनन नीर, सुगंधत सीतल मद समीर ॥११८७
अनामय ह्वै दसहूदिस ओक, वढे जन जातन होय विसोक।
वचे केऊ दाँनवहू जिह वार, वसे अघलोक मैं भीत निवार ॥११८८
कथा इह पावन देवीय काँन, सुनी जनमेजय भूप सयाँन।
वखाँनीय श्रीमुख व्यास विसेस, अनूपम देवीय कौ उपदेस ॥११८९
सुनै कोऊ पाठ करै सुविचार, पराक्रम पुत्र वढै परवार।
पदारथ चार लहै कर प्रीत, मनोरथ मगल दायक मीत ॥११९०

दोहा

व्यास वखानी वारता, सगर देवी सुंभ।
सुर नर मुनि स्याहिक सदा, जगजाँनी जगतंव ॥११९१
पुन जनमेजय प्रीत पख, विनय कीन श्रीव्यास।
किह आराधी कौन विध, पूजन कहहु प्रकास ॥११९२
सौनकादि कौ सून जू, कहत सुनहु दे काँन।
कुरुपति सौं कथ व्यास कहि, वरनत सहित विधाँन ॥११९३

छंद हंसगती

मन्वंतर स्वारोचिष माहीं, समह तिही नृप सुरथ सुहाही।
परम उदार प्रजा नय पालक, घट विक्रत सत्रुन दल घालक ॥११९४
छत्र-धर्म रत धर्म सयाँनौ, जत गुरु-भक्ति विप्र-कुल जाँनौ।
धनुर्वेद अत चतुर धारना, काँमी कुटलन सुम्रत कारना ॥११९५

करत राज निरभय कोलापुर, धीर वीर नय नीत धुरधर।
वासी परबत मेछ[1] बढे वल, दस-दिस जीतन काज चढे दल ॥११९६
मार-मार तिन दुंद मचायौ, छित मडल मैं विग्रह छायौ।
है-दल पैदल घुमँड हजारन, करत जहाँ-तहाँ जुद्ध अकारन ॥११९७
भयौ कुलाहल चहुँ दिस भारी, राजा चढ्यौ करन रखवारी।
जुद्ध करचौ पुन भयौ पराजय, भाग्यौ पाय मलेछन कौ भय ॥११९८
पाछौ फिर आयौ निज पुरकै, दुरग बीच बैठो सोई दुरकै।
मत्री मिले मलेछन माँही, ताप पाप कौ पाय तहाँ ही ॥११९९
मन ही मन सोचत महाराजा, करचौ मलेछन मोर अकाजा।
मत्री तज्यौ भरोस मिलन सौ, जिह विध चेह विचारचौ जन सौ ॥१२००
मिलकै करैं कैद जो मोही, कहूँ वचाव न दीसै कोई।
ठिक तज लोभी करत ठगाई, सुह्रिद मात-पितु नाँहि सगाई ॥१२०१
विप्र गरू स्वाँमी कहावे वै, दुष्ट लोभ-बस दगा जु देवै।
निगम विचार सुरथ नृप नीती, पुन- मत्रीजन तजी प्रतीती ॥१२०२
घोरै चढ चाल्यौ सोइ घर सौं, देस तज्यौ निज याही डर सौ।
भूप सुरथ सत्रुन भय भीनौं, डेरौ जाय विपन मैं दीनौ ॥१२०३
द्वादस कोस जहाँ तैं दूरा, परम पवित्र सुद्ध मत पूरा।
नाम सुमेधा वसै निरतर, कछु अतर पै ताही कतर ॥१२०४
मुनि आस्रम नृप गयौ महाँना, लहि विसवास चित्त ललचाँना।
निकट नदी बहै निरमल नीरा, सीत मद सोगध समीरा ॥१२०५
मृघ निरवैर बसै जिह माँही, कुजन-पखी केल कराँही।
पढत वेद सिष गिरा सुपावन, सुनीयत काँन ग्याँन सरसाँवन ॥१२०६
होम सुवास रोग मल हरनी, आस्रम छाय रहे उद्धरनी।
धीरज पाय नरिंद्र धुरधर, आस्रम देख अनद भयौ उर ॥१२०७
अस की भूप तजी असवारी, सत-रूप लख भयौ सुखारी।
पाँव गहे मुनके पुन महिपत, महिपति मुनि समुझ्यौ आरत मत ॥१२०८
कीय सतकार मुनी नृप केरौ, विगत ताप जहाँ कीयौ बसेरौ।
कछु दिन रह्यौ लीयं कदराई, राजा देख रह्यौ मुनिराई ॥१२०९

---

१ म्लेच्छ।

मुनि प्रसन्न ह्वै इक दिन महिपत, पूछी नृपत कही कथ्य मुनि-प्रत।
वैरिन राज लीयौ वरीग्राई, मत्री जाय मिले तिन मांई ॥१२१०
जीय विसवास तज्यौ मैं जनकी, धरा गई ग्ररु गोयौ धनकौ।
सुनी वडाई मुनि मैं स्रौनन, कीय ग्रास्त्रय ग्रास्त्रम पुन काँनन ॥१२११
सरन ग्रापकौ लीय सुखकारी, हित कर मेटहु विपन हमारी।
सुन मुनि करयौ नृपत सवोधन, मुनि ग्राश्रम कीय वास मुदित मन ॥१२१२
खोज-खोज फल-फूल ही खावै, वसै विपन ग्ररु दिवस वितावै।
एक दिवस घँरकी सुध ग्राई, ठाट-पाट सूनो ठकुराई ॥१२१३
पुत्र नार सवही परवारा, रह्यौ नहीं कोऊ रखवारा।
सिफा वृक्ष पर वैठौ सोचत, मन ही मन उमास हीय मोचत ॥१२१४
येक वैस्य ग्रायौ इतने मैं, चैन भयौ ताकौं चितने मैं।
ग्रादर कर वैठायौ वाकौं, जीय सौं दुखन जांनकै जाकौं ॥१२१५
वैस्य पाय विसवास वसेक्त, करन लगौ राजा तासौ कथ।
को तुम भ्रात कहाँ तैं ग्राये, पेख तुमहिं हमही सुख पाये ॥१२१६
नाँम समाध वैस्य हम नरपत, सवही धन लीनौ नारी सुत।
निज घर तैं तिन दीयौ निकारी, ग्रौर कौन मोहि देय उवारौ ॥१२१७
ग्रायौ चाल विपन मै येको, विपत पाय ह्वै दुखत विसेको।
वैस्य कही ग्रपनी कथ वीती, पूछी कथा नृपत कर प्रीती ॥१२१८
ग्राप कौन हौं करहु उचारा, वनकौं कैसे वास विचारा।
राजा कह्यौ, सुरथ मैं राजा, सत्रुन खोस्यौ राज-समाजा ॥१२१९
ग्रायौ जीव वचावन ग्रारन, करत वास ग्रारन इह कारन।
भली भई ग्रवतौ सुन भाई, मिल रहिहैं कर विपन मिताई ॥१२२०
तुम हम येक भरम सौं त्रासे, खुस रहिहैं वतरावत खासे।
मुसकल काटहि मरदा-मरदी, दरदी सौं मिलकै दिल दरदी ॥१२२१
बैस्य कह्यौ सुनीय नृप वाता, सुख सौं मन मांनत नही माता।
नारी सुत मोहि करयौ निरादर, उर विसरै नहिं तनकौ ग्रादर ॥१२२२
मो विन डोलहिं कोऊ दिन माँही, रात दिवस इह सोच रहाँही।
द्रग सौं जाय तिनहि कौं देखूं, विनता सुत ग्रवगुन न विसेखूं ॥१२२३
निस दिन चित्त थिरावत नाँही, भयौ भौर की पोत ग्रमाँही।
सुन नृप तवै वैस्य कथ सांची, विधवत वात वैस्य प्रत वाँची ॥१२२४

तेरौ मन जैसै नित तरसै, दीरघ दुख हमहूँ कौं दरसै।
कारन जाय मुनहुँ कौ कहिकै, लखै बिचार ग्याँन कौ लहिकै ॥१२२५
उभय विचार चले मति येकौ, वात पूछवे काज विवेकौ।
उभय जोर कर मुनि कै आगै, लाभ वारता पूछन लागै ॥१२२६
राजा कह्यौ सुनहु मुनिराया, मित्र वैस्य मम घेरयौ माया।
नारी पुत्रन कीयौ निरादर, काँनन मैं आयौ होय कादर ॥१२२७
पुन नही तजत तिनही सौ प्रीती, ह्रिदय करत चिंता नित रीतो।
ऐसै ही हमहूँ वन आये, चित हमरे चिंता दुख छाये ॥१२२८
अपनै उर जाँनत अनुमाँना, सवहि राज-सुख सुपन-समाँना।
वनी रहत निस-दिवस वासना, भूलत तऊ न भाव भासना ॥१२२९
करहु दूर यह भमय कारन, निज हिय कौ अग्याँन निवारन।
नरपति वचन सुने मुनिनाथा, ग्याँन कहन लागे पुन गाथा ॥१२३०
सुनहु नृपत इह रीत सनातन, जग की वंव मोक्ष है जा तन।
इह कारन देखहु हीय-आँखन, मति के मारग सोच मन ही मन ॥१२३१
ब्रह्मा विस्नु महेश्वर वासव, श्रीद वरुन जमराजहु साचव।
देव नाग निसचरहु अदेवा, भल जाँनहु पसु पछ्छन भेवा ॥१२३२
तरु वल्ली आदक जग जेते, इक माया कृत है सब तेते।
गुन सौं उतपत जीव गनाये, वध मोक्ष के पात्र वनाये ॥१२३३
माया जाल वधे सव माँनौ, परमेष्ठी हरिहर पहिचाँनौ।
कौन गनत है मनुजन केरी, महाराजन सुनीयै कथ मेरी ॥१२३४

दोहा

मुनी सुमेधा विमल मति, कहन लगे कछु कथ्थ।
वैस्य समाध सहेत विव, सुनवै लगे सुरथ्थ ॥१२३५

छद उधौर

मुनी[1] सुमेधा महाराज, रुच देख वैस्यहु राज।
इतीहास परम अनूप, भल कहन लागे भूप ॥१२३६

---

१ मुनि।

विध विस्नु ईस विसेस, सब देव आद सुरेस।
बलवती माया बंध, फंस रहे ताही फंद ॥१२३७
विध विस्नु की इक बात, सुन होउ भूप सुनाय।
सित दीप-बीच सिधाय, कीय उग्र तप निज काय ॥१२३८
इक अयुत बीते अब्द, लखै सु तपस्या लब्ध।
हसगहु विद्या हेत, तप करत ग्यांन निकेत ॥१२३९
बीती सु तिनकौ वार, सम विस्नु काज सुधार।
उठ चल्ये इछ्या आप, तब छोरकै तन-ताप ॥१२४०
मिल गये मारग माँहि, अनजांनपन मैं आय।
इत वदन च्यार अनत, भुज च्यारहू भगवत ॥१२४१
पूछी सु इक-इक पेख, परभाव चाव परेख।
कवि[1] कह्यौ हम करतार, सब रचत इह ससार ॥१२४२
जब कह्यौ अच्युत जौन, करतार हम तुम कौन।
वस रजोगुन विलगाय, करतार फेर कहाय ॥१२४३
हम सतोगुन-जुत होय, करता कहै सब कोय।
कहि परसपर इम कथ्थ, सम अटे-देव समथ्थ ॥१२४४
विध विस्नु उरझे वाद, पर गये फद प्रमाद।
नहिं तजत येकहु नेम, जुर रहे असफुट जेम ॥१२४५
वँह भयौ अवसर येक, विच लिंग प्रगट विसेख।
अत तेजवत अनत, अध ऊर्द्ध जाहि न अत ॥१२४६
सित रग आभा सूर, जगमगत तेज जहूर।
सिर भई जबहू सुद्ध, आकास-वांनी उद्ध ॥१२४७
आकास जावहु येक, पाताल येक परेख।
इह चिन्न लावहि अत, मति वडौ सौय महत ॥१२४८
विन अरथ तजीयै वाद, अग्यांन रूप उपाध।
मध्यस्थ हमकौ मांन, परभाव देहु पिछांन ॥१२४९
पाताल लावन पार, चाले तहीं भुजच्यार।
विध चले अबर वाट, उर पाय अमित उचाट ॥१२५०

---

1 ब्रह्मा।

विस्नु चले वहु वार, पायौ नही कछु पार।
दैत्यारि[1] आये दौर, ठहरे सु ताही ठौर ॥१२५१
पहुँचे न विधहू पार, हीय रहे आपौ हार।
अनुताप कर आलोच, पुन परे मन सौं सोच ॥१२५२
केतकी फूलहु कोय, सिव गिरचौ सिर सौं सोय।
मिल गयौ विध कै मेल, झट लियौ ताकौं झेल ॥१२५३
गये जहाँ तक कर गांन, थक आये ताही थाँन।
बोले सु झूठ विचार, पायौ सु लिंग ही पार ॥१२५४
सिव चढचौ लायौ सीस, वर फूल विसवाबीस।
विध सौं कह्यौ हरी वाच, साखी बतावहु साच ॥१२५५
बोले विरंचन वात, है सुमन इह मम हाथ।
उर सत्य कै आधार, बोलहि सु कुसमै विचार ॥१२५६
विध कही इतनी वात, वच बोल कुसम विख्यात।
मैं चढचौ सिव के मथ्थ हर-भक्तहू कै हथ्थ ॥१२५७
लाये सु विध तिह लेह, अज साच जाँनहु येह।
जब कह्यौ विस जवाब, हम कहैं बात हिसाब ॥१२५८
कित होय साखी कोय, जिह कहत लच्छन जोय।
सुन लेहु वेधा काँन, मम सत्य वाचा माँन ॥१२५९
चित होय प्राजल चाल, बिसनी न ह्वै बाचाल।
वादी यथारथ वात, सम द्रष्ट धीरज साथ ॥१२६०
निरवैर कोविद-नीत, परमार्थ सौं हीय प्रीत।
वँह माँननीय उदंत, सब कहत मुनि जन संत ॥१२६१
हम कहत हैं हीय हेर, वृषअंक[2] इक इह वेर।
सोइ माख भरहि समथ्थ उर छोरकै अनरथ्थ ॥१२६२
बोले हरी जिह वार, नभ गिरा भई निरधार।
सुन केतकी मम सीख, इह कहत बात अलीक ॥१२६३
भई पतित अपने भाव, उर हमही पाय अभाव।
बिच लई ताहि विरंच, सुभ काज लाये संच ॥१२६४

---

१ विष्णु। २ शिव-लिंग।

साँची न दीनी साख, मैं तजी तोकौ भाख ।
इह कही सिभु उचार, चाले सु ऑनन च्यार ॥१२६५
लाचार ह्वै गहि लाज, सुन जगत के सिरताज ।
सिर चढत सिव नही सोय, कली केतकी की कोय ॥१२६६
वलवती माया वेग, इम करत जग उदवेग ।
छल करत लोलुप छोह, महाँ ग्यॉनीअन कौं मोह ॥१२६७
विध विस्नु की इह वात, जन मॉनवी कहा जात ।
भ्रम पाय आपौ भूल, भर मोहमैं रहे भूल ॥१२६८
श्रीपती हु स्नेष्ट विसेख, अवतार लेत अनेक ।
तज दया कर-कर त्रास, वध करत दनु विसवास ॥१२६९
महा-प्रक्रत निर्मत मॉन, जड़ जीव जगम जाँन ।
माया रही सोइ मोहि, सिव विस्नु आद सकोय ॥१२७०
वधन रु मोक्ष विख्यात, है भगवती कै हाथ ।
भजोयै सु ताही भाव, कहा कहैं और कहाव ॥१२७१
सुन सुरथ नृपत सयॉन, बोले सु मुनि प्रत वॉन ।
महमाय कौंन मुकाम, अरु रूप कहा अभिरॉम ॥१२७२
उतपत कहाँ तै आद, महि मडता मुरजाद ।
सव देहु मोहिं सुनाय, महमा सु श्रीजगमाय ॥१२७३
वोले सु मुनि तिह वार, नृप सुनहु इह निरधार ।
वँह है अजन्मा आद, इह जगत जाहि उपाध ॥१२७४
कारन हु कारन काज, सव सक्ति रूप समाज ।
विन सक्ति प्राँनी यूढ, मुरझाय होवत मूढ ॥१२७५
नित चेतना जिह नाँम, करता सु पूरन काँम ।
सुर मनुज काज सिहाय, अवतार लेत है आय ॥१२७६
वस काल नाँहि वलिष्ट, वँह सवही जीवन इष्ट ।
अनगनत सक्ति अनूप, म्यासत सु जगमैं भूप ॥१२७७
वपु वीच नाना वेख, वँह सक्ति दीसत येक ।
परवाह जाहि प्रसिद्ध, वँह सदा थिर अविरद्ध ॥१२७८
द्रष्टा सु पुरख दईव, जग द्रस्य रूपी जीव ।
जननी सु माया जाँन, पुन पिंड पोखनि प्राँन ॥१२७९

वनवाय इह व्रहमड, माया सु नाटक मड ।
पऊराँन पुरख पुनीत, पुन करत रजत प्रीत ।।१२७६
लय करत सोइ जग लील, महा वलवती चख-मील ।
माया सु जग की मात, तुम भजहु निस-दिन तात ।।१२८०

दोहा

वेस्य, राज सुन वारता, पूछ्यौ मुंनि प्रति प्रस्न ।
तहाँ माया कौ कहहु तुम, आराधन मति ऊस्न ।।१२८१

छद द्वंअखरी

कहन लगे मुनि सुनकै कथा, जगजननी आराधन जथा ।
मत्र होम विध-जुत महामाया, दायक सुख च्यारहु फल दाया ।।१२८२
प्रथम स्नाँन कर होय पवित्रा, वरन सुक्ल धारै वपु वस्त्रा ।
करे आचमन, विधवत करकै, ध्याँन आद माया उर धरकै ।।१२८३
पूजन धाँम दिव्य कर पोतन, आसन तापै रचै उदोतन ।
वैठे जापै कर विसवासा, हिय सम-द्रष्टि हेत सहुलासा ।।१२८४
तीन आचमन करे सु तवही, साँमग्री पूजन कर सवही ।
प्राँनायाम करै जुत प्रीती, भूत सुद्धि करकै तज भीती ।।१२८५
साँमग्री फिर जल सौं सीचै, प्राँन प्रतष्ठा करे जु पीछे ।
कर सकल्पहु अगन्यास कर, न्याम-मात्रका करे निरतर ।।१२८६
पात्र ताँम्र कौ लहै पवित्रा, चदन घोट वनावै चित्रा ।
जत्र कोन खट लिखै जु जामै, अप्टकोन पूजा हित वामै ।।१२८७
वाहर विधवत जत्र बनावे, मात नवाक्षर मत्र मँडावै ।
आठ दलन मैं आठहुँ अछ्छर, अक्षर अत मध्य धर असथिर ।।१२८८
करै प्रनिष्ठा वेद-मत्र क्रत, हीय देवी सौं आँन परमहित ।
या विध वनै न रीत ऊधारा, निवहै यामलोक्त निरधारा ।।१२८६
मूरत थापन करै धातु मय, भजै मत्र-जुत जतन त्याग भव ।
पूजा करे रूप परमारथ, कर आराधन होय क्रतारथ ।।१२६०
जपै नवाक्षर-अष्टोतर जप, लहि प्रमाद-मति होय न लोलुप ।
ध्याँन सतादि सहित पूजै ध्रुव, होम दसाँस करै असथिर हुव ।।१२६१

ता पाछै दसास कर तरपन, वहुर दसांम जिमावै विप्रन ।
महाकाली[1] महालछ्छी[2] माता, वांनी देवी आद विख्याता ।।१२९२
कहै चरित इनके सुच-कायक, दुरगा पाठ आद सुभदायक ।
ईख[3] मास मधु[4] पख उजीयारा, इह व्रत करै हेत उद्धारा ।।१२९३
अपनौ सुख चाहै जो इछ्या, तौ व्रत धारै सहित तितछ्या ।
सहत सरकरा घिरत समाना, हवन करै तौ होय न हूना ।।१२९४
छ्गल मांस कोऊ छत्रै चढावै, विप्रन अहिंस्या रीत वढावै ।
लाल धतूर पुस्प कौ लावै, विल्ब-पत्र वरताव वमावै ।।१२९५
तिल सरकरा बसावै तौहू, करै कतारथ मान सकोहू ।
निरधन धनी होय निरधारा, पुत्र वढै, वाढै परवारा ।।१२९६
दारद दोख मिटावन दायक, लछमी सदा वढावन लायक ।
करै वरत जो नरपत कोई, हार सत्रु सौं कवहुं न होई ।।१२९७
विद्यारथी लहै पुन विद्या, उर की नासै सकल अविद्या ।
व्रत सुभकरता च्यार वरन कौ, कलुष हरन, मगलह करन कौ ।।१२९८
करै नार-नर व्रत सव कोई, जीय कल्यांन चहै उर जोई ।
मन वंचत पावै सुख मोखा, इह जगजननी-चरत अदोखा ।।१२९९
मिंदर सुंदरता कै मांही, चंद्रोदय ऊपर कर छांही ।
मांडै तहां अनूपम मडल, थापै कलस पूज ताही थल ।।१३००
ताकै ऊपर फेर तहां ही, जत्र सथापत करै वहां ही ।
मूल मत्र पढ जव व्रत मेलै, रुचर पवित्र नीर पुन रेलै ।।१३०१
पुन पुस्पन-माला पधरावै, धूप सुगधी दीप धरावै ।
चडीकौ नईवेद चढावै, देवी की उर-भक्ति दिढावै ।।१३०२
गावै मगल गीत कीत गुन, बहुर वजावै मगल-वाजन ।
कन्या पूजन सहित अनूक्रम, भली रीत सौं करै छांड भ्रम ।।१३०३
आठम तिथ नवमी उजीयारी, ततपर करै हवन की त्यारी ।
कर समाप्त विध वेद करम कृत, है देवी कौ जिही परम हित ।।१३०४
पारांयन दसमी कर पूजन, गरथ[5] दछ्छना देय जु दुजगन[6] ।
नार सुहागन व्रत इह नीकौ, परमारथ पतिव्रत हित पीकौ ।।१३०५

१ मू. प्र माहाकाली । २ मू प्र माहालछ्छी । ३ आश्विन मास । ४ चैत्र मास ।
५ गृहस्थ । ६ द्विजगण, ब्राह्मण ।

विधवा करै मुगत ह्वै वासा, वाढै हीयै मात विसवासा।
नित सुखदायक है नरही कौ, जो मुखदा सव जन के जी कौं ॥१३०६
राजा सुरथ सुनहु इह रीती, पद पकज कर मात प्रतीती।
पूजा करहु अवका पावन, निमचै तन त्रय ताप नसावन ॥१३०७
सत्रुन मिटहि पराक्रम सोहू, तेरौ राज मिलहि पुन तोहू।
पोखहि पुत्र नार परवारा, सुख भोगहु अवचल ससारा ॥१३०८
वैस्य करहु तुम याही व्रत कौ, थिर आदर पैहौ मनि थित कौ।
मित्र नार सुत रहहू मिलकै, चिता तज जावहु घर चलकै ॥१३०९
इह देवी-व्रत पूरै आमा, वसै अत मनीदीप ही वासा।
भक्ती माता करै भाव सौं, दुख सौं छूटै नरक दाव सौ ॥१३१०
सुनी कथा मुन सौं इह स्रांनन, पुन कीय विनय जोर जुग पाँनन।
नदी गग भागीरथ लायौ, छित मडल जाकौ जस छायौ ॥१३११
आप वस अरू जगत उधारौ, निरनय ऐसौ आप निकारौ।
पावन कथा मात-व्रत पावन, निमचय ससय सोक नसावन ॥१३१२
दीयौ सनाय इहै उपदेसा, कटहैं जासौ असह कलेसा।
विधीपूर्वक करे जप विधाँना, मत्र नवाक्षर देहु महाँना ॥१३१३
हुय प्रसन मुनि कर हीय हेतु, सहित वीज पुन ध्याँन समेतू।
नरपत दीनौं मत्र नवाक्षर, वैस समाधहु जाँन वरावर ॥१३१४
मत्र ग्रहन कर चले उभय मिल, थिर कर चित्त गये पावन थल।
वास नदी तट कर्‌यौ विचारे, निरजन वन येकत निहारे ॥१३१५
कर आस्रम आसन तहाँ कीनौ, भाव मात-भक्ती उर भीनौ।
मत्र नवाक्षर जपत मनहि मन, पुन सतोत्र दुरगा नव पावन ॥१३१६
ध्याँन परायन होय धुरधर, कर उपवास रु कसत कलेवर।
वीते मास येक तिह वन मैं, मात विसास हेत जुत मन मैं ॥१३१७
गये निकट इक दिन मतिग्याता, महपत व्यास नमाये माथा।
असथिर होय कुसासन ऊपर, दुरवल गात करत तप दुसतर ॥१३१८
राजा वैस्य देख मुनिराया, जपहु मत्र इह फेर जताया।
फलाहार इक वरख करे फिर, निहचल भक्ती करत निरतर ॥१३१९
येक वरख फल-दलहु अहारा, भये करत तनकौ दै भारा।
सुपनै मैं सोवत सुखदाँनी, भयौ दरस दोऊ साथ भवाँनी ॥१३२०

उर विसवास भयौ जुग[1] आई, मेटहै दुख जरूर मँहमाई।
ध्याँन करत मूरत हीय धारैं, दरस लालसा लगी दुखारैं ॥१३२१
फल तज जल अहार लै दोऊ, सहत सीत आतप तन सोऊ।
वरख येक इह रीत वितायौ, तप सौ नृपत वैस्य मन तायौ ॥१३२२
दीयौ दरस सुपनै मैं देवी, साँच ह्रिदय कर सव त्रिध सेवी।
जाँन दरस दीनौ जगदमा, वपु दुख भाजन तजै विडवा ॥१३२३
इह विचार मति मौ ह्वै आतुर, किहु विध भये न मन मैं कातर।
कुंड वनायो येक त्रकोनूं, दावानल जारयौ मिल दोनूं ॥१३२४
काटन लागे मास कलेवर, आहूती श्रोनत दै ऊपर।
जारन लागे गात जवै ही, तुरत दया कीय मात तवैं ही ॥१३२५
दीय प्रतछ्छ दरसन सुखदायक, वार-वार वोली इह वायक।
माग-माग वर जो मन वचत, कमी न राखहुं तामैं किंचत ॥१३२६
राजा वोल्यौ सुन सुरराया, सत्रु मित्र मिल मोहि सताया।
खोस राज कीय अधिक खवारी[2], निज पुत्रन विछुरे गृह-नारी ॥१३२७
वनमैं वैठौ विपत विताऊँ, पाछौ राज मोह मैं पाऊँ।
इह उर की मेटहु अभिलासा, निज रजधाँनी करूं निवासा ॥१३२८
जव सुनकै वोली जगदवा, वचन मोर राखहु विश्रवा[3]।
सत्र मिटहिं दुख घटहि सुग्याना, सव मिलहैं सुख संपत साता ॥१३२९
अनुवछ्छर इक अयुत अखंडत, महि मुरजाद नीत नय मंडत।
राज करहु सुरपत की रीती, पूरी लावहु ह्रिदय प्रतीती ॥१३३०
वपु त्यागन कर दूसर वारा, ऋतु सूरज-गृह रहहु कुमारा।
मुन्वतर सावर्न महाँना, होवहुगे पुन लखहै जहाँना ॥१३३१
वैस्य कहे देवी फिर वचना राजा सुरथ जेम प्रीय रचना।
वर माँगहु जनि करहु विलवा, अत सतुष्ट भई मैं अवा ॥१३३२
सुनी वैस्य देवी कथ स्रौंनन, उर भक्ती-जुत वोल्यौ आनन।
पुत्र नार वधव परवारा, स्वप्न समाँन भूठ संसारा ॥१३३३
मृघत्रस्ना तद्वत मँहमाया, क्रतम तत्व व्यूह है काया।
करूं भक्ति तोहि छाँड कल्पना, इह जग मैं कोई नाँहि न अपना ॥१३३४

---

१ जागने पर। २ ख्वारी, वरवादी। ३ विस्वास।

ग्यांन देहु तेरे गुन गाऊँ, पद निर्वांन अंत मैं पाऊँ।
इह सुन वैस्य वचन अनुसारा, अमल ग्यान दीय हेत उधारा ॥१३३५
जुगल जनन वर दै छिन जाई, श्रीअंबा निज लोक सिधाई।
लै वरदांन पाँय मुनि लागै, सुरथ वैस्य विव होय सभागै ॥१३३६
उभय रहे कछु दिन सुभ आस्रम, भीत निवार विसार सकल भ्रम।
मत्री प्रजा सकल जन मिलकै, हेरत-हेरत आये हलकै ॥१३३७
अरज करी राजा-प्रत ऐसै, भाग गये वैरी तुम भै[1]सै।
पुरी गेह की तुरत पधारौ, सर्वे राज के काज सुधारौ ॥१३३८
राजा चल्यौ लेय मुनि-रजा, पुरी आय सतोखी प्रजा।
मिल्यौ नार सुत पायौ मोदहु, कीय सागर सीमा चहुँ कोदहु ॥१३३९
पोखे सुत वधव परवारा धराधीस अवचल छत्र धारा।
विचरन लागौ वैस विग्यांनी, निसचल चित्त होय निरवांनी ॥१३४०
कही व्यास जनमेजय कथा, जाँनी महिमा देवी जथा।
पाठ करै कोऊ सुनै प्रवीनूं, ताप जाय तिनके पुन तीनूं ॥१३४१
भक्ति वढै उर आद भवांनी, देवो सब देवन सुखदांनी।
होय प्रसन जननि दुख हरै, इह लोक रु परलोक उद्धरै ॥१३४२

---

१ भय।

बुधसिंह चारण रचित

देवीचरित

द्वितीय भाग

षष्टम स्कध

दोहा

कही व्यास कुरुविंद्र सौ, महमा पावन मात।
सुनी सूत सौ श्रवन सोइ, सौनकादि मुनि साथ ॥१
सौकनादि फिर सूत सौं, प्रश्न करयौ सुख पाय।
सुत त्वष्टा वृत्तासुरहि, इद्र हन्यौ क्यौं आय ॥२
त्वष्टा सुर समुदाय तिह, अगज द्विज मति ऊद्ध।
विस्नु-प्रेरणा वध भयौ, वाढ्यौ केम विरुद्ध ॥३
सवही देव सतोगुनी, माँनव रज गुन मेल।
गनीयत दैत तमोगुनी, इह सिद्धात अपेल ॥४
सुरपत सभ्रव सत्त गुन, सतोगुनी हरि सुद्ध।
वृत्तासुर विसवास कै, कीय छल कस रन क्रुद्ध ॥५
कारन देवी वध करन, सूत कहहु समुभाय।
वली फेनजल सौं बध्यौ, ऐसौ कौन उपाव ॥६

छद उद्गोर

सुनकाद सौं सुन सूत, इह प्रस्न पर्म अभूत।
करुराज पूछी कथ्थ, इह व्यास सहित अरथ्थ ॥७
सोइ कहत हूँ समुझाय, सुन लेहु मुनि समुदाय।
जुध वृतासुर अरु जिस्नु, वचकपनौ कीय विस्नु ॥८
इह पुरानन आख्याँन, परसिद्ध जग पहिचाँन।
पुन करौ तुम इह प्रस्न, अव कहत हूँ मति ऊस्न ॥९
तजीयै सु ससय ताहि, मिल रहे माया माँहि।
मुनि विस्नु अरु मघवाँन, वचे न कोऊ वलवाँन ॥१०
अवतार लै हरि आद, वहु करत रहत विखाद।
दनुजात सौं उर द्रोह, कर कपट छल-वल कोह ॥११

नित करत जुद्ध निकद, इह रीत समुझहु इंद।
जन बँधे माया-जाल, हीय हेरहू इह हाल ॥१२
मम पुत्र इह मम मित्र, कुल एहु येहु कलित्र।
इह धरा इह मम ऐंन, वभ्रव इहै मम बैन ॥१३
उरझाय आपौ आप, सुरझाय नाँहि सँताप।
जग देह धारक जीव, सुख लहत दुखहु सदीव ॥१४
इह लखहु माया ईस, वलवती विसवावीस।
सुर विस्नु आद सकोय, माया रही जग मोय ॥१५
मधु निकदन मघवाँन, त्रिभ काज करत निदाँन।
हित आप तत्पर होय, सिध करत कारज सोय ॥१६
वाढ्यौ विरोध विख्यात, बासव वृतासुर वात।
सुन लेहु स्त्रौंनन सोय, समुझाय कहत सकोय ॥१७
इक देवगन मैं ऊद्ध, पुन तपोवल परसिद्ध।
प्रीय पितामह परवीन परजापती गुन पीन ॥१८
निभ तिही त्वष्टा नाँम, क्रतु भये करता काँम।
सभ द्रोह ऊर सुरपत्त, इक पुत्र कीय उतपत्त ॥१९
वँह नाँम परम अनूप, राख्यौ सु विस्वारूप।
ताकै सु आनन तीन, परचड पौरुख पीन ॥२०
मुख येक विमद महाँन, सोइ पढत वेद सुजाँन।
दूसरै मुख सुख दाँन, पुन करत मदरा-पाँन ॥२१
वर त्रतीय मुख विख्यात, सव दिसा देखत सात।
सोइ असर मुनि मति सुद्ध, सुख भोग त्याग समृद्ध ॥२२
तप करन लागे ताँम, वपु कठन छोर विराँम।
सो महत आतप सीत, आठहू पहर अभीत ॥२३
मुनि देखकै मघवाँन, अदेस वाढ्यौ आँन।
तप भग करन तिनूह, जोरयौ सु अछछर जूह ॥२४
प्रेरे सु तँह मुनि पास, हीय गई धार हुलास।
कीय हाव भाव कटाछ, नाची सु बहु-विध नाच ॥२५
सुर ताल-जुत सगीत, गाये मनोहर गीत।
वीनाद तत वजाय, स्रगार रूप सभाय ॥२६

कीय कथा काँम किलोल, ललचाय लोचन लोल ।
छल करे वहुविध छंद, मति डिगी नाँहि मुनिंद ॥२७
पुरहूत पहुँची पास, अत होय चित्त ऊदास ।
कर जोर वोलो कथ्य, सव रीत मुनि समरथ्थ ॥२८
कीय हाव-भाव कितेक, जहाँ चहै जत्न जितेक ।
गाई सु वहुविध गाँन, सुन मूक बधर समाँन ॥२९
लय जोगमैं हुय लीन, कछु नाँहि चितवन कीन ।
दीनौ न आप दुसार, इह मुनहू कौ उपगार ॥३०
डर गई हम तौ देख, वपु तेज पुज विसेख ।
अव और करहु उपाय, सुरराज काज सुभाय ॥३१
वोली सु अफछर वात, उर इंद्र गन उतपात ।
कीय मतौ मारन काज, लोभी सु तजकै लाज ॥३२
मुनि लयौ आस्रम मग्ग, गहि वज्र पाँन उदग्ग ।
दुति उग्र मुनिवर देख, तहाँ इंद्र वाह्यौ तेख ॥३३
मुन चिते नही मघवाँन, धारना धारै ध्याँन ।
छोर्यौ सुवज्र चछोह, मुनिराज उपज्यो मोह ॥३४
पुन गौंन कीनौं प्राँन, मुनि परे लख मघवाँन ।
जिह देख कीनी जेज, तन तजत नाँहिन तेज ॥३५
विस्मयत भये तिहवार, मृत है क जीव मझार ।
उर लाय परम अँदेस, सोचनैं लागे सुरेस ॥३६
तक्षा वुलाये ताँम, कहि इहै करहू कॉम ।
मुनिराज काटहु मथ्थ, ऊठे जु ह्वै अनरथ्थ ॥३७
उपगार कीजै येह, सुभ काज सहित सनेह ।
सुन कही तक्षा स्याँन, मम वात सुन मघवाँन ॥३८
मुन त्रसर कौ तुम मार, लीय वृह्महथ्या लार ।
चित करी नाँहिन छोभ, लाचार ह्वै वस लोभ ॥३९
अव कहत हमकौं आप, पुन होउ भागी पाप ।
सुख नाँहि कछु स्वारथ्थ, मुनि करै कल्पन मथ्थ् ॥४०
जव दयौ वासव जाव, हित चहत त्रात हिसाव ।
[illegible]

वध पसू करन विधाँन, जानत सु तुमही सुजाँन।
वलीदाँन विसवावीस, सोइ मिलहैं तुमकौ सीस ॥४२
हित जाँन तक्षा हीय, ललचाय परसुध[1] लीय।
मुनि सीस काटे मार, कल भयौ हाहाकार ॥४३
सिर टूट परत समाँन, इक भयौ अचरज आँन।
निकरे सु मुख नीसार, पखेरुआ अनपार ॥४४
जिग ओसधी पीय जास, पढ करत वेद प्रकास।
आनन सु वीच उदोत केऊ नीकरे जु कपोत ॥४५
मुख पीयत जिह मदराह, चटका सु निकरी चाह।
दिस मुखा जाहि दिखात, खरकोन[2] निकरे ख्यात ॥४६
निरमोक निकरत नीत, पुरहूत भइय प्रतीत।
मुन मृतक जाँन महाँन, मुद पाय गये मघवाँन ॥४७
स्रुत मुनी त्वष्टा सोय, हीय रह्यौ विसमय होय।
पुत्र विन अपराध, वज्री करचौ किम वाध ॥४८
मन विकल उपज्यौ मोह, कीय इद्र पै पुन द्रोह।
वोले सु त्वष्ठा वैन, निज देखहूँ वल नैन ॥४९
वध तोहि हित वलवाँन, उपजायहूँ सुत आँन।
त्वष्टा सु अमरख ताछ, सकल्प कीय इह साच ॥५०
विधसौ अथर्वन वेद, खल इद्र हित कीय खेद।
जाजुल्य अगन जगाय, आहूत दीनी आय ॥५१
इम दिवस वीते आठ, पुन करत आहुत पाठ।
इक होम-कुड अभूत, परगट्यौ सु दूसर पूत ॥५२
अत तेजवत अखड, पव्वय समाँन प्रचड।
द्रग देख सुत सुखदाँन, बोले सु त्वष्टा वाँन ॥५३
अहो इद्र सत्रू अनत, वाढौ सु तुम वलवत।
वाढयौ सु तेज विसाल, जनु दुतीय पावक ज्वाल ॥५४
तन दिघ्घ दीसत तेम, है मनहु गिरवर-हेम।
करता सु सत्रुन काल, वपु प्रवल अत विकराल ॥५५

---

१ फरसा। २ तीतर।

पुन बोल पितु जुत प्रेम, नय वेद देखहु नेम।
कर ससकार कृतग्य, तन करन नाँम जु तग्य ॥५६
पितु कहहु तत पश्चात्, वढ करहुँ जैसी वात।
व्रत करत जिह निरवाह, रोकदूँ सूरज-राह ॥५७
खित मेर सहित उखार, वोरूँ क समदर-वार।
कल इद्र वरुन कुवेर, जमराज कौं कर जेर ॥५८
सव देवगनन समेत, खंडन करूँ विच खेत।
तुम तजहु चिंता तात, विसवास माँनहु वात ॥५९
सुत वात सुन पितु स्राँन, वोले सुत्वष्टा वाँन।
तुम वृतन सं हे तात, भए रक्ष करता भ्रात ॥६०
निज वृत्त तुमरौ नाँम, कुल उद्धरन इह काँम।
भये त्रसर तेरौ भ्रात, निध धरम मुनि निस्नात ॥६१
अपराध विन सुरीयद, कीय वज्र मार निकद।
वंह वयर कौ अवगाह, सुन स्रवन मोर मलाह ॥६२
कीय व्रह्महथ्या काँम, वह भयौ रहत ऊदाँम[1]।
मारीयै सुरपत मूढ, गम पायकै मम गूढ ॥६३
सुन पिता सासन स्राँन, वोल्यौ सु अत वलवाँन।
पितु करै आग्या पूत, सिर धरै सोय सपूत ॥६४
मैं आप सुत महाराज, कीय इद्र भ्रात अकाज।
मारूँ न जो रन माँहि, कुल आप उपज्यौ काँहि ॥६५
सुन पिता सुत की स्राँन, ऊद्धरस[2] वाढ्यौ आँन।
दीय कवच सिदन देख, वहु सस्त्र-अस्त्र विसेख ॥६६
पितु करे सुत परनाँम, हीय धार सगर हाँम।
दै विप्रगन कौ दाँन, आसीस लै अप्रमाँन ॥६७
पितु लेय अग्या पूत, हथ करन कौं पुरहूत।
रथ हाँककै लीय राह, वज्रीय-पुर वेवाह ॥६८
असुराद राखस और, दल मिले अगनत दौर।
आसुरी-सैन उमड, चल चलीय चहूँ दिस चड ॥६९

१ निःशक। २ हर्ष।

आतख परेऊ अघात, वसुमती सुनकै वात।
यह सुरन सुनीयै उदत, उर-सोक बढेऊ अनत ॥७०

दोहा

सुरगलोक मैं अपसुगन, होन लगे जिह हेर।
सुर आये सबही समिल, बासव पँह तिह बेर ॥७१

छंद पद्धरी

सब मिल्यौ आय देवन-समाज, बोले बासव सौ छोर व्याज।
है अकसमात कछु होनहार, दुरनिमत दिखावत द्वार-द्वार ॥७२
धूंकार गिद्ध रव घुरघुरात, चिल्लनी स्वेत बहु चहचहात।
पोतकी वैठ तरू पत-पत, चीकू-चीकू चची चीचवत ॥७३
अँसुवा हय गय के झरत अक्ष, विपरीत फूल-फल लहै वृक्ष।
राखसी नार कहुँ रही रोय, निज नैन उल्ल पाँनी निचोय ॥७४
डिग रहे पौन विन ध्वजा दड, खित आय परत ह्वै खड-खड।
कारी तन नारी अत कुरूप, भागहू-भागहू कहत भूप ॥७५
हलचलत सिंधु भूकप होय, सरवरी लखै दिग दाह सोय।
अरू उठत फेकरी मुखा ऊँक, भैकरी राव सौं रही भूंक ॥७६
उल्लूक देत है हूक आय, धाँमन पै वैठत धाय-धाय।
सब कहत देव इह समाचार, है सुरपत निश्चय होनहार ॥७७
अवसर लख करीयै अरज येव, उतपात जतन कछु अवसमेव।
वज्री इत सोचत रहे वात, सब देवन की समुदाय साथ ॥७८
इतनै मैं दूतन कही आय, त्वष्टा सुत आवत ऊरत पाय।
मारचौ तिह बधव वज्रमार, विद्वेस निकारन इही वार ॥७९
परगट कीय त्वष्टा दुतीय पूत, इह वृत्तासुर नाँमी अभूत।
परवताकार वाहू प्रचड, चमकावत आवत खडग चड ॥८०
दूतन की सुनकै देवराज, सजुक्त सभा देवन-समाज।
गरूराज वुलाये महाग्यात, वृत्तासुर त्वष्टा कही वात ॥८१
जव सुरपत की सुन कह्यौ जीव, अन्याय करचौ तुमनै अतीव।
मिल निरपराध मारचौ मुनिंद्र, इह लाग्यौ फल तिह लेहु इद्र ॥८२

वतरात रहे गरु इद्र वात, घर देवन ऊपर वनी घात।
दीने त्वष्टा के सस्त्र दूठ, ऋभू लोक प्रहारन लग्यौ रुठ ॥८३
वृत्तासुर आयौ महावोर, सम मुप्तकाल जैसै मघीर।
गधर्व जिक्ष किन्नर नगेह, अत कोलाहल वाढचौ अछेह ॥८४
मदर तज भागे विपन माँहि, चढ गिर किंदर आपौ छिपाय।
विललावत वंठे देव-वृद्र, इह खवर सुनो गरुराज इद्र ॥८५
जोरन देवन के लगे जूह, मेले दूतन कौं मूंह-मूंह।
वडवासुर पूरवा भग भवेस, नभस्वास वरुन जम अरु निवेस ॥८६
मवकौ कहाव कीय रन समथ, वाहन चढ आवहु अनीवथ।
गरूराज अग्र कर छोर गेह, धनु देवायुध पव कर वरेह ॥८७
ऐरापत ऊपर चढचौ इद्र, दनु वृत्तासुर सौं करन दुद।
थिर अचल जहाँ देवन सुथॉन, मानससर उत्तर किय मिलॉन ॥८८
वृत्तासुर रोक्यौ महॉवीर, सम सयल दिघ्घ दीसत सरीर।
अनगनत सैन सग आसुरीय, विकराल सवै मनु कालवीय ॥८९
जाजुल्य होन तहाँ लग्यो जग, सुर और आसुरी सयन सग।
सर गदा खड्ग सकती त्रमूल, हठ सालन भालन साँग हूल ॥९०
दाँनव-दल आवत दौर-दौर, लूंवत जनु पव्वय अभ्र लौर।
घर धूंम मची चहुँ ओर धूज, गिरवरन किंदरन रही गूंज ॥९१
परहूत वज्र मडी प्रहार, लागे दाँनव की सैन लार।
कीय दड-मार जमराज क्रुद्ध, जूटे दल दाँनव प्रवल जुद्ध ॥९२
कर जुद्ध पुरजन अरु कुबेर, घायल कीय अद्रन वीच घेर।
जिह रीत औरहू देवजात, प्रहरन कर रोकी दनु प्रपात ॥९३
परहूत जुरे त्वष्टा सुपूत, उभयन विरोध वाढचौ अभूत।
दोऊ ओर होत वहु घाव-दाव, पाछे न देत दोऊ ओर पाव ॥९४
अनेक अस्त्र-सस्त्रन ऊमड, चकडोल मेदनी चढी चड।
ऊतपात होन लागे अनेक, देवन दनुजातन वढचौ द्वेख ॥९५
अर रहे जुद्ध वाहन अरोह, माहा मुनिराज लख भयौ मोह।
वीते सत वछ्छर इह विधाँन, सुर असुर वैर वाढचौ समाँन ॥९६
जाजुल्य वृतासुर वढचौ जोर, घन प्रलय जेम रन भयौ घोर।
पुरहूत वरुन जम फिरी पूठ, दल त्वष्टासुत कौ वढचौ दूठ ॥९७

लागे देवन कै दनुज लार, पुन अस्त्र-सस्त्र दीनी प्रहार।
सुध विसरी येक न एक मग, जय आम तजी सव भजे जग ॥९८
भागे सुर ऐसै मति भ्रमाय, पारिंद्र देख मृघ-गन पुलाय।
ऐरापत लीनौ घेर इद्र, आगे वढ त्वष्टा सुत अरिंद्र ॥९९
गज कौ तज चाल्यौ इद्र गैल, सत्वर गत आडे देत सैल।
खोम्यौ ऐरापत जहाँ खेत, जीय माँझ आपनी ममुझ जेत ॥१००
पितु त्वष्टा आयौ जवही पास, हीय वृत्तासुर धारै हुलास।
परनाँम कीयौ पद वद पूत, उर त्वष्टा सुख वाढ्यौ अभूत ॥१०१
वोल्यै पितु सुत सौ देख वाँन, पुन आज भये हम पुत्रवाँन।
करतव्य भयौ सव सफल काज, अवलोक करचौ वासव इलाज ॥१०२
सीयराय दई मम उर सकोय, सुत त्रसुर वैर की आग सोय।
उपचार ओसवी दई येह, दुख माँनस जुरकौ मिटचौ देह ॥१०३
आसक दै सिक्षा देत और, ठिक आस्रम आसन करहु ठौर।
सुरपत सौ रहीयौ सावधाँन, करहू विस्वास न तथा काँन ॥१०४
आराधन व्रह्मा करहु और, निरभय वर माँगहु सुत निहोर।
अविनासी ह्वैकै मति अगार, मिल समर वासव लेहु भार ॥१०५
भ्राता कौ वैर अरु राज-भोग, अव लैन काज करहू उध्वोग।
तपसी सुत मेरो भ्राता तोहि, कछु करयौ नही अप्राध कोहि ॥१०६
तिह करचौ निसूदन सुनहु तात, ईंह इद्र वैर कीय अनाघात ।
ताकौ अव वल लख उरत पाय, सुन इद्र मरन छाती सिराय ॥१०७
सुन पिता-वचन चाल्यौ सपूत, धारकैं इद्र सौं द्वेख धूत।
गिर जाय गधमादन गहीर, तप साधन वैठौ गग तीर ॥१०८
नियम कौं धार विध चरन नेह, दर्भासन पै थिर करी देह।
निसचै व र त्यागौ अन्न नीर, विध ध्याँन परायन भयौ वीर ॥१०९
जप करत मन ही मन जोग जुक्त, विसई सुख हू सौ ह्वै विरक्त।
सुन इद्र वात वाढी सु चित, अवगाह वयर कौ आद अंत ॥११०
विघ्न कौ कारन वासव विसेस, भेजी सु अपछरन दिव्य भेस।
गध्रव मिल किन्नर करे गाँन, वज वीन पखावज मधुर वाँन ॥१११
विद्याधर वहु विध रचे वेख, येक सौ येक अद्भुत अनेक।
नही पलक ऊघरी तऊ नैंन, वोल्यौ नही आनन कोऊ वैन ॥११२

अहि आद दिखाये भय असेख, द्रग नाँहि उघारे काज देख।
सोचन कौं लागौ तब सुरेस, वृत्तासुर वातन सुन विसेस ॥११३
वीते सत वछ्छर करत विघ्न, लय ध्याँन विरचन दरस लग्न।
चढ हस आयकै वदन च्यार, वरलेहु कह्यौ इह वार-वार ॥११४
छोभ कौं त्याग अरु ध्याँन छोर, जग करता वंदे करग जोर।
वृत्तासुर कीनी विनय वीर, सज समर देव जीते सधीर ॥११५
वासव कछु राखत वैरभाव, दुरवुद्ध मोहिपै रचहि दाव।
अयमय सस्त्रन सौं काठ आद, वपु होय सकै नही कवहु वाध ॥११६
दिन प्रतै पराक्रम ,वढै दौर, मोहि अभय देहु सव सुरन-मौर।
कहि तथा-अस्तु विध गमन कीन, परचंड भयौ तहाँ भुजा पीन ॥११७
पितु-चरन आय कीनौं प्रनाँम, करतार करचौ सिद्धि कॉम।
पितु कहहु जथा मैं करहुँ पूत, साँची विध जॉनहु जव ,सपूत ॥११८

दोहा

त्वष्टा सुन वोल्यौ तहाँ, वृत्तासुर के वैन।
विस्वरूप[1] नही वीसरत[2], रहत याद दिन रैन ॥११९
निरपराध मारचौ निलज, मुनि उत्तँम मघवाँन।
तोर भ्रात कौं तात तुम, वैर लेहु वलवाँन ॥१२०

छंद मोतीदाँम

वृतासुर काँन सुनी इह वात, भयौ उर-क्रुद्ध चितार कै भ्रात।
पिता पद-वदन कौं कर पूत, प्रहारन काज चल्यौ पुरहूत ॥१२१
तज्यौ गृह ऊठ जहाँ ततकाल, चढयौ सोइ सिंदन ऊपर चाल।
निहसत संख नगारन-नाद, वढचौ मग वासव हेत विवाद ॥१२२
सिखावन देत सवै विध सैन, हन्यौ मम भ्रात कौं संसय है न।
विसारत येह पिता न विरोध, सधारकै वासव देहु सवोध ॥१२३
लहूँ सुरलोक विभूतीय लाह, दुरतर मो पितु मेटहुँ दाह।
चल्यौ वतरावत लै दल चंड, भिलायकै है दल पैदल झुंड ॥१२४

---

१ पुत्र अंगिरा। २ भूलता।

वृतासुर वात सुनी मघवाँन, वकारकै देवन कौं वलवाँन।
सँभारकै सैन करी सव सज्ज, वढी धुन घोर अडवर वज्ज ॥ १२५
सवारीय है-दल पैंदल संग, इकाइक समुह चाल अभंग।
वनायकै गिद्ध की आक्रत व्यूँह, जमायकै जोर सौ जूहन-जूह ॥१२६
वृतासुर देवन सैन विलोक, थटे दल वाँधकै थोकन-थोक।
करचौ मघवाँनहु दारुन कोप, रुक्यौ वृत आहव मैं पग रोप ॥१२७
मँडी तहाँ वाँन क्रपाँनन मार, कती सकती अरू कूँत कुठार।
उभै दिस मारत येकन-येक, वकारकै येकन-येक विसेख ॥१२८
उभै जय आपनी-आपनी आस, पराक्रम आपकौ आप प्रकास।
इतै सुरराज हू पाव अडग्ग, मिल्यौ वृत वीर दिखावत मग्ग ॥१२९
घिर्‍यौ तहाँ वज्रीय कै उर घेख, विचारकै राज कौ लोभ बिसेख।
वढ्यौ सुर वाहनी वीर वकार, मँडी सतकोटीय[1] की अतमार ॥१३०
ज्युँही सुर औरहु आयुध जोर, घुमडेउ रार प्रहारन घोर।
विड़ारत नैरत आसुर-वृंद, करोरन तूट परे धर कंध ॥१३१
छिके तन घाव गये पग छूट, रहे दल दाँनव पै सुर रूठ।
कुप्यौ वृत देखकै माँनहु काल, विलोककै आपनी सैन विहाल ॥१३२
विचारकै भ्रात कौ वैर विसेस, सधारन कारन जाँन सुरेस।
पिता दीय आयुध कौं गहि पाँन, उपायकै सिद्ध ह्रिदै अवसाँन ॥१३३
सधारन लागेऊ देवन साथ, घनी कर अस्त्रन-सस्त्रन घात।
जुरचौ तहाँ अधर-धुधर जंग, भयौ चल देवन कौ वल भंग ॥१३४
जुरचौ सोइ आयकै वासव जुद्ध, सुकारज पायकै चाहि सनिद्ध।
करे तिह दाव रू घाव कठोर, तरासकै ककट दीनेऊ तोर ॥१३५
हर्‍यौ वल वाँह जहाँ पुरहूत, सध्यौ नही संगर कारक सूत।
गह्यौ सुरराजहु कौ गल गज्ज, मरोरकै दाव लयौ मुँहमज्ज ॥१३६
लख्यौ सुरराज कौं लीलत लाग, भयातुर होय चले सुर भाग।
मिले गरूराज सौं वीनती मंड, उचारीय आहव कथ्थ उछंड ॥१३७
असंभव कीन वृतासुर आज, समेटकै लील लयौ सुरराज।
करौ कोऊ आप उपाय क्रपाल, जिही विध होय निराक्रत जाल ॥१३८

---

[1] वज्र।

मँड्यौ सुर चित्र सिखंडज मत्र, तहाँ कीय तत्व विचारकै तत्र ।
जँमाइय कारन जारन[1] जोर, खुले तिह वारन लाइय खोर ।।१३९
निमार कौं पायकै देवननाथ, समेटकै अग चल्यौ इक साथ ।
मिल्यौ सोइ देवन के दल माँहि, नमे गरूराज सौं मोद मनाहिं ।।१४०
सजे फिर सगर कौ सुरराज, सबै सग लैकर देव-समाॅज ।
विते अनुवच्छछरहू तिहवार, हिसाव की रीत सौ येक हजार ।।१४१
वढ्यौ वृत साहँस वीर विधाॅन, विरचन जाहि दोयौ वरदाँन ।
जई रन जाँनकै वाहु अजाँन, मिटी जय आस चले मघवाँन ।।१४२
भजे सुर औरहू ह्वै भयभीत, वन्यौं दिन जाॅन लयौ विपरीत ।
वृतासुर पाय विजै वरवीर, भई सग औरहू आसुर-भीर ।।१४३
जम्यौ सोई इद्रपुरी कँह जाय, सँभारकै वैभव कौ सरमाय ।
इद्रासन पाय वडौ इधकार, वली वन नदन राच विहार ।।१४४
वसायेऊ काँमदुधा कल-वृच्छ, सवै गन अच्छर केतन स्वच्छ ।
मवारीय ऊच्चस्रवा गज सेत, मुवासन रत्नन-कोस सहेत ।।१४५
पदारथ और करे निज पाँन, थिती सुरलोक वसाय सुथाँन ।
भजै सुख पाय सदा जिग-भाग, उपज्जीत चैन पिता अनुराग ।।१४६
लयौ निज वधव-वैर निकार, पिता पन कीन भयौ सोई पार ।
सवै विध वृत्त कहाय सपूत, प्रचारकै जीत करी पुरहूत ।।१४७
दसूं-दिस वाढेऊ राज कौ दौर, भजे सुर डोलत साँजहू भौर ।
मुनीजन सीख कौं वासव माँन, गयौ कयलासहु कौं कर गौंन ।।१४८
जुहारीय धूरजटी कर जोर, वृतासुर कथ्थ कही सु वहोर ।
सदासिव कीजहु देव सहाय, महाखल दीजहु वृत्त मिटाय ।।१४९
विचारकै सिभु चले तिँहवार, गये सोइ ब्रह्म कै वीच अगार ।
कही करतार सौं देवन कथ्थ, सिहाय कै काज लये तव मथ्थ ।।१५०
मुकारज जाँनकै येक सलाह, रमापत-लोक लई निज राह ।
हरी कर वदन जाय हजूर, प्रकासेऊ देवन कौ दुख पूर ।।१५१
वृतासुर खोस लयौ निज वास, वितावत दु ख फिरै वनवास ।
दया कर देव उवारहु दीन, प्रभू जग-तारन पौरुख पीन ।।१५२

---

१ जावडे, जारण-क्रिया ।

वली दनुराज पताल वसाय, निकटक देवपती कीय न्याय।
रमापति होयकै मोहनी रूप, ग्रनामय ग्रमृत पाँन ग्रनूप ।।१५३
करायेऊ देवन-काज कृपाल, पिछाँनकै वृद करी प्रतपाल।
दुखी लख देव हरी गन दास, विघोविघ बोघ दयौ विसवास ।।१५४
विचारकै वोव रमापति वात, वखाँनत च्यार ऊपाय विख्यात।
पिछाँनहु स्याँम रू दाँम परेख, वतावत भेदहु दड विसेख ।।१५५
कोऊ कछु सज्जन कौ करनीय, कोऊ हित दुष्टन कारन कीय।
सोई वल वुद्ध तथा छल साथ, निहारकै काज करै निसनात ।।१५६
दीयौ वरदाँन जिही विघ देव, इही परभाव सौ वृत्त ग्रजेव[1]।
विना सोइ स्याँम उपाव के वीर, पराभव नाँहिन पावहि पीर ।।१५७
इहै खल जाँनहु जुद्ध ग्रपेल, मिलावहु गधृव देवन मेल।
विसास मैं ग्रावहिगौ जिह वेर, घृना तज मारहिंगे तिह घेर ।।१५८
पिछाँनकै वज्र करै परवेस, इही हम स्याहिक होय ग्रसेस।
विना विसवास दयै वरवीर, धरै नही वृत्त कदाचित धीर ।।१५९
सुनौं सठ सत्रू के साथ सुकाज, कीयै सठता नही होय ग्रकाज।
छले वल वाँमन कौं कर छंद, वसायेऊ जाय पताल मैं वंध ।।१६०
विसास के मोहनी रूप वनाय, दिखायेऊ दैतन कौं छल दाय।
सुघा दीय देव ग्रदेव सुराह, रखी छल की वल की विव राह ।।१६१
वतावहि जो तुम कौं हम वाट, ऊपाव सौं जाविहिं दूर उचाट।
जितै सरनागत होवहु जाय, मनावहु ग्राद भवाँनीय माय ।।१६२
उपावहि मोह जवै हीय ग्रघ, विनासकै कालकौं वाँघ है वघ।
रमापन नीत की माँन रहस, सुपर्वहु ग्रादक नैन सहस ।।१६३

दोहा

गये देवगन मेर गिर, देख सघन वन देस।
निरजन थल पावन निरख, वासव सेसु विसेस ।।१६४
जगदवा हित जाप जप, तप साघन वपु तेम।
करन[2] लगे स्तुति [तवहिं[3]], परा सगत जुत पेम ।।१६५

---

१ ग्रजेय। २ मू. प्र. करने। ३ मू प्र.—शब्द छूटा हुग्रा।

छंद अरध हर-गीतका

सिद्धदा प्रक्रत सातुकी, आधार मात अनाथ की ।
तूँ काँमदा जगतारनी, अघ मेट अधम उधारनी ॥१६६
महमाय दाँनव मोहनी, अनभीत मिंघ-अरोहनी ।
जग जीव अंतर-जाँमनी, ससार साखी स्वाँमनी ॥१६७
आराधनीय अखडनी, मुरजाद वेद ही मडनी ।
परमातमा परमेस्वरी, हित अरथ वदत हर हरी ॥१६८
कल आतताय निकदनी, विस्वेस्वरी सुर-वंदनी ।
जोगिंद्र मुन-जन जाँन कौं, नित देत पद निर्वाँन कौ ॥१६९
आकासवाँनी आद तूँ, निर्गुन गुन निर्वाध तू ।
ससार-ताप नसावनी, परभाव कीरत पावनी ॥१७०
भ्रम भेद बुद्धी भाव कौ, अग्याँन करन अभाव कौ ।
प्रतपाल दीनन पोखनी, नित्या तुँही निर्दोखनी ॥१७१
परमार्थ सत्य प्रकासनी, निज भक्त सकट नासनी ।
रमतीत निञ्चय रूपनी, भगवती जग की भूपनी ॥१७२
करनी सु अड कटाह कौं, प्रज आद स्रष्ट प्रवाह कौं ।
रिखी जोगजन[1] मन रजनी, निस्रेय रूप निरजनी ॥१७३
विरचे न मात विसेखकें, द्रग पुत्र अवगुन देखकें ।
परीआय रीत पिछाँनकें, जन स्याहि करहूँ जाँनकें ॥१७४
सब सुरन आद सुरेस की, करता सु दूर कलेस की ।
महमा सनातन माय की, सुत दीन करन सहाय की ॥१७५
जिग करत अगन जगायकें, लै नाॅम आहुत लायकें ।
स्वाहा समर्पत सुरन कौं, कल्याँन त्रपती करन कौं ॥१७६
तूँ सुधा पित्रन-तोखनी, विस्वास द्रष्ट विलोकनी ।
पुष्टी तुही जग-पालनी, साती हू लाज सँभालनी ॥१७७
काती तुही भव कारना, धृति ध्याँन मति की धारना ।
सुमृती मेधा सरसुती, पद्मा सती तूँ प्रक्रती[2] ॥१७८

१ योगीजन । २ मू. प्र. प्रकती ।

पापिष्ट महिप प्रचड कौ, दीय जुद्ध करकै दड कौ।
निरभीत कीय नारायनी, अतताय असुर ऊधारनी ॥१७९
निभसु सुंभ नसावनी, परवाह कीरत पावनी।
अनेक आसुर उद्धरे, तुव करग कमलन सौ तरे ॥१८०
अव वृतासुर पुन औतरयौ, कुल देव कौ संकट करयौ।
अघ मेट ताहि उवारीयै, मति मूढ खल कौं मारीयै ॥१८१
सब देव मिल कीनी स्तुती, वर सात रस धारै व्रती।
प्रगटी सु करुना पायकै, वपु सुभग वेख[1] वनायकै ॥१८२
भुज पास अकुस प्रभृता, सोइ अभय मुद्रा सजुता।
कमीनय कटकै किंकनी, धारै सु पग नूपुर धुनी ॥१८३
कर-वलय कुडल कांन मैं, अहिवेल दल अधुरांन मैं।
विच भाल रजन विंदली, सोगध पसरत सिंदली ॥१८४
मुसकांन मद अमुल्लरी[2], अत हेत करुना उल्लरी।
नालीक आभा नैन मैं, वरसत सुधारस वैन मैं ॥१८५
स्रगार सोडस सोहनी, उर फूल-माल अरोहनी।
तन लाल तप तपनीय[3] सी, विद्वत सुधाधर वीय सी ॥१८६
वेदात-रस वरसांवनी, स्रुति-ग्यांन गुन सरसांवनी।
अद्वैत-रूपा आद कौं, अग्यांन समन उपाध कौं ॥ १८७
जोगेस्वरी जगजांमनी, गज-मत्त सुदर गांमनी।
सुच रूप सुखद सुभाव सौ, भीनी सु भक्तन भाव सौ ॥१८८
अवलोक देवन आप सौ, तन दीनता जुत ताप सौं।
वोली सु देख विचारकै, ध्रुव आंमना हीय धारकै ॥१८९
तुम कहहु कारज ताहि कौ, अव करू जांन उपाय कौ।
कर जोर सुर विनती करी, इक वृतासुर प्रगटयौ अरी ॥१९०
महमाय ताके मरन कौ, हित करहु मति के हरन कौ।
हम अभय दीजै हेरकै, अव नांहि करहु अवेरकै ॥१९१
महमाय करकै तव मया, जुत हरप वोली जय जया।
सोइ आप भवन सिधायगी, उर देव निश्चय आयगी ॥१९२

१-पोशाक, वेश। २ अमूल्य। ३ सोना।

खल वृतासुर वल खूट है, छल जोग सौं दुख छूट है।
अव स्याँम दाँम उपाव कौ, द्रग देख करहै दाव कौं ॥१६३

दोहा

मिल देवन कीनौ मतौ, मारन कौं वृत मूढ़।
सम्मत कर ताही समय, ग्याँन विचारचौ गूढ ॥१६४
वोले रिखन वुलायकें, विसवासहु वृत वीर।
याही मैं ह्वै है अरथ, पारी मिटंक पीर ॥१६५

छंद उधोर

सुन देवतन सिद्धत, मिल रिखीसुर कर मंत।
गवर्व तपसी ग्यात, सव होय कै इक साथ ॥१६६
गये वृत्त पै कर गॉन, विसवास कै कहि वाँन।
पुरहूत वयर पमाव, द्रढ समर राचत दाव ॥१६७
कल परत नहिं पल कोय, हित विजय चल-चल होय।
तुम करत खल जल तेम, जभारि छन वन जेम ॥१६८
सुख होय करीयै सध, विच वाँन वाँध है वंध।
परवीन त्वष्टा पूत, करीयै न रन करतूत ॥१६९
मघवाँन कौं कर मित निर्वैर रहहु निचिंत।
तुम वैर कै परताप, सव हमहु सहत सँताप ॥२००
तुम सुखी होवहु तात, सुर होय सकल सनाथ।
परचाय विवध प्रकार, विसवास वृत्त विचार ॥२०१
वोल्यौ सु तिह छिन वाँन, मुनिराज सवही महाँन।
मघवाँन लोभी मूल, पथ धर्म सौं प्रतकूल ॥२०२
छल करत केतक छद, मति विकल निर्लज मद।
वासव नही विसवास, रत पाप अवगुन रास[1] ॥२०३
जव दयौ मुनि-जन जाव, हम कहत वात हिसाव।
अचला हु सत्य अधार, ध्रुव रहत स्रष्टी धार ॥२०४

---

१ राशि।

रवि सत्य सौ निज राह त्रिचारंतकै हाकत बाह।
मरजाद सत्य मझार, वारीस सुम्भर वार ॥२०५
कर सत्य कौल करार, निश्चित होऊ निहार।
बिस्वास राखहु बीर, सत्यात्म होय सधीर २०६
वृत आँनकै विसवास. पन येहु कीय परकास।
मुनि और गध्रव मोहि, जुर जतन करहूँ जोय ॥२०७
दिन रात मैं कर दाँव, घालै न इनसौ घाव।
सुस्कोद[1] पथ्थर सौ न, पव काष्ठ अय पहिचाँन ॥२०८
सुन इद्र देवहिं साच, विध वेद सौ कहि बाच।
मुनि सोच करहू मत, सवही सयाँने सत ॥२०९
वृत की सुनी मुनि बात, वुलवाय इद्र विख्यात।
रवि अगन साखी राख, अत सपथ कीय अभिलाख ॥२१०
छल हीन जाँन्यौ चित्त, वृत मित्रता गन वृत्त।
कर कौल बोल करार, निश्चित भये निरधार ॥२११
बिसवास वासव वृत्त, छल तकत धूत चरित्त।
विव विपन नदन वीच, निरवैर रहत नगीच ॥२१२
अरु गंधमादन अद्र, सग रहत तीर समुद्र।
नित करत खेल निसक, वृत्त छौरकै हीय बक ॥२१३
जव परी त्वष्टा जाँन, सुत बोलकै सुस्थाँन।
समुझाय दीनी सीख, पुरहूत मित्र परीख ॥२१४
नित रहत सग निदाँन, है पुत्र तेरी हाँन।
सुत करी पितु सम जास, वृत्त तज्यौ नही विसवास ॥२१५
जाँन्यौं न मघवा जाल, कच आय पकरे काल।
सुत्राँन[2] निस-दिन सग, मिल करत खेल उमग ॥२१६
वृत्त छाँड संका वैर, लागे फिरै नित लैर।
इक दिवस पहुँचे आय, सामद्र तीर सुभाय ॥२१७
देखत अपनी दाय, मन रहे दोऊ विलमाय।
सुचि[3] ओट लीन सुमेर, वरती सु सध्या-वेर ॥२१८

---

१ सूखा-पानी से युक्त। २ इद्र। ३ सूर्य।

वरदाँन कीन विचार, विंध वचन की इहवार।
अह रात नाँहिन येक, वहु काल सौ वितरेक ॥२१९
धारचौ सु हीय मैं ध्यान, मधु निकदन मघवाँन।
अप्रचन्न[1] पहुचे आय, सुत्राँन करन सहाय ॥२२०
इक लख्यौ फेन उतग, तिरआत[2] उदध तरग।
सत कोटि बीच सुरेस, पुन जाय करेऊ प्रवेस ॥२२१
जलफेन वज्र संजोग, अजमाय कीय उद्योग।
धारचौ सु उर मैं ध्यान, श्रीपरासक्ति समाँन ॥२२२
वँह वेर सत्ती अस, प्रवस्यौ सु आय प्रसस।
द्रढ सध भय डिडीर[3], सुत्रॉन जाँन सधीर ॥२२३
पटक्यौ सु गहि कै पाँन, सिर वृत्त कै सूत्राँन।
वृत्त गिरचौ धरनी वीर, सम सयल दिघ्घ सरीर ॥२२४
वर्नना कीन विसेस, सुर पाय लाग सुरेस।
वृत तहाँ नाँम वसाय, सुर मोद दीय समुदाय ॥२२५
वृतवीर मृतक विलोक, श्रीविस्नु गये मालोक।
सुरराज सुरग सिधाय, हन सत्रु कौं हर खाय ॥२२६
सुन वात त्वश्टा सोय, रत वेदना हुग्र रोय।
धारी न हीय मैं धीर, तव गये सागर-तीर ॥२२७
विन जीव पुत्र बिलोक, सुन हेत वाढ्यौ सोक।
कीय पारलोकिक-कर्म, ध्रुव धारना निज धर्म ॥२२८
सुत्रॉन दीनौं श्राप, उर विकल होय अमाप।
मो करी अंगज मीच, निरलाज लोभी नीच ॥२२९
विस्वासघात विसेस, सत त्याग कीन सुरेस।
दुख महा[4] भोगहु दुप्ट, पुरहूत पापी पुप्ट ॥२३०
सो गये अचल सुमेर, वपु करन तप जिह वेर।
सुरलोक सुन कथ श्राप, सब करन लगेउ सँताप ॥२३१
मिल वैठ आपस माँहि, अघ इद्र कौ अवगाहि।
विध वेद नीत विचार, इह कहत कथ्य उचार ॥२३२

१ छिपकर। २. तैरता हुआ। ३. फेन। ४. मू. प्र. माहा

जो देत सम्मत जॉन, मति देत कोऊ विध म्लाँन।
पापी करत जो पक्ष, पुन प्रेरना परतक्ष ।।२३३
होवत सो हाथोहाथ, सब पाप भागी साथ।
मघवाँन पक्ष मिलाय, कीय कलकत हरि-काय ।।२३४
गधर्व किन्नर ग्यात, सग रिखी मुनि साख्यात।
धीरज बिगोयौ धर्म, कर महा[1] अनुचित कर्म ।।२३५
सिस अगन की दै साख, रवि वेद बीचै राख।
अरु सपथ कीन अनेक, विस्वास भाव विसेक ।।२३६
वृत तज्यौ भीत विरोध, सित धर्म मारग सोध।
वध्र कर्यौ तिह विसवास, निज धर्म कारन नास ।।२३७
इह पाप भरता इद्र, छल कर्यौ दुस्तर छद।
त्वष्टा सु सोकत[2] पाय, दीय स्राप महा दुखदाय ।।२३८
भुगतै विनाँ उपभोग, अघ टरै नाँहिन ओघ।
कथ करत देव निकाय, सो सुनत इद्र सुभाय ।।२३९
भयग्रस्त वुद्ध अमात, ज्यो-ज्यो प्रभा मुख जात।
छाई मनौ मिल छाँह, रवि चद पै जनु राह ।।२४०
कीय व्रह्महथ्या क्रूर, नित घटत तातै नूर।
इक दिवस देख उदास, जायवाहनी[3] कहि जास ।।२४१
वन करत नाँहि विहार, नदनहु आद निहार।
नही नदी सर के नीर, सुच करत स्नान सरीर ।।२४२
चढ करी चातुरदत[4], कहुँ नही विचरत कथ।
सुन परत नहिं सुखदाँन, गुन गध्रवन कौ गाँन ।।२४३
अरू सुनत नहिन अवाज, वीनाद ततन वाज।
कहु लखत नहिन कदाच, निज अपछरन कौ नाच ।।२४४
इक कर्यौ वृत्त अहेत, खल मार लीनौं खेत।
चित कौंन उपजी चित, इह कहहु नाथ इकत ।।२४५
जव कह्यौ वासव जाहि, सुन तीया मोर सलाह।
कीय वृह्महथ्या काँम, जीय विकल आठहु जाँम ।।२४६

---

१ मू प्र. माहा। २ शोक। ३ इद्राणी। ४ ऐरावत।

जन करत निंदा जास, तन मोह उपजत त्रास।
मुख कहाँ दिखाऊँ मोर, घट घात उपजी घोर ॥२४७
पीयूख गरल प्रमाँन, पय काँमदुग्धा पाँन।
इम लगत मोकहँ ओर, सुख जिते दुख दसजोर ॥२४८
कही सची आगै कथ्थ, निकस्यौ सु इद्र निरथ्थ।
लीय मानसर[1] की सर्न, वपु रूप कर वेवर्न ॥२४९
वस कमल-नाली वास, अप्रचन्न रूप उदास।
अहि धार सुछ्छम अग, भर पाप ह्वं चित भग ॥२५०
सुरलोक हीन सुरेस, केऊ उपज आय कलेस।
वरखा मिटी घन वार, केऊ सुस्क भये कासार[2] ॥२५१
सूके सु सरता सोत, ऊद विघन होय उद्योत।
लखकै अराजक लोक, मुर रिखी भयेऊ ससोक ॥२५२
कीय नहुक[3] राजा काज, सुरलोक कौ सिरताज।
थिर इद्र आसन थप्प, अरू विभत्र दीनौं अप्प ॥२५३
धरमिष्ठ धीरज धार, सुरलोक कीन सँभार।
कीय हाथ सुरपुर काँम, हीय वढी सुख कौ हाँम ॥२५४
वढ रजोगुन तिह वेर, अग्याँन छाय अवेर।
वन करत कुज विहार, लै अछ्छरन कौ लार ॥२५५
रत काँम क्रीडा रग, सुध भूल विखीया[4] सग।
स्वाभाव विसय सदीव, जग-जाल वाँधत जीव ॥२५६
सेवत ज्युँही सरसाय, उर नहिन कोय अघाय।
गुन सची सुनकै गूढ, मन भयौ लोलुप मूढ ॥२५७
बुलवाय रिखन विचार, अरू कही कथ्थ उचार।
थाप्यौ सु वासव थाँन, अँतरौ राखत आँन ॥२५८
सची करत नाँहिन सेव, दुरभाव राखत देव।
इह करहु सीघ्र उपाय, जयवाहनी समुजाय ॥२५९
मो रहै सेवा माँन, मन जाँन सम मघवाँन।
आवै सु मिलनै आज, कीजै सफल मम काज ॥२६०

---

१ मान सरोवर। २ सरोवर। ३ नहुष। ४ विषय।

दुज रीखी सुनकै देव, भाख्यौ सची कँह भेव।
उर सची होय उदास, बुलवाय गुरू[1] निज वास ॥२६१
हित कही आरत होय, मुरजाद राखहु मोहि।
विस्वास कहि गरू वाँन, सुख रहहु मो सुस्थाँन ॥२६२
जयवाँहनी गृह जीव, पहुँची सु निज हित पीव।
सरनै सु गुरुगृह संध, वाँध्यौ सची परवध ॥२६३

दोहा

सुन्यौं नहुष राजा सकल, बृहस्पती बरतत।
काँमातुर वचत करन, कोप्यौ मनहु कृतत ॥२६४
अनदेवन रिखी आदकौ, कही नहुक नृप कथ्थ।
इद्राँनी कौं दीय अभय, विन विचार बृमपत्त ॥२६५
लयौ विभव सुरलोक कौ, दयौ तुमहिं रिख देव।
इद्राँनी कैसै अलग, सम्मत करै न सेव ॥२६६
समुजावहु गरू कौ सकल, इद्रानी दै आय।
नहिं तौ मारहु न्याव सौ, इह पापी अन्याय ॥२६७

छद पद्धरी

जव रिखन सुरन दीनौ जवाव, हम कहत वात सुनीयें हिसाव।
इद्राँनी पतिव्रत तीया येक, अछ्छरी रूपवती अनेक ॥२६८
तज सची भजहु तुम और तीय, सुचिव्रता येक इह है स्वकीय।
अरू धर्म तज्यौ नही कवहुँ अग, सुरराज करत सोइ सदा सग ॥२६९
वरीआई[2] खडत तिही वृत्त, पुन दोस लगावत बृहसपत्त।
ध्रम की रखवारी करहु धीर, पावहु जन मन मै मृखा पीर ॥२७०
स्रगार हेत रति कहत सुद्ध, वरजोर करै वाढै विरुद्ध।
रस हाँन कार नही करत रीत, प्रीत सौं हीन समझहु विप्रीत ॥२७१
ऊत्तँम सिघासन वैठ आप, पथ धर्म छाँड इह करत पाप।
परनारि करति रति रहत प्रेम, नरक मैं परत श्रुति वेद नेम ॥२७२

---

१ बृहस्पति। २ वल प्रयोग से।

नृप सुनके ऊत्तर दीय निदाँन, सुर सुनहुँ सवही रिखीगन सयाँन ।
गोतम कै मघवा जाय गेह, अनऊचन करचौ जब गाँम येह ॥२७३
निज वृहसपती की हरी नार, चदा मति-मदा कहा विचार ।
जब कँहा गये तुम सवही जाँन, हम सीख देन लगे धर्म-हाँन ॥२७४
पद इद्र करचौ मोकौ पसाव, नारी है मेरी कहौ न्याव ।
वरीआई विनती कर विचार, निश्चै वुलवावहु इद्र-नार ॥२७५
रचना इह सुनकै नहुकराज, सब ऊठ चल्यौ देवन-समाज ।
गरु के तव पहुचे जाय गेह,. उच्चार वीनती सुरन येह ॥२७५
हम देख अराजक स्वर्ग हाल, वासव सिंघासन कीय वहाल ।
दुख देत हमहुँ सोई दुसाय, अन्याय वढी होय मैं उपाय ॥२७६
हम अरज करी केऊ सची हेत, राजा सोई मिन्नन[१] करी देत ।
गरू करहु जतन अब छुटै गैल, मम स्वर्ग निवासी कटै मैल ॥२७७
तुम हमकौं नहि तौ देय ताप, पुरहूत विना कोऊ वढहि पाप ।
विस्वास सुरन दे गुरू विचार, नोन्नन कौं लागे समाचार ॥२७८
जव गरू सची कै निकट जाय, उर सौं विचार नीकै उपाय ।
विध नीत वचन वोले विसेस, निरलाज न माँनत इह नरेस ॥२७९
तातैं परकासहु जाय तत, इद्रानी कहहु ऐसैं उदत ।
जीवैक मरै इह परै जाँन, मिल खोज करै तुम लेहु माँन ॥२८०
सुन मृतक हमारौ त्याग सोक, लैहै सुख दंपत स्वर्गलोक ।
मान्यौ गरू सुनकै सची मत, तव ऊठ चली नृप पैंह तुरत ॥२८१
गरूराज रिखी मिल देव ग्यात, इद्रानी चाली ह्वै अनाथ ।
नृप नहुक जाय पहुँची नजीक, ललचाय वचन कहि धर्म-लीक ॥२८२
नारी कौ सुनीयै धर्म नेम, पति त्याग करै जो इतिय-पेम ।
स्वैरनी कहत ताकौं ससार, ऐसी न करै हम अनाचार ॥२८३
सूत्राँन मरन नही सुन्यौं श्राँन, कर रही नृपत मैं जाहि काँन ।
वँह मरन सुनूं भरतार आप, पुन कछू न हमकौ लगै पाप ॥२८४
हम तुम मिल करहैं तिही हेर, विनस्यौ सुन वासव जिही वेर ।
पति सेवहुँ तुमकौ सहित प्यार, निंदा भय तजकै पुरस नार ॥२८५

---

१ मिला दी ।

खिती जल मैं कीजै जाहि खोज, मिल उभय केल माँनहि मनोज।
जीवत सुन करहूँ जतन जोय, बल-हीन हनहुँ ताकौं बिगोय ॥२८६
निर्भय सुख देवहु मोहि नाथ, हित अरज करत हूँ जोर हाथ।
इद्राँनी सुनकै विनय येह, सुरपुज्य नहुष मेटचौ सँदेह ॥२८७
पुन कह्यौ सचीकौ नृपत पेख, बातें नम[1] बोली जुत विवेक।
सुन नहुप कह्यौ यैसौ सवाल, हीय कौ इद्राँनी जाँन हाल ॥२८८
जलदी तुम खोजहु इद्र जाय, वँह मिलै खबर तौ कहहु आय।
सुन चली सची नृप के सवाल, साहृत सब्द करनै सँभाल ॥२८९
सब देव रिखी-गन लियै साथ, निज लोक पथ लीय रमाँनाथ।
जहाँ जाय जनार्दन हाथ जोर, अस्तुत कर विनती करी और ॥२९०
पुरहूत ब्रह्महथ्या तपाय, जाँनत नहि किह थल दुरचौ जाय।
वासव कौं दीजै हरी वताय, जिह बिना सची की लाज जाय ॥२९१
सुरनाथहु के श्रीनाथ स्याँम, करता मन वचत सफल काँम।
सुन आरत-वाँनी देव साथ, राजीवनयन श्री रमानाथ ॥२९२
विन मिटै ब्रह्म-हथ्या वमेस, सचि नहिन मिलै कबहूँ सुरेस।
जिह हेत करहु असमेध ज्याग[2], सुरपती नार ह्वै हौ सभाग ॥२९३
श्रीजगदवा करहै सहाय, सत्वष्ट[3] होय स्वातक सुभाय।
पुन्य सौं होय वासव पवित्र, कर त्याग भीत भेटहि कलित्र ॥२९४
ऊदविघ्न ब्रह्म-हथ्याद आद, वासव के मिटहै उर विषाद।
इद्राँनी पूजन करै आप, जग-जननी माया मत्र जाप ॥२९५
दुरदसा जाय सब कष्ट दूर, पति आय मिलै पुन प्रेमपूर।
मति हरन होय नृप नहुष मूढ, गति करनी के फल लहै गूढ ॥२९६
सुन रमानाथ के वचन साँन, पुर वृहस्पती[4] कीनौ प्रयाँन।
जिग करन लगे कारन जरूर, दुख ब्रह्म-घात कौं करन दूर ॥२९७
जिग भयौ सपूरन जवही जाँन, ऐसौ उपाव फिर करचौ आँन।
नदि वृक्ष सैल अरू धरा नार, वट करे ब्रह्म-हथ्या विचार ॥२९८
सवकौं भिलाय कर इद्र सुद्ध, इह बृहसपती कीय काज ऊद्ध।
जजुमाँन[5] पुरोहित धर्म जीव, ऊद्धार करचौ पौरुख अतीव ॥२९९

---

१ विनम्र। २ यज्ञ। ३ संतुष्ट। ४ मू. प्र. वृहस्पपती। ५ यजमान।

अरु इद्र गुप्त हुय इहाँ आय, सो गये माँनसर मैं सिधाय ।
जाँनें जब लागे देव जात, बोली गरूहू तें सची बात ।।३००
जभारि मिलै नही करें ज्याग, भये कौन पाप हृथ मोर भाग ।
कछु और बतावहु जतन कोय, मन वचत कारज होय मोहि ।।३०१
गरू कह्यौ सची सौ गूढ ग्याँन, सूत्राँन मिलन चाहत सुजाँन ।
भगवती भजहु नित भक्ति-भाव, पैहौ पति आतुर तिँह पसाव ।।३०२
नृप नहुष कष्ट मिटहै निदाँन, मतिमूढ चहत जो तुहि मिलाँन ।
उपदेस सची सुन गरुऊ धार, येकत देख उत्तँम अगार ।।३०३
आराधन करनै लगी आप, जगदवा पूजन मत्र जाप ।
सव भोग-वस्तु कौ त्याग सग, अतसय तप लागी करन अग ।।३०४
बीते दिन केतक इह विधाँन, जगदव भई सतुष्ट जाँन ।
विधु कोटक सीतल तन विकास, पुन कोट सूररस्मी प्रकास ।।३०५
चँमकत कोट दुति चचलाह, ऋतु काँम पूर्न कोटक कलाह[1] ।
भीनी करुनारस भक्ति-भाव, सामुद्र सात सातुक सुभाव ।।३०६
पद स्वछ्छ उदवर रंग पाँन, सम स्वर्न तृप्त सचर समाँन ।
ऊन्नत उरोज सोभा अमद, मुसकात मनोहर मद-मद ।।३०७
इछ्छन चख अबुज छिमा ऐँन, वतरात सुधा-सम मधुर बैन ।
त्रयनेत्र नासका दीप तेम, जगमगत अलक्त जोत जेम ।।३०८
स्वाँमनी कोट ब्रहमड स्रष्ट, परजत कोट[2] विध जननि पुष्ट ।
अछैछर-स्वरुपनी रूप आद, वाहनी हस वर्जत विषाद ।।३०९
पासाकुस धारै अभय पाँन, पुस्तका वेद च्यारहु प्रमाँन ।
भर रजन विंदी लाल भाल, मोहनी विस्व उर मुक्त-माल ।।३१०
जाँननी ह्रिदय मति-जुक्त जीव, ससार कारनी हित सदीव ।
इद्राँनी दरसन दयौ आय, वरलेहु कहे वाचा वढाय ।।३११
बोली इद्राँनी सुन वहोर, जोतीस्वरूप सौं हाथ जोर ।
पत[3]रहै नहुप सौ मोर पिंड, आखडल[4] पाऊँ सुख अखड ।।३१२
जब आदि भवाँनी कह्यौ जाहि, मैं सग देत दूती मिलाय ।
मानससर जावहु निज मुकाँम, धुर मूरत अचला मोर धाँम ।।३१३

---

१ कलाएँ । २ मू प्र कीट । ३ लज्जा । ४ इंद्र ।

जिह विस्वकाँमनामा जनाय, ससार कहत वाचा सुनाय।
जायकै तहाँ खोजहु जरूर,, पावत है बैठौ दुख -पूर ॥३१४
मिल करहु इद्र सौ सची मत, तेरौ दुख मेटहु मैं तुरत।
मति-हीन करहैंगी नृप मदध, स्वय नारी करनै चहत सध ॥३१५
निज पत तूं चाहत सहित नेम, पुन मिलहै तोही पूर प्रेम।
वदन कर अंबा वार-वार, लैकै दूती कौं सची लार ॥३१६
मानससर गई देवी मुकाँम, कल्याँन आपनौं करन काँम।
दूती प्रवीन दीनौं दिखाय, जोयकै सैन वैनन जताय ॥३१७
इंद्रानी देख्यौ निजर[1] आप, परजरत ब्रह्महथ्या जु पाप।
हँसकै वोल्यौ तऊ सची हेर, वताग्रौ मोहि किहि इही वेर ॥३१८
भोगतहूँ अपने पाप भोग, आधीन ईस जोग रू वियोग।
जव कह्यौ सची थिर करहु जीव, सुरराया स्याहिक है सदीव ॥३१९
आराधन कीनौं मात-आद, पाई पत तोकौं तिह प्रसाद।
दुर गये जवही तुम भये दूर, कलिमल सौ पूरत ह्वै करूर ॥३२०
सुर रिखन मत्र कर सनिधाँन, इद्रासन थप्पौ नहुष आँन।
मो को नित वाधा करत मूढ, पापिष्ठ काँम वस ह्वै पढूढ ॥३२१
नित कहत इद्र हैं हम निदाँन, कैसै तुम अवलाँ करत काँन।
अव कहा करूँ कहीयै उपाय, जासौं नही मेरौ धर्म जाय ॥३२२
जव कह्यौ इद्र हम करत जेम, तेरे दिन काटहु त्रीया तेम।
जव कह्यौ सची हम कहाँ जाय, विन इद्रपुरी वासौ वसाय ॥३२३
सुर-रिखिन वुलावत देत सीख, जयवाहनी लावहु मो नजीक।
वृमपती-काज कीनौं विचार, पति दरस लयौ छल कौ प्रसार ॥३२४
अव भये रहत सोऊ उदास, वलहीन विप्र कैसौ विसास।
नारी कौ अवला कहत नाँम, वस करै जाहि की गनहु वाँम ॥३२५
अवलोक विना स्याहिक अनाथ, हथ लाज करेहि मोहि डार हाँथ।
वसवरती ताकी होय वाँम, समुझहुँ फिर कैसै तोहि स्याँम[2] ॥३२६
कुलटापन लागहि मुँह कलक, सकपकत ह्रिदय निस-दिन ससक।
वपु-धर्म सुद्ध पतिव्रत विगोय, सुख कहा लहूँ तुम कहहु सोय ॥३२७

---

१ नजर, दृष्टि। २ स्वामी।

निज पत्नी रक्षा करहु नाथ, अवलोक बिना स्याहिक अनाथ।
जब कह्यौ सची सौं इद्र जोय, ननकौं बचाव है कठन तोहि ॥३२८
इक सील बिनाँ नाँहिन अधार, सब रीत सील करहै सुवार।
दूसर उपाव हम कहत देख, बिस्वास काल आसत बिसेख ॥३२९
वरदाँन भवाँनी उर विचार, सुभ हेत कहत इही समाचार।
मति-हरन करहि नृप महमाय, यातैं निमक करीयै उपाय ॥३३०
नृप सौं मिल वातै कहहु नीत, परचाय बढावहु ह्रिदय प्रीत।
करकै करार फिर कहहु कथ्य, नहिँ करहु भूप बाचा निरथ्य[1] ॥३३१
सबकी सिरोमनी नार संग, अभिलाख करहु पूरन अनंग।
करकै असवारी रिखन कंध, सिवका पै चढकै हित समध ॥३३२
मो महल पधारहु महाराज, सुरपति सौं इबकौ लहि समाज।
सुरगन रिखीगन की इखी[2] साख, माँनकै अँदेसौ तजूँ माख ॥३३३
पती आय मोहि उर राज प्रीत, रस बढै सवायौ इद्र रीत।
मोहित ह्वै ऐसौ करै मत, ताकौ बिनास जाँनहु तुरत ॥३३४
रिखी स्राप दैहगे नृप रिसाय, इह बिना नाँहि येकौ उपाय।
दपति दुख जावै प्रीया दूर, जातै उपाय करनौं जरूर ॥३३५
वासव की सुनकै सची बात, वह चली नीर नैनन बहात।
धारयौ श्रीअंबा ह्रदय-ध्यांन, परतीत- लाय वाचा प्रमाँन ॥३३६
नृप नहुक राज पहुँची निकेत, हीय सौं विचार बोली सहेत।
महाँराज वीनती सुनहु मोर, तप जाँन परै जग इधक तोर ॥३३७
मेरौ पुन जासौं बढै माँन, साखी मै माँनहु सु प्रमाँन।
चढ सप्तरिखी के कंध चाल, पालखी[3] बैठ आवहु नृपाल ॥३३८
तेज की होय वृद्धी तुमार, सब रीत हमारी है सुधार।
हँसकै तब बोल्यौ नृप नहूक, अधा हीय जैसै दिन उलूक ॥३३९
इद्राँनी हित की कही येह, समुझहु नही जामै कछु संदेह।
आतुर तुम जावहु तोहि ऐन, स्त्रंगार साज पुन रचहु सैन ॥३४०
आवत असवारी कर अनूप, भाँमनी ततौ मै नहुक भूप।
सुन चली सची राजा सवाल, चित खुसी होय निज भवन चाल ॥३४१

---

१ व्यर्थ। २ देखकर। ३ पालकी।

इहाँ रिखन बुलाये नहुक ऐंन, वैधेय[1] कहे अनउचत बैन।
वपु तप सौ लीनौ स्वर्गवास, इंद्र कौ थाँन ऊँचे अवास ॥३४३
सासन मम माँनहु रिखी-समाज, अहमत सौं ह्वैहै नत अनाज।
सासन विचारकै इही सार, औरै न होय कछु अनाचार ॥३४४
इंद्रासन दीनौ प्रथम आप, कैसौ गुन भूलत नही कदाप।
पर इंद्राँनी नही करत पेम, नही भयौ तुमारौ सिद्ध नेम ॥३४५
सिध[2] करहु नेम रिखीवर-समाज, इह विनती मेरी सुनहु आज।
येते पै करहौ अहंकार, समुझौ न कछू जामै सुधार ॥३४६
हट तीया जात मैं इधक होय, संसार वात जाँनत सकोय।
जडता इंद्राँनी परी जाँन, मैं राख्यौ चाहत जाहि माँन ॥३४७
इह वोल कौल कर गई आज, मुनि याँन जोयकै महाँराज।
आरूढ होय मम महल आय, पति भजहुँ हीय सौ मोद पाय ॥३४८
जाँनकै राज-कारज जरूर, ग्याँन कौ भाँन तजकै गरूर।
पालकी वेनु[3] कधा पसाव, करीयै मुनि मेरौ इह कहाव ॥३४९
मुन कुंमज आदक रिखी स्रौंन, माँनकै निदेसन गही मौंन।
सिवका मँगाय स्रंगार साज, संग देवन कौ लैकै समाज ॥३५०
चढ चल्यौ ढुरावत सीस चौंर, आजत प्रभाव जनु तरुन भौंर[4]।
कलमलत ह्रदय उर काँम केल, झलमलत अलंक्रत छरी झेल ॥३५१
इंद्राँनी मिलनै हित उमंग, ऊरध क्रकाटका चढ अनंग।
चटपटी लगी सुख सयन चाह, अटपटी रीत बाढ्यौ ऊछाह ॥३५२
रिखगन कहार नही पढी रीत, नहिं चालन जव[5] सौ मढी नीत।
मुनि सदा काँमगाँमी[6] महंत, स्त्रुति- चलत सनातन चाल संत ॥३५३
नृप सर्प-सर्प वोलत निदेस, मन सहन करत सबही मुनेस।
पतिलोपामुद्रा[7] रिख पुनीत, कीय पाँन उदध जिह अमर क्रीत ॥३५४
लीनौं वातापी जिही लील, पचगयौ पेट जैसे पपील[8]।
छरीया प्रहार पद लात छोर, वच सर्प-सर्प वोल्यौ वहोर ॥३५५
सुनकै अगस्त मुन दीयौ स्राप, अघपूर सर्प तुम होउ आप।
वस स्राप रह्यौ आनन विगार, लागी न वार जाकौं लिगार ॥३५६

---

१ मूर्ख, कार्यसाधक। २ सिद्ध। ३ बाँस। ४ सूर्य। ५ शीघ्रता से। ६ स्वच्छन्द, इच्छानुसार। ७ अगस्त्य। ८ चींटी।

विनती नृप कीनी तिही वेर, अग्यांन करयौ ऐसौ अंवेर।
मिटहै इह कैसै पाप मोर, उद्धार वतावहु नाथ ग्रौर ॥३५७
कुंभज क्रपाल सुन कही कथ्थ, ह्वै है द्वापुर-जुग स्राप हृथ्थ।
इक भूप जुजष्टर मिलहि ग्राप, प्रस्नोतर सुनकै मिटहि पाप ॥३५८
भल स्वर्ग-निवासी होहु भूप, सुखमांन ग्रापनो लहि सरूप।
कुभज की सुनकै तातकाल, वपु धारन कीनौ दिघ्घ व्याल ॥३५९
स्वर्ग सौं गिरयौ सोइ येक सग, भूम पै होय भारी भुजग।
करनी फल पायौ तातकाल, हाथ-कौ-हाथ[1] इह भयौ हाल ॥३६०

दोहा

सुनी गरू वातै सकल, इद्रांनी ग्ररू इद्र।
देव-चिरत देख्यौ द्रगन, मेट्यौ पाप मुनिद्र ॥३६१
गरू इद्रांनी देवगन, सम्मत कर इक साथ।
मांनससर पहुँचे मिलन, सवही होन सनाथ ॥३६२
वासव सौं मिलकै वहुर, हीय ग्रानदत होय।
ग्राये पुन ग्रमरावती, जन सुख वाढ्यौ जोय ॥३६३
इद्रासन पै इद्र कौं, कीय सुरगुरू ग्रभिषेक।
नदन-वन विहरन लगे, सुख उपजाय विमेख ॥३६४
इद्रांनी वासव ऊभय, हिल-मिल वाढ्यौ हेत।
भीत मेट हरखत भये, सुरगुरू सुरन समेत ॥३६५
व्यास कही करूविंद्र सौं, वासव व्रत की वात।
सुनकै वोले पुन समुझ, हरख जोर विव हाथ ॥३६६

छंद द्वैग्रखरी

वोल्यौ नृप जनमेजय वांनी, व्यास सुनहु सुनिवर विग्यांनी।
व्रत वासव की कथा वखांनी, भाखी महिमा मात भवांनी ॥३६७
पर यामैं सदेह प्रकासै, विन पूछै सौ नांहि विनासै।
महातपस्वी जांनहु मघवा, ये तौ दुख भोग्यौ क्यौं ग्रघवा ॥३६८

---

१ ग्रविलंब।

सत वत्सुछर करकै जिग-साधन, बहुर भये हिंसा निरबाधन।
देवन की मिल सॉम्य दसाकौ, जाहर विपत भई अ्रत जाकौ ।।३६९
कारन सहित कथा इह कहीयै, निगम-रीत वाचा निरवहीयै।
ससय मिटै सकल जन स्रोता, उर विचार ह्वै ग्याँन उदोता ।।३७०
सूत कहत सौनक रिख सोई, करहु बिचार ह्रिदै सह कोई।
भूपत पूछा माठर[1] भाखी, सो मैं कहत तोहिं कर साखी ३७१।।
आप्त-रूप तत जॉनन वारे, साधन करम बखाँनन सारे।
त्रविध-गती जाँनहु ताहीकी, जगमैं उतपत है जाहीकी ।।३७२
सचत वरतमाँन[2] है सैसै, जाँनहु पुन प्रारध्व[3] ही जैसै।
जिनकी विगत कहत मैं जाँनौ, परपाटी स्रुती वेद प्रमानौ ।।३७३
सुभ वा असुभ-कर्म सह कोई, सचत[4] बहुत जनम के सोई।
सातुक राजस तामस सोऊ, जाँनहु त्रय प्रकार है जोऊ ।।३७४
जीय भोगत है नीक जबूना, वंह बिन भोगै नहि ह्वै ऊना[5]।
लागे रहत जीव कै लारै, कोट जनम लग मेलक तारै ।।३७५
प्रापत देह करै पुन प्राँनी, वरतमाँन तिह कहै विग्याँनी।
सचत लै कछु काल सँवारै, धारक जीव देह पुन धारै ।।३७५
सो जाँनहु प्रारध्व समाँना, ऊँच नीचहू जिह अनुमाना।
भले बुरे भोगन भोगावै, विन ससय सग देह बिलावै ।।३७७
पूर्वजन्म क्रत कर्म प्रमाँना, सव भोगत है येक समाँना।
सुर वा असुर मनुज तन सवही, क्रम भोगै बिन छुटै न कब्रही ।।३७८
व्रहमा विस्नु रुद्र अरु वासव, श्रीद प्रचेता तथा अर्कसुव[6]।
किन्नर गध्रव देव कितेई, जाँनहु जिक्षन आद जितेई ।।३७९
कर्मन-व्रस . माँनहु सव कोऊ, जामैं अभिप्राय है जोऊ।
कहत सुनौ दै जाही काँना, पहिचाँनहु इह सिद्ध प्रमाना ।।३८०
कर्मस वधन होत कदाचत, होत न देही वव भोग हित।
सुख-दुख कारन कर्म सदाई, जासौ काहू की न जुदाई ।।३८१
जाग्रत कर्म अनेक जनम सौं, काल वेग सौ जाही क्रम सौ।
प्रापत[7] मध्य दसा मैं पावत, वस प्रारध्व ही सो विलगावत ।।३८२

१ व्यासजी। २ वर्त्तमान। ३. प्रारब्ध। ४ सचित। ५ न्यून, कम। ६. यमराज।
७ प्राप्त।

पुन्न पाप जिम भोगत प्रानी, देवनहू गति इही दिखाँनी ।
धरमपूत दोऊ पुन ध्याँनी, सोऊ करत कर्म सुग्याँनी ।।३८३
नर-नारायन जिनकौ नामा, क्रस्न विजय[1] दोऊ पूरन काँमा ।
प्रति पुरान सै जाहि प्रमाना, कहत चिरत[2] पावत कल्याँना ।।३८४
अत विभाव-जामैं अधिकाई, सो समुजहु देवेम सदाई ।
रिखी तज काव्य करत नही रचना, रुद्र छोर पूजन की रचना ।।३८५
देव-अस विन और न देता, विस्नु-अंस विन प्रथीपति वेता ।
वृषा[3] अग्नि जम विस्नु कुवेरा, कहत इते गुन हैं इन केरा ।।३८६
प्रभुता और प्रभाव परेखौ, दूसर कोप पराक्रम देखौ ।
करता लै इन असन काजा, रचनः देह करत है राजा ।।३८७
जो वलवाँन लखौ जग माँही, तीव्रहू भाग्यवाँन है त्याँही ।
भोगवाँन अरू विद्या-भाजन, जैसैहु दाँनवाँन जाँनहु जन ।।३८८
येते हैं सब देवन-असी, पडवहू इह रीत प्रससी ।
वासुदेव देवांस वखाँना, नारायन सम तेज निधाँना ।।३८९
सुख-दुख भाजन सबन सरीरा, भोगत है प्राँनी भव-भीरा ।
देव-अधीन जन्म मृतु दोऊ, सुख्ख-दुख्ख जानहु सग सोऊ ।।३९०
पडव सत्यधर्म परवीना, ह्वैगये प्रथम राज सुख हीना ।
विपदा लही विपन कीय वासा, पुन तिन भुजवल करेऊ प्रकासा ।।३९१
जुद्ध जीत भुव राज जमायौ, राजसूय जिन जग्य रचायौ ।
ह्वं सतुष्ट देव हितकारी, वरकौं लै पुन विपत विसारी ।।३९२
अतकाल पुन होय उदासी, वहुरै भये स्वर्ग के वासी ।
नर अवतार विजयं निरधारा, पौरसेय कीय अधिक पवारा ।।३९३
अतकाल पै साहस ऊँना, जिनहू की गति भई जबूँ ना ।
पुन्य करयौ माँनव-तन पाई, कहाँ गयौ क्रम गति कठनाई ।।३९४
सहजै देव न जाँनत सधौ, मनुज लखै कैसै मति-मदी ।
वासुदेव कारागृह वीचै, प्रथम जनम गोकुल गये पीछै ।।३९५
वसकै ग्यारा[4] वरस विताये, उलटे फिर मथुरापुरि आये ।
कस प्रनास अभय सुख कीनौ, दरसन मात-पिता कौं दीनौ ।।३९६

---

१ अर्जुन । २ चरित्र । ३ इंद्र । ४ ग्यारह ।

कारागृह सौ करेऊ निराक्रक[1], पूरन दीय आनंद जिनहु प्रत।
महीपती कोय मथुरा-मडल, उग्रसेन जैसै आखडल[2] ॥३९७
इतनै काल जबन भय उठचौ, व्रज-मडल कौ वास विछूटचौ।
बसे द्वारका जाय बिसभर, ऊँचे रच ऐंवास[3] अडबर ॥३९८
कुटम सहेत रहे दिन कोऊ, श्राप पाय विप्रन सौ सोऊ।
गये प्रभास क्षेत्र गिरधारी, व्रज-मडल पति कुजविहारी ॥३९९
महा द्वेष इठ आपुस माँही, जूझ्यौ जादव-वस जहाँई।
पुत्र पऊत्र[4] सबही परवारा, छप्पन कोट मिले विच छारा ॥४००
क्रस्न व्याध सर लाग कलेवर, सोऊ पार भये भवसागर।
देव अरू देवेसन देखै, लखीयै मनुज जात किह लेखै ॥४०१
व्यास करी नृप सौ बतरावन, पुन चरित्र जाँनहु अत पावन।
सौनक आद रिखन कौ सोई, कीजै सुन ससय जँन कोई ॥४०२

दोहा

कही व्यास पूरब कथा, कुरूपत सुनकै काँन।
जोर हाथ जुग विनय-जुत, पूछेऊ प्रस्न प्रमान ॥४०३
रोहिनेय हरि अवतरे, अरजुन लीय अवतार।
सब दुष्टन कौं सघरन, भूम उतारन भार ॥४०४
अवनी द्वापुर अत मैं, सुरभी धरचौ सरीर।
ब्रह्मा सौं कीनो विनय, पाप परॉयन पीर ॥४०५
विध कीनी हरी सौं विनय, कमलापति सुन काँन।
अँमर सग लै अवतरे, पीडत मही पिछाँन ॥४०६

छद उधोर

वसुदेव-सुत[5] जुगवीर, सतपडु विजय सधीर।
खित जीत भारथ-खड, दीय दुष्टजन कौ दड ॥४०७
भक्तन निवारी भीत, अतताय हनेऊ अभीत।
आचार्ज[6] भोषम और, वाह लीक द्रुपद वहोर ॥४०८

१ मुक्त। २ इद्र। ३ आवास। ४ पौत्र। ५ पांडु-पुत्र = पाण्डव। ६ द्रोणाचार्य।

वैराट कर्न[1] विनेस, मारयौ सु रन मद्रेस।
दु.जोव सकुनी दुष्ट, नृप करे अनगन नष्ट ॥४०६
भुव कौ उतारयौ भार, सब राजकुल संघार।
श्रीकृस्न कौ रनवास, खोस्यौ नु आवत खास ॥४१०
काली मलेछ किरात, सक हने क्यौंन[2] सँघात।
बस रहे धरनी वास, मडता चड मवास ॥४११
कहा भार टारयौ कृस्न, जगती प्रजेता जिस्नु।
इह दसा कौ अवगाहि, सदेह वढत सिवाहि ॥४१२
सुन व्यास नृप सिद्धत, उत्तर दयौ इह अंत।
वसु काल वरतत वार, प्रज धर्म होत प्रचार ॥४१३
जुग वर्तमाँन ज्यूंहीज, बोवै सु निपजै वीज।
जो धर्म-धारक जीव, सतजुग्ग[3] जन्म सदीव ॥४१४
सुख धर्म अर्थ सुभाय, अवतरत तेता[4] आय।
श्रम अर्थ काँम धरेह, उपजत द्वापर येह ॥४१५
चित अरथ काँम जु चाहि, मिल ऊपजत कलि माहि।
इह काल की गति आद, मति गहत सोइ मुरजाद[5] ॥४१६
रचना न पलटत रीत, नृप येह समुझहु नीत।
वसू धर्म न्यून विसाल, करता सु जानहु काल ॥४१७
सुन व्यास की कथ सार, बोल्यो सु नृपत विचार।
अदेस मेटहु और, मुनि विप्र-कुल के मौर ॥४१८
जे सत्ययुग के जीव, सब धर्म-तत्पर सीव।
सब रहत कौन मुकाँम, करता सु ऊत्तंम काँम ॥४१९
त्रेताहु द्वापर तेम, नित दाँन व्रत जिन नेम।
मुन कहहु सुनकै मत, वेला विधाँन वृतत ॥४२०
जे दुराचारी जीव, कलिकाल संभव क्लीव।
जे देव-निंदक जाल, कहाँ रहत है कतुकाल ॥४२१
विस्तारपूर्वक बात, निच कहहु मुनि निस्नात।
बोले सु व्यास विचार, नृप प्रस्न सुन निरधार ॥४२२

---

१ कर्ण। २ क्यों नहीं। ३ सत्ययुग—मू प्र. सतजुगा। ४ त्रेता। मर्यादा।

ऋतुकाल सुभ करनीन, पुन्यातमा परवीन।
चहु वरन ऊतँम चाल, पथ धर्म कर प्रतपाल ॥४२३

सुभ-कर्म निवहृत सोय, सुरगीय होत सकोय।
जे रजक आदक जात, सत दयावाँन सुग्यात॥४२४

अद्रोह रहकै आप, पाखंड तजकै पाप।
जुर ऊर्धगति कौ जात, सज्जन समागम साथ॥४२५

जुग जिमहु त्रेता जाँन, इह रीत द्वापुर आँन।
सुभ करत करनी सग, पद ऊँच लहृत प्रसग॥४२६

कलिकाल जीव कितेक, जत धर्म-हीन जितेक।
नित करत नरक निवास, उद्धार की तज आस॥४२७

कलिकाल आवत क्रूर, अघ पुन्य सम अक्रूर।
जव होत मानव जात, वेदन वखाँनी वात॥४२८

अरू सत्यजुग कौ आद, बल होत कलजुग वाध।
जव पुंन्य आतम जीव, सोइ जन्म लेत सदीव॥४२९

वँह स्वर्ग सौं भुव आय, प्रगटत सु काल ही पाय।
अरू होत द्वापुर अत, कलिकाल चाल करत॥४३०

जव नरक-वासी जीव, कलिकाल प्रगटत क्लीव।
सुन नृपत काल सुभाव, वसु होत नित वरताव॥४३१

अन्यथा होत न ऊँन, क्रमजोग च्यारहु कूँन।
कलिकाल कठन कराल, पथ असत धर्म प्रचाल॥४३२

जिह रीत राजा जाँन, परजा ज्युँही पहिचाँन।
जो कदाचित क्रम-जोग, पलटै सुभाव प्रीयोग॥४३३

जन सुक्रती ह्वै जोय, कलिकाल साधू कोय।
हरि-भजन सौ कर हेत, सुभ जोग त्याग सहेत॥४३४

कलकाल घोय कलक, निख्याध होय निसक।
अधिकार पावत ऊद्ध, सत करम करता सुद्ध॥४३५

जनमैं सु द्वापर जाय, त्रेताहु सतजुग ताहि।
त्रेताहु सतजुग ताँम, कोऊ दुष्ट करता काँम॥४३६

उपजै सु कलजुग आय, नित ईस घर कौ न्याय।
सव पाप पुन्य सजोग, भोगत सुभासुभ भोग॥४३७

कीनै सु जैसै कर्म, धारत जिही विप्र धर्म।
अनुसार जुग आचार, पुन करत धर्म प्रचार॥४३८

श्रीव्यास लख सु प्रसन्न[1], पुन कर्यौ राजा प्रश्न।
जुग-धर्म देहु जताय, सत-असत कर्म सुभाय॥४३९

जब कह्यौ मुनिवर जोय, सुन लेहु राजा सोय।
प्राँनीन काल प्रभाव, सज्जनहु होत सुभाव॥४४०

द्रष्टात सहित उदंत, मैं कहत हूँ मतिवंत।
पितु तोहि धर्म-प्रवीन, मति भई जाहि मलीन॥४४१

करतूत वस कलिकाल, स्वाभाव पलट सु चाल।
दुज कठ डार दुजीह[2], लोपी मृजादा लीह॥४४२

जो उपज वस जजात, निज धर्म-रत निस्नात।
सो पाप दुस्तर श्राप, वपु तज्यौ करत विलाप॥४४३

पथ धरम करन प्रीयोग, जीय काल जाँन-न जोग।
ऋतुकाल की सुन कथ्य, मैं कहत भूप समथ्थ॥४४४

द्रढ वेद विप्र भूदेव, स्त्रुति परा-भक्ती सेव।
उर सुद्ध हेत ऊधार, करता सु जप ओउंकार॥४४५

गायत्रि इष्ट गरीय, ध्रति ध्याँन चित धरनीय।
जप वीज माया जाँन, गरू-कर्म ग्याता ग्याँन॥४४६

महमाय मंडप मड, आराधनीय अखड।
जिग करत पूजा जाप, त्रय देह मेटत ताप॥४४७

अरू छत्रि सूर उदार, नीतग्य नय[3] निरधार।
निज प्रजा पालन नेम, परमार्थ सौ हीय पेम॥४४८

क्रपी-कर्म वैस क्रतीह, वसू करत उतपत व्रीह।
व्राँनज्य वृद्धि वसाय, गोपाल पोखन गाय॥४४

सब सूद्र जाती सेव, भल रीत जाँनत भेव।
निज जीवका निरवाह, गुन आपने अवगाह॥४५०

इह सत्ययुग आचार, पुहमी सु होत प्रचार।
निस्तार जाँनहु नेम, त्रेताहु द्वापुर तेम॥४५१

---

१ मू. प्र. सुप्रस्न। २ सर्प। ३ न्याय।

ऋतुकाल तैं सुभकर्म, धारना आरीय[1] धर्म।
भौ नूनता[2] कछु भाव, सोई काल पाय सुभाव ।।३५२
जनमे सु राक्षस-जात, अघपूरता ऊतपात।
अवतरे कलजुग आय, कुल विप्र विप्र कहाय ।।३५३
पाखड दभ प्रवीन, वाचाल वेद विहीन।
रत सूद्र सेवा रीत, नही सास्त्रवेता नीत ।।३५४
तज आद कर्म तिकोय, मन मान धर्म मिलोय।
परचाय लाय प्रतीत, विध करत जग विपरीत ।।३५५
करकै खुसामद काज, वित लेत रचकै व्याज[3]।
मुख मिष्ट स्वारथ मीत, नय सीख देत न नीत ।।४५६
सुभ-धर्म आस्रत सत्य, वँह मूल होय अनित्य।
परजा अकर्म प्रभाव, अघ वढत वसु अन्याव ।।४५७
तज धर्म छत्री त्याग, जजु काँम वर्जत ज्याग।
परजाँ मु दै दै पीर, अन्याव लोभ अधीर ।।४५८
जिम वैस्य सुद्रहु जात, विप्रीत-धर्म वसात।
विभचारनी वहु वाँम, पति-व्रत्ति[4] चित ऊपराँम ।।४५९
करता सु काँम कलेस, भरता सु पातक भेस।
आचरन सुद्ध आहार, नही करहि नर अरू नार ।।४६०
आहार सुद्धि अधीन, पुन चित्त सुद्धि प्रवीन।
चित्त सुद्धि धरमाचार, नय नेम इह निरधार ।।४६१
कलि विप्र जाती काज, सोइ करहि सूद्र-समाज।
जप व्रत सकर जोग, वढ होय धर्म विजोग ।।४६२
इह पायकै असलील, सव नष्ट होवहि सील।
जव वरन-सकर जात, वसू होयगी विख्यात ।।४६३
सोइ जाय नरक सदीव, जेतेक कलजुग जीव।
कलिकाल धर्म कथाह, जाँनै न जीव जथाह ।।४६४
धरमात्म हू तज धीर, तेऊ पाय कल तासीर[5]।
करहै विपर्जय काँम, निज धर्म कौ तज नाँम ।।४६५

---

१ आर्य। २ न्यूनता। ३ कपट। ४ मू प्र. पतिव्रति=पातिव्रत। ५ गुण।

परिभाव कलि कौ पाय, ससार गहिहि सुभाय।
चहुँ काल चहुँ विध चाल, वरनी सु वेद विचाल ॥४६६
राजा विचार रहस, पूछी सु व्यास प्रसस।
जे पाप करता जीव, सकलक रहत सदीव ॥४६७
तिनके छुटै तन-पाप, वँह कथा कहीयै श्राप।
वोले सु व्यास वहोर, महाराज[1] सुनीयै मोर ॥४६८
श्रीपरासक्ती सेव, भक्ती करै लहि भेव।
जग-जननि करकै जाप, तनकै मिटावै ताप ॥४६९
सुभ देख पुन्य सुथाँन, ध्यावै सु अवा-ध्याँन।
अघ भसम होय अनेक, वाढ़ै सु पुंन्य विवेक ॥४७०
अपराध छूटहि आध[2], वपु होय जन निव्यधि।
आराधनीय अखंड, महमाय करता मड ॥४७१
व्याह्लती अजपा वाँन, सोपाँन मुक्ति सयाँन।
चढ जाहु कलि कर छेह, मलि धोय भात्ती[3] मेह ॥४७२
गायत्री दाता ग्याँन, द्वज-वर्न कौं सुख दाँन।
सोइ आद-मात सरूप, भजीयै सु निस-दिस भूप ॥४७३

दोहा

प्रस्न करयौ पारासरीय, प्रमुख परीखत-पूत।
सोइ पूछत है हित स्रवन, सौनकाद मिल सूत ॥४७४
ऊत्तम तीरथ अवन पै, सर सरता अरू सैल।
जाँने चाहत जाहि कौ, मन तस मेटन मैल ॥४७५
जात्रा करन विधाँन जिह, स्नाँन दाँन फल सुद्ध।
सवन कहहु समुझाय कै, पुहमी होय प्रसिद्ध ॥४७६

छंद हरगीतका

सुन भूप प्रस्न अनूप स्रवनन वेद व्यास विचारकै।
तीरथ कथा विस्तार सौं सोऊ लगे कहन सुधारकै ॥

१ मू प्र माहाराज। २ आधि। ३ भक्ति।

अस्थाँन देवी जहाँ ऊँन्नत जाँनने ध्रम जोग है।
सो कहत तोसौं हेत सुभ सव पुंन्यदाय प्रीयोग है ॥४७७
नद गग जमुना नर्मदा सरजू वितस्ता सरसुती।
चर्मनवती पुन चद्रभागा गल्लकी अरु गोमती ॥
कावेरिका सिंधव सुक्रस्ना अभ्रमती गोदावरी।
तमसा तथा तपनात्मजा तिंह पुन्य रूप प्रभावरी ॥४७८
पाथोद मैं नद जाय प्रवसत जिती ऊत्तँम जानीयें।
अघहारनी जगतारनी इह महाँ पावन माँनीयै ॥
मिल मास नभ स्रावन मही सरता सु होवत रजसुला[1]।
वपु सुद्धि हित जिह स्नाँन वर्जत जाँन्हवी विन अनजला ॥४७९
पुस्करारण्य प्रभास[2] पावन ज्यूं प्रयागहु जाँनीयै।
कुरुक्षेत जैसेंहु नेमखारन पूज्य धरम प्रमाँनीयै ॥
अरवुदा[3] आरन वसु उजागर ध्याँन अवा धेइयै।
श्रीसैल और सुमेर सिखरी गंधमादन गेइयै ॥४८०
सुस्रेय पावन विंदु सरवर लेख माँनससर लहाँ।
अक्षोद जहवाँ वद्री-आस्रम नर-नरायन रह तहाँ ॥
सतजुपा आस्रम वाँमनाश्रम करेऊ तपसा काय सौं।
परसिद्ध जग मैं नाँम पावन जानीयै गति जाहि सौं ॥४८१
ये सवै तीरथ महा ऊत्तम दरस देव दिखाइयै।
व्रत दाँन जग्य विधाँनें तप वपु जजन जात्रा जाइयै ॥
कहु होत सुद्धी क्रीया कर्मन द्रव्य सुद्धी दाँन सौ।
कहु चित्त सुद्धी जाँनीयै कछु गिरा आदक ग्याँन सौं ॥४८२
तत तीर्थ जात्रा ताहि सौ मन तजत नाँहि मलीनता।
अहकार सजुत धर्म, उर्मी, दोख उर जस दीनता ॥
तीरथ व्रत रु साधना तप विघनकार विसेखीयै।
मल माँनसी तज होय निरमल दसा कवहुँ न देखीयै ॥४८३
आचर्न[4] सत्य रु सौच आदक पुन अहिंस्या पालना।
सतसग विन नही मिलै समता कितव, झपै काल ना ॥

१ रजस्वला। २ क्षेत्र। ३ आबू। ४ आचरण।

सज्जन समागम देत है सुख तीर्थ जाँनहु ताहि कौं ।
मिट जाय ह्रदय-मलीनता, इह दिव्य गनहु उपाय कौं ।।४८४
तट गग वसत वसिष्ठ तपसी महा[1] विस्वामित्रहू ।
आडी वने इक वक अगोका चोह कीन चरित्रहू ।।
इक अयुत वच्छर भयौ अद्भुत जुद्ध जाजुल जोर सौं ।
विस्मयत भये सव स्वर्गवासी देख तम-गुन दौर सौ ।।४८५
जब व्यास सौं करजोर कै करुविद्र पूछी इह कथा ।
वासष्ट विस्वामित्र प्रव्रत[2] जाहि वरनहु मति जथा ।।
सब कह्यौ व्यास सुनायकै रविवस राजा राँम के ।
पर पितामह भये काल पूरब नृपत हरचद नाम के ।।४८६
जिह पुत्र हित सुर वरुन जिग करकै प्रतग्या इह कही ।
अघ दोष मिटहि अऊत[3] कौ जनमैं सु मेरे सुत जही ।
नरमेध करकै जिग्य निश्चय देहुगौ बलिदाँन कौं ।
प्रारंभ कीय उर धारकै पन हेर लाभ रु हाँन कौं ।।४८७
सतुष्ट भये जव वरुन सुख सौ सुभग राजा सुदरी ।
गुर्वनी ह्वै निज गेह मैं अनछेह वढेऊ अनदरी ।
धीमत गर्भाधाँन के कीय ससकारहु कर्म कौ ।
ऊतपन्न भयेऊ अनूप अगज धारना कुल धर्म कौं ।।४८८
अत होन लागे जनम उच्छव[4] जही अवसर जाँनकै ।
वन विप्र आये वरुन सुरवर अर्थना अनुमाँन कै ।
करजोर राजा इह कही नारी प्रसूता न्हाँन सौं ।
सुध होयगी जब देहगे सुत बलि प्रदाँन विधाँन सौं ।। ४८९
इक मास बीतत अवध पै नारी विजाता[5] न्हायकै ।
सुध भई पुन ताही समै इत वरुन पहुँचे आयकै ।
बलिदाँन माँग्यौ विप्र बनकै प्रथम रीत परेखकै ।
मन होय व्याकुल महपती विसवास हीन विसेखकै ।।४९०
जब कह्यौ राजा प्रत परजन देहगे बलिदाँन कौं ।
कर ससकार निसेक आदिक वस रीत विधाँन कौ ।

१ मू प्र माहा । २ युद्ध वार्ता । ३ पुत्र-हीनता । ४ उत्सव । ५ प्रसूता ।

चुप होयकै तव गये तिह छिन वरुन सुनकै वात कौं।
राजा सु करनै लग्यौ रीती जॉन छत्रीय-जात कौ ॥४६१
तिह नाम दीनौं रोहिताष्य सुवेस दिन-दिन वृद्धता।
गरू-कर्म सीखन लग्यौ गरू सौं सस्त्रभ्यासन सिद्धता॥
परवीन पढकै भयौ पडित वेस बाल वितायकै।
कह दई काहू वरुन की कथ जग्य-भेद जतायकै॥४६२
भयभीत ह्वै सु विपन भाग्यौ अपुन प्रान वचावनै।
गिर-किंदरा कहुँ दुरयौ गहवर जनन पहुचै जावनै॥
इत वरुन आये पाय अवसर नृपत पै हित नेम कै।
वलिदाँन माँग्यौ वहुरकै जिह जग्य-रीती जेम कै॥४६३
लख वरुन कौ लाचार ह्वै सुत की हकीकत अनुसरी।
कहा करूँ भाग गयौ कहाँ भय पाय मृत्यु भरा-भरी॥
सुन वरुन दीनौं स्राप कौ अहो मृखावादी अघपती।
कर कपट मो सौ लयौ सुत कँह देख हौं दुख दुरमती॥४६४
वढ है जलोदर वेदना मोंहि सत्य वाचा माँनीयै।
सुन भूप चुप ह्वै भयौ स्रापत हीय सौ लख हाँनीयै॥
गये वरुन अपने लोक कौं गृह भूप वाधा वस भयौ।
कोऊ पथक सुनकै इह कथा कँह कँवर कौं जावहु कह्यौ॥४६५
धिक्कार तोको देह धारी पिता तन सौ ऊपज्यौ।
सो देह सौं हित लाय स्वारथ भीत सौं काँनन भज्यौ॥
जव कँवर चाल्यौ जानकै पितु मिलन कौं हित पायकै।
करै नहि भूट सौं कोय कथन्न, सदा सत सील रहै सुप्रसन्न ॥२९६
कुमारग-गाँमीय पै कर क्रुद्ध, निवारन कारन काज निसिद्ध ।
दिवावत क्रूरन चोरन दंड, पराक्रम ताहि दिखाय प्रचंड ॥२९७
करै वस इंद्रीय कौं तज काँम, गहै नहि लोलुप ह्वै सुखग्राँम ।
सपुत्र कौ काज लहै हित सिद्ध, सुमित्रन मंत्र विचार सनिद्ध ॥२९८
अकारज कारज चिंत इकंत, मिलायकै गूढ रखै निज मंत ।
लघू जिह वैरीय कौ वड लेख, दहै तिह च्यार उपायन द्वेख ॥२९९
करै कोऊ भेद की वात कुमित, वँही लख आपसौं राखीये अंत[4] ।
पिछाँन कै हेरक चातुर पूर, दसू-दिस वात मँगावहि दूर ॥३००
अरिष्टहु इष्ट विचार अरथ्थ, सुकारज और अकारज सथ्थ ।
करै हित आपनौ जाँनकै काँम, विचारकै लावहि नाँहि विराँम ॥३०१
निरथ्थक-वाद तजै कर नेम, जथा कछु वात करै नय जेम ।
सबै नही वंचक दुष्टन संग, रचै नही नारन कौ बहु रंग ॥३०२

१ प्रणाम। २ रस्सियों। ३ अपराध। ४ अन्तर=दूर।

परायन पाप जुआ मदपाँन, तजै सुख राग-तरगन-ताँन ।
कुनारीय वारवधू कुटनीन, पराइय नार तजै परवीन ।।३०३
करै जन और निवारन कार, करायकै दडहु कौल-करार ।
क्षिपा[1] जव च्यार घटी रहै सेस, वतावत ब्रह्म-महूरत्त वेस ।।३०४
नहावत्त लायकै ऊत्तम नीर, सुधारत अँवर स्वच्छ सरीर ।
परावका-पूजन ध्याँन पुनीत, करै विध वेद सौ अस्तुत क्रीत ।।३०५
वढै धन-धाँनहू सतति चित्त, पदारथ च्यार लहै परवृत्त ।
गहै चरनोदकहू जुत ग्याँन, मिटै गृभवास कौ दुःख महाँन ।।३०६
जिते द्विज वेद-परायन जाहि, वसायकै आदर धाँम बुलाय ।
सुभासन ताहि करै सनमाँन, दीयै गऊ सोवृनहू अन[2] दाँन ।।३०७
दुजन्मन जाँनहु भूमपै देव, सदा सुभदायक ताकँहु सेव ।
वतायकै राज की नीत विसेख, कँवारकै भूप करयौ अभिषेक ।।३०८
गयौ तट गग सोई तज ग्रेह, दई हित आप ऊधारन देह ।
करी सग राँनीय सेवन-काज, सवै सतवृत्त कौं सूँप समाज ।।३०९
करयौ तप-साधन त्याग कै काय, जम्यौ सोई इद्रपुरी विच जाय ।
जमाय कै राज त्रसक जमीन, पराक्रम जाहि प्रचारीय पीन ।।३१०
वसष्टहु आय मिले तज वक, तप्यौ धर छत्र नरेस भसक ।
करे जिग होम जथा करतूत, सवै विध सूरज-वस सपूत ।।३११
हितू जग पूत भयौ हरचद, उहा सत माँनहु पूरन इदु ।
सवै सुभ लच्छन जाहि सरीर, विचच्छन काज महा[3] वरवीर ।।३१२
विसारद वेद की रीत विधाँन, जिही सुखदायक लायक जाँन ।
करयौ जुवराज तिही अभिषेक, दुजन्मन जोर महूरथ देख ।।३१३
धुरधर जाय वसिष्ट के धाँम, पदावुज कीन गरू-परनाँम ।
कही करजोरकै भूपत कथ्य, सनातन आद गरू समरथ्थ ।।३१४
अमाँनुप-भोग सुरालय येह, दिखावहु आनँद मानुखी-देह ।
करावहु जग्य तथा जप कोय, मुनीसुर लोक वसावहु मोहि ।।३१५
डरावत मृत्यु भयकर दोख, मृतु विन चाहत है हम मोख[4] ।
भली विध देवन भोगहि भोग, अमीरस पाँन सौ होय अरोग ।।३१६

१ रात्रि । २ अन्न । मू प्र. माहा । ४ मोक्ष ।

विलव न कीजीयै वेद विचार, ग्रहो अभिरूप करौ उपचार ।
विचारकै उत्तर दीन वसिष्ट, इहै तुम भाखत वात अनिष्ट ॥३१७
ग्रहो तन मांनव कर्म अधीन, परायन पुन्य गये परधीन ।
वसे मृतु होयकै देवन-वास, अनांद सौं नेम इही अविनास ॥३१८
वसिष्ट की वात सुनी होय वक, तमोगुन पायकै वोल अगक ।
भरे रिस मो-हीय पै सोइ भाव, अजौं नही जांनत ताहि अभाव ॥३१९
तज्यौ अहकार न कारन ताहि, पुरोहित और के पुज्जहि पाय ।
करावहि जिग्य हमै करतव्व, सनांतन मांनहि ताकँहु सम्य ॥३२०
सुरालय जावहि सुक्रत साथ, विचारकै वर्धांन कह्यौ गरू वात ।
सुनी इह भूप की वात वसिष्ट, तपायकै[1] श्राप दयौ पुन तिष्ट ॥३२१
भयौ निकलक रह्यौ तऊ भाव, पिसाच की वृत्र गह्यौ परभाव ।
हरी तीय विप्र करी गऊ हांनि, महा अघगांमीय नीच महांन ॥३२२
भयौ जग जाहर मै मति भड, दिखावत जोग महा जम दड ।
चहै सुरलोक के भोग चिरत्र, इहै तन मांनव सौं अपवित्र ॥३२३
भये मृतु पै न मिलै सुख-भोग, अनेकन कांम करे अनजोग ।
पराक्रम पायकै होहु पिसाच, वसिष्ट के साच सुनौ इह वाच ॥३२४
दयौ फिर श्राप गयौ नृप दूर, धरी उर आस मिली सोइ धूर ।
गही तव फेर वँही दुरगध, सरीर की नासत होय सुगंध ॥३२५
सुवर्न के कुडल मडत स्रांन, प्रभाहृथ होगये सोय पखांन ।
थई गज-चर्म ज्युही छवि थूल, घसी सुच वास मलांनीय धूल ॥३२६
वनी तन-आक्रतहू विपरीत, भरे अघ-भार भये भयभीत ।
गये गृह कौ न करयौ वन-गांन, सरूप कौ धार पिसाच समांन ॥३२७
कुटी तट गग महीपत कीन, दसा दुखदायक सौं भये दीन ।
सुनी हरचदहु वात सपुत्र, तहां सव मत्रिन भेजेऊ तत्र ॥३२८
कहे तिह जायकै भूप कथन्न, इकत मै वैठ भये अप्रछन्न ।
सरापत[2] होगये और सरूप, रहे तऊ पुत्र के तीरथ-रूप ॥३२९
पधारहु औधपुरी सुत-पेम, निभावहु सासन सजुत नेम ।
संबोधन मत्रिन कौ कर साथ, निवेदन किन्नीय कोसलनाथ ॥३३०

---

१ क्रोधित होकर । २ शापित ।

सुनी हरचद की वात सलाह, इहै हीय फेर कही अवगाह।
हित्तू सुत मेर महा[1] हरचद, समै इह मोर विचारीय सध ।।३३१

दोहा

गायत्रीजप–निष्ट गरू, दीनौ श्राप दुरत।
भोग करहुँगौ भागवस, अवधपुरी सौ अत ।।३३२
पुत्र मोर हरचद प्रीय, करहु राज-अभिषेक।
आवहुँगौ नही मै अवध, व्रपु चंडाल कर वेख ।।३३३
करहु राज-कारज कुसल, सव मन्त्रिन कौ साथ।
मो सुत अरू मेरै मँही, गनहु न दूसर गाथ ।।३३४

छंद त्रौटक

सुन भूप त्रसंक के सासन कौ, सव मत्रीय थाप सिघासन कौ।
कीय चचक भाल कुमारह कै, भुज ताहि धरयौ रज-भारह कै ।।३३५
हरचद कौं देख प्रजा हरखी, वरखा अवग्राह[2] मनौ वरखी।
उत भूप त्रिसक इकंत मही, तप-साधन लागेऊ ठौर तही ।।३३६
परवीन अराधन सक्तिपरा, जप मै वपु जोग जमाय जुरा।
मुनि कौसक केतक काल मंही, तप साधकै आयेऊ धाँम तही ।।३३७
महिला जुत पुत्रन आय मिले, दोऊ ओर वियोग कौ दु'ख दले।
कहनै कँह लागेऊ वीती कथा, जुत पुत्रन नारीय देख जथा ।।३३८
तप नेम करयौ पँहिलै तनकौ, इतनै मँह काल परयौ अनकौ।
पराजा वस भूख पिरावन मै, खिन कंद लगे फल खावन मै ।।३४६
हम भूख विजोग विहाल भये, नहि फूल मिले कद मूल नये।
विभुखा[3] जव काजल-कोर वढी, चित आय अनर्थ की वात चढी ।।३४०
चलकै हमहू गये चोरीय सौं, जव जाय चडालय जोरीय सौ।
भरकै लख हाँडीय भोजन की, पल पूरन सिद्ध प्रयोजन की ।।३४१
कवका[4] हम लेन लगे-कर मै, घर कौ धनी जाग उठ्यौ घर मै।
सोइ वेल[5] कह्यौ हमसौ सुपचा, पहिचाँनहु कुक्कुर-मांस पचा ।।३४२

---

१ मू. प्र. माहा। २ दुर्भिक्ष। ३ विभुक्षा=भूख। ४ ग्रास=निवाला। ५ समय।

कुन हौं तुम चाहत भक्ष करा, पुन दोष न दीजीयै मोहि परा ।
वच बोल उठे हम ब्रांमन है, भय भूख-ग्रसे मति भ्रांमन हैं ।।३४३
कछु सुक्षम धर्म की रीत कहै, गनकै हमहूँ वँह नीत गहै ।
मुनि भाखत आपतकाल मही, निरनै जिह मेघ अमेघ नही ।।३४४
तन राखीयै जाहीय ताहीय सौं, कछु दोष लगै नही काहीय सौं ।
मँडकै वरखात न मेघ मही, इहतौ हम जांनत दोष वँही ।।३४५
मुख बोल कहे हम आप मतै, जुरकै नभ-छायेऊ मेघ जितै ।
गज-सूड़ ज्यूंही जलधार गिरी, वरखै-वरखा चमकै-विजुरी ।।३४६
तिह देख चंडाल की ग्रेह तज्यौ, अत आनँद आय हृदै उपज्यौ ।
भर मोद सवै विध भूख भगी, ललचाय सुधर्म की चाहि लगी ।।३४७
धुन पूरव राख लयौ पन[1] कौं, तिह तै नही दोख लग्यौ तन कौं ।
हमरी गत येह भई महिला, परकास करी तुम मौं पहिला ।।३४८
तुमही कहीयै कछु वात तीया, हित वालक सौं हहरात हीया ।
सुन वात इहै पति की सवही, तज व्याज लगी कहनै तवही ।।३४६
तप कौं कर नेम गये तुम तौ, हित पुत्रन ग्रेह रही हम तौ ।
अन-काल परचौ इतनै अरसै, इहकाय रही विमुखा डर सै ।।३५०
कद-मूल मिले नँही फूल-कली, फिरती रही खोजन-काज फली ।
निरवाह कौं नांहि लख्यौ निरनौ, सुत कौं न मिल्यौ कितहूँ सरनौ ।।३५१
गहि पुत्र कौ वेचन काज गई, रसरी गल डारकै मार रही ।
चिललावत वालक लार[2] चल्यौ, मग मै इक राजकुमार मिल्यौ ।।३५२
पुन बोल कह्यौ तुम को प्रमुदा, मोहि साच वतावहु वाच मुदा ।
सतवृत्त हमारो है नाम सही, गँनीयै कुल छत्रीय-जात गृही ।।३५३
दुख वाल कौ देख कै आत दया, तुमकौं इह पूछत वात तया ।
छिन होय गई मीयरी छतीयां, वहुरै हम ताहि कही वतीयां ।।३५४
रिखी कौंसक की सुनीयै रमनी, गहि वालक वेचन कौ गमनी ।
तप-साधन कौं तीय छोर तनै, सोइ चालगये न मिले सुपनै ।।३५५
हठ पाहन सद्रम कीन हीया, सिसु वेचत काल लखै समीयां ।
सतवृत्त कह्यौ प्रवृती सुनकै, मत वेचहु वालक है सुनकै ।।३५६

---
१ प्रण । २ पीछे ।

पल-भक्षन कौं हम नित्य प्रतै, तुम देवहिगे दुरभिक्ष तितै ।
बिसवास जिहीं गृह आय वसी, दुरभिक्ष की आँच[1] नही दरसी ।।३५७
इक द्योस कुमार अहेरन[2] मैं, मृघ सूकर नाँहि मिले वन मैं ।
हठ पाय वसिष्ट की गाय हनी, कर क्रोध कौं श्राप दयौ कुहनी ।।३५८
धुर ताही कौ नाम त्रसक धरयौ, कऊमार कौ रूप चंडाल करयौ ।
भर दोख फिरै भटक्यौ-भटक्यौ, सुख औधपुरी तजकै सटक्यौ ।।३५९
हमरे हित सौं अपराध हुवा, जिह दोस तैं आपहु नाँहि जुवा ।
अघरूप छुरावहु औगुन कौं, गुनही पै करौ तुम ही गुन कौं ।।३६०
मुनि कौसक वात सुनी प्रमुदा, जव वोल कह्यौ हम नाँहि जुदा ।
गरूकर्म तथा तप की गत मौं, मल राज मिटावहिगे मति सौ ।।३६१
त्रीय पुत्र सँवोव चले तपसी, दुख मेटन काज त्रसक दिसी ।
मुनिराज नरेस सौं जाय मिले, झुककै दोऊ हाथन पाँय झिले ।।३६२
दुज उत्तँम आसरीवाद दयौ, नमकै सिर भूप चढाय लयौ ।
कुसलात कौं पूछ मुनिंद्र कह्यौ, हमरे हित मौं तुम स्राप लयौ ।।३६३
अव माँगीयै जो कछु इछत है, वरदाँन लहौ मन-वचत है ।
कर जोर कै भूप त्रसक कही, उरमैं अभिलाख है येक इही ।।३६४
वपु माँनव सौं सुरलोक वसूं, वहु देवन के सुख कौं विलसूं ।
मुनिराज कृपाल ह्वै देहु मती, समरथ्थ सहाय करौ सुक्रती ।। ३६५
जिग जाप करावहु कोय जथा, करनी जुत उत्तँम पाठ कथा ।
नृप कौसक वात सुन्यौ निरनै, ऋतु-हेत विचार लगे करनै ।।३६६
सव वस्तु मँगायकै जाहि समै, जिग[3] कारन किन्नीय सोधजमै ।
दुजजात निमत्रन फेर दयौ, ऋतु रोकन काज वसिष्ट कह्यौ ।।३६७
भुवदेव सु मत्रन के भरता, कोऊ आये नही जिग के करता ।
मुन कौसक जाँन वसष्ट मतौं, छस भूपत सौं कर दीन छतौं ।।३६८
उर होय ससक त्रसक इतै, तपसी मुनि कौसक वोल तितै ।
मत होवहु भूप उदास मना, गृह देवन कै करीयै गवना ।।३६९
तवही जल हाथ मैं लीन तही, जप मात इकाक्षरी कीन जही ।
करनी तप जाहि सकलप करयौ, अघगाँमीय भूपत कौ उधरयौ ।।३७०

---

१ अग्नि, प्रभाव । २ शिकार । ३ यज्ञ ।

उड चालेऊ सोय सुरालय कौं, भर मोद सो त्याग सबै भय कौं।
पहुँच्यौ सोई जायकै इद्रपुरी, कोउ देवन इद्र पुकार करी ।।३७१
वपु वेख चँडाल बनावट कौ, इक आवत है जिनकौं अटकौ।
पुरहुत कह्यौ सतवृत्त-प्रतै, कलि-रूप अहो नृप जात कितै ।।३७२
निज पत्तन मैं कोऊ धाम नही, तुम वास करावहि जा गत ही।
तिहतै फिर जावहु भूतल मै, थिन देवपुरी न रहौ थल मैं ।।३७३
इतनी कथ इद्र मुखा उचरचौ, अवधेस त्रसक अधो उतरचौ।
रिखी कौसक-कौसक बोल रह्यौ, वहुरै हम भूतल आत वह्यौ ।।३७४
करीयै अब मोर सहाय कहू, दुख दीरघ पाप की आंच दहू।
थित होहु कह्यौ रिख थभन कौं, विच व्योम के पाय विस्त्र भन कौं ।।३७५
थिर होय रह्यौ जितही थित कौं, करनै रिखी लाग गये क्रतु कौं।
निपजावन[1] लागेऊ स्रष्ट नई, जप-जोग तथा तप-जोग जई ।।३७६
दनहै सुरलोकहु स्रष्ट वनै, मघवा कीय भूप त्रसक मनै।
वंह उत्तँम वास वसावहिगे, पुरहूत जबै पछतावहिगे ।।३७७
मुनिराज सिधत सुन्यौ मघवा, मुनि धाँम कौं ताँम लयौ मगवा।
विनती कर इद्र कहे वचना, रिखीराज नई न रचौ रचना ।।३७८
घट दिव्य करौ नृप एह धरी, पुन वास वसावहि देवपुरी।
विसवास कै वासव नै वरजा, रिखीराज त्रसकहु दीन रजा ।।३७९
तन होय पवित्र लयौ तवही, जोइ इद्र के साथ गयौ जवही।
मुनि कौसकहू मुद पाय महा, रुच पायकै आपने धांम रहा ।।३८०

दोहा

सुनी वात हरचद-सुत, पितु भये मोहि पवित्र।
सँदेही[2] पठये सुरग, मुनिवर त्रिसवामित्र ।।३८१
मुनिवर विसवामित्र कौं, उर समुझौ उपकार।
करत वडाई नित कहत, धन्यवाद निरधार ।।३८२
पितु कौ मिटचौ कलक पुन, गयौ इद्र-सग ग्रेह।
होय सुखी वाढचौ हरख, नृप हरचद निहेर ।।३८३

---

१ उत्पन्न। २ सदेह=सशरीर।

छंद मोतीदाम

भयी हरचद कै आनंद भौंन, गयौ सुरलोक पिता कर गौन।
करै रिख कौसक की नित क्रीत, गवावत मगल के पुन गीत ॥३८४
मिटी हीय छोभ[1] भयी मन-मोद, वढावत रांनीय राज विनोद।
विधोविध राचत भोग-विलास, उपज्जीय अगज की उर आस ॥३८५
वसिष्ट कौ वूझन काज विचार, नरेस्वर धाँम गये निरधार।
निवेदन सजुत वोल नरेस, अहो गरूराज करौ उपदेस ॥३८६
विना सुत मुक्त न होय वरिष्ट, इहै हम सिद्ध करौ तुम इष्ट।
गये गरू भूल रहे निज ग्रेह, सु होवत रावरै नाँहि सँदेह ॥३८७
मिटायकै संक कह्यौ हम मत, विचारहु जास ह्रदै वरतत।
करावहु जो कछु उत्तँम काँम, लहैं सुत सुंदररूप ललाँम ॥३८८
विचारकै वाँनीय वोल वसिष्ट, अराधहु यादपती[2] सुत ईष्ट।
सतांन की वृद्धिय-कारक सोय, कहै ईतीहास पुरांन सकोय ॥३८९
दहू पुरषारथ और दईव, समाँन ही जाँनीयै भूप सदीव।
अनाद सौ उद्यम आस्रत ईस, करै सिध कारज न्याय कहीस ॥३९०
सुनी गरूराज की वात सनद, हल्यौ तप-साधन कौं हरचन्द।
वस्यौ तट गग इकत मै वास, अरावन यादपती-सुत-आस ॥३९१
मिलायकै आसन पद्म महीस, अराधन लागेऊ पछ्छम-ईस[3]।
धरयौ उर-ध्यांन विसास कौं धार, परजन[4] नाँम प्रचार-प्रचार ॥३९२
भली विध जाँनकै पुत्र कौ भाव, दयौ नृप यादपती दरसाव।
कह्यौ अववेम कहौ कोऊ काज, विचारकै देवहिगे निरव्याज ॥३९३
जहाँ हरचद कह्यौ कर जोर, मिटावहु ऐव[5] अपुत्र-की मोर।
इहै मम वीनती माँनहु येक, सिवाय न मागत हूँ मविवेक ॥३९४
परजन भूप कह्यौ परचाय, तुमै सुत देवहुगे हम ताहि।
दिवावहु मोहीय कौं वलदाँन, विचार कै जग्य की रीत विधाँन ॥३९५
सुनी कथ यादपती सुविचार, करी पुन वातहू अगीयकार।
परजन पाय करार प्रधाँन, दयौ सुत होवन कौं वरदाँन ॥३९६

---

१ क्षोम। २, ३, ४, वरुण। ५ दोष।

तज्यौ तप भूत मिल्यौ निज तीय, लयव्या[1] राँनीय नाम सुकीय।
विवै मिल किन्नेऊ भोग-विलास, वस्यौ सुन ताहीय कै गृभवास ।।३९७
भये दस-मास भयौ सुत भूप, उपज्जीय आँनँद आय अनूप।
वधाई के वाजन लागेऊ वाज, सवै सुख राचत राज-समाज ।।३९८
महोछव[2] होय रहे चहु-मेर, वने द्विज यादपती जिह वेर।
विलव न कीन कह्यौ सुविचार, करचौ जिग ह्वैगये राजकुमार ।।३९९
जवै हरचंदहु भूप सुजाँन, प्रचेताय वीनती कीन प्रमाँन।
जुपै दस-द्यौस पिता सुत जोग, प्रसूतीय नारीय मास प्रयोग ।।४००
पवित्र न होय जितै प्रमुदाह, करे जिग कारन धारन वाह।
सुध्रम के जाँननहार सुग्याँन, वनै किह रीत सौ जग्य-विधाँन ।।४०१
वितै इक मास जितै पति-वार[3], सुधाँम कौं जावहु राज-सिधार।
गये जव यादपती कर गौन, भये सुख राज रहे निभ मौन ।।४०२
निहारकै द्रोनदुधा नव अग, सुवर्न मैं जाहि मढायेऊ सृग।
ज्युही खुर तार[4] मढे दुइ जोर, करी दत विप्रन गाय करोर ।।४०३
दये तिल-पर्वतहू केऊ दाँन, परायेऊ रोहित नाँम प्रधाँन।
भयौ जव पूरन मास सुभाय, इतै फिर वर्न पहुँच्यौ आय ।।४०४
करौ जिग फेर कह्यौ नृप केर, वुलावत मोकह वेर ही वेर।
ह्रदै वहु सोक भयौ हरचंद, फस्यौ दहु ओर सौ दुख के फद ।।४०५
करी तऊ वीनती जोर करग्ग, विचारकै कारन कौ पसुवग्ग[5]।
जमै नही दत जहाँ लग जोय, करै वलिदाँन पसू नही कोय ।।४०६
इहै सिसु दंतन ऊगेउ आय, नही वलिदाँन के लायक न्याय।
विचारकै सोचहु नैक विवेक, परजन राज दयाल प्रवेक ।।४०७
गये जव यादपती निज ग्रेह, दया कर भूपकौं आसिप देह।
विते दिन केतक औध विताय, उगे मुख दतहु रोहित आय ।।४०८
परजन विप्र कौ वेख प्रचार, दिखायेऊ आवत राज-दवार[6]।
जुहारकै जाचना किन्नीय ज्याग, अहो नृप पुत्र तजौ अनुराग ।।४०९
वुलावत मोही कौं वारमवार, प्रतग्या क्यो न करौ अव पार।
करी सुन वीनती भूप कृतग्य, अहो कहा यादपती भये अग्य ।।४१०

१ शैव्या। २ महोत्सव। ३ वरुण। ४ चाँदी। ५ पशुवर्ग या कोटि। ६ द्वार।

करे नहीं दूरहु गर्भ के केस, सिसू किह रीत सौ मागत सेस।
करावहि मुंडन राजकुमार, लहौ वलिदाँन न देर लिगार ॥४११
परजन कीन विदा परचाय, भयौ उर आँनँद भूप सुभाय।
केऊ दिन वीतत मुंडन कीन, प्रचेताय आयेऊ पौरुख पीन ॥४१२
करावहु जग्य कह्यौ कर क्रुद्ध, सवै विध वाल भयौ इह सुद्ध।
सुनायकै वोलेऊ भूप सँदेह, अजाँनही वाल भयौ सुध येह ॥४१३
त्रवर्न कौ धर्म न जाँनत तात, जमै जिह वेर सौं सुद्रही जात।
करै जवलौ न अहो वटुकर्न[1], वनै नही व्रांमन खत्रीय-धर्न ॥४१४
कह्यौ क्रम वैस्यहु कौ करनीय, जथारथ सोच विचारहु जीय।
भयौ सिसु नाँहिन क्षत्रीय-भाव, करौ वलदांन न जग्य कहाव ॥४१५
जनेऊ कौ धारन कारन जाँन, सिधायकै वर्न गये सुसथाँन।
वढ्यौ सिसु वीतेऊ ग्यारह वर्ष, करयौ उपनय[2] जिही उतकर्ष ॥४१६
विचारकै आय गये तँही वर्न, करयौ नृप अंगज कौं वटुकर्न।
हुवौ जिह चित्त जवै हरचंद, निरधर काज सौ औध-नरिंद ॥४१७

दोहा

कह्यौ वरुन नृप कीजीयै, जिग-सामग्री जोर।
आँनाकीनी करत अव, कर-कर वात करोर ॥४१८
राजा वोल्यौ रहँस सौं, त्यारी जग्य तमाँम।
सहँसकार[3] कछु रहेउ सुत, करन-जोग सोई काँम ॥४१९
कर्म जनेऊ दैन कीय, दया आपसौ देव।
दोख छुटयौ वधत्व द्रढ, सो प्रभाव तुम सेव ॥४२०
निगम कहत उपनयन सौं, मास पष्टमै माहि।
होय समावर्तनहु हित, करन देहु सुव काय ॥४२१
देहु पुत्र वलिदाँन मैं, करकै जग्य क्रतग्य।
ऊरन होवहु आपसौं, सुनहु देव सरवग्य ॥४२२
गये वरुन करकै गमन, सुन स्राँनन सौ संध।
भूप रह्यौ निज भवन मै, उर उपजाय अनंद ॥४२३

१ यज्ञोपवीत। २ उपनयन-संस्कार=यज्ञोपवीत। ३ संस्कार।

षष्ट मास गये खेम सौं, बीतत लगी न वार।
काज समावर्तन करन, लागेऊ ह्वै लाचार ॥४२४
आवत-जावत अवध मै, वरुन लखे केऊ वार।
पितु कौ लख्यौ उदास पुन, रोहित राजकँवार ॥४२५
पूंछन लागौ जन-प्रतै, किहु कारन कहदीन।
भागौ सुत भयभीत ह्वै, निपजी वात नवीन ॥४२६
वहुरै इत आये वरुन, जिग्य करावन जात।
बोल्यौ राजा वरुन सौं, तुमहि दोस नहि तात ॥४२७
भाग्यौ सुत मो भाग सौं, जीव छिपाय जरूर।
पाई खवर न तिह प्रतै, देस दिसतर[1] दूर ॥४२८
कहौ आप जैसी करू, लेख करचौ लाचार।
करनी मेरे करम की, है को मेटन-हार ॥४२९
कह्यौ वरुन मुनीयै कुटल, बार बुलाय विचार।
करचौ मोर उपहास क्रम, धरम तोहि धिक्कार ॥४३०
आमय[2] ह्वै है उदर मै, पूर जलोदर पाप।
द्रोही तेरै दोष कौं, सीस चढावहु स्राप ॥४३१

छंद मोतीदाम

गये कहि यादपती निज ग्रेह, दुरतर रोग भयौ नृप-देह।
जही दुख भोगत आठहु-जाँम, नही सुख खावन कौ कछु नाँम ॥४३२
भयौ अनुवछ्छर भोगत भीत, मुनी सुत रोहित वात मचीत।
चल्यौ मिलनेकह कतर छोर, दुजन्म के वेख पुरदर दौर ॥४३३
मिले मग रोक दई तिह मत, विचारहु कालही कौ वरतत।
भरचौ पितु आपने औगुन भार, करै वलिदाँन कौं राजकुमार ॥४३४
विचारहु नीत कै साथ विवेक, विसासँ न रोगी कौ सग विमेक।
जिही विध राखहै आपनौ जीव, करै निज अर्थ अनर्थ कलीव[3] ॥४३५
मरै जब जावहु राज मुकाँम, धरोहर लेहु धरा धन धाँम।
सुनी दुज क्रतँम इद्र मलाह, रह्यौ रुक जावन सौं घर राह ॥४३६

---

१ देश-देशान्तर। २ रोग। ३ क्लीव।

रह्यौ वन बीच सोई पग रोप, गही गिर-किंदर कौं मति गोप।
मनोरथ कीनेऊ फेर मिलांन, मिले मग आय ज्युं ही मघवांन ।।४३७
विनास कों भूप लख्यौ वरतत, मिले कुल-प्रोहित सौ कीय मत।
वसिष्टहु आंनीय वीतत वात, घली जजुमांन के ऊपर घात ।।४३८
कही गरू मंत्र विचारके कथ्य, अहो नृप भूल भये असमथ्थ।
कह्यौ मनु-नीत मैं पुत्रहू क्रीत, वसावहु मोलको दे कछु वीत[1] ।।४३९
जही वलीदांन करौ रच ज्याग, भरोसौ राखहु आपने भाग।
गयौ सुत ताहि कौं कोन गुनाह, रखै जीय आपनौ अपनी राह ।।४४०
सुन्यौ गरू-बोध भयौ सुप्रसन्न, कह्यौ सोई मत्रन बोल कथन्न।
विचारकै मंत्रिन मत्र विसेस, दिसा-विदसांन चले विच देस ।।४४१
अकिंचन जाहि मिल्यौ द्रुज येक, वसै अजिगर्त सु नांम विसेक।
जिही सुत तीन सुनी कथ जास, पहूंचेऊ धीमक[2] ताहीकै पास ।।४४२
कह्यौ तिह तीन मैं देवहु येक, दयै मत गाय अहो दुज देख।
जिही अजिगर्त कहेऊ जथाह, तुमैं सुत देवहि येक तथाह ।।४४३
बडौ सुन-पुच्छ न सक्कहि वेच, समापन याल करै जल-सेच।
सुनो लांगूल लघू सुविचार, परवै सोइ मात रखै-कर प्यार ।।४४४
तनै मझलौ सुनसेफ तिकोय, वसायकै वित्त सकाय विकोय[3]।
सुने कथ मत्रीय होय प्रसन्न, दई मत गाय सुमोल मैं दन्न ।।४४५
लयौ सुनसेफ कौं संग लगाय, पहूंचेऊ औधपुरी सुख पाय।
करयौ त्रिम हाजर दारक क्रीत, प्रचारेऊ जग्य को काज पुनीत ।।४४६
सतभ कौं बांध दयौ सुनसेफ, थितौ जिह बांधत है पसूथेफ।
गह्यौ जब कंपन लागेऊ गात, चहूं-दिस देखत औ चिललात ।।४४७
निसूदन-कारन दीन निदेस, उठे केऊ हिंसकहू अवसेस।
गये वध-कारन आय गिलांन, हटे दुज-बालक देखत हांन ।।४४८
दया-वस होय गये सब दीन, किहूं लख बालक घात न कीन।
सभासद देख करयौ नृप स्वाल, करौ करत्तव्य विचारकै काल ।।४४९
सभै चुप साध रहे सुन स्रांन, उठे अजिगर्त पिता सिसु आंन।
कह्यौ सब है धनवांन कुलीन, दरद्र मैं डूब रहे हम दीन ।।४५०

१ वित्त, धन। २ मंत्रीगण। ३ बेच सकते हैं।

अहो सत गाय दिवावहु और, तनी सुत कौ सिर डारहु तोर।
रजावँध होय कह्यौ महाराज, करी हित जाँनकैं पूरन काज ।।४५१
लहौ तुम मागत हौ सोइ लाभ, समापत कीजीयै जग्य सताव।
गहे जव आयुधहू अजिगर्त, सु अगज मारन किन्नीय सर्त ।।४५२
हल्यौ निज कारज सौं कर हेत, पिसाँचकैं घोर पडालहु प्रेत।
कह्यौ तिह जायन राख सकोय, लख्यौ भयभीत भजे सव लोय ।।४५३
सभा-विच होय कुलाहल सद्द, गमागम माचीय आहि गरद्द।
सुन्यौ इह अप्रीय वाँनीय-सोर, दयानिध आयेऊ कौसक दौर ।।४५४
अहो नृप विप्रकौ वालक येह, डरावत भीत मौं धूजत देह।
दया कर छोरीयै येह दयाल, परायन नीत करौ प्रतिपाल ।।४५५
पती पुरओघ त्रसक के पूत, कहैं हम सोय करौ करतूत।
पिता तुम होगये रूप पिसाच, सोइ सुरगीय भये गृहि साच ।।४५६
विलावहि आपही की तन-व्याध, अवै सिसु देहु न दुख अमाव।
इही जिग-जाचना माँगत आज, समापहु दाँनिन के सिरताज ।।४५७
कही वहु या विध कौसक कथ्थ, न माँनीय भूपत येक निरथ्थ[१]।
सवै विध कौसक वुद्ध सयाँन, गये सिसु-पास जवै कर गाँन ।।४५८
विसासकैं मत्र दयौ इकवर्न, करयौ सिसु जाप जँही सुखकर्न।
प्रगट्टेऊ यादपती सिसु-पास वढ्यौ जव जीवन कौ विसवास ।।४५९
सबै जन बोल उठे जय सद्द, निहसत ढोल नगारन नद्द।
महीपत आय करयौ परनाम, करौ मन-वचत पूरन काँम ।।४६०
छिपायकै जीव करयौ हम छद्म[२], छिमा सोइ कीजीयै जीवन सद्म।
लखैं जब दाँनीय लागत लार, वनीपक[३] दोख करै न विचार ।।४६१
मिलै नही पुत्र विना कहुँ मोख, दुरायकैं चित्त करयौ हम दोख।
वडप्पन राखहु आप विवेक, वसावहु नाँहि ह्रदै वितरेक ।।४६२
गयौ निज अगज कोनहु गैल, सरोवर ढूँढ लये वन सैल।
मिल्यौ नही क्रीत लयौ सुत मोल, करौ जिग आपकौ पायकै कौल ।।४६३
निवाजस कीजीयै लै वलीदाँन, दिवावहु मोहि अभै-पद दाँन।
कह्यौ मुन यादपती नृप-काज, रहौ निरव्याध सदाँ माहाराज ।।४६४

१ व्यर्थ। २ कपट। ३ याचक।

छुरावहु बालक बन्धन छोर, तज्यौ हस द्वेख विसेकत तोर।
निरामय[1] होहु इही निरधार, अहो हरिचंद नरिंद उदार ।।४६५

दोहा

सूंनसेफ जहा थभ सौं, छूटे बंधन छोर।
जिग्य संपूरन करेऊ जब, सुभग भयौ जय सोर ।।४६६
जुरे सभा-विच सभ्यजन, सूंनसेफ कीय प्रस्न।
कहहु पुत्र मै कौन कौ, साची कहहु सहिस्नु ।।४६७
सबही सभासद अत सुघर, बोले ताही बार।
अगज है अजिगर्त कौ, निरससय निरधार ।।४६८
बांमदेव बोले वचन, सुनहु सभासद साथ।
दयौ बेच अजिगर्त दुज, अरु पलटै लीय आथ[2] ।।४६९
है सुत इह हरचद नृप, अथवा वरुन ऊवेल।
कीनी ताकौ सुत कहहु, इह सिद्धान्त अपेल ।।४७०
भयत्राता अरु अन-भरन, देत जु विद्यादाँन।
न्याय कहत अरु नीत-वित[3], सब ये पिता समाँन ।।४७१
सबही कहत मयाँन सुन, पितु अजिगर्त प्रधाँन।
कोऊ राजा कोऊ वरुन कौ, पिता कहत पहिचाँन ।। ४७२
बोले जब वासिष्ट मुनि, निरनौ करकै न्याय।
सबही वेदवित अत सुघर, इह भाखत अन्याय ।।४७३
तज सनेह अजिगर्त सुत, बेच्यौ अर्थ बसाय।
तबही गयौ सबध तिह, निरनै समुझहु न्याय ।।४७४
क्रीत पुत्र हरचद कर, मारन कीनौ मत।
तबही गयौ सबध तिह, विखम बार वरतत ।।४७५
करी स्तुत जप मत्र कीय, अरू कीय वरुन ऊवार।
इष्ट स्याहि करता अवस, कहीयत विप्र-कुमार ।।४७६
मुनि हित विसवामित्र कौ, पुरखारथ अरू प्रेम।
जाही कौ सुत जाँनीयै, नाँहिन दूसर नेम ।।४७७

---

१ रोगरहित । २ अर्थ, धन । ३ नीतिवेत्ता ।

वचन सुने वासिष्ट के, नीत विसेसत न्याय।
बोले कोऊन विचारकै, सभा सुजन सरसाय ।।४७८
सूनसेफ दछछन सु कर, मुनि गहि विसवामित्र।
ग्रेह आपनै लै गये, प्रेम-परायन पुत्र ।।४७६
सभ्य गये रित्वक-सदन, वरुन गये निज वाम।
राजा अपने ग्रेह रहे, हित चित धार हुलास ।।४८०
कथा सुनी रोहित कँवर दूतन के मुख दूर।
पितु नृप भये निरोग पुन, प्रगट्यौ आँनँद पूर ।।४८१
निकट आय हरचद नृप, पगन करयौ परनाँम।
सीस सूघ पितु मिलेऊ सुत, धुन वाढी जय धाँम ।।४८२
मिल राजा सुत मत्रि-जुत, करन लगे निज काज।
राजसूय-जिग फिर रची, मति वसिष्ट महाराज ।।४८३
होता गरू वासिष्ट हुव, परसे जिनके पाव।
जिग सपूरन भयेऊ जव, पायेऊ पुज्ज-पसाव ।।४८४

छंद त्रोटक

गरू पुज्जत ह्वै सुरलोक गये, निध पाय वनायकै ठाट नये।
मुद लायकै इदर-मदर मं, उत कौसक आय इकदर मै ।।४८५
मिलकै कथ पूछ मुनिंदरहू, सवसेख कै वेख कौ सुनदर[1] हू।
पून कौसक पूछ वसिष्ट प्रतै, कहा पूजन पाये है येहु कितै ।।५८६
सुन बोलेऊ ताँम वसिष्ट सही, नृप काँन सुन्यौ हरचदन ही।
जजमाँन उदार करयौ जिग[2] कौं, पुन पुज्ज कहै हमरे पग कौं ।।४८७
उनकै सम दूसर कोन इला, करता दत कौसल सूर-कला।
हुव नाँहिन है फिर होवहिगे, गुन कीरत मै जिह गोवहिगे ।।४८८
सुन कौसक बोलेऊ ताहि समै, हित वात सुनावत कोन हमैं।
हरचद कौ वाप पिसाच हुवौ, जिनकौं लख ह्वैगयौ आप जुवौ ।।४८९
हम स्वर्ग पठायेऊ जाहीय कौं, गुन भूँल गयौ अवगाहीय कौं।
करकै करुना हम चाहि कह्यौ, दुज कौ सुत ताहि न छोर दयौ ।।४९०

---

१ सुन्दर। २ यज्ञ।

पन हारगयौ कर यादपती, वंह साथहु वात . करी अनूती ।
अदता[1] कर छोरहि जाहिं अवैं, जुर जावहिगे हम जाय जवै ।।४६१
अदना न करु जग-बीच इला, करनी हम जोवहि पुन्यकला ।
वंह आपन दाँनी बनावहिगे, जवही तुमरौं पुन जावहिगे ।।४६२
इह पैंज करी हम आप मतैं, सुर साखीय दै वरतै-सरतै ।
घर ऊठ चले दोऊ ताहि घरी, पथ आप मतै तज इंद्रपुरी ।।४६३
दिन वीत गये कैऊ देखत कै, वचनतर याद विसेकत कै ।
इक द्योस नरिंद अहेरन कौ, हरचद गये मृघ हेरन कौ ।।४६४
तन सुदर जाहि लखी तरुनी, वहु रूपवती स्वरना-वरनी[2] ।
कर रोय रही सिसकारन सौ, धर[3]धोवत आँसुन-धारन सौ ।।४६५
लखकै हरचद जही ललना, कछू देखत जास परी कलना ।
करुना कर ताकह भूप कही, दुख सौ विललावत कोन दही ।। ४६६
दरसावहु मेट करू दुख सौ, रुच पाय जनाय कह्यौ रुख सौ ।
हरचद नरेस अहो हम है, गुनके करता जग कौं गम है ।।४६७
हरचंद कौ नाम सुन्यौ हितसौं, चतुराइ सुनार कही चित मौं ।
अरु आँसुन पौच-अँगोचन[4] सौं, मुद पाय कह्यौ दुख-मोचन सौ ।।४६८
तन कौसक साधत है तन कौ, वरीआई सौ बाँधत है वपु कौं ।
करदेहु निवारन ताहि क्रीया, हहरावत है डर ताहि हीया ।।४६९
जव भूप कह्यौ हम जावत है, मुनि कौसक कौ समुझावत हैं ।
तज सोच रहौ निहचित तीया, कर देवहि वधन मत्र-क्रीया ।।५००
गवन्यौ मुनि-धाँम की भूप गली, पलट्यौ दिन सीस विपत्त पिली ।
तपसी मुन जाय मिले तवही, करजोर निवेदन वात कही ।।५०१
किह हेत करौ कररी करनी, अभिलाख धरौ मति उद्धरनी ।
कुछ चाहत हौ हम सौं कहीयें, दुख पावत देह नही दहीयै ।।५०२
जग पीडत होवत व्याज जँही, कौऊ काँम करै नही आज कही ।
सव राज-मही इह सासन है, सोइ आप सौ कौन सँभासन है ।।५०३
मुनिराज पदारहु[5] धाँम मही, करीयै अनकूल ह्वै वात कही ।
तव कौसक छोर चले तप कौ, जिह ठौर वहोर महांजप कौ ।।५०४

---

१ न देनेवाला । २ स्वर्णवर्णी । ३ घरा, पृथ्वी । ४ अँगोछा (कपडा विशेष) । ५ पधारिये ।

नृपहू निज भौन गयौ नमकं, कर जोर प्रनाँम करे नमकैं ।
जनु सग वसष्टकैं आग जरी, कर भूपत आय अहूत करी ।।५०५
अब कौसक रोख कर्यौ उर मैं, इह भूप नही सुर-आसुर मैं ।
करनी सुभ रोकीय कोन क्रीया, हित की नही जाँनत फूट हीया ।।५०६
तव येक निसाचर घोर तही, अनहोनी क्रीया कीय घोनी[1] वँही ।
वँह भेज दयौ फुलवारीय मैं, कर दाव रुप्यौ विच क्यारीय मैं ।।५०७
तरु तोरत दाँतन तुडन सौं, मसलै-किसलै फल मुंडन सौ ।
खुर मारत पिंड खसोरत है, झल आँनन सौं झकझोरत है ।।५०८
कदली विदुलीतरु[2] कुंजन कौं, भुय लोट लगावत-भजन कौ ।
रखवारन आप लखी रचना, विनती कर भूप कहे वचना ।।५०९
किट[3] वाग मै आय वलाय कढ्यौ, चकचूर करै तरु रोख चढ्यौ ।
रखवारे सवै जिह घेर रहे, अततासी फिरै उमहे-उमहे ।।५१०
तऊ मारचौ मरै नही टारचौ टरै, कहीये सोइ राज उपाव करै ।
हित वात सुनी इह हेरक की, उपवाटका अद्रीय येरक की ।।५११
भट-सग लये तिह भेरन कौं, उठ चालेऊ भूप अहेरन कौं ।
अस पै करकै असवारीयहू, धनु-बाँन रु कूँत सुधारीयहू ।।५१२
केऊ वीरन की अनोयै करकै, फुलवारीय घेर लई फिरकै ।
कर हेर वकारेऊ कुजन मै, पहुपावल[4] के तरु पुजन मै ।।५१३
सोइ घुर्घुर-उच्च कर्यौ स्वरकै, कटकाहट दंतन की करकै ।
अरू कधर रौम उचालीय तै, निकस्यौ मनु गोलक नालीयतै ।।५१४
गिर-टौल मनी गिर सौ गुरक्यौ, नृप आवत सूकर कौं निरख्यौ ।
कर लै धनुवाँन दयौ कररौ, चट आँनन दाव कर्यौ चुररौ[5] ।।५१५
किर[6] देख भयंकर रूप कुप्यौ, रन वाँन प्रहारन भूप रुप्यौ ।
सर दै जिम सूकरहू सरसै, द्रग दूर सनीड जु पै दरसै ।।५१६
विछरै पिचरैऊ चरै वन मै, तऊ वाँनन लाग न दैतन मै ।
भट औ रथ के भट भेरन कौ, हरचद चल्यौ नृप हेरन कौ ।।५१७
कढ दूर गये माहाँ कतर मैं, अरु वीर रहे सव अतर ।
सिर सूरज आय दुपैर-समै, भुवपालहु सूकर-लार भ्रमै ।।५१८

---

१ सूकर । २ वेंत-वृक्ष । ३ सूकर । ४ पुष्पावली । ५ चूर-चूर । ६ सूकर ।

कछु भूख लगी त्रसना करुरी, भग आतप की किरनै भररी।
असहू थकगौ असवारीय कौं, वनमैं न लख्यौ कहू वारीय कौं ।।५१९
नृप सोच भयौ न लयौ निरनै, सरनै न मिली कहुनी सरनै।
दरसै न कछू विदसा न दिसा, उर आय वसी भरकै अदसा ।।५२०
मन सोच रहे मुरभाय मती, सवही विध भूल भये सुमृती।
पुन चालेऊ खोजत येकपदी[1], निरखी वन ताही मैं स्वछ्छ नदी ।।५२१
तट तोय पिवाय तुरगम कौं, उतरे भटकै उचरगम[2] कौं।
जल-पांन करयौ हरचद जही, तरु सीतल ठाढेऊ छाह तही ।।५२२
पुर जावन के सुविचार प्रतै, उर सोच दिसा-विदसा न इतै।
पथ पूरव पछ्छम नाँहि पतौ, अरु उत्तर-दछ्छन भाँन इतौ ।।५२३
मन ही मन सोच रहे वनमैं, द्रग भूल गये धवरै दिनमैं।
तन जीरन कौसक धार तही, वनकै दुज आयेऊ ठौर वँही ।।५२४
कर जोर नरेस प्रनाँम करयौ, भुवदेवहु आसीर्वाद भरयौ।
पुन वूझन लागेऊ भूप प्रतै, कँहाँ राज पधारेऊ काज कितै ।५२५
विसवास कौं पाय कहे वचना, रिखीराज सुनौ हमरी रचना।
वन-सूर धस्यौ फुलवारीय मैं, धिक मारन की हीय धारीय मैं ।।५२६
भट और थके हम लार भगे, थक दौर तुरंगम आप थगे।
गम सूर नही लीय कोन गलो, चित विभ्रम होयकै वुद्धि छलो ।।५२७
गँम नाहि दिसा-विदसा गत की, हीय सोचहु वात मुनी-हित की।
हरचद है औंवपती हमहूँ, गृह-मारग भूल रहे गमहू ।।५२८
सुध मोह वतावहु येह समै, करकै परनाँम सु धाँम क्रमै।
उपकार करौ दुजराज अहो, कित मोह[3] पुरी सु विचार कहो ।।५२९

दोहा

विसवामित्र विचारकै, बोले हित-जुत वाँन।
इह तीरथ पावन अमन, सुभ दिन करहु सिनाँन ।।५३०
जो कोऊ तीरथ जायकै, करै न विधवत काज।
आतँमघाती होय वँह, मो सुनीयै महाँराज ।।५३१

---

१ गैल, पगडडी। २ घोडा ३ मेरी।

छंद उद्धोर

सुन नृपत हरचँद स्राँन, सुच सलल करेऊ निनाँन ।
जल-दाँन पितरन जात, निज हाथ कीय निमनाथ ।।५३२
जिम कही विप्र जताय, विध करीय भूप वताय ।
वोले सु मुनिवर वाँन, दुज दीजीयैं कछु दाँन ।।५३३
ह्वै सुफल जात्रा हेत, सुभदाय वडन समेत ।
जव कह्यौ राजा जास, पन आपनौ परकास ।।५३४
कीस राजसूय क्रतग्य, जस कारनैं हम जग्य ।
दुज साख दै कहदीन, पुन कर प्रतग्या पीन ।।५३५
मागै सु दुज कोऊ माँन, दैहूँ सु वंचत दाँन ।
अभलाष जो कछु आप, करीयै न देर कदाप ।। ५३६
दत माँगीयै हम देत, हीय सोच कहीयै हेत ।
सुन क्रहेऊ दुज सरसाय, वहु भूपकौ विरदाय ।।५३७
वासष्ट कीनी वात, वाँनी सु जग-विख्यात ।
विख्यात सूरज-वस, तिह वस कौ अवतस ।।५३८
हरचंद सौ सुध हीय, दाता न और दुतीय ।
इह साच जाँनी आज, मिल आप सौ महाराज ।।५३९
उद्रवाह[1] मो सुत आज, करीयैं जु अवसर काज ।
पग धारीयैं हम पौर, माहाँराज रवि-कुल-मौर ।।५४०
जव कह्यौ राजा जास, हित करहु चित्त हुलास ।
सुन वात वसी सूर, दुज क्रतमी गये दूर ।।५४१
जहाँ रची माया-जाल, क्रत्तमी[2] वीतत काल ।
कीनौ सु प्रगट कुमार, किन्या[3] सु तन-सुकमार ।।५४२
वेदी वनाय विताँन, कीय प्रज्वलतहु क्रसाँन ।
कर भावरैं सिध काज, वोले सु वाँनी व्याज ।।५४३
अव दाँन-वेला येह, सकल्प करहु सुग्रेह ।
दैहौ सु जैसौ दाँन, सत-गुनौ मिलहै सुथाँन ।।५४४

१ विवाह । २ कृत्रिम । ३ कन्या ।

पुन राज-विभव प्रपच, राखुहु न पाछै रच ।
सुत त्रीया स्वर्ग मिधाय, सुख नृपत लेहु सुभाय ॥५४५
मति फिरी राजा मद, फस मुनीकौसक-फद ।
सकल्प दीनौ छोर, कीनौ न ह्लदय कठोर ॥५४६
झट लयौ कौसक झेल, कहि स्वस्य-स्वत्य[1] कुटेल ।
दीय भोग-अरथ सुदाँन, जीय चाहि सौ जजमाँन ॥५४७
विन दक्षना सु विरथ्थ[2], इह हेत दीजै अथ्थ[3] ।
भुवपती गयेऊ भुलाय, तुम लहहु जोन तुलाय ॥५४८
भूतम[4] अढाई भार, दुज देहु नृप दातार ।
द्रुत कह्यौ राजा दैन, लागे सु पाछै लैन ॥५४९
भागे सु राजा भौन, इत मिली सैन आँन ।
नृप लख्यौ व्याकुल नैन, वहु विनय-जुत कहि वैन ॥५५०
नही पगन थँभे नैक, वोले न वचन विसेक ।
राँनीन-सग रनवास, ऊठ गयेऊ चित्त उदास ॥५५१
मति-भ्रमत देख महीप, सुविचार वैठ समीप ।
वूझी सु वात विसेस, नही उत्तर दीन नरेस ॥५५२
रहे जागते सव रात, वीती सु सोचत वात ।
परभात होवत पाँन, गुनि करेऊ भैरव-गाँन ॥५५३
सध्या सु करन सुकाज, मन करयौ तव माहाराज ।
मुनि आय विसवामित्र, सरवस्व हारक सत्र ॥५५४
वपु कपट धारै वेख, धूरत सु धारै धेख ।
देख्यौ सु राजा द्वार, चित विकल भयेऊ विचार ॥५५५
चिव सरद पूनम-चद, तिह गये मनु विधु-तुद[5] ।
इम होय भूप उदास, जुग हाथ जोरे जास ॥५५६
वोले सु विप्र कुवेख, अवधेस कौं अवरेख ।
तज देहु वैभव तस्य, सकल्प कीय सरवस्य ॥५५७
कीय हमही सौं जिम कौल, तपनीय[6] देवहु तौल ।
वोले सु भूप विचार, सव राज लेहु सँभार ॥५५८

---

१ स्वस्ति । २ व्यर्थ । ३ अर्थ, धन । ४ स्वर्ण । ५ राहु । ६ स्वर्ण ।

दक्षना कारन दाँन, नहि जातरूप[१] निर्दान।
हम कहूँ आवहि हाथ, मुविमेग्र देहै साथ ॥५५९
अव करन जात उपाय, निरनात मागत न्याय।
इह कहत चाले ऊठ, पुर अवध को दे पूठ ॥५६०
मुत लये रानी साथ, हाले मु भाटक-हाथ[२]।
पुर-त्याग लीनौ पथ, हुव सोर जन हाहत ॥३६१
मुनि आय कौसक मग्ग, अटकाय दोनौ अग्ग।
दै दछ्छना विन दाँन, गैलै न करीयै गाँन ॥५६२
नट जाहु नहि लै नाँम, तुहि लेहु राज तमाँम।
नृप कह्यौ सुनहु मुनेस, नहि रीत वस दिनेस ॥५६३
दैकै न लेवहि दाँन, पथ भलै जावहु प्राँन।
दिन कोऊक करहू देर, हम करत है घन हेर ॥५६४
प्रापत ही होत प्रमाँन, दछ्छना लीजहु दाँन।
वोले सु मुनि विग ताय, मन सोचीयै समुझाय ॥५६५
परहरै अवधपतीज[३], धन मिलन की कहाँ धीज।
जैहौ सु जाही जाग[४], नृप जाँनहै निरभाग ॥५६६
रिन कोऊ न दैहै राज, विन धरोहर अरू व्याज।
नाकार करनौ नीत, कहा लाभ पायै कीत ॥५६७
हट त्यागीयै हरचद, नाकार करहु नरिंद।
पन तजै वैभव पाय, सुख लहहु राज सुभाय ॥५६८
नृप सुनी कौसक-नीत, कहा लाभ खोयै कीत।
जग-वीच अजसी जीव, सो जीयत मृत्यु सदीव ॥५६९
रन तीर्थ मै रजपूत, इह तजत प्राँन अभूत।
वपु-त्याग कीत वसाय, सोइ अँमर होत सुभाय ॥५७०
इह आद-रीत अमाँहित, नाकार देवहि नाँहि।
पुन धरोहर हम पास, सुन लेहु विप्र सुहास ॥५७१
श्री पुत्र जौलौ साथ, इह वेच लैहौं आप।
दछ्छना दैहौ दाँन, पहिचाँन वचन-प्रमान ॥५७२

१ स्वर्ण। २ हाथ झाड़कर। ३ अवध का राज्य। ४ स्थान जगह,।

लै अवध सौ सुत नार, विक्रीया करहु विचार।
जिह काज कासी जात, नहि अटकीयै निस्नात ।।५७३
जब कह्यौ अवसर जाँन, पथ करेऊ भूप प्रयाँन।
कोऊ मास कौ कर कौल, बाँधे सु वाचन बोल ।।५७४
वानारसी निज वास, पँहुचे सु गंगा-पास।
न्हायें सु निर्मल नीर, सुच धोय कीन सरीर ।।५७५
मन मैं विचारत मत, इह मास आयौ अत।
विक्रीय कोन वसाय, राजाँ न कोऊ राय ।।५७६
इहाँ विस्वनाथ अधीस, वसवाय विसवावीस।
इह धारकै हीय-आस, वाढे सु कर विसवास ।।५७७
वाजार जावत वीच, मुनि मिले आय मलीच।
दक्षना माग्यौ दाँन, परचाय वचन-प्रमाँन ।।५७८
कीय मास जास करार, पुन भयौ सोऊ पार।
नट जाहु अवध-नरिंद, वाँधीयै अथवा बध ।।५७९
महपती कहेऊ मुनेस, अध दिवस है अवसेस।
सुन स्रवन चुपकौं साध, गये दूर नदन गाध[1] ।।५८०
भ्रम ऊपज्यौ हीय भूप, रुख जाँन आपत[2]-रूप।
श्री पुत्रँ कोन वसाय, द्रव मिलहिगौ किह दाय ।।५८१
पथ राजनीत-प्रवीन, तऊ धर्म जाँनत तीन।
अध्ययन जजन उचार, दत दैन मति दातार ।।५८२
अर्थना[3] कारन अर्थ, मन छत्रीयन असमर्थ।
दुज दछ्छना कह दीन, करीयै न टारौ कीन ।।५८३
दुज रनी त्यागू देह, विट क्रमू करहै वेह।
पिंड वनहि अथवा प्रेत, अध भरन करन अहेत ।।५८४
वपु करन विक्रीय वेस, इह न्याय कौ उपदेस।
नृप विकल देख्यौ नार, वोली सु सोच विचार ।।५८५
माहाराज चिंतामाँन, गहि रहे काँय-गिलान।
तज देहु ताहि तुरत, मन माँन करीयै मत ।।५८६

---

१ विश्वामित्र। २ आप्त। ३ याचना।

पालीयै सत मत प्रीत, कल्न अमन करीयै क्रीन ।
धन जाय तोहू धर्म, सुध भूलीयै न सुकर्म ॥५८७
जग-धर्म त्यागी जीव, मोह प्रेम-रूप सदीव ।
सत-धर्म पालन सोय, वनीयै न ताहि विगोय ॥५८८
अगनोत्र[1] औरहु याग, तत पठन-पाठन त्याग[2] ।
है क्रीया जितनी हेय, व्यापार वेद विधेय[3] ॥५८९
जरहू असतवादी जात, कहाँ रहत है कुसलात ।
पढ धर्म-सास्त्र पुरांन, निज धर्म कीय निर्वान ॥५९०
सत कह्यौ सवको सार, नय-नीत नेहु निहार ।
जिग करे नृपत जजात, सत येक जिह सात्यात ॥५९१
कीय राजसूय क्रतग्य, तव स्वर्ग पहुँचे तग्य ।
इक वार वोल अनृत्त, सोऊ पतत भये असमत्त ॥५९२
सत तजहु नाँहिन सोय, होनी सु रहिहै होय ।
राँनी सु कहीय रहस, पति सुनी वात प्रसम ॥५९३
मन लैन कौं माँहाराज, वाँनी कही जुत व्याज ।
विग गयौ राज विसेस, स्त्री पुत्र थातौ सेस ॥५९४
मत करत सास्त्र मनाह, स्त्री वेचनौ न सलाह ।
अरु पुत्र वस-उपाय, जो दीयौ नाँहिन जाय ॥५९५
कहि कीजीयै कहा काँम, वेला विचारै वाँम ।
जव कह्यौ राँनी जाँन, वाँनी सु नीत-विधाँन ॥५९६
निज नार रति-हित नाँहि, सुत-हेत गिनहु सदाँहि ।
सुत भयौ सुफल सुकाज, मुद माँनीयै माहाराज ॥५९७
स्त्री रही कारन सेव, तज देहु स्वार्थ तुमेव ।
मोहि वेच अरथ मिलाय, जिह देह-धर्म न जाय ॥५९८
सुन नार की समजास[4], अत भयौ नृपत उदास ।
अव कहत नारी येम, पूरव विसारयौ पेम ॥५९९
धिक्कार याही धर्म, कहा भयौ उदय कुकर्म ।
वहु करत-करत विलाप, आई सु मुरछा आप ॥६००

---

१ अग्निहोत्र। २ दान। ३ मूर्खता के। ४ जड़। ५ समझाना।

गिरपर्‌यौ धरनी गात, वहु सोक सौं विललात।
भूले सु तन-मन भाँन, गहि ह्रदय-बीच गिलाँन ॥६०१
पति-दसा देख पिराय, हा कहत राँनी हाय।
धरनी गिरी तन धूज, उर रह्यौ सास[1] अमूज ॥६०२
सुत बोल रोहित साथ, मोहि भूख लागी मात।
जहाँ देख अवसर जत्र, माँगन सु विसवामित्र ॥६०३
कर क्रोध आये क्रूर, धूम कौं मिलावन धूर।
इत देख नृपत अचेत, अत वचन कहेऊ अहेत ॥६०४
बौल्यौ न सुनकै बाँन, जल कर्‌यौ सेचन जाँन।
उघरी सु नरपत-अख, इत पर्‌यौ मुनि-आतंख ॥६०५
भुय फेर विहवल भूप, रिख देखकै दुख-रूप।
रिखी कह्यौ सुनीयै राज, इह अवध बीतत आज ॥६०६
अब चहत दिनमनि येह, चरमाद्र[2] करनै छेह।
सत राखीयै नृप सेख, द्रग तपत सूरज देख ॥६०७
अरु सत्य सौं उनमाँन, थिर रहत अचला थाँन।
स्वरगीय स्वर्ग सुधाँम, करता सु सत्य ही काँम ॥६०८
तुम सत्य दैही त्याग, जावै ततौ हम जाग।
दैही सु स्राप दुरत, अकुलाय कै हम अंत ॥६०९
दिन जात मैं नही देर, सोइ गयौ सीस सुमेर।
मुनि चले विसवामित्र, तव रह्यौ राजा तत्र ॥६१०

सोरठा

भूप भयौ भयभीत, कौसक मुनि सुनकै कही।
इतनैं वेद अधीत, वृद्ध विप्र आयौ वहे ॥६११
देख्यौ राँनी द्रष्ट, धरमसील अरु है धनी।
कहीयै अपनी कष्ट, इहतौ धन दैहै अवस ॥६१२
सुनकैं राजा स्राँन, वोल्यौ राँनी सौं वचन।
जात विप्र जजुमाँन, कैसै जाचहि दुज कहौ ॥६१३

---

१ श्वास। २ अस्ताचल।

देनी चाहत दाँन, लैनी नह चाहत लयौ।
होय धरम की हाँन, मैं छत्री रिव वंस मह ।।६१४
तीन कर्म है तीन, पहलै कहदीने प्रीया।
याद करहु उर आँन, वातै करहु विवेक की ।।६१५
देवहु-देवहु दाँन, वचन न जाँनत वीनती।
दैगे-दैगे दांन, वाँनी चित मैं वस रही ।।६१६
परजा की प्रतपाल, करकै धन लेवन कुसल।
कै सत्रुन कर काल, भुजम्वल सौं लेवहि भलै ।।६१७
राँनी वोली राज, काल प्रवल अकरन करन।
हेत विचारहु हाल, करनी सोई करीयै कुसल ।।६१८
आदर अरु अपमाँन, काल विसम सम करत है।
राजा भिक्षुक राँन, जाही कै वस जाँनीयै ।।६१९
काल भयौ प्रतकूल, दुजहू कीय यैसी दसा।
महाधरम कौ मूल, काटन लगौ[1] कुठार लै ।।६२०
राजा कह्यौ रिसाय, रसना जो देवौ रटै।
करकै टूक कढाय, कुक्कर भख देहू करट ।।६२१
सुनकै राज-सवाल, राँनी वोली राज सौं।
करीयै जैसौ काल, वरतमाँन कै विसतरन ।।६२२
मदरा-हित माहाराज, हेत भोग नहि चूत-हित।
विक्रीय कर निरव्याज, हित परमारथ देहु हम ।।६२४

दोहा

अपजस कछू न आपकौं, जस मेरौ रह जाय।
आऊ तो पतिकै अरथ, जग-कीरत ह्वै जाय ।।६२५

छंद त्रोटक

स्त्रीय की हरचद सलाह सुनी, धन[2] लेवहु-लेवहु कीन धुनी।
जन पूछन लागेऊ जात जँही, कररी कर छातीय भूप कही ।।६२६

---

१ मू०प्र० लागौ। २ स्त्री-धन।

हम जाँनहु पॉह्म जात हीया, पलटै घन वेचत प्राँन-प्रीया।
कोऊ दासीय चाहत जो करनी, तन सुदर लेहु इहै तरुनी ।।६२७
तन जीरन कौसक आय तही, करकै दुज वेख को भूप कही।
हमरै इक दासीय चाहत है, इह मोल करी अवगाहत है ।। ६२८
हमरै सुकमार है नार हितू, कर जाँनत हैं नही ग्रेह-क्रतू।
धन देवहिगे तिह ग्रेह-धनी, वचनतर भाखहु वात वनी ।।६२९
सुनकै हरचंद करी सहना, कछु नाँहि कही दुज सौ कहना।
दुज ताहीसौं वोलेऊ देख दसा, वित देवहु जो कछू चित्त वसा ।। ६३०
जव राज कह्यौ तुम जाँनत हौ, परमारथ-हेत पिछाँनत हौ।
वकलास्त्र धरयौ जिह पैं वित्त कौं, अह मोल मगाय धरी इतकौं ।।६३१
जव येक करोर मगाय जमा, समपे दम ताही कौं वोल समा।
कर साखीय दै नृप कौं कुह्नी, गृह केस लई सिर की गुह्नी ।।६३२
जव लागेऊ जावन ऐंच जँही, सुत रोहित देखीय मात मही।
जननी-जननी कहि वोल जितै, कहनै पुन लागेऊ जात कितै ।।६३३
सिसु कौं हम भूख सँतावहिगे, जननी-विन कोन जिवावहिगे।
विथुरे सिर घूंघर वारनकै, पुन लागेऊ लार पुकारनकै ।।६३४
रुख रोहित की लख रोवन की, द्रग येक भई गति दोवन की।
सिसु देखत मात के ओठ सुके, रुख वाप लखै उर-स्वास रुके ।।६३५
विललावत वोल कहै वतीयाँ, चिललावत फाट रही छतीयाँ।
पितु कौं तज मात की लार परयौ, दुज देख तनधय द्वेख धरयौ ।।६३६
मुख मोरकै लागेऊ मारन कौं, पुन लागेऊ वाल पुकारन कौ।
इक मात ही मात उचारत है, पितु-हेत वहारन-पारत[1] है ।।६३७
गह मात लई परतै-गिरतै, डहकाय इतै दुजकै डरतै।
मुख मात कह्यौ सुत सौं मिलकै, किह कारन रोय करै किलकै ।।६३८
छुटकावहु चालन छिप्रन की, वन मैं गई दासीय विप्रन की।
तऊ छोरत हाथ न मात तनै, मुख पौंच करयौ केऊ वार मनै ।।६३९
सुत की वहु वार करी सहनी, कीय रुद्र दुजातहु सौ कहनी।
कुटहारका कीनीय काँमन कौ, सुख देहु कहा मोहि स्वाँमन कौ ।।६४०

१ रोते हुए चिल्लाना।

सुत मैं रहिहै चित मेरी सदा, करहूँ मन भ्रांमत कांम कदा।
विटमावहिगी हीय सुद्ध वृती, सब जावहिगी मतहू नुमृती ॥६४१
सुत-मोल वसावहु वित्त-सटै, विगरै न मती नही चित्त वटै।
सब सासन सावहु स्वांमन कौं, करहू कहिहै सोइ कांमन कौं ॥६४२
सुन विप्रहु वात सयांनप की, नहचै कर ओर चल्यौ नृप की।
सुत तोर चहै सिवकाइय कौ, मिल भूंव रह्यौ सोइ माइय कौं ॥६४३
परचाय कह्यौ हीय पेचन कौं, पित लै सुत चाहत वेचन कौं।
नृप विप्र कह्यौ करकै निरनै, सुतहू तुम राख लहौ सरनै ॥६४४
वित देहुगे सोय वसावहिगे, कछु नांहिन और कहावहिगे।
दीय मोल जयारथ देख दसा, गहिकै वित-मोक मैं चित्त गसा ॥६४५
लखकै पति-दूर खरी ललना, मम दुस्तर होय गयौ मिलना।
परनांम करचौ निज नाय प्रतै, छल त्याग कह्यौ सब हीन छतै ॥६४६
पति त्याग दई कहि प्रांन-प्रीया, हहरात न जात न फाट हीया।
अघ आय भयौ इह कोन उदै, जीय सौ पीयकै करदीन जुदै ॥६४७
कछु पुन्य करचौ अथवा करनी, वहु आंनन जाय नही वरनी।
दुज साखीय है दुतियो[1] दमुना, सिस सूरज होहु जवै सुमंना ॥६४८
हरचंद मिलै भरतार हमै, जग के करता सब आप जमै।
दुख सौं कहिकै मुख हाय दई, भुवपै गिर सोय अचेत भई ॥६४९
तलपात[2] लखी इह भांत तीया, हहरात लख्यौ सिसु फूट हीया।
केऊ भूप विलाप लग्यौ करनै, विनता सुत के गुन कौं वरनै ॥६५०
सुच सुंदर सीलवती सुकीया, पिकवैनी अहो मृघनैनी प्रीया।
द्रव लैकर ताही कौं वेच दई, नर निप्टुर मो-सम और नही ॥६५१
जग रूखन रीत लख्यौ जँहीयां, छितपै विसतार रहै छहीयां[3]।
सग राखत आपनी आप सदा, तिह सौं कवहूँ नही होत जुदा ॥६५२
करतूत नही हम जात कही, जड जीव समांन न वोल जहि।
प्रगटचौ तन अगज मो पहीयां, विललावत विप्र गही वँहीयां ॥६५३
धिक मोह धुरधर धर्म-धृती, कपटी पर वंचक कूर क्रती।
द्रव लै विनता सुत वेच दुनौ, गहिकै निज स्वारथ त्याग गनौ ॥६५४

१ दूसरा। २ तड़फती हुई। ३ छाया।

अवधेस करै इह सोच इतै, चख सौं सुत नारीय ताहि चितै ।
दुज रीस लगी दोऊ देख दसा, गल गालीय दै श्रय दड गृसा ।।६५५
तरुनी नृप लागेऊ तारन कौं, सुत रोहित दास सुधारन कौ ।
चिललावत ताही कौं लेय चल्यौ, दुख दीरघ भूप कौ हीय दल्यौ ।।६५६
घर नाहि लख्यौ रवि धोवत मै, सिस नाँहि लखी निस सोवत मैं ।
कमनीय महाँ कर कजन की, जिह आँखन की चिव खजन की ।।६५७
गज-गाँमन्न भाँमन दु.ख-गसी, वन दासीय विप्र कै ग्रेह वसी ।
उतपत्त भयौ नृप-असन मैं, पुन हंस के वस प्रसंसन मैं ।।६५८
रमनीय विलेपन अग रचे, सिर गू घर-वार फुलेल सिचे ।
पद कोमल कज के पात्त प्रभा, सुखदायक लायक राज-सभा ।।६५९
जन दास खिलावत जाहीय कौ, सुत सोय गयौ सेवकाइय कौं ।
मुरझावत यौं मन ही मन मे, तब ताप वढो नृप के तन मैं ।।६६०
मुनि कौसक लै रिख-मडल कौ, दिखराईय दीन द्रगचल कौं ।
द्रुत माँगीय आय जिही दछना, रुख कौं लखकै नृप की रचना ।।६६१

दोहा

निमसकार कर नृप ततह, कौसक कह्यौ क्रतग्य ।
खोर लेहु करकै खिमा, जमा दक्षना जग्य ।।६६२
कौसक द्रच देखरू कह्यौ, अह नह लेत असस्त[1] ।
सस्त[2] होय तौ समपीयै[3] सुनीये वाचा स्वस्त ।।६६३
कहाँ तै आयौ किह दयौ, किह पलटै कह्न देहु ।
सुनै विना लैहून सो, आद-प्रतग्यत येहु ।।६६४
विप्र ग्रेह तै विप्र दीय, तीय सुत वेचे ताहि ।
तीय के दीय इक कोट तिह, सुत दस कोट सिवाय ।।६६५
ग्यारह कोट गरथ कौं, कौसक लेहु क्रपाल ।
सेष रह्यो वपु मोर सो, इहै आपके हवाल ।।६६६

---

१ अस्वस्थ । २ स्वस्थ । ३ समर्पण करिये ।

छंद-पद्धरी

कौसक जब बोले क्रोध-धार, आयौ चौंथाई अरु उधार।
ग्यारहौ करोर है निस्कग्यात, अवसेस रही सो देहु आथ ।।६६७
रैहै पन तुमरौ महाराज, अवसर पिछाँनीयै समय आज।
अब दिवस रह्यौ है घटी-आध, बाँकी न प्रतग्या होन बाध ।।६६८
इह सुनी भूप कौसक ऊदत, उर जांन्यौ अवसर भयौ अंत।
कोऊ मोल लेहु किंकर सुकाज, विनती इह मेरी विगत व्याज ।।६६९
स्वाँमी की करहौ परम-सेव, दुज सूर चंद साखी जु देव।
वाँनी नरपत की सुन विवेक, आयौ चँडाल डाविड-रूप[1] येक ।।६७०
विक्रत जिह छाती लव बार, मुंडन की माला गल-मझार।
दुरगंध जुक्त तन दिघ्घ दाँत, अरु कसी कमर लपटाँय आँत ।।६७१
टर जाहु-जाहु इह कहत टेर, फाटी कर-लाठी लीयैं फेर।
बोल्यौ नरपत सौं ह्वै नजीक, सेवक मैं चाहत कर सरीक[2] ।।६७२
मुख माँग लीजीयै देत मोल, तपनीय तराजू लेहु तोल।
जब कह्यौ भूप तुम कोन जात, वित-साटै हम सेवक बसात ।।६७३
करवीर नाँम हम सुपच-काय, तन मुर्दन-कप्फन लेत ताहि।
इही वृती हमारी सही आद, नही मो-सम दूसर कोऊ निपाद ।।६७४
सुन राजा बोल्यौ तिही सेत, हम छत्री चाहत विप्र हेत।
ऊँत्तम की उत्तम चहत आस, अँधम कौं अधम अनायास ।।६७५
मधँम कौं मद्धम चहत मित, अनुचित तुम भाखत कहा उदत।
इह सुनत सुपच बोल्यौ अधीर, वारता कहत तुम न्यायवीर ।।६७६
कोऊ लेहु कह्यौ तुम प्रथम काहि, साँमॉन[3] सब्द सबकौं सुनाय।
मैं आयौ सुनकै लैन मोल, कह देहु झूट इह करचौ कौल ।।६७७
हम मिथ्यावादी जाँन हाल, चल जाँह आपने गृह चंडाल।
राजा तब बोल्यौ सुन रहस, ऊतपत्त कुलीनन राज-अंस ।।६७८
झूटौ हम नाँहिन करत झौर[4], इक विनती मेरी सुनहु और।
सोई भूप रह्यौ मुख मैं सवाल, कौसक मुनि आये तिही काल ।।६७९

१ कुरूप, असभ्य, भयानक। २ सम्मिलित। ३ सामान्य। ४ झगड़ा।

वोले राजा सौं देख वाँन, धन सुपच देत इह सनिधान।
दक्षना देहु लेकै जु दाँम, कहा ऊँच-नीच सौ तुमही काँम ।।६८०
देहै नहि तुमकौ स्राप देत, सुन लेहु वचन राजा सहेत।
चडाल देहगे द्रव्य छोर, इतनौ कोऊ नाँहिन देह श्रोर ।।६८१
पन राख लेहु धर्म ही पिछाँन, हरचद नही ह्वै सत्य हाँन।
विन सत्य वसैहौ नर्क-वास, उद्धार हृदय सौं छाँड श्रास ।।६८१
वाँनी कौसक की सुन विसेस, नमकै पग झाले मुनि नरेस।
हम दास करहु राखहु हजूर, कवहूँ न वचन लोपहि करूर ।।६८२
कहहै मुनि जैसौ करहि काँम, नाकारपनै कौ छाँड नाँम।
सुन वोले विसवामित्र सोय, हीय रुचै भलै मम दास होय ।।६८३
करहौ हम अग्या भग काज, अतसय तुम ह्वै है फिर अकाज।
हित सोच लेहु हीय लाभ-हाँन, करहूँ मै नाँहिन नृपत-काँन[1] ।।६८४
सुन नृपत करचौ आस्त्र मधीर, धरकै मुन वोले तवहि धीर।
सुनकै पुन ह्वै कै सावधाँन, मन लयौ दूसरौ जन्म माँन ।।६८४
विनती वहु कीनी वार-वार, आपकौ दास गनीयै उदार।
सासन जो करहौ धरहु सीस, अनुचर मै मेरे तुम अधीस ।।६८५
कर वोल कोल द्रढ सध केक, राजा फिर वौल्यौ धर्म-रेख।
कहदेवहु मुनिवर करै काँम, सव विध मैं जानत धर्म-स्याँम ।।६८६
कौसक तव वोले इही काज, अनुचर चँडाल के होहु आज।
मुख मौन कही सुनकै महीप, चडाल भयौ ठाढ़ौ समीप ।।६८७
मुख माँग्यौ कौसक जितौ मोल, तेऊ दीन तराजू सुपच तोल।
मन कनक-तार दीने मिलाय, लीनै सोई कौसक हेत लाय ।।६८८
राजा सौं वोले रिखीराज, मम ऋन सौ छूटे महाँराज।
आकास-वाँन तव भई येह, नृप भये अनृरन[2] निसदेह ।।६८९
दक्षना कही सो दयौ दाँन, पन रह्यौ सत्यवाचा प्रमाँन।
कहि साधु-साधु स्वर्गीय कथ्य, सुमन कौ वृष्ट कर येक सथ्य ।।६९०
कौसक राजा कीय इह कहाव, भूदेव पिता-माता सुभाव।
कहहु तुम जैसौ करहु काज, मै अग्या मागत महाँराज ।।६९१

---

[1] मर्यादा, राज प्रतिष्ठा। [2] ऋण-मुक्त।

वोले मुन स्वस्ती तिही वार, लीय मोल नुपम सौं जाहु लार।
कौसक इह कहके गमन कीन, इत सुपत्र वध कीनो अवीन ॥६६२
चहकाय चल्यौ भय लाय चंड, दी मोरेन-ठीरन मार दड।
मातग[1] गयौ लै ग्रेह माँझ, सूरजहू अथयौ भई साँझ ॥६६३
भय ताहि दिखावन धनी-भाव[2] पहराई वेरी[3] उभय पाव।
कीनौ कारागृह वीच कैद, विध चूक परै कहा करै वैद ॥६६४
मन ही मन सोचत महाराज, एकहू नाँहि सूझत इलाज।
अन जलहू त्याग्यौ ह्वै उदास, दुरदसा वनायौ सुपच दास ॥६६५
कहाँ राँनी रोहित है कुमार, हम वदीखाँनै परे हार।
अगज तीय मेरी करत आस, दुखदाय छुरावहि भाव दास ॥६६६
विच स्वपच ग्रेह मैं परयौ वंध, सुत त्रीया आज छूटौ समंध।
रोहित माता सौं करहि रार, पितु मोह मिलावहु सहित प्यार ॥६६७
समझाय कहा कहिहै सवाल, हा दई भये इह कहा हाल।
मृघनैनी जांनत नही मोहि, खावदहू आपौ रहे खोय ॥६६८
दूपन हे आद सौं इही देह, सुपनै न भयौ सुख निसदेह।
ठहरे कहाँ मत्री-जनन ठाट, प्रोहित कहाँ मेरे राजपाट ॥७९९
गज घोरे रथ अरू पतन ग्राँम, घवरोहर जैसे इद्र-धाँम।
सेनापति सेना सुभट सग, अत पराक्रमी सगर अभंग ॥७००
जे रहे कहाँ के कहाँ जाग, इह खोटे दिन कीनौ अभाग।
चिर सोचत वीते दिवस च्यार, निज खान-पाँन विन निराधार ॥ ७०१
पचमैं दिवस होवत प्रभात, जीय सोच आपने सुपच जात।
वेरी पग काटी तिहो वार, कर क्रुद्ध-वचन कीनौं करार ॥७०२
कर वीर-भूम[4] का काँम-काज, रखवारी दीनी सुपचराज।
लाठी जिह फाटो हाथ लीन, कर कृपा इनायत भूप कीन ॥७०३
तुम वूझै ताकौं कहहु-ताँम, निज वीरवाहु भृत लेहु नाँम।
दिस दखन जावहु छोर द्रग, भृत अग्या कवहु न करहु भग ॥७०४
सुन वचन वीरवाहू सकोय, समसाँन भूमका गयेऊ सोय।
जहाँ देखी मुर्दन जाय जाग दै रहे कितेइक मनुज दाय ॥७०५

---

१ चांडाल। २ स्वामित्व। ३ वेड़ी। ४ श्मशान-भूमि।

कर वाल-सिखा दुरगध केर, फैलत नभ मारग चहूँ-फेर।
घुट रहे जहाँ अधार घोर, लूवत जनु पव्वय अभ्र लौर ।।७०६
केऊ मात पुकारत तात कूक, उठ रही जितहु तित ज्वाल ऊक।
अरनसा घोरवासी जु आय, अधवरे[1] लेत मुर्दा उठाय ।।७०७
भागत केऊ भख्खन करत भूक, हुरराय सिवा मुख देत हूक।
जहाँ पहुचे राजा तुरत जाय, हरचद कहत मुख दई हाय ।।७०८
तहाँ रहन लगे आचार-त्याग, लैनै मुर्दन के लगे लाग[2]।
गूदरी फटी-सी गरै गोय, हिल-मिलकै सुपचन रूप होय ।।७०९
समसाँन-भसम लागत सरीर, धोवन कौं नाँहिन मिलत धीर।
वचजात पिंड सोई वसात, भूँखकै लगे वँह खात भात ।।७१०
अनुवछ्छर वीतौ तहाँ येक, व्रह्माँ के दिन सौ जहाँ विसेक।
इक दिवस भई दुरदसा और, मुत रोहित ताकौ वय किसोर ।।७११
खेलत वालन के सग ख्याल, कहु दूर गये वस पाय काल।
कुस कोमल देख्यौ वीच कुज, पुहमी सु उखारन लगेऊ पुज ।।७१२
वालकन कही जव देख वात, कुसकौं क्यौं तोरत कसमसात।
वौल्यौ तव रोहित सुघर वाँन, स्वाँमी दुजकर्मा सावधाँन ।।७१३
मैं ताकौं अरपन करहु मित, सो ह्वै है राजी पर्म सत।
खोदकै लयौ कुम खोज-खोज, वाँधकै चल्यौ सोइ सीस बोझ ।।७१४
घर जावत-जावत परस घाँम[3], मिल त्रखा[4] लगी ताही मुकाँम।
भुव देय विवोरी धरचौ भार, वढ चाल्यौ रोहित पीयनवार ।।७१५
जल-पाँन करचौ कछु देर जात, हेरत कुस भारी डार हाथ।
देखते रहे सव वाल दूर, काटचौ सु भुजगम अत करूर ।।७१६
मरगयौ कुँवर ताही मुकाँम, कुस रह्यौ लयौ सो स्याँम-काँम।
दौरे सव वालक हाल देख, विगताय कह्यौ माता वसेख ।।७१७

दोहा

दुज की दासी दुरदसा, भई सु तेरे भाग।
सर्प डसौ मरगौ सुवन, जाह सँभारहु जाग ।।७१८

---

१ आधे जले हुए। २ दहन-कर। ३ धूप लग जाने से। ४ तृषा = प्यास।

वज्रपात के सम वचन, सुनकै रांनो म्रांन ।
गिरी भूम गररायकै, परत केल जिम पांन ॥७१६
दुज देखी ताकी दसा, जल सीच्यौ मुख जाहि ।
हा सुत बोलत चेत हुव, रीस भयौ द्रुजराय ॥७२०
आवहि ग्रेह अलक्षमी, सव्या-रोज[1] सुनत ।
निरलज क्यौं रोवन लगी, वार असुभ वरतंत ॥७२१
मोल लई दीव दांम मैं, दती लये परखाय ।
ताही की कै कै तीया, करत कांम नहि काहि ॥७२२
दासी दांम दिवायकै, भई हमारे भांन ।
निसचै रोरव[2]-नरक मै, पर्है बहुत पुरांन ॥७२३
परी रोय रांनी पगन, द्रुज स्वांमो मैं दासि ।
मेरौ सुत मरतक[3] भयौ, पहुचावहु तिह पास ॥७२४

छंद त्रोटक

दुज बोलेउ रांनी की देख दसा, तुमरौ चित नांहि अजौ तरसा ।
गृह-काज विगारकै जात गली, तुव पुत्र मरौ हम व्याध टली ॥७२५
जननी वन रोवत पूत जितै, अय दड मिली नही मार इतै ।
मोहि ढीठ न जांनत क्रूरमती, समुझावत हूं पर होत सती ॥७२६
दुज कौं लखकै जव हीन दया, करनं पुन लागीय ग्रेह-क्रीया ।
भ्रमतै-भ्रमतै अधरात भई, दुज रांनीय कौ तव सीख दई ॥७२७
कहनावत या विध-ताहि करी, घर आवहु होवत प्रात-घरी ।
करहू निस भीतर दाह-क्रीया, हम सासन राखहु वीच हीया ॥७२८
छुटकी लह रांनीय उठ चली, गत प्रांन भयौ सुत ताहि गली ।
कुस पास धरयौ इक कोरीय पै, वलमीक की ठीक विमोरीय पै ॥७२६
मृतु रोहित पुत्र लख्यौ महि पै, जुमलायकै दौर गई जिह पै ।
तन ताहि टटोरन लागत ही, वतरावत आंसुन-धार वही ॥७३०
करकै दुइ कोयन के करवा, धुलवावत मृत्यु मनौ घरवा ।
कवहूं करलै कवहूं क्रम कै, रज पौंचत अग रही रमकै ॥७३१

---

१ रुदन = रोना । २ रौरव = घोर । ३ मृत-तुल्य ।

सिर गूंघर-वार सँवाँरत है, ध्रुव लै पुन गोद मैं धारत है।
उभरे भुँह नास अनेखत है, द्रग दीपसिखा-सम देखत है ।।७३२
करसौं गहि गोल कपोलन कौं, वतरांवन चाहत बोलन कौ।
दुख पायकै हाय कहै दईया, मुहि क्यों न कहै मईया-मईया ।।७३३
लीह रीस रह्यौ कोऊ लागन सौ, भरमाय अभागनि भागन सौं।
कहि वछ्‌छ पुकारत है कवहूं, उठकै मोहि लाय गरै अवहू ।।७३४
निस बीतत लाल निहोरन तैं, कढ नीद उठौ चख-कोरन तैं।
गृह कौं सवही तुहि मित्र गये, निरमोहीय त्याग सनेह नये ।।७३५
चलीयै सव प्रात चितारहिगे[1], मिल गेंद कौं चोटन मारहिगे।
सुनकै किलकारन होत सुखी, दुख मैं फिर होवहु वछ्‌छ दुखी ।।७३६
करकै धमनीन गयौ कतीयाँ, छवि दाटत फाटत है छतियाँ।
उर देख किहै उलसवहुगी, हित वातन सौं हुलरावहुगी ।।७३७
लहि अंक मैं सोवत लाग तकै, जननी-जननी कीह जाग तकै।
पुसलावत आँनन पौंचन मैं, अरू आँखन वार अँगोचन मैं ।।७३८
पकरै दोऊ पाँनन-पाँनन कौं, डर दीठ के देत दिठोनन कौं।
ढिग[2] सौं मत जाहु ढिटाइय सौं, मुख वोल कुमार मिठाईय सो ।।७३९
पति वेचदई निज पानन सौ, अव दासी कहावत आँनन सौं।
सव ही दुख वात न वात सही, तुहि देखत भूलत्त जात तही ।।७४०
पितु तोहि कँहाँ-कँहाँ औधपुरी, कहाँ राज-सिंघासन वाज करी।
पलका कँहाँ रेसमी पौढनके, अरू पाट-पटंवर ओढ़न के ।।७४१
धवरोहर त्याग परे घरमैं, उड धूसरी छाय रही उरमैं।
ढिग लागत दीमक गार, ढला, लुरकाय करोटन लेहु लला ।।७४२
पितु तेरौ कहाँ अव औधपती, छतीयाँ न लगावत मोहि छती।
खुस होवत तेरे ही ख्यालन सौं, लहि अग लगावत लालन सौं ।।७४३
करतौ वहु धूँम किलोलन की, वतीयाँ तुतरी मुख वोलन की।
सुत पावन हाथ भये सीयरे, नही आवत नाथ अजौ नीयरे ।।७४४
सुत तूं जनम्यौ जिह वार सही, केऊ आय महूर्तिक येम कही।
सिसु दीरघ आयुस है सुकृती, छत्र धार प्रचारीह राज छिती ।।७४५

---

१ याद करेंगे। २ पास, निकट।

गुन सूर उदार मवै गहिहै, लख मात-पिता सुखकों लहिहै।
पतरा[1] सबही रद[2] होय परे, कुरविंद रु कुकम लेख करे ॥७४६
पग हाथन में तुहि रेख परी, केऊ मछ्छ-धुजा श्रीय वछ्छ करी।
विपरीत भई लिखनी विव की, सव आस गई रिवकी-सिवकी ॥७४७
इम रोवत डारत आँसुन कों, उरभावत साँस उसासन कों।
मुख-चुंवन लागीय मोहित कै, रख हाथ गरै सुत रोहित कै ॥७४८
भहराय कै सोय अचेत भई, केऊ देख परोसिन येह कही।
कुन है अवरात अहो कुटला, करनी कहा किन्नीय मत्र कला ॥७४९
सिसु-घातनी आजलों नाँम सुनों, दुरभागन देखीय आँख दुनी।
नही छोरहिगे विनही निरनै, केऊ वार की फैल लगी करनै ॥७५०
गहि केस कलाइय पाव गला, उर पै सिसु वाँधेऊ डार इला।
वहु पीट-घसीट कै ऐंच वहे, समसाँन की भूँमीय जाय सहे ॥७५१
वुलवाय चडालन वीचन कों, चट सौंप दई तिह नीचन कों।
सिसु-कोनप[3] ताहि दिखाय सही, करकै निरनै सव वात कही ॥७५२
इह वालक-घातनी है अदया, द्रुत मारहु लावहु नाँहि दया।
इतनी सुन वोल चडाल उठे, जमराज के किंकर जेम जुटे ॥७५३
परचाय कह्यौ पुर वासिन कों, सुनीयै सुपचाधिप सासन कों।
श्रीय विप्रन घातीय वाल तया, गऊ-हिंसक सुवृन-चोर गता ॥७५४
गरू नारन गाँमीय गैल ठगी, अरू आग लगावत पूर अघी।
मदपेईय लोप मृजादन कों, सोइ दूंख करै पुन साधुन कों ॥७५५
इतने वधकारक है अधमी, जिह भार सौं पीडत होत जमी।
घर जाहु नचीत[4] ह्वै येह घरी, मन मॉंनकै दुष्टनी राँड मरी ॥७५६
इतनी सुन होय सुखी उर मैं, पुरवासीय ऊठ गये पुर मैं।
चुटला गहि हाथ चडालन नै, जुर आय सवै तीय जालन[5] नै ॥७५७
हरचद कौ वोल कह्यौ हठ कै, सुपचाधिप दास सुनौ सटकै।
सिसुघातनी खेल खिलाय सवै, इह नार सँघारहु वार अवै ॥७५८
इतनी सुन भूपत काँप उठ्यौ, निस नारीय मारन-काज नंट्यौ।
तमकयौ तव देख चडाल तंही, निरनै कछु जाँनत धर्म नही ॥७५९

१ ज्योतिष-पञ्चाङ्ग। २ रद्द, व्यर्थ। ३ शव। ४ निश्चित।
५ जाल, कपट रखने वाली।

वहु मारत पाप निवारन कौ, अव चाहत ताहि उवारन कौ।
सँमुझै नही स्वाँमीय-सासन कौं. भरनै उर लागेऊ भासन कौ ॥७६०
मिलहै दोइ दोसतें दड महा, करहै हमरौ नही जोन कहा।
नही राँनीय जानेऊ राजन है, सुपचाँन कै दास समाजन है ॥७६१
गृह केस जबै कछु दूर गये, करकै विनती इह वात कहे।
हम पूत जरावन दौ पहलै, अव ईस दयौ दुखकौं सहलै ॥७६२
पुन मोहि प्रहारहु पापिन कौ, तन खोय कै जीतुहुँ तापन कौं।
कहि भूप दयौ करीयै करनी, विध सुक्तम वेद जही वरनी ॥७६३
सुन सासन दास लयौ सुत कौं, हहराय्र हीयै गनकै हित कौं।
पुन लागीय फेर पुकारन कौं, परचाय बहारन-पारन कौ ॥७६४
धर रोहित पूत धरयौ धरपै, झटकै भूप-गह्यौ झरपै।
उघरयौ मुख चद-उजारीय मै, विकस्यौ मनु पकज वारीय मै ॥७६५
सिर-वार लसै गुँघरारे सही, तिल-फूल सी नासका देख तही।
सित दाँत लसै अधुराँन समा, जनु विद्रुम-सपुट हीर जमा ॥७६६
भृमरावल भ्रूह दिपै भरीयाँ, अनीयारीय पकज आँखरीयाँ।
लख कै सिसु की चिव चित्त लुभा, प्रगटयौ हीय सात्वक देख प्रभा ॥७६७
वपु रोहित कै अनुकार वचा, रमनीय्र महाँ विध-रूप रचा।
विललावत राँनी कही वतीयाँ, तन ताही को आँच लगी ततीयाँ ॥७६८
गस आयकै भूपत भूँम-गिरयौ, वभक्यौ हित आरत-पेम भरयौ।
हीय जाँन लई वीनता हमरी, मुँह अंगज की इह लोथ मरी ॥७६९
जव राँनीय जाँन लई जीय मै, पितु रोहित भूप इही पीय मै।
दुख सौं कहिकै मुख हाय दई, भरतार कौ देख अचेत भई ॥७७०
अवधेस सुरेस समाँन इही, महि डोलत है समसाँन मही।
तिह रूप न रग रह्यौ तन कौ, दरसाव इही पलटै दिनकौ ॥७७१
धन मै हुय कै छत्रधारीय की, दुज-दासीय होय दुखारीय की।
सुत दास भयौ समसाँन समा, अरू राजहु जात भये अधमा ॥७७२
कित मारग लाग गई करनी, वन आवत नाँहि जथा वरनी।
अवधेसहु देख उजागर मै, सुकीया दुख बूडीय सागर मै ॥७७३
मुख देखत राजकँवार मरयौ, पुहमी पग हाथ पसार परयौ।
कहि रोहित-रोहित क्रन्दत है, उठकै नही होत अनन्दत है ॥७७४

कलि देख हमैं छल क्यूं करीया, हित सौं नहीं देत है हूँकरीया[1]।
अहो वछ्छ[2] करी कहा देर इती, पितु तेरी सनातन औवपती ।।७७५
विड रूप दिखावत वेख वन्यौ, गहि भीत लई कपि साच गन्यौ।
साक्षात्पातु नो यद्वशे इदम् ॥ इति ॥

छद पद्धरी

इह साक-दीप सौं दुगन अत्र, पुस्करह-दीप जाँनहु पवित्र ।
सुद्धोदक-दव कै वीच सोय, जहाँ पुस्कर फूले लेहु जोय ॥२४४
छद सिखा अग्न दुति रहे छाय, जगमगत प्रभा जाही जनाय ।
श्रीवृह्माँजू कौ इक सुथाँन, जिह लोकन के करता सुआँन ॥२४५

१ मन' पूर्वज । २ सहस्र स्रोत । ३ ऋतुव्रत । ४ दानव्रत ।

गन जहाँ माँनसोतर[1] गिरद, विसतार अयुत ऊरध विलद ।
दिस च्यार वसे सिर च्यार द्रग, इद्रादि आद जाँनहु अभग ।।२४६
जिह ऊपर सूरज-चाल जाँन, मेर की प्रदक्षन करत माँन ।
समछर[2] चक्र ताही समीह, देवन को गनीयत रात दीह ।।२४७
ऊत्तर अरु दछ्छन अयन येम, जाँनीयै प्रमाँनहु काल जेम ।
प्रीयवृत्त सुतन परताप पूर, जहाँ वीतहोत्र वासौ जरूर ।।२४८
द्वै पुत्र भये - जिनके दुरुह, जिह खड भाग द्वै करे जूह ।
जिह बाँट दये आसन जमाय, रमनक अरु धातकि उभय राय ।।२४९
ह्वै गये सरन हरी वीतहोत्र, प्रथमी सु देय पुत्रन पत्रोत्र ।
परजा सुकर्म जहाँ की पुनीत, इक वृह्मरूप ध्यावत अथीत ।।२५०

मत्र —यत्तत्कर्ममय लिग व्रह्मलिगं जनोऽर्चयेत् ।
एकातमद्वय शात तस्मै भगवते नम· ।। इति

छंद पद्धरी

सुद्धोदकहू पै पारसीम, नग लोकालोक निरखू[3] नीम ।
लोक रु अलोक के मध्य लेख, वट हेत भाग जाँनहु विसेख ।।२५१
मेरू रु माँनसोतर मभार, सोवर्न-भूँम जाँनहु सँवार ।
समरूप गनहु दर्पन समाँन, येको न वृक्ष जामै उगाँन ।।२५२
ओसधी जहाँ नही अन्न आद, माँनवी वसत कोऊ न मृघाद ।
देवन की वासी सबही देस, अन[4] प्राँनी कोऊ न जहाँ असेस ।२५३
परवत जो लोकालोक प्रत, वामौ अलोक-लोकहु वसत ।
लेखत इम लोकालोक नाँम, ध्रुव तीन-लोक विच रच्यौ धाँम ।।२५४
ईस्वर की रचना अत अभूत, विरच्यौ इह पर्वत वाँध व्यूँत ।
जिह सूर-किरन नही पार जात, ध्रुव-आदक जोती धगधगात ।।२५५
इह पार रहत सूरज-उजास, भूगोल लेहु परमाँन भास ।
पचास-कोट जोजन प्रमाँन, नग लोकालोकहु घर निदाँन ।।२५६
चतुरांस इही नग गनहु छोन, कीय रक्षक दिग्गज चहूँ कोन ।
दिग्गजहु रिखभ अरु पुस्पदत, वामन अपराजित जहाँ वसंत ।।२५७

---

१ मानसोत्तर। २ संवत्सर। ३ सूर्य। ४ अन्य।

सोइ रक्षक है लोकन समस्त, है माया ईस्वर रचत हस्त।
परमेस्वर लोकालोक पास, सोई अष्ट-सिद्धि जुत सावकास ।।२५८
विष्वकसेनादिक[1] प्रभू विसेख, परवेष्टत आयुध पुञ्ज पेख।
कल्यांन-अरथ रहि चहूँ कोद, माया निज विरचत पाय मोद ।।२५९
ससार करत पालन समर्थ, आपनी विभूती पाय अर्थ।
इह पर्वत-पार न जाय और, जोग की विना सिद्धी सजोर ।।२६०
श्रीक्रस्न सिखडी गये साथ, गुरू-पुत्र-हेत सोई प्रगट गाथ।
द्वावाभूमी[2] की करत दौर, भाँनहु भ्रमत गत सौभ-भौर ।।२६१
पचीस कोट जोजन प्रमाँन, जिह अतर कौ तुम लेहु जाँन।
प्रापत सूरज ही मध्य पिंड, याही कौ कहीयत नाँम इड ।।२६२
सो होत अचेतन मृतु-समध, वैराज पुरखहू रूप विध।
ये ही प्रवेस करता सु इड, ताही सौं उचरत मारतड ।।२६३
उतपत जिनहू की हिरन इड, ये हिरनगर्भ जाँनहु अखंड।
सूरज कर विदिसा-दिसा सध, पावत सु कालवेता प्रवध ।।२६४
इनही सौं भ्यासत है अकास, अपवर्ग स्वर्ग नाना अवास।
देवता दैत पन्नग दिखाय, जढ जगम जढ जाहर जनाय ।।२६५
सवही के लोचन गनहु सूर, दिष्टा उपदिष्टा निकट दूर।
इनकी उपासना थपी आद, जोग की रीत औरै जपाद ।।२६६
भूमडल भाख्यो सर्वे भेव, दँनु माँनव वासी जहाँ देव।
गँनीयत प्रमाँन याही खगोल, पुस्कर की दुस्कर महा पोल ।।२६७
दाँना इक जैसै दोय दाल, भूगोल जितौ खगोल-भाल।
अतर कौं कहीयत अतरीक्ष, परकास करत सूरज प्रतक्ष ।।२६८

दोहा

उतराँयन गत मद अत, दक्खन सत्वर दौर।
मोटौ-छोटौ इह मुदै, तमी दिवस कौ तौर ।।२६९
तुला मेख सूरज तुलै, सम सुथाँन दहु सध।
दिवस-रात सम होत दहु, पडित लखत प्रवध ।।२७०

---

१ विष्वक्सेनादि आठ सिद्ध। २ द्यावाभूमि।

पाँचहु रास वृपाद पुन, बाढत दिवस बसेख ।
वृश्चकाद छिनदा वढत, द्रगनन लीजै देख ।।२७१

छंद उधोर

श्री सूर उत्तम चाल, वरनत सु वुद्धि विसाल ।
गत सीघ्र मद गिनत, मध्यम सु जाँनहु मित ।।२७२
परभाव त्रय परकार, गृहहु के त्रय आगार ।
मध जारईव[1] कौं माँन, सोई कहत मध्य सुथाँन ।।२७३
उतराध ऐरावत्त, प्रथ नाँम है परवृत्त ।
दिक जाँन दख्खन देस, वैस्नाँहनर[2] सुविसेस ।।२७४
सुसथाँन तीन समाँन, पुन वीथीयन परवाँन ।
अस्वनी भरनी और, जाँनीयै क्रतका जोर ।।२७५
निज नाँगवीथी नाँम, धुर कहत है मतिधाँम ।
रोहनी मृगमर रेख, आद्रा सु नखत असेख ।।२७६
वीथी सु गज वाख्याँन, सव कहत है सुग्याँन ।
पुनरवसू पुख्ख परेख, श्लेखा जु जाँनहु सेख ।।२७७
ऐरावती उर आँन, वीथी सु इह वाख्याँन ।
त्रहु वीथीयन गत तेह, उत्तराध मारग येह ।।२७८
न छूछत्र मघाहु निरेख, पूर्वा सु फलगुनी पेख ।
उतरा सु फल्गुनी और, जिह आर्षभी मग जोर ।।२७९
हस्तहू चित्रा होय, गोवीथी स्वातहु गोय ।
पुन विसाखा पहिचाँन, अनुरधा जेष्टा आँन ।।२८०
जारदगृवी[3] इह जाँन, वीथी सु कहत विधाँन ।
मध्यम सु मारग मित्र, परमाँन जोतस-पत्र ।। २८१
पुन मूल नखत परेख, पूर्वाहुषाढा पेख ।
उतराहुषाढा आँन, वीथी सु अज वाखाँन ।।२८२
स्रवनहु धँनेष्टा सिद्ध, सतभिखा नखत सनिद्ध ।
मृघ-वीथका इह माँन, जोतसी जाँनत जाँन ।।२८३

१ जारद्गव (?) । २ वैश्वानर । ३ जारद्गवी ।

पूर्वा सु भाद्रपदेह, उत्तराभाद्रपद येह।
रेवती नखत रहत, वैस्वानरी वरतत ॥२८४
इह तीन वीथी आद, दिनकरह मग दिखनाद[1]।
विच ध्रुवा सूरज वास, रथ बँधी कोटी रास ॥२८५
उतराद मैं जुग और, अक्ष के बीच अथोर।
पवना सु बाँधी पास, खैंचत सक्ति खास ॥२८६
रोहँण[2] सु बीच रहत, गत मद सूर गहत।
जिह बीच मडल जात, रह जाय छोटी रात ॥२८७
दिन होत वृद्धी दौर, उतराव सूरज और।
दिन जात है दिखनाव, पेरना वायु पसाव ॥२८८
अवसेहनऊ[3] आखत, परवेस ताही प्रत।
रवि चलत बाहर रेख, बढ सीघ्र चाल वसेख ॥२८९
अह[4] होत है लघु येम, तमसनी दीरघ तेम।
समता सु विखुवत संग, पथ गहत जवही पतग ॥२९०
सब रात-दिवस समाँन, सम भूत जाहि सुथाँन।
करकै जु ध्रुवकै कायु, वल पास औरै वायु ॥२९१
खैगोल-मडल बीच, विचरत सूरज बीच।
ध्रुव वायु छूटत धोर[5], कढजात मडल कोर ॥२९२
बाहर सु जात विसेस, दिस उतर-दखन दिनेस।
गत सूर वरनी गैल, सम सर सुमेरू सैल ॥२९३
मंड पूर्व पुरि मघवाँन, अमरावती अस्थाँन।
जमपुरी दख्खन जोय, सजँमनि नाँमा सोय ॥२९४
पछ्छम सु वरुन प्रधाँम, निश्लोचनी जिह नाँम।
पुर सोम की पहिचाँन, उत्तर विभावरी आँन ॥२९५
खित वसत भारथ-खड, मरजाद जोतस मंड।
रवि उदय कहत सुराह, मघवाँन-नगरी माह ॥२९६
मध्याँन जमपुरी-मध्य, पुरी वरुन साँझ प्रसिद्ध।
रवि सोमपुरि अधरात, पुरहूतपुरि परभात ॥२९७

---

१ दक्षिण। २ रोहण=चढाव। ३ अवरोहण। ४ दिन। ५ धारा।

पुरहूतपुरीय पतग, आवत सु जवही उमंग।
जमपुरी उदय जनाय, वँह जँमपुरी जब आय ॥२९८
पुरी परजन परभात, जासौं सु आगै जात।
पुरि सोम होवत प्रात, अमरावती पुन आत ॥२९९
सोइ वसत सीस सुमेर, घर देव द्रगन घेर।
मध्यांन कै सम मित्र, तहाँ वसत दीसत तत्र ॥३००
करत सु प्रदक्षन केर, सवताँ नगेस सुमेर।
दिस-विदिस सूरज देव, अह करत फिरत अजेव ॥३०१
प्रथमा उदय कौं प्रात, लहि ओट साँझ लखात।
रव उदय अस्तन रूप, भव-कर्म साखी भूप ॥३०२
जहाँ लखत उदय जनाय, अनलखै निस अवकाय।
दिन-रात कौ सव दौर, आकास-प्रथवी और ॥३०३

दोहा

रवि-मडल नीचै रहत, जोजन अयु जहाँह।
सूर चद की येक सम, रोकत है मग राह[1] ॥३०४

छंद पद्धरी

जोजन सहस-दस विव जाँन, सूरज प्रमाँन जाँनहु समान।
वारह-सहंस है चद्र-विव, परकास करत जोती प्रलव ॥३०५
जोजन सहंस-तेरह जरूर, करता आछादन राह क्रूर।
दूर सौं ढकत विधु सूरदेव, अधार घोर रूपी अजेव ॥३०६
जव सूर-चद सामीप जात, हरिचक्र प्रेर ताही हटात।
जन कहत गृहन ताकौं जनाय, दुति हरन चद सूरज दिखाय ॥३०७
जोजन सहंस-दस तरै जास, विद्याधर चारन सिद्ध वास।
इतनै ही अतर गनहु और, ठहरे पिसाचहू भूत ठौर ॥३०८
राक्सहू जिक्ष जहाँ प्रेतराज, सव येक-रूप गनीयत समाज।
लेखीयै तरै तिह भूरलोक, थित पंखी-गनकै रहस थोक ॥३०९

---

१ राहु।

हंसाद गरुड सारस रहत, अतर येते पैं धरा-अंत।
तिह तरै सात है विवर तेम, जोजन दस-दस कौ वीच जेम ।।३१०
चौडे अरू लबे इते चौक, लग अतल-वितल आदक सु लोक।
सुख जहाँ स्वर्ग ही के समाँन, वरतै न जहाँ साँझहु विहाँन ।।३११
दाँनव अरू पन्नग जहाँ द्रग, सुख वास वसत आनद सग।
ऐस्वर्ज सकल विध जहाँ औज, है वापी कूंप तड़ाग हौज ।।३१२
वन उपवन वीथी हित विहार, वाढत सुगध सीतल-वयार।
तरू तरल सरल मजरत-माल, मणीवक पर गुजत भृमर-माल ।।३१३
पत्तन मय दाँनव रचत पूर द्रग दीख परत तहाँ निकट दूर।
मिदर केऊ सुदर ठये मड, झुक रहे झरोखन झुड-झुड ।।३१४
जगमगत जात नग मनि जहूर, परकास करत चहु-दिसा पूर।
आदीत-किरन विन जहाँ उजास, रगमगत नगन-प्रतिविंव रास ।।३१५
ओसधी रसाँयन जुत अँनेक, अन्नाद भक्ष भोजन असेख।
नही जरा मरन व्याधी जनाय, कवहूँ नही व्यापै मरन काय ।।३१६
दुरगध स्वेद जिनकै न देह, उछ्छाह प्रकासी थाँन येह।
श्रीविस्नु सुदर्सन-चक्र सोय, हित आकर्सन परवेस होय ।।३१७
पतनी दैतन की माहि पेट,- झरजात गर्भ ताही झपेट।
वाढत नही तातै दैत-वस, प्रभू देवन के स्याहिक प्रसस ।।३१८
पुन प्रथम विव अत लहि प्रधाँन, जाकौ प्रमाँन इह लेहु जाँन।
मय-सुतन वसत जहाँ वल-मदध, छिन्न माया के रचत छद्र ।।३१९
साधना-अरथ हितकार सोय, लेकै कोऊ धारन करत लोय।
वलकै वल की सुन लेहु वात, जो मुखा-जँभाई लेत जात ।।३२०
तीय-झुड प्रगट ह्वै तातकाल, वहू रूपवती मोहनी वाल।
पुरचली स्वैरनी त्रय प्रकार, काँमनी काँम-हित करत कार ।।३२१
येकत पुरख कौं पाय येह, दुरवलहू पुष्टी करत देह।
रस हाटक भोजन दै रसाल, वृद्धि काम करत ज्वाला विसाल ।।३२२
नित रमन करत तासौ निसक, आसन परभासन लाय अक।
कर-कर कटाक्ष अवलोक नाद, विल्लासी अनापहू विभ्रमाद ।।३२३
मन-तन कौं मोहित करत मद, वल वाढत वाधा वाढ विंद।
भासत नहि ताकौं साँज-भौर, ज्याँ-ज्याँ मनोज कौं गाढ जोर ।।३२४

होवत वलिष्ट हस्ती हजार, मद-ग्रध कंध परभाव मार।
सिध ईस्वर ग्रापै माँन सोय, हीय ग्रहकार सौ विवस होय।।३२५
इह प्रथम विवर जाँनहु उदत, दूसरौ वितल नाँमा वदत।
भूतल कै नीचै विवर भाग, सिव ग्राद भवाँनी साँनुराग।।३२६
वस रहे भोग हित जहाँ वास, पार्षद ग्रनेक जिह ग्रासपास।
जिस नाँम हाटकेस्वर जपत, विध स्रष्ट सवै तासौं वढत।।३२७
विरचत विहार नाना विधाँन, देवी कौं देवत भोग दाँन।
वीरज-प्रवाह वाढत वसेस, हल नही हिरन वरना हमेस।।३२८
हाटकी नाँम है तिही हेत, रँमन सौ भवाँनी गिरत रेत।
पवन सौ प्रज्वलत ग्रगन पूर, सोइ पाँन करत ताकौ समूर।।३२९
थूकै सोइ हाटक वनत थाट, केऊ दाँनव लावत काट-काट।
स्र गार वनावत त्रीया सोय, हाटक स्ववर्न कौ नाँम होय।।३३०
वितल कै तरै है सुतल वास, वीरोचन ग्रगज वलि निवास।
प्रीय इद्र करन कौ मेट पाप, थिर करचौ सुतल मे वास थाप।।३३१
प्रभू ग्राप भये तिह द्वारपाल, कर क्रपा रहत वरसात-काल।
जहाँ की विभूत वरनी न जाय, वयकूँठपती वासौ वर्साय।।३३२
तर सुतल तलातल विवर त्याँहि, मय त्रपुर पती दनु वसत माँहि।
सिव जीते ताही त्रपुर साथ, नित वास दयौ तव क्रपानाथ।।३३३
ग्रतसय मायाग्री वसत ग्रौर, जिह ठौर दाँनवन घोर जोर।
तिह तरै माहातल विवर तेम, जहाँ वसत नाँगगन वास जेम।।३३४
येकन-येकन के सिर ग्रनेक, वपु येकन-येकन तै विसेक।
जिनके प्रधाँन इह नाँम जाँन, पुन कुहक ग्रौर तक्षक प्रमाँन।।३३५
कालोय सुखेन ग्रतसय करुर, जिह गरुडपक्षि दुसमन जरूर।
लैकै कुटब तिह वसत लाग, सौहिर्दन[1] बधव साँनुराग।।३३६
है विवर रसातल तिही हेट, थट रहे दाँनवन थाट-थेट।
नीवात कवच ग्रादक निदाँन, पुर हिरन निवासी जहाँ प्रधाँन।।३३७
कालेय नाँम है प्रवल-काय, जहाँ वसे जोर ग्रपनौ जमाय।
देवन सौ सोइ करत द्वेख, वलसाली जाली ग्रत बिसेख।।३३८

---
१ सुहृद।

श्रीविस्नुसक कौ मांन सोय, करसकै नही अपराध कोय।
पाताल विवर तिह तरें पेख, वस रहे नागहू जहाँ वसेख ।।३३९
मुख वास वासकी सख मांन, अरू कुलक स्वेत महाँ सख आंन।
धृतराष्ट धनजय महाधूत, कवलास्वतर परवल क्रतूत ।।३४०
देवोपदेह दिकर्ण दूठ, क्रोधी अत उगलत कालकूट।
सिर पचसप्त फनिधर प्रसस, सत मस्तक कोऊक फनि सहस ।।३४१
पाताल मनन[1] की क त पाय, जगमगत जोत द्रग मग जनाय।
नही तिमर जहाँ निस-दिवस नेम, इह विवर वसत है नाग येम ।३४२
इह ठौरहु तें आगें अनत, हज्जार तीस जोजन रहत।
श्रीविस्नु-कला तांमसी सोय, कर्षणहू ताकौं कहत कोय ।।३४३
लछमन सकर्षन जन्म लेत, हरीकै सग अवतार हेत।
मस्तक सहस जाही महत, इक सीस धरी धरनी अनत ।।३४४
सोहत सोई सर सौं कन समांन, आधार स्रष्टि वल अप्रमांन।
करता सघार जग प्रलय-काल, जिनके मुख विख की वढत ज्वाल ।३४५
भ्रूँह के मध्य सौं रुद्र भीम, येकादस प्रगटत वल असीम।
त्रयनेत्र हाथ लीनें त्रसूल, विकराल ज्वाल माला वधूल ।।३४६
औधकौं पाय जग करत अत, ऐसे सँमर्थ स्वांमी अनत।
वैस्नव-जन वदत वार-वार, वर्नना करत आसय विचार ।।३४७
श्रीनाग-कुमारी अत-सरूप, आभूषन पहरें अत-अनूप।
अत सुदर जाके सकल अग, राचत सुगध्र अनुलेप रग ।।३४८
आसका चहत नांही अनत, सेवा प्रसाद उर अँनुसरंत।
सुखदायक देवन के सदीव, जढ जगम पालत जगत-जीव ।।३४९
सुर सिद्ध असुर कर उग्र सेव, भक्ती कौ पावत जोग-भेव।
विद्याधर गध्रव मुनि विचार, अस्तूत करत करुना उचार ।।३५०
पांरषद करत पूजा पुनीत, कर जोर विवध विध गाय क्रीत।
प्रथमी की जड मैं जहाँ पोल, तहाँ वसत अनत सिर धरा तोल ।।३५१
धर रही सकल सोइ स्रष्ट धार, चर-अचर जीव जे खांन च्यार।
आधार सवन कौ प्रभू अनत, सेवत हित मुक्ती पर्म सत ।।३५२

---

१ मणियों। २ शेषनाग। ३ सहार।

जोग की जुक्ति वरनी जिनूंह, अग्याँन विनासत वढत ऊह।
भूगोल कह्यौ खैगोल-भेव, दिस-विदिस ग्याँन हित वृह्यदेव ।।३५३

दोहा

श्रीनाराँयिन-वचन सुन, नारद ग्याँन-निधाँन।
अरज करी औरहु अवर, जाँनन हेत जहाँन ।।३५४

सवही इकसे जीव सम, भिन्न-भिन्न कीय भौन।
ताकौ कारन कहहु तुम, मन की मिटै मलाँन ।।३५५

नाराँयिन नारद कही, विध-जुत सुनकै वात।
कहन लगे कल्याँन-हित, कथा सहित कुसलात ।।३५६

प्रथक-प्रथक कहै करम पुन, स्रधा प्रथक है सोय।
सुख-दुख भोगत विसम सम, हीय की वचा होय ।।३५७

सरधा सातुक होत सुख, राजस सरधा रोर।
ताँमस सरधा मूढता, करत सुभाव कठोर ।।३५८

जैसी सरधा होय जुत, जैसी फलै जु जीव।
करता जग विध-विध करम, दाता येक दईव ।।३५९

केऊ विहत अविहत करम, वरनन कीने वेद।
जाही कौ मत जाँनकै, नही गहत निर्वेद ।।३६०

विद्या मन माँनी विवध, पथ केऊ करत प्रचार।
करत सुमत-सत सौं करम, अनुचित चित आचार ।।३६१

गत अनेक ताकी गनहु, कहत सुनौ दै काँन।
सुभ करमन अरु असुभ की, गत जुत भाखत ग्याँन ।।३६२

अतल विवर के ऊपरै, दख्खन-दिसा जु दूर।
अगनी स्याता वसत वँहाँ, पित्रपती वल पूर ।।३६३

अपने-अपने अस की, वस विचारत वात।
करत आस सुभ करम की, जासौं पूजत जात ।।३६४

स्राध समर्पत करत सुम, दिल सुध आसिख देत।
देत स्राप कुकरम दुरत, पाय खेद गन प्रेत ।।३६५

छंद भुजंगी प्रयात

वसै दक्ष नासापती और वासा, तिही ठौर सौं कर्म देखै तमासा ।
जिते जक्त के जोव को उक्त जाँनै, पठै दूत को गुप्त आपी पिछाँनै ॥३६६
पठावै सोई स्वर्ग पुन्यातमा कौ, जतायौ सवै रीत सौं भेद जाकौ ।
पठावै केऊ नर्क कौं जीव पापो, करै न्याव सौ भूल नाही कदापी ॥३६७
धरै दड कौ ईस की धारना सौं, करै भाव कौ भाव की कारना सौं ।
करे कर्म जैसौ सरै दड काला, जनावै जही दोष की रोप ज्वाला ॥३६८
वसै काज वाही जहाँ तत्व-वेता, सवै आपही आप सौ सावचेता ।
जिही कुर्कु भेजे जहाँ लेय जावै, दीयै दडहू चड आदेस दावै ॥३६९
जिही नर्क के ठौर दै हौं जनाई, विधाता अधर्मीन काजै वनाई ।
उचारै केऊ नर्क है येक वीमा, अठाईस केऊ गनावै अनीसा ॥३७०
उभै रीत सौ जाँन लीजै अगाधा, वसावै अधर्मीन कौं लेख बाधा ।
इकै अधता मिस्रता मिस्र औरै, महाँ रोरवा रोरवाहू मरोरै ॥३७१
कुँभीपाक औ कालसूत्र कुरूपा, असीपत्र आरण्यहू अधकूपा ।
मुखा सूकरा मै क्रमीहू मिलाई, डसै डसहू मस जासौं डराई ॥३७२
कसै मूरती तप्त औ लाग काँटा, उगाहै तरू साल्मली वाढ आँटा ।
नदी वैतरंन्नी दुखारी लँघावै, दगावाज पूयोद माँही डुवावै ॥३७३
करै प्राँन कौं रोव विसमन्त काया, ललाभक्ष औ सारमेयाद लाया ।
अयापाँन है आरवीनर्क औरै, जहाँ है रखो गन्न भोजन्न जोरै ॥३७४
तथा खारहू कर्दमा है तहाँही, सूलो-प्रति औ ददसू का समाँही ।
विट है अधारा अपर्जा वृतन, कहै और सूचीमुखाहू कथन ॥३७५
वखाँनै इहै नर्कहू आठ-वीसा, इही घाट वाध कहै कोइ कोसा ।
जनावै कथा-वीच विस्तार जाकौ, पठावै जहाँ ईस पापी प्रजा कौं ॥३७६
इहै मूल कर्मं लखौ वात येती, सिधावै केऊ नर्क मै पाप सेती ।
परायौ हरै वित्त औ नार प्रारी, गृहै पुत्र भूत्राय आपी गवारी ॥३७७
रचै दड जापै इही धर्म राजा, करै ताडना रोत नाना अकाजा ।
मुरछ्छा गहै मारही सौं मिलोता, गिरै मिस्रहू नर्क मै खाय गोता ॥३७८
करै और की नार सौं भोग कोऊ, दगावाज पत्नी-पती भूल दोऊ ।
मुकाँम पठै अधता मिस्र माही, केऊ दु:ख भोगै महाँकल्प त्याँही ॥३७९

फटै सीस जाको उभै-ग्रांख फूटै, केऊ कान लौं किंकरा मृत्यु कूटै ।
जथाँ नांम ताही तथाँ नर्क जांनौ, परै पाप के ताप सौं जीव कांनौं ।।३८०
परायौ गहै वित्त जो पारथी, घुलै आततार्इ हीयै लोभ-गृर्थी ।
दीयै ग्रौर कौं भीत आपौं दिखावै, कुटवीन कौं पोख नीकौं नहावै ।।३८१
प्रचारै महामोह हू सौ प्रपचा, विचारै न कल्यांन कौ हेत वचा ।
गिरै रोरव नर्क मैं सौ ग्रग्यांनी, हुजारां वर्मं जाहि मैं नेन्दहांनी ।।३८२
डसैं फंक सौ ऊक ज्वाला डराई, चहूँ ओर सौं कूर रूरू चलाई ।
पसू मारकै मास खावै पकावै, दया कौं तजै जीभ के स्वाद दावै ।।३८३
घलै किंकरा धर्मराजांन घेरा, दिरावै कुंभीपाक मैं दुष्ट डेरा ।
तिही मैं भरे तेल के कुंड ताते, जँहो पै जलै ऊवलै जीव जाते ।।३८४
सँघारै पसू रोम की जोर सख्या, खवावै तिते वर्ष लौं घोर खंख्या ।
करै जो पिता-मात सौं द्रोह कोऊ, सबै गेन सौं दुःख जांनौ नकोऊ ।।३८५
सोई नर्क-वासौ वसै काल-सूत्रा, कनै ग्रग्न ताती सरीर कुपूत्रा ।
सिरानै नही कल्प लौं जीव सोई, क्षुधा ग्रौ पिपासा भरै जन्म रोई ।।३८६
कोऊ पथ पाखड चालै कुगांमी, सँवोधै ग्रग्यांनी वनै ग्राप स्वांमी ।
ग्रसीपत्र ग्रारण्य मैं जाय ऊभै, चलावै तहाँ पाव मैं धार चूभै ।।३८७
तरू-पत्र जामैं परे धार तीखा, वहै वार-ही वार ग्रासार वीखा ।
करै किंकरा मार दडा क्रतता, हलै सव्द ऊचारकै हाय हुंता ।।३८८
घने थाकने पै तही पै घसीटै, परै ग्रद्ध ऊद्ध तऊ दुष्ट पीटै ।
इही नर्क कौ नांहि नै ग्राद-ग्रता, भयकार हकार पापी भरता ।।३८९
कोऊ होय राजा तथा राज-कांमी, सँतावै प्रजा कौं विना न्याय स्वांमी ।
मृजादा मिटावै गरू विप्र मोटी, खिती पै प्रचारै कोऊ वात खोटी ।।३९०
मुखा सूकरा नर्क मै वास मडै, खलै तेल के जत्र ज्यौं देह खडै ।
फिरै तामही वार ही वार फेरा, घुटै जास ही ना उठै लाग घेरा ।।३९१
केऊ वीच ह्वै चूर्न सपूर्न काया, महाँ ईस की देखीयै घोर माया ।
मदाभीरु उत्कून जूंका जु मारै, वहै जीवन देह दूजी ग्रवारै ।।३९२
करी ईस निरवांनहू जाहि काया, दुखीहू भये पै तजै सोय दाया ।
करै वास जो नर्क मैं ग्रधकूपा, वसै जतु जामैं ग्रनेक विरूपा ।।३९३
केऊ सर्प वीछू जिनै डस काटै, घनी खटपदी ग्रौर उद्दंस घाटै ।
महाभीरु चैंटत रोलव मख्खी, भरै कर्नकीटी पद मांस-भख्खी ।।३९४

जोई अन्न खावै विना पाँच जग्य, अधौ खै क्रमी कु ड मे सोय अग्य ।
क्रमी दाटकै-चाटकै दुष्ट काया, रमै छादवी फाटकै मस राया ।।३९५
करै स्वर्न-चोरी विना आप्त काला, जरावै अय पिंड सौं आग ज्वाला ।
अगम्पार मै पुर्ख नारी उभै सो, चपेटै सथूना तपाई चुभै सो ।।३९६
नही होन देवै कहूँ हाथ न्यारे, भरै येक ही साथ मै बाथ भारे ।
चड़े दु ख सौ कूक पारै वहारै, त्युही दड सौ किंकरा मृतु तारै ।।३९७
पसू जात नारी करै भोग पापी, मिटावै महाँ काँम बाधा मिलापी ।
तरू साल्मली पै चढावै तही कौ, जटे कटकं लोह ताते जँही कौ ।।३९८
चढै-ऊतरै वार-वार छिनगी, तपावै घसीटै जही ठौर लगी ।
महाँवेदना छेदना सौं मरोरै, करै दीन वाँनी डराँनी करोरै ।।३९९
वनै भूप कोऊक पाखडवर्ती, अरू राज-मत्री भरै सो अनर्थी ।
नदी वैत्रनी माँजि मोई नहावै, विचै मूत्र विष्टान लोहू वहावै ।।४००
सभोग करै विप्र जो नार सूद्री, वसावै तथा ग्रेह मै वुद्धि क्षुद्री ।
करै मुच्च आचार कौ नष्ट काँमी, हथै नेम निर्लाज सोई हराँमी ।।४०१
सोई वैत्रनी धार माँही समावैं, खखार सोई मूत्र विष्टा जु खावैं ।
तथा विप्र छत्रीन-औ वैस तेऊ, गधा औ कुता पालकै वीच ग्रेऊ ।।४०२
खिलै जो सिकार पसू मार खावै, वसै नर्क जाही निसाँना वनावै ।
जमराज के वीर तीर जमावै, जवै और ठौरै कहाँ भाग जावै ।।४०३
छिदै भाल तीखी भिदै जाहि छाती, घलै वार ही वार आसार घाती ।
इही काँम कौ जाँनीयै दड ऐसौ, कमाई भरोसै भरै सोक रैसौ ।।४०४
करै दभ सौ जिग्य मारै पसू कौ, वितर्न दई विप्र लेवै वसू कौं ।
परै नर्क वैसस्य-मे सोय प्राँनी, अय मुद्गर डड पावै अग्याँनी ।।४०५
करै काँमनी सौ जवै काँम-क्रीडा, वनै निष्टुर त्याग आचार व्रीडा ।
पलोटै मुखा काँमही कौं पीवावै, जोई नर्क मै काँम के कु ड जावै ।।४०६
पीयै काँम सोई महाँ घोर पापी, सहै वेदना अग केऊ सँतापी ।
दगावाज यो ग्राम मैं आग देवै, लुटेरा वनै औंर कौ वित्त लेवै ।।४०७
सोई सारमेयादन नर्क साधै, वहाँ पिंड कौ स्वाँन काटै असाधैं ।
महाँ वेदना सौं कही अग मोरै, तहाँ मृत्यु के किंकरा हाड तोरै ।।४०८
भरै भूट साखी कोऊ पाप-भडा, दियै मृत्यु के किंकरा सार डडा ।
अवीचाख्य जो नर्क सृ गा उतगा, उतारै-चढावै-गुडावै अलगा ।।४०९

पुनीत अवर्न सुधा सोम पेई, तजै धर्म हाला पीयै जाँन तेई।
सोई नारकी घोर माँही समावै, पियालै तही लोह तातौ पीयावै ।।४१०
करै ग्याँन कौ माँन विद्याक हाँनी, गनै आपकौ श्रेष्ट औरै अग्याँनी।
वसै क्षार-कर्दम माही वसेरा, घलै जातना भोग-भोगै घनेरा ।।४११
वलीदाँन देवै पसू माँनवी कौं, भवाँनी तथा भैरवा भैरवी कौं।
पुरी प्रेत की प्रेत सोई पहूँचै, लगै आय पासै जँहो प्रेत लूँचै ।।४१२
खिलै ताल दै-दै जिही माँस खावै, गहै आँत ताँतै ज्युँही गीत गावै।
विना कोय अप्राध प्राँनी विनासै, गृहै सस्त्र मौ वाँच मूली गृहासै ।।४१३
तपै नारकी प्राँत मै आतताई, विवै लोह के कटक सौ विधाई।
छिदै माँस अग्नेय की चिछ छूटै, घनी उज्जली चिल्ल औ गृद्ध घूटै ।।४१४
भखै स्वाँन सृँगालहू माँस भेजा, कढै काकहू आँख फारै करेजा।
करै आप के पाप कौ याद कर्मा, छिकै ठौरही ठौर सौ रोम चर्मा ।।४१५
करै क्रूर स्वाभाव सौ रोख कोई, डरावै घने दीन सौ होय द्रोही।
सोई नर्क-वासौ वसै ददसूक, फसै तै डसै ज्वाल-सी मार फूक ।।४१६
धकेलै कोऊ कूँप मै मार धक्का, रखै किंदरा मै कोऊ जीव रुक्का।
वसै अघही कूँप मै सोय वासा, असगो प्रसगीन सौ ह्वै उदासा ।।४१७
अमर्ष करै द्वार आतिथ्य आँयै, जथा-जोग सौं भोग नाँही जिमाऐ।
परै नर्क माही सोई क्रूर प्राँनी, करै रुख काया जँही अख काँनी ।।४१८
करै दर्व कौ गर्व काजै कँमाई, त्रसै दीन कौं सीस डारै तवाई।
दुखी देखकै ना कहूँ दाँन देयै, सोई जीव सूची मुखा नर्क सेवै ।।४१९
गनाये इते नर्क औ नर्क-गाँमी, महाँ पाप पापीन थप्पे मुकाँमी।
कुकर्म करै जाँनकै जीव काँनौ, सवै रीत सौं ताहि जाँनौ सयाँनौ ।।४२०

दोहा

दुरत-करम सौ नरक-दिस, जावत जीव जरूर।
आराधन श्रीईस्वरी, दोष गमावत दूर ।।४२१
जाही कौ अनुक्रम जुतै, वरनत कर विस्तार।
साधन आराधन सुलभ, सुखदायक ससार ।।४२२

छद द्रुं-अखरी

पूजै देवी निस-दिन प्रॉनी, मिटै दुरत-क्रत पाप मलाँनी ।
वरनत मैं ताकौ विसतारा, सुनीयै हित नारद ससारा ।।४२३
प्रथम दिवस प्रतीपदा पुनीता, पूजन घृत सौं करै प्रवीता ।
करै वरत सुद्धी-जुत काया, अथवा विप्र देय वृत आया ।।४२४
मिटै रोग ताके तन माँही, रुज ही कटै नही दु ख रहाँही ।
दूज सरकरा पूज सो दीजै, लाग पाय दुज आसिष लीजै ।।४२५
दीरघ आयुस दीयै जु देवी, सुखदायक जीवन कौ सेवी ।
त्रतीया पय पूजै ताही सौं, विप्र दॉन दीजै वाही सौ ।।४२६
देवी प्रस्न होय छूटै दुख, संपत वढै और नाना सुख ।
पुवा चौथ देवै अरु पूजै, वहै विघन सौं नहिन अरूझै ।।४२७
कँदली-फल पचम सिवकाई, विप्र देय वाढै निपुनाई ।
मधु पष्टी पूजै द्वज मॉनै, होय कातीजुत दुख की हाँनै ।।४२८
सातम गुड देवी सतोखै, त्रसै सोक विप्रन कौं तोखै ।
अष्टम दिन नरीयर आराधै, अर्पत दुज अघ मिटै उपाधै ।।४२६
लाँवी नवमी पूजन लावै, जाही विध सौं विप्र जिमावै ।
देवी उभय-लोक सुखदाता, माँन पाँन राखै जग-माता ।।४३०
दसमी दिन पूजै जो देवी, काले तिल सौ रहै न केवी ।
दाँन करै विप्रन सुखदावै, जम की त्रास मिटै अघ जावै ।।४३१
श्रीअवा येकादसि सेवै, दस सौं विप्र दाँन ही देवै ।
पुन देवी के होय पियारा, सकती लोक लहै सुखसारा ।।४३२
चूरा द्वादसी पूज चढावै, विप्र देय सतती वढावै ।
चतुरदसी नैंवेदै सतुवा, करै दाँन सिव ह्वै क्रत-क्रतवा ।।४३३
पूरनमासी खीर पकावै, श्रीअबा नैइवेद चढावै ।
अँमावसी इम ही आराधै, सवही पुनीत साधना साधै ।।४३४
मिटै अमगल फलै मनोरथ, तहाँ-तहाँ वरनी पूजा तिथ ।
होस करै इधकौ सुख हेतू, सागर भव माँही सुख सेतू ।।४३५
सूरजवार खीर सौ सेवै, दूध चद्र नैइवेद जु देवै ।
केला मगल वुध नैनू कर, वृसपत लाल खाँड जाँनहु वर ।।४३६

मुक्र ऊजली सक्कर सेती, सनीवार कौं घृत-रस हेती ।
वरत करै देवै ग्रांमन कौं, मेव प्रसाद जगत स्वांमन कौं ।।४३७
जीवन भुगत मुगत-पद जावै, नारांयन नारद समुजावै ।
सत्ताईस नखत की सेवा, भाखत श्रीनारांयन भेवा ।।४३८
ग्रस्वनी घृत भरनी तिल येऊ, क्रतका मै सरकरा करेऊ ।
दध रोहिन नखत्र मै देवै, मृगसर दूध मलाई मेवे ।।४३९
ग्राद्रा दूध मलाई ग्राछै, पुनर्वसू लडुवा दै पाछै ।
पुख्ख तार फैनी कौ परूसै, सक्कर कौं ग्रश्लेपा सरसै ।।४४०
मघा नखत मै पापर मेलै, पूर्वा फाल्गुनि कमरा पेलै ।
ऊतरा फाल्गुनि घेवर येहू, हस्त नखत मै वटुका देहू ।।४४१
चित्रा माँझ खजूरा चावै, स्वात-नखत रस पूर्न सुहावै ।
मधू विसाखा मै पुन मेलै, अनुराधा मैं सूरन येलै ।।४४२
जेष्टा मै गुड़ ऐसै जांनौ, मूल नखत मै चूरा मानौ ।
पूर्वापाड़ा मुनका पूरा, षाड़ा ऊतरा नखत खजूरा ।।४४३
सरवन रसहु धनेष्टा चारक, सत ताको पुवा सु विचारक ।
पूर्वा भाद्रपदा नैंनू पुन, उत्रा भाद्रपदा मोदक ग्रन ।।४४४
मातु-लिंग है रेवति माही, ग्रवा-पूजन इह ग्रवगांही ।
जोग सताइस है इम जांनौ, महा प्रसाद नाम ग्रनुमांनौ ।।४४५
गुड मधु घृत पय दध कौं गहीयै, तक्र पूप नैंनू लै तँहीयै ।
ककड़ी कुमडा लडुग्रा कटहर, केलाफल जाँमुन ग्रांमन कर ।।४४६
तिल नारगी दाड़म तैसै, वेर ग्रांवला खीरहु वैसै ।
चूरा चना रू नरीयर चाहै, ऐसै जांम-फला ग्रवगाहै ।।४४७
सुभग कसेरू जैसै सूरन, पूजै देवी विध परपूरन ।
जोग ग्रगारी करन जनावत, गनती एकादसहु गनावत ।।४४८
प्रथम कसार पूजना करीयै, ग्ररू मडक फैनी ग्रनुसरीयै ।
मोदक वट-पत्रन कौं मेलै, लडुवा घेवर तिल कौं लेलै ।।४४९
दध घृत मधु नैइवेद दिवावै, पूजन सौं देवी सुख पावै ।
देवी पूज विप्र दत देवै, लाभ सु जन मन-वचत लेवै ।।४५०
पूजन ग्रौर विधांन प्रकासत, भाँन ग्यांनमय-जीय-हीय भ्यासत ।
चैत सुक्ल त्रतीया हित चित सौं, महुवा पूजन करीयै मति सौं ।।४५१

सब मासन मैं इह विध सेवै, देवी मन-वचत फल देवै ।
गुड वैसाख जेठ मधु गहीयें, पुन असाड मैं नैंनूं पईयै ।।४५२
सावन दध भादव सरकरा, आसुन मास खीर अनुसरा ।
फिर कातिक पय अगहन फनी, दुज की पूजा करकै दैनी ।।४५३
पूस मास दध कूर्चका पाई, माघ गऊ-घृत और मलाई ।
फागुन मैं नरीयर के फल कौं, बारह मास कही इह बल कौं ।।४५४
नाम अनुक्रम है इह निरनौ, बारह मास पूज मैं बरनौ ।
नाँम मगला वैस्नवि निर्मल, माया काल निसा मेटत मल ।।४५५
महा दुरतया पुन महामाया, मातंगी कालीय मिलाया ।
कमलवासनी सिवा कहावै, ध्याँन सहँस चरना कौ ध्यावै ।।४५६
सर्वमगला-रूपनि सेवा, भलीभाँत भाखत इह भेवा ।
द्वादस नाँम रूप सुख-दाता, महमा जाँन लेहु जग-माता ।।४५७
कर पूजा सतोत्र पुन करीयै, नाँम धेय सुमरन निस्तरीयै ।
पकज-नेत्रा मात पुनीता, जगधात्री केऊ दुष्टन-जीता ।।४५८
माहेस्वरी ईस्वरी माया, देवी महाँ सुजन सुखदाया ।
महाँ मगला मूरति माँनी, भय पर माया हरन भुमाँनी ।।४५९
पर मारग दायन परमेसी, उतपत परजा करन असेसी ।
परंब्रह्म-रूपा परमातम, अखल-जगत जीवन की आतम ।।४६०
महोनता[1] मनसिनी[2] मदमाती, धेश्रा मुनिजन ध्याँन धराती ।
मारतड सहचारनी माँनत, जगतवा लोकेस्वरी जाँनत ।।४६१
प्रलयाबुद सनिभा प्रमाँनी, करन सदा मंगल कल्याँनी ।
पूजन दाँनव देव प्रचारत, श्रीअबा कौ नाँम सँभारत ।।४६२
महाँमोह-हरनी माहामाया, जम-भगनी आद्या जगजाया ।
नमो-नमो दायक निर्वाँनी, सुरन-समाज मुनी रिखी माँनी ।।४६३
महाँमत्र गम्या उर माँही, जन सुमरत मेटत दुख ज्याँही ।
कैथा नीब आँब तरू काँही, वट बेरी निज बाग बसाही ।।४६४
पढ सतोत्र देवी कर पूजन, सुख पावै त्रय-बरन सहू जन ।
बरत करत मणीदीप बसावै, जाके जनम मरन मिट जावै ।।४६५

---

१ महोन्नता । २ मनस्विनी ।

बुधसिंह चारण रचित

देवीचरित

द्वितीय भाग

नवम-स्कंध

श्री गँणेसजीया नम श्रीदेवी-चरत्रे भासा नवमी स्कध प्रारंभ—

दोहा

नारांयन नारद कहत, प्रक्रत पाँच प्रकार।
वरनत स्रष्ट विधांन सौं, नांम सुनहु निरवार ।।१
दुरगा राधा इंदरा, महाँ सरस्वती माँन।
सावत्री जाँनत सकल, वेता स्रष्ट विधांन ।।२
कही धरम जैसी कथा, मोही सौं निज मत्त।
गुन उतपत पूजा गहन, चित सुध काज चिरत्त ।।३
प्र. प्रकृष्ट वाची प्रथम, क्रती इह सृष्ट कहंत।
सृष्ट प्रकृष्टा समुझीयें, सब्द विचारहु संत ।।४
अग्रेस्वर देवी वंही, प्रक्रत नाँम पुनीत।
अखल जगत की ईस्वरी, परगट लखहु प्रतीत ।।५
प्र प्रकृष्ट सतगुन प्रतैं, क्र रजगुन कहीयत।
तँम-गुन ती जाँनहु तँही, त्रयगुन प्रक्रती तत ।।६
त्रयगुन धारन करत तव, सृष्ट रचत है सोय।
प्रक्रत कहत परवांन प्रत, जाँनहु प्रक्रत जोय ।।७
प्र सब्द है वाची प्रथम, क्र.ती सृष्ट के काज।
विद्यमाँन प्रथम ही विसव, सोइ प्रक्रत सिरताज ।।८

छंद पद्धरी

वरनत अव देवी सव विवांन, प्रक्रती रूप माया प्रवाँन।
जोग माँ परम आतम जिकोय, सृष्टी-विधाँन के हेत सोय ।।९

रचना नारीस्वर वने रूप, जोइ अरधनार अरु पुरख जूप ।
श्रीक्रस्नचद्र है पुरख सोय, जिह वाँम-अग प्रक्रती जोय ।।१०
श्रीरूप गनहु प्रक्रती-प्रग, वृह्म कौ रूप जामैं न विंग ।
अग्नि के सग जिम दाह येक, विव होय नही जाँनहु विवेक ।।११
यातैं जोगी जन-हित ऊवार, नर रूप-भेद जाँनत न नार ।
इक वृह्म-रूप माँनत अखड, परकास करत वृहमड पिंड ।।१२
परमातम अग्या क्रस्न पाय, ईस्वरी मूल प्रक्रती आय ।
उतपत्त पाँच परकार येह, निरमाँन भई सोई निसदेह ।।१३
भक्तन के ऊपर भक्त भाय, माता गँनेस की महँमाय ।
सिव की सोई प्यारी भई सक्ति, जो दुरगा नाँमी मात जक्ति ।।१४
विस्नू की माया अत वलिष्ट, सोइ वृह्मरूपनी मत सपष्ट ।
वृहमाद देव मनु राज-वस, पूजन कौं लागे मति प्रसस ।।१५
सिव-रूप सनातनि प्रजा-साथ, निरवाह करन अन्नाथनाथ ।
धर्म की धारना पुंन्य धाँम, जस-मगलदाता आठ जाँम ।।१६
सुख मोख हरख-दायक सदीव, जातना मिटावन भक्त जीव ।
सरनागत वछ्छल सावकास, दीनन कौं निवहत जाँन दास ।।१७
तेज की अधिष्टात्री त्युहीज, वर्जत विषाद विध सृष्ट-वीज ।
सक्ती-स्वरूप सिद्धी समूह, अतह परकासक ग्याँन ऊह ।।१८
ईस्वरी सिद्ध वुद्धी अनाद, पिपासा छुधा छाया प्रमाद ।
अलसई दया निद्रा अनूप, सहनता जात सु मृति-सरूप ।।१९
इछ्या अरु साती भ्रात और, थित राजत माया ठौर-ठौर ।
चेतना तुष्ट पुष्टी जु छाहि, धारना सक्ति सोभा धराहि ।।२०
लक्षमी वदना करत लोय, श्रीक्रस्नचद्र की सक्ति सोय ।
पाँचमैं आद दुर्गा पुनीत, प्यारी सिव सिव सौं पर्म प्रीत ।।२१
अवतार लक्षमी सुनहु येह, सुध सतगुन-रूपी निसदेह ।
श्रीक्रस्नचद्र सपत-सरूप, अरु परमेस्वर सक्ती अनूप ।।२२
ताहि की अधिष्टात्री जु तेम, निग्रह इद्री कौं करन नेम ।
साता-सुभाव काता-समान, सुसीला सर्वमगला स्याँम ।।२३
रुज काँम लोभ अरू मोह रोख, मद अहकार सौं सदा मोख ।
अनुरक्त भक्त-जन सौं उदार, पति क्रस्नचद्र सौं पर्म प्यार ।।२४

पतिवृता सवन स्त्रीय की प्रवेक, अच्युता प्राँन के तुल्य[1] येक ।
प्राँनेस प्रेम की पात्र पोत, अत करता प्रीय आसय उदोत ।।२५
सब धान्य-रूपनी सग स्याँम, लक्षमी महाँ सोभा ललाँम ।
वयकूंठ मही जिह सदाँ वास, नित स्वर्ग-स्वर्ग लछ्छी निवास ।।२६
भज राज-लक्षमी राज-भौन, माँनव गृह लछ्छी ग्रेह मौन ।
सब वस्तु माँहि सोभा सरूप, पुनवाँन पुरस मैं प्रति रूप ।।२७
वाँनज्य-रूपनी जात वैस, हैं कलह-रूप पापिन हमेस ।
द्रढ दया रूपनी दीन दास, पावन प्रवीन करता प्रकास ।।२८
वदना करन पूजा विधाँन, लक्षमी चरित इह विध निदाँन ।
उतपत्त लक्षमी कही आद, माँनीयै जगत-रूपी मृजाद ।।२९
सरस्वती सुनहु उतपत्त साच, विद्या रु ग्याँन कौं रचत वाच ।
श्रीक्रस्नचद्र बुद्धी-सरूप, उर अधिष्टाँन देवी अनूप ।।३०
कविता प्रतिभा मेधा कहत, सुमृती दैन वाली सुमत ।
नाना प्रकार सिद्धत न्याय, भेद कौं खोल भासत भाय ।।३१
वाख्याकी बोधक सोइ वात, सदेह भज रजन सुहात ।
करनीय विचारन ग्र थकार, स्वर सप्त गाँन सवाँन सार ।।३२
पुन विसय ग्याँन वाँनी प्रभाव, सृष्ट की मूल जीवन सुभाव ।
अनुवाद वाद अपवाद आद, परमत्त तत्त हता प्रमाद ।।३३
पुस्तक अरु वीना ग्रहन पाँन, स्वाता सुभाव सीला-समाँन ।
भीनी सतगुन सौं ग्याँन भाय, सम कमल स्वेत आभा सुभाय ।।३४
चद्रमा कुद-सम कुमद चीर, पुन स्वेत विलेपन तन पटीर ।
कर स्वेत रतन-माला करत, जय त्रस्न-क्रसनहू कौं जपत ।।३५
जिह विना जाँनीयै विप्र-जात, गूंगा जिम अधा मृतक गात ।
तप कौ फल पावत तपी तपाय, सरसुती अराधन जग-सहाय ।।३६
धुर सावत्री चौथी सुधाँम, निज गायत्री है जिही नाँम ।
वेद है च्यारहू च्यार वर्न, भज सध्यावदन मत्र भर्न ।।३७
माता तत्रन की तिही माँन, खत्री विप्रन की धर्म-खाँन ।
जप रूप तपस्वनी तेज जोत, अभिससकार-रूपी उदोत ।।३८

---

१ मू प्र. त्युल ।

अतसय पवित्र सोई वृह्म श्रोक, सुस्थाँन निवासनी विगत सोक ।
नित वेदगर्भ प्यारी निदाँन, परसन जिह तीरथ चहृत पाँन ।।३९
सुव फटक-मनी सम तिह सरीर, निर्मल सुभाव जिम गग-नीर ।
रमतीत पर्म आनद-रूप, उल्लास हास सतगुन अनूप ।।४०
परवृह्म सनातनि प्रेम-पूर, दोख सौ सदाँ सोइ रहृत दूर ।
पद मोक्ष दैन सौं पर्मप्रीत, तेजोमय कारन गुनातीत ।।४१
जीव की अधिष्टाता जरूर, देवता दोष सौं रहृत दूर ।
पाय की धूर चाहृत पवित्र, जग चरत करत है तत्र-जत्र ।।४२

दोहा

प्यारी राधा पाँचमी, क्रस्नचद्र अनुकूल ।
पच सोइ प्राँनाधि पुन, माया देवी मूल ।।४३

छद भुजगीप्रयात

चही क्रस्न की है सदाँ वाँम-अंगी, रमै क्रस्न के सग मै प्रीत रगी ।
सोई सुदरी कद आनद सोहै, मती क्रस्न की नेह के फद मोहै ।।४४
जुतै गोरव और सोभाग्य-जुक्ता, मुखा पाँन वीरी गलै-हार-मुक्ता ।
सदाँ क्रस्न की अर्ध अंगी समाँना, प्रभा दिव्य सोवर्न-वेली समाँना ।।४५
करै क्रस्न के सग ही रास-क्रीडा, सोई अभ्रृ औ दामनी ज्यूं सनीडा ।
सुखी रास के वास जाही सुथाँना, जिही रास के मडल मंड जाँना ।।४६
गऊ-लोक अग्रेस्वरी गोपका मै, प्रकासै प्रकासं विहार प्रभा मै ।
हृदै हर्ष सतोप औ मंदहासी, रजै कोकला-कठ आँनद-रासी ।।४७
निराकार निर्लेप आकार न्यारी, मनोहार साकार रीझै मुरारी ।
रहै नाँहि जामै न हकार रेहा, सदाँ आपने भक्त साता सनेहा ।।४८
सुरद्रादि देखी नही ध्याँन सेती, करी धारना ध्याँन वृंह्माद केती ।
जरै अग्न मै डारनै सौं न जोई, सजै भीन आछाद पौसाख सोई ।।५९
अलकार नाना वनै दिव्य-अगा, प्रभा चद्रमा कोट दीपै पतंगा ।
हरी-भक्त कौ संपदा दैन हारी, दया-जुक्त वृषभाँन ही की दुलारी ।।५०
मही औतरी कल्प वाराह माँही, जमी वीच वृंदावन है जहाँही ।
पद पकज कीन ताहि प्रवीता, जंही सत वदै चही जन्म जीता ।।५१

सोई क्रस्न के सग देखी सवैंही, वृजं-मडल वास कीनौ जवैंही ।
विराजी सदाँ क्रस्न के हीय वीचैं, सनेह सुवाधार ग्राँनद सीचैं ।।५२
इही राधका पाँचमी सक्ति ग्राद्, परा-रूप जामैं नवाद प्रमाद् ।
प्रती विश्व मैं स्त्रीय जेती प्रनाली, वय-जोवन सोभन वृद्ध-वाली ।।५३
कोऊ प्रक्रती ग्रस कोऊ कला है, छ्ती ग्रस कोऊ कला की छला है ।
दिपै देवीयाँ पाँच जो ग्राद दुर्गा, विसेस इही जाँनीयैं ग्राद वर्गा ।।५४
तेई पूर्न ग्रवतार है प्रक्रती कौ, गनैं उत्पती ग्री मती सौं गती कौं ।
केऊ ग्रस परधाँन पुरख कहाई, सोऊ जक्त की सक्ति जाँनौं महाई ।।५५
गती दैन कौ प्रवती मात गगा, तेई ऊतरी तोय-रूपी तरगा ।
उपज्जी सोई विस्नु के अग ही सौं, सु सोभा नदी नाल के सग ही सौं ।।५६
ग्रघी के ग्रघी जारनैं ईंधना कौं, वह्निर्जोत-रूपी कटैं वधना कौं ।
सुख पूर्वक स्नाँन कीनैं सपरस, करैं मोक्ष कोटावधीहू कुपुसं ।।५७
लखौ जाहि सोपाँन गोलोक ही कौ, ग्रकर्मीन हू जीवधारा ग्रभी कौ ।
पर तीर्थ जेतेक कर्ता पवित्रा, पवन प्रवाहा मनौ पाप-पत्रा ।।५८
महेस जटा मैं मनौ मुक्तीमाला, भरैं सोभन लोभन चद्रमाला ।
सोइ स्वर्ग सौं मर्थ-खंड समाई, प्रभाचद्र दुग्ध सित कज पाई ।।५९
तपस्या फलीभूत देती तपी कौं, जुपैं जोग क्री जुक्त मुक्ती जपी कौं ।
ग्रहकार सौं वर्जत सुद्ध-अगा, तत मूरती सप्त गगा तरगा ।।६०
प्रीया नित्य नारायँन प्रेम-पूरी, धरैं ध्याँन जोगिंद्रहू सीस धूरी ।
वनैं विस्नु की काँमनी जेम वृदा, करैं भाव, सौं सेव ग्राँनदकदा ।।६१
ग्रलकार विस्नू भरैं ताहि अगा, सु सोमैं सदा कठ-माला प्रसगा ।
रिखीकेस के चर्न की सर्न राजी, वरा ग्राँननी दिव्य धाँम विराजी ।।६२
तपस्यादि सकल्प सेवा तही कौ, जन भाव वाढैं ग्रराधैं जँही कौं ।
सवैं पुस्प की सार है भूत सोई, गरैं विस्नु राखैं सदाँ दाँम गोई ।।६३
करैं दर्सन पर्सन पाप काटैं, सुकर्मी लहै मोक्ष कौ सेव साटैं ।
कलू-काल मैं वदना ताहि की तैं, जरैं पाप के ताप कौ जन्म जीतैं ।।६४
प्रथी चर्न सौं धर्न होवैं पुनीता, उपासैं जही वेदहू के ग्रधीता ।
वसैंहैं जँही धाँम मैं मात वृदा, छलैं भक्त ना मोह के छोह छदा ।।६५
वसैंहै सवैं तीर्थहू-थाँन वासा, पर-धाँमहू काँम मुक्ती-प्रकासा ।
विना धारना जाहि के जन्म वीते, रहे मगल मोक्ष सौं सोय रीते ।।६६

करै सेव जाकी सोई सिद्ध काया, मिलै सदगती त्याग कै मोह-माया।
वही कर्म-भूमी विचालै उपज्जी, रहै कल्पवृछ समा सोय रज्जी ॥६७
उपासै जहाँ के निवासी अपारा, पदार्थं लहै च्यारहू वारपारा।
माहात्म सुनौ और देवी मनसा, वही औतरी कस्प[1]-पुत्री सु असा ॥६८
प्रथाँनस सै जाहिनै देह पाई, सोई सकर सिख्ख दीनी सिखाई।
माहाँ ग्याँन भीनी सदाँ सिद्ध-मता, वँही भग्गनी[2] नागराजा,अनता ॥६९
सदाँ नाँग नागेस्वरी जाहि सेवं, लगै पाय कौं सपदा सु'ख लेवै।
चढी नाग के पीठ मैं म्हाँग चालै, पुजै नाग के लोक मै नाग पालै ॥७०
भरै नाग के भूषन अग भारी, पुलै नाग केते अगारी-पछारी।
सुखी जोगनी नाग पै सैन सोवै, गहै जोग के भाव कौं ग्याँन गोवै ॥७१
सदा वैस्नव भक्त ही की सहाई, माहाँ सत सेवै महमाय माई।
तपस्या करी देव वर्ष त्रलक्षं, अज अच्युत वृह्म जोई अलक्ष ॥७२
इहै मत्र की स्वाँमनी सिद्ध अंगा, पुनीत जही जाँन लीजै प्रमगा।
जिही जाप सौं जोग की जुक्त जाँनै, गुनी जाहि की उक्त सौ मुक्त माँनै ॥७३
जँही वृह्म के तेज सौ जोत जागै, भृम भूल अवार अग्याँन भागै।
रहै वृह्म की भावना चाह रगी, उपासै सदाँ ग्याँन ध्याँनी असगी ॥७४
उपज्जी सोई क्रम्न कै तेज असा, वढायौ जरत्कार कौ जाहि वसा।
मुनी आसतीक जनै जाहि माता, खिती-मंडल ताहि विख्यात स्याता ॥७५
खिती पै मुनौ स्यात कौं मात पष्ठी, सवै वाल कौ पालना मै सपष्टी।
दया-भाव सौं पुत्र-पुत्राद देवै, सुखी वाल राखै पदं ताहि सेवै ॥७६
माहा सिद्ध जाँनौ सोई जक्त माता, अरावै सिसु-काज मेटै असाता।
छटौ अस है प्रक्रती-रूप छाया, धरा मै जही नाँम षष्टी धराया ॥७७
प्रसूता त्रीया षष्टमै दीह पूजै, सिसू के सुखी-काज ताही सहूजै।
वदै जन्म के दीह सौ मास वारै, इही मात ही पूजना को अधारै ॥७८
छटै दीह कौ पूजना भूल छडै, माहा पुज्जई को समै दीह मडै।
वदचौ वंस चाहै कहूँ धर्मवादी, परा पुज्ज कीनै मिटावै प्रमादी ॥७९
प्रकास्यौ मुनी पिडता सार पथा, कहूँ भूल सौं नाहि लीजै कुपथा।
प्रधाँनंस देवी उपज्जी प्रधाँना, थिरा नीर आकास थप्पै सुथाँना ॥८०

---

१ कश्यप। २ भगिनी।

चवै ताहि कौ नाँम मागल्य चडी, अराधै सु मागल्य देवै अखडी ।
सोई विस्व-मागल्य-दाता सहाई, दिनावार अगारकं[1] पुज्ज दाई ।।८१
करै सतती वृद्ध सतुप्ट कीनै, करै सपदा वृद्धहू सेव कोनै ।
दयौ सुभ-नि सुभ कौ दड दुर्गा, वढे दाँनवी सैन मैं दैत वर्गा ।।८२
उपज्जी जवै भाल देवी अनादू, वही देवता मेटनै कौं विपादू ।
करयौ रूप ताही समै घोर काली, मिटाये सवै दाँनवा ज्वाल माली ।।८३
कह्यौ नाम ससार कालीय क्रस्ना, रटै क्रस्न कौ नाँम ही क्रस्न रसना ।
सदा क्रस्न की भावना मै सचेता, वदै क्रस्न कौ रूप ही तत्व-वेता ।।८४
सोई क्रस्न वर्न भई साधना सौं, अखडी हृदै क्रस्न आरावना सौं ।
पदार्थ लहै च्यार पूजा पसावं, भजे भक्ति-जुक्त भरै ऊक्त भावं ।।८५
धरै ध्यांन वृह्माद रुद्राद ध्यांनी, मुनिंद्राद इद्रादहू देव मांनी ।
मनू-वस मैं पुज्ज है सोय माता, उपासै सु ग्याता नसाता असाता ।।८६
प्रधांनस सौ मात प्रथी उपज्जी, सवै सृष्ट कौं धारना धार सज्जी ।
उपावै सदाँ ओखधी अन्न आदू, सुधा-रूपहू कद मेवा सवादू ।।८७
निपावै सोई गर्भ-रत्न नाना, सुवर्नादहू की रसांनी समाँना ।
धरा पालने कौं प्रजा देह धारी, सता सक्त की जक्त-काजै सुधारी ।।८८
जमी थावरं जगम जीव जागा, समी होयकै विस्व धारै सभागा ।
छिमा-रूप सोई चहूँ ओर छाई, वसू की नही कोन जाँनै वडाई ।।८९
इला तैं वडी मात है कोन औरै, जही सौं नही भावना कोन जोरै ।
अराधै नही सोय जाँनौ अग्याता, कुकर्मा क्रतघ्नी कुपुत्र कुसाता ।।९०
अवत्तार है प्रक्रती के अनेका, वडे येक सौं येक जाँनौ विसेका ।
स्त्रीया अग्न की है जँही नाँम स्वाहा, नमै देव आहूतही के निभाहा ।।९१
ज्युही जग्य की दक्षना स्त्रीय जाँनौ, माहाकर्म की सो फलीभूत माँनौ ।
सुधा पित्र की स्त्रीय जाँनौ सदाई, मुनी औ मनूं-वस की पुज्ज माई ।।९२
लयै नाँम सौं पित्रहू कव्य लेवै, भली-भाँत सौं पिडत जाँन भेवै ।
स्त्रीया वायु की जांनीयै नाँम स्वस्ती, नही नाँम लीनै सवै काँम नस्ती ।।९३
पर्सू पाँन[2] की जाँनीयै स्त्रीय पुष्टी, दया जाहि की ह्वै विना जीव दुष्टी ।
इही रीत सौं स्त्रीय तुष्टी अनता,[3] अराधै विनाँ होय स्रष्टी असता ।।९४

१ मंगल। २ परशुपाणि, गणेश। ३ अनन्त देव।

स्त्रीया येम सपत्ति ईमाँन साजा, रिसायै तँही होत है रक राजा।
घृतो है कपलदेव की धारना सौ, कही ग्यांन कै हेत ही कारना सौ ॥९५
सती सत्य पत्नी सता मैं समाई, जँही मुक्त की हेत दाता जताई।
दया मोह पत्नी गनौ दीन दाँनी, सोई विस्व के ज़ीव ही मैं समाँनी ॥९६
प्रतष्टा गनौ पुन्य पत्नी प्रवीता, जिही धारना सौ सबै जक्त जीता।
कहो कीरती स्त्रीय[1] जाही सुकर्मा, धरै धारना सौं वढै प्रीत धर्मा ॥९७
क्रीया है स्त्रीधा प्रीय उद्योग ही की, भरै भावना हेत है भोग ही की।
मिली है अधर्म स्त्रीया जेम मिथ्या, तेई पाप भोगै तजै साच तथ्या ॥९८
भली-भांत पोखै सदाँ दभा भ्राता, उपज्जै अधर्म पती कौ असाता।
उभै वैन भाई मिले येक्र येका, वसे है कनी जीव माही विसेका ॥९९
स्त्रीया साति लज्या गनौ सील ही की, उभैई समी धार जाँनौ अमी की।
स्त्रीया ग्याँनर्क तीन जाँनौ सदाई, मती और मेधा घृतीहू समाई ॥१००
स्त्रीया मूरतो धर्म की है समाँना, परमातमा आतमा ही प्रमाँना।
कला रुद्र कालाग्न की नीदकता, जिही जोग आछान्न है जीवजता ॥१०१
त्रीया काल जाँनौ त्रसंध्या तुलाई, रहै रात औ दीह माँही रलाई।
पिपासा खुधा[2] लोभ को प्राँन-प्यारी, नही है पती सौं उभैहू निआरी ॥१०२
प्रभा दाहिका तेजही की प्रीया है, करता उभै काँम जासौं क्रीया है।
ज्वर है प्रज्वार करै मृत्यु जातै, जरा मृत्यु है काल की जात नातै ॥१०३
त्युही कन्यका नीद की प्रीत तद्रा, उभै सुख की नार दीनी उपिंद्रा।
स्रधा भक्ति वैराग की सावधाँनी, विनै नार निर्वान दाँनी वखाँनी ॥१०४
अदित्ती सु माता गनौ आद तेई, भई साकर मातहू सौर भेई।
भली है दिती दैत की मात भद्रू, कही सर्प जातीन की मात कद्रू ॥१०५
वनी गरुड की मात जैसै विनता, दनूँ दाँनवी की विचारौ दुरता।
कला प्रक्रती कस्प की नार केई, जनेत्रा गनौ स्रष्ट के जीव जेई ॥१०६
कला है अनेका उदै प्रक्रती की, मुदै नाँम सख्या गनावै मती की।
त्रीया चद्र की रोहनी सग तैसै, जुँही सूर सग्या रही सग जैसै ॥१०७
मनू सत्तरूपा सची इंद्र मोहै, सुराचार्ज के सग तारा सु सोहै।
मिली संग वासष्ट कै अक्षमाला, अहिल्या ज्युही गोतम सग आला ॥१०८

१ पत्नी। २ क्षुधा।

अनूसूइया नार ज्यू ग्रेह अत्री, पतीवृत्त के धर्म मांही पवत्री ।
हुई कर्दमभार ज्यो देवहूती, प्रजा के पती ग्रेह ज्युंही प्रसूती ।।१०९
कही पित्र की मांनसी जेम कन्या, हिमवान की मनका भीत धन्या ।
मुनीद्रा अगस्ती धरै लोप मुद्रा, सवेंही नदी नार जांनी समुद्रा ।।११०
धनी श्रीद की श्रीय ज्यू वर्न-वर्ना, अरार्धं ज्युंही ईस-नारी अपर्ना¹ ।
बली-नार विध्यावली कौ बखांनी, रजै ज्यू नली² दम्मयन्तीय रांनी ।।१११
वसूदेव कै देवकी गेह वैसी, जसोदा ज्युंही नद कै नार जैसी ।
ज्युंही अध राजांन³ गधार जाई, वरी द्रोपदी पडु पच्चून भाई ।।११२
हरीचद्र की नार सैव्या हितैसी, ज्युंही नार वृषभांन साध्वीय जैसी ।
पतीलक मदोदरी नार पाई, कुसिल्या घरे दासरथ्थं कहाई ।।११३
किरीटी सुभद्रा कुरु कैरवीहू, रही वासनी पेयकै रैवतीहू ।
रजै क्रस्न कै आठहू पट्टरांनी, वडी सत्यभांमा कालद्री वखांनी ।।११४
ज्युंही लछमना जांमवती जनाई, जितीनग्न की मित्रवृदा जनाई ।
कही येम भद्रा तथा रुक्मनी कौ, विजायौ जंही द्वारका के धनी कौ ।।११५
सीया रांम कै ज्यू प्रीया भावना मैं, अरु रोहिनी नद आराधना मैं ।
परसरामहू रेनुका मात पाई, वसी विध पै जाय श्रीक्रस्न बाई ।।११६
कहै जोजनागध ही जेम काली, सुता बांन उखा सखीहू संभाली ।
मुदै चित्रलेखा प्रभा भांनुमती, हितू और मायावती सोक हती ।।११७
कला प्रक्रती की अनेका कही है, रुखाली सवै ग्रांम खैडा रही है ।
खिती मै विराजी हितू भर्य-खडा, प्रजा कौ नदै पोष दाता प्रचडा ।।११८
जिती नार ससार के वीच जांनी, परा प्रक्रती अस ही सौ प्रमांनी ।
विना आदरे सौ भरै दुख वाधा, अलकार औ वस्त्र कीजै अराधा ।।११९
पतीवृत्त औ ब्रांमनी पुत्रवती, सदां सेवकै काज जांनौ सुमती ।
जिमावै अलकार औ वस्त्र जोरै, इही प्रक्रती पुज्ज जांनौ अथोरै ।।१२०
कवारी करै पुज्ज जो बालकन्या, वंही प्रक्रती भक्त जांनौ अनन्या ।
त्रीया है जु ससार मै भांत तीनू, प्रकारा कहै तीन रीती प्रवीनू ।।१२१
मिली ऊतम मध्यम अध्यमाई, जिही सौ सदां तीन रीती जनाई ।
सती पत्तवृत्ता सुसीला सुभावा, भजै आपने ही पती प्रीत-भावा ।।१२२

१ पार्वती । २ नल । ३ धृतराष्ट्र ।

प्रनासै नही वस ही की प्रनाली, निकाई जुतै उत्तमा है निराली ।
कला प्रक्ती सत्तहू की कहावै, उभै लोक आँनदहू कौ उपावै ।।१२३
भजै है रजो-भोग की भावना सौं, चितं मध्यम जानीयै चावना सौं ।
कुल्लटा कुलघ्नी दगावाज कैनी, सुपुर्खं कुपुर्ख भजै भोग सेती ।।१२४
तमो अंस सं ऊपजी प्रक्ती कै, गनी सो अधँम न चाहै गृही कै ।
भर्थ-खंड कौ जाँनीयै पुन्य-भूँमी, वनी देवीयाँ देव की स्याहि घूँमी ।।१२५
दयौ दुर्ग ता दडहू नाँम दुर्गा, वढी पुज्ज संसार मै देव-वर्गा ।
मुनेत्री तहो वैस राजा सुरथ्थं, उपाये जँही हेत च्यारू अरथ्थ ।।१२६
पती लंक कौ मारनै राँम पूजी, जिही स्याहि सौ राखसी-सैन जूजी ।
वँही औतरी दक्ष के ग्रेह आई, सती नाँम सौ सेव देवं सहाई ।।१२७
पती निंदना कौं पिता ग्रेह पेखी, वरी जग्यकै कुंड मै सो विसेकी ।
गिरी हेम पुत्री भई सोय गिर्जा, निही देवता-जात कौं सोक तर्जा ।।१२८
तिही गर्भ मैं ऊपजे तारकारी, माहाँ तेज औतार सागे मुरारी ।
भये क्रस्न औतार हेरंब भ्राता, खिती देव अग्रेस मै जास ख्याता ।।१२९
नृप मंगलं पायकै पूज लछ्छी, अराधी तिही देवता रीत अछ्छी ।
जिही माँनवी पूजकै नित्य जाचै, नटी पुत्तरी की ज्युही अग्र नाचै ।।१३०
सावत्री ज्युही कास्प पती मुथाँना, नृपाल करी सेवता रीत नाना ।
मुनी देवता माँनवी पुज्ज मडी, अरावै तँही रूप ध्यावै अखंडी ।।१३१
अरू सरस्वती कौं वृहमा उपासी, प्रधाँनं परा-रूप सृष्टी प्रकासी ।
करी क्रस्नहू सेव ज्याँ राधका की, परधाँम गोलोक रासी प्रभा की ।।१३२
रच्यौ पूर्नमा रासहू देवि राधा, विहारी हीयै की करी भेट बाधा ।
परमातमा क्रस्न की प्राँन-प्यारी, माहा मोद सौं संग लीनै मुरारी ।।१३३

सोरठा

पुन हरी अग्या पाय, गो गन गोपी गोपका ।
पूजे राधा पाय, धूप पुस्प कर धारना ।।१३४
भूतल्ल मैं भूपाल, जिग करता जेते भये ।
करी पुज्ज तिहु काल, मंगलदायक मोदमय ।।१३५
संकर वृहमा सेव, कीनी मंगल कारनै ।
दुज मुनि माँनी देव, क्रस्न-भक्ति अवचल करन ।।१३६

प्रक्रत-रूप प्रधांन, श्रीराधा की रागुनांये ।
गोविद कै गुनगांन, करत रहत हित पारना ॥१३७
प्रक्रत पांच परकार, सगा श्रम तिनकी गही ।
वरनत पूज विचार, जनम चिरत मनु लिते ॥१३८
श्रीनारांयन रोग, वरनन नागं नारना ।
हरखत नारद होय, सुनकै सोग समुभनं ॥१३९

छंद भुजगप्रयात

ज्यु ही आतमा काल आकास जांनी, प्रकासै दिसा विस्व गोना प्रमांनी ।
ज्यु ही है इही क्रस्न गोलोक जैसै, तिही कै हरै धांम वैकुंठ तैसै ॥१४०
ज्यु ही प्रक्रती नित्य जांनी प्रधांना, सोई वृंह्म-लीना लिखै नारदांना ।
जसै अग्न मे सक्ति है जारने की, प्रभा चद्र ज्यू चन्न पामारने की ॥१४१
प्रकास ज्यु ही सूर मै ओतप्रोत, युंही प्रक्रती वृह्म मांही उदोत ।
करै ना विना स्वर्न कै स्वर्नकारा, अलकार जो कुंडलादं अपारा ॥१४२
कुलाली[1] विना मृत्यका कुंभ कैसै, विना प्रक्रती आतमा सृष्ट वैसै ।
सोई प्रक्रती जांनीयै वृह्म-सत्ती, बनावै इही विस्व की रूप व्यक्ती ॥१४३
सकारं सुर सोय ऐस्वर्ज साखी, बनैहै क्ती[2] सब्द प्राक्रम[3] दाखी ।
सोई दैन वाली गनी रूप सक्ती, प्रकासै मिली वृह्म कै बीच प्रक्ती ॥१४४
समृधी वल सपती कीत सोई, जनावै ज्यु ही जीवकां ग्यांन जोई ।
इतेकी कहै है भग नाम आदू, महां भगवती नांम जांनी मृजादू ॥१४५
सक्ती[1] सोई भगवती है समाई, कला रूप भगवांन जासों कहाई ।
स्वयछ्या निराकार साकार सोई, गहै ध्यांन जोगिन्द्रहू होय गोई ॥१४६
परमातमा वृह्म सो वारपारा, निपावै वही सृष्ट मैं सृष्ट न्यारा ।
अरू वैस्नवारूप ऐसै उपासी, रजा येक ही क्रस्न जो तेज-रासी ॥१४७
नही है कही मे सदा हे न्यारांरा, परतेज है वृह्म सृष्टी पीयारा ।
कला कारन-कारन ताहि केरी, सु सोभा जुतै नित्य सध्या सवेरी ॥१४८
किसोर अवस्था मनोहार-काया, मनो सात हकार व्यापै न माया ।
वपू सुदरं स्यांम जो मेघवर्नं, छटा ज्यूं पटा अग राजीव चर्न ॥१४९

---

१ कुम्हार । २ अनेक । पराक्रम । ३ शक्ति ।

चढ सीस कोटीर[1] कै मोर-चदा, मिली स्यॉमहू केस पाटी मुकदा ।
मुखा मद-हासी प्रभा चद्रमा-सी, कँनी हीर दतावली की प्रकासी ॥१५०
कला दीप निर्घूमहू नामका की, प्रवाली रदवख पाली प्रभा की ।
प्रभा कज की पग्वुरी नैन पैना, वजावै गहै वाँसुरी हाथ वैना ॥१५१
मढी कठ मै मालती फूल-माला, मरै रत्न आभूपन विदु-भाला ।
सदा जुक्त ऐस्वर्ज सक्ती समाना, प्रभू-भक्ति आधार मुक्ती प्रधाँना ॥१५२
सुतत्र सबै मगल-रूप साखी, रजा मै जिही रिद्ध औ सिद्ध राखी ।
जरा मृत्यु व्याधी नही सोक जामै, भचक्र निदेसा ससी सूर भ्रामै ॥१५३
जिही नैन उनमेख मै कल्प जाता, विलावै वसू स्रष्ट औरै विधाता ।
विलोकै कृपा-द्रष्ट स्रष्टी वनता, जगै थावरं जगम जीव-जता ॥१५४
जती दाँनवा देवता नाँहि जाँनै, मती ईस वेधा थिती रूप माँनै ।
कृष सब्द जो भक्ति वाची कहीजे, नकारं जिही दास कौ वाच लीजे ॥१५५
दया भक्ति कौ भाव जो दाम देवै, सदाँ कस्न ही क्रस्न कौ रूप सेवै ।
जिही क्रस्न के नाँम कौ सिद्ध जाँनौ, मती औ थिती के पती जाहि माँनौ ॥१५६
चिच्छक्ती परमेस माया छती है, थई स्रष्ट की आद जामै थिती है ।
वँही सन्मुखा स्रष्ट की तिष्ट वछया, उपज्जी जवै ईस्वरी आद इछया ॥१५७
इकै रूप सौं दोय ह्वै रूप आया, महाँ सुंदरी ह्वै गई रूप माया ।
सोई वाँम के अग कौ रूप सारौ, वपु दक्षन पुर्ष-रूपी विचारौ ॥१५८
जिही काँमनी कौ लखी काँम-जुक्ता, उपज्जी हीयै पुर्षहू आय उक्ता ।
निहारी ज्यु ही नैन वाढी निकाई, लता सौत स्रगार मानौ लुभाई ॥१५९
भजै क्रस्न कौं क्रस्न ही भाव भौरी, चितै पूर्नमा चद जैसै चकोरी ।
प्रवेनी वनी पीठ पाछै प्रलवा, थकी नागनी ऐंठ सोवर्न-थभा ॥१६०
परी केस की सीस पै केसपाटी, वनाई मनौ काँम आराँम-वाटी ।
भली रेख सिंदूर जामै भरी है, गिरी नील पै वृह्मपुत्री गिरी है ॥१६१
वनै चद्र-से भाल मै लाल वैदी, दिपै नद के नद आँनद देदी ।
भरे स्यामता रग राजै भुँहारा, अली आवली पख माँनौ उभारा ॥१६२
मुखा कज औ खजन नैन मीना, कली कुंद-सी दत की पत कीना ।
प्रभा ज्यो प्रवाली उभै ओठ पाई, लजै नाग-वेली न वीरी ललाई ॥१६३

---

१ मुकुट ।

कपोल लसै गोल आदर्स जैसे, रस राग स्रंगार सोभा असैसे ।
तरे चिबुका हैं कली कंज तैसी, मटी स्यामता तांम सोभीत वैसी ॥१६४
कसे है निवोरी गरे कम्बु काठी, अनूप त्यौ पीन की साथ संठी ।
तनी अगका हीय मे बांध तसौ, लसे है उरोजा मनो नागरंगा ॥१६५
रही तु दसा उपरै रोम राजी, बढी बेन स्रंगार मानो बिराजी ।
कटी छीन राजै मनो केहरी की, लटी किन्नरी केहरी नेहरी की ॥१६६
गुनी गोयके बव त्यो गावनी की, पसे पाट के ठाट बांनी जरी की ।
निकाई जुतै निरतुला द्वै-नितंबा, बिगोवै प्रभा चतुंला चद्र बिंबा ॥१६७
लसै गोर जघा अरोमा लसी की, करी सुड गोली मनो कंदली की ।
सु सोभै प्रभा पिडुरी मे सवारी, छटा जमर्क काम मानो उतारी ॥१६८
छुटयाँ घेर चौफेर की चालनीकी, जरी की किनारी भरी जालनीकी ।
निनाद बजै भीन तौ नूपरीकी, अटी ननकी गूंघरा उपरोरी ॥१६९
भरे आंगनै पैड त्यो नेह भीनो, भनकै ज्यु ही जेहरी राग भीनो ।
पद-पकज पावन्ताला पनारी, बनी चप की जांन बांधी किनारी ॥१७०
टटे वीछीया गूघरी की ठमकै, दुती अगुन जांम हीरा दमकै ।
द्रुत हाल मै लालनै चाल दीठी, मुरै पैतरा माट टोरै मजीठी ॥१७१
क्रीया तांन की वर्न लागी किसोरी, जुतै प्रीत सौ हाथ सौ हाथ जोरी ।
बिहूं बांह की सोह बाढी वहूंटा, छिके डोर मोती मनी गुच्छ छूटा ॥१७२
प्रकासै कलाई मही गोल पूरी, चुरावै प्रभा बिज्जुरी चद चूरी ।
मनी-दीप बाढे ज्यु ही मूदरी मे, छटा ज्यूं चमकै दुती चूंदरी मे ॥१७३
सुहास सुवास बढी त्यो सुगधी, रसा मे दसू ही दिसा ठौर रूंधी ।
सखीहू मिली आयकै सग सारी, महाँ मोद सौ रग भीजे मुरारी ॥१७४
मृदगा ज्यूंही ताल वीना मिलाई, इतै बांसरी हाथ लीनी कॅनाई ।
विनोद वढ्यौ बाजना बाजनेई, थगी राधका जू लगी तात थेई ॥१७५
सखीहू सखीकै लखी येक सगा, तहाँ गांन की तांन वाढी तरगा ।
लगे कांनहू पांनसौं लाडलीकै, फबै ज्यू पना सग मुक्ता-फलीकै ॥१७६
विहारी वढी विस्वकी वांदनी की, चहू ओर आभा चढी चांदनी की ।
मिल्यौ बांसरी-नाद वीना मृदगा, घुटी अर्कजा सरस्वती जेम गगा ॥१७७
छऊँ राग औ रागनीहू छतीसै, विहार वढ्यौ कैसकी की वृतीसै ।
बिबै राधका और राधा विहारी, सखी गोपकाहू रखी सग सारी ॥१७८

महा मोद सौं रास हल्लीस मड्यौ, थतेथी-थतेथी जहाँ सोर थड्यो।
गरे नेह भीनी भरे कंठ गावै, लली कोकलाहू पपीहा लजावै ॥१७९
जुतै हासकै लासकै रास जोरै, मुरै वैन त्यूं नैन की सैन मोरै।
झुकै अंग तैसै वढै पोत झांई, दुती तप्त सोवर्न जैसे दिखाई ॥१८०
ठिलै त्यों मिलै नेवरी की ठमकै, दीयै ताल के हाथ चूरी दमकै।
कला हीय वाढै कसी कंचुला कौ, चलै चंचला ज्यूं पलौ अंचला कौ ॥१८१
निकाई भरी नागरी नागरी में, घल्यौ रास कौं घेरहू गाघरी में।
अलंकार वौ पूर वाढ्यौ उजाला, मिली त्यूं रसा में निसा दीप-माला ॥१८२
रतँन-रतँन विचै क्रस्न रासी, प्रभा मूरती मूरती-सी प्रकासी।
वसै राधका हीय जैसे विहारी, भर्यौ गोपकाहू हीयै मोद भारी ॥१८३
फिरै चक्र आलात ज्यूं वक्र फेरी, घलै घूंमरी दाव की पाव घेरी।
चलै अग्र सौं अग्र कौं पेंड चाली, वढै येक सौ येक नैना विसाली ॥१८४
मुरै किंकनी झांन झंकार मडे, तनकै तरक कन ताल तडै।
लहंगा ज्युंही लोच लावै लली कौ, करै लालहू चाल वागौ कली कौ ॥१८५
झमका वजे जांझरी जेहरी का, गरै गीत गावै झरी गेहरी का।
विघे तार मुक्ता गरै गोय वधा, चलै हार मुक्तावली लौ चछदा ॥१८६
जगै हीर वैडूर्ज की जग्ग-जग्गी, दिपै मानक रांनक दुग्ग-दुग्गी।
डुलै हाथ वांहैं मनो चप-डारी, त्यु ही नैन की सैन कौं जोर तारी ॥१८७
किसोरी उभै रास राचै कनाई, छटा ज्यू चमकै घटा घोर छाई।
समै ताहि स्त्रंगार वाढी स्थाई, उभै सातुक भाव आठौ उपाई ॥१८८
सखी ही लखी क्रस्न राधा सतभा, थिरी भू दसी ह्वैगई स्वर्न-थभा।
पसीन्यौ छुट्यौ राधका क्रस्न प्यारी, सवे अंग ज्यों मुक्तवेली सँवांरी ॥१८९
निहारी सु रोमाच सौं धार नीचै, सुधा जांन स्रृंगार कौ वाग सीचै।
नटै पै रटै आंनन वोल नांहीं, मित्यौ सो रहै कांप कै जीभ मांही ॥१९०
वही कज से नैन आँनद व़ारी, विहार थके राधकाहू विहारी।
चही अंग सौ छूटकै दूर व्रीडा, सखीहू सवै संग त्यागौ सनीडा ॥१९१
विहारी हीयै ऊपजी कांम-वाधा, रही चित्र की पुत्तरी होय राधा।
द्रुत दौरकै रास की ठौर दूरी, रची गोपकाहू तहाँ सेझ रूरी। १९२
रही पास जाही समै अंतरंगी, प्रीया राधका क्रस्न नीकै प्रसंगी।
ढिगा दूर लागी द्रगा ढांकने कौं, झुकी ओट लैलै लगी झांकने कौं ॥१९३

लली राधका लालहू अंक लाई, लता पीत मांनौं तमालं लुभाई ।
पसारी तहाँ पीठ लैकै प्रजका, सिवाई उभै ओर सौं छोर संका ।।१९४
लगे भोग भीने सुखं सेज लूटैं, तनी कन्चुकी डोर त्यौं हार तूटै ।
करी रास क्रीडा ज्युंही कांम-क्रीड़ा, वखांनै ततौं ऊपजै चित्त ब्रीड़ा ।।१९५
विहाई जिनै रात सारी विधाता, दयौ लाडली कौं रती दांन दाता ।
भई राधका गुर्वनी प्रेम-भीनी, खिपा ह्वैगई कल्प कौ स्वल्प खीनी ।।१९६
तज्यौ रास ज्यौं भोग-विल्लास त्यागे, रुची पायकै क्रस्न हू सांनुरागे ।
विवै राधका रूप औरे विहारो, रच्यौ रास ताकी कही वात सारी ।।१९७

सोरठा

गर्व थप्यौ गोविंद, जीय सुभ वेला जांनकै ।
उभय भये आंनद, येक चित्त सुख येककौं ।।१९८
विछुरे लेत बचार, इत-उत डोलत आंगनै ।
लगी गोपका लार, केऊ राधा कोऊ क्रस्नकै ।।१९९

छंद पद्धरी

रासेस क्रस्न राच्यौ जु रास, कीनौ सोई वर्नन सावकास ।
रति दांन दयौ राधा रमाय, जुक्त सौं गर्भ ताकै जमाय ।।२००
श्रीक्रस्न राधका करचौ संग, आलिंगन मानहु रति अनंग ।
खेल में भई नहि लखी खेद, समता सौं रमता छुटचौ स्वेद ।।२०१
स्त्री लैनै लागी ऊर्ध-स्वास, पुन भयौ- पवन तातै प्रकास ।
जल तत्व वढचौ सोइ स्वेद जात, दि-सविदस वढचौ अतसय दिखात ।।२०३
वन गयौ भूत आधार वाय, सव प्रांनिनकौ जीवन सुभाव ।
वामांग वायु सें भई वांम, संग वायु रही मोई धार स्यांम ।।२०४
पांचहू जने ताही सपूत, आपांन[2] पांन व्यांनहु अभूत ।
सांमांन और उद्यान[3] सोय, गत गूड रहन प्रांनीन गोय ।।२०५
अब प्रांन पंचहू भये और, ठहरे प्रांनिन में ठौर-ठौर ।
समुदाय रहै देही सुथांन, जीवन के जीवन मूल- जांन ।।२०६

---

१ मू प्र. कंसेस । २ अपान । ३ उदान ।

स्रम जल सौं ह्वै जल प्रवल संग, अधदेव प्रक्रत सौ वरुन अग।
तन वाँम ऊपजी वरुन ताँम, वरुनाँनी ताही भई वाँम ।।२०७
सभोग विवस्था कही सोय, जल-माल लेहु उतपत्त जोय।
गर्भ की कहत अत्र गूढ गाथ, सवही जग करता पुन सुनाथ ।।२०८
चिच्छक्ति सक्त श्रीक्रस्नचद, वहु तेज दीप्त सौ जुक्त विंद।
सत मन्वतर लग विंदु सोय, गुर्वनी राधका रख्यौ गोय ।।२०९
सो क्रस्नचद्र कै रही सग, प्रीत की रीत ही के प्रसग।
पश्चात करचौ इक प्रगट पूत, अष्टापद रगत तन अभूत ।।२१०
अत तेजवत श्रीक्रस्न-अस, होवत प्रकास जनु कोट हंस।
राधका झल्यौ नही तेज रास, भयभीत भयौ चित जास भ्यास ।।२११
विथुरचौ निज देख्यौ स्वेद वार, विदसन दिसा-विच वारपार।
ताही मै त्यागन करचौ ताहि, हुय सव्द असंभव हाय-हाय ।।२१२
उर-कोप करचौ श्रीक्रस्न आप, श्रीराधाजू कौं दयौ स्राप।
तुम कोपसील निष्टुर त्रीयाह, पुत्रकौ तज्यौ मम जल-प्रवाह ।।२१३
अव होवहि नहि तुम पुत्र और, कीजीयै जतन जोपै करोर।
अरु ह्वै है नारी तोर-अस, वाढै न जाहि सौ देव-वस ।।२१४
रहिहै नव-जोवन नित सरीर, प्रसवता कवहु व्यापै न पीर।
निज पत्नी सौ इह कह्यौ नेम, पत्नी सौ उपज्यौ फेर प्रेम ।।२१५
सवोध दयौ वहु विध सँतप, राख्यौ नही उर मैं कछू रोष।
पत्नी प्रसन्न हुय करचौ प्यार, वपु उपज्यौ सातुक जिही वार ।।२१६
देवीकै जिम्या अग्र देस, वपु सुक्ल उपज देवी सुवेस।
धारै सुक्लावर धरै धीर, सोगध अग सरसत समीर ।।२१७
हित वीना पुस्तक लीयै हाथ, गुन-ग्याँन गिरा मय कथत गाथ।
केऊ रतन सेतके अलकार, जाँझर पग-वाजत झनकार ।।२१८
